घर - house *or* houses
बैल - bullock *or* bullocks

हाथ - hand *or* hands

आदमी - man *or* men

डाकू - robber *or* robbers

यह अच्छा घर है - This is a good house.

यह राम का भाई है - This is Rama's brother.

In the above sentences, घर and भाई are singula as is evident by the singular adjective यह and tl singular verb है and the singular case-ending का.

ये घर अच्छे हैं - These houses are good.

ये राम के भाई हैं - These are Rama's brothers.

Here घर and भाई are plural, as is evident by tl plural verb हैं and the plural case-ending के.

3. Nouns of the feminine gender ending in change the final अ to एँ in the plural,

आँख - eye	आँखें - eyes
किताब - book	किताबें - books
चीज़ - thing	चीज़ें - things
औरत - woman	औरतें - women

4. In nouns of the feminine gender ending in or ई, याँ is added to them to form the plural.

Note:—The final ई is changed into इ when याँ i added.

लड़की - girl	लड़कियाँ - girls
कुर्सी - chair	कुर्सियाँ - chairs
घड़ी - watch	घड़ियाँ - watches
पुत्री - Daughter	पुत्रियाँ - Daughters

5. In nouns of the feminine gender ending in any vowel other than अ, इ or ई, the plural is formed by adding एँ or येँ to them.

दवा - medicine	दवाएँ - medicines
माता - mother	माताएँ - mothers
ऋतु - season	ऋतुएँ - seasons
बहू - daughter-in-law	बहुएँ - daughters-in-law

Note :—The final ऊ is changed into उ when एँ or येँ is added.

6. Nouns in the masculine singular ending in आ change their final आ to ए when followed by a case-ending. This applies also to the adjectives qualifying the noun, *e.g.*,

with nouns :—

लड़का + को = लड़के को ; कमरा + में = कमरे में

with adjectives :—

अच्छा लड़का + को = अच्छे लड़के को

बड़ा कमरा + में = बड़े कमरे में

7. When the plural form of a masculine or feminine noun ending in अ or आ is followed by a case-ending, the following changes occur :—

(*a*) Masculine nouns ending in अ or आ take ओं.

i. e., घर—घरों में ; गाय—गायों को

घोड़ा—घोड़ों में ; बालक—बालकों के लिए

(*b*) Feminine nouns ending in अ change into ओं and those ending in आ take ओं in addition.

i e., आँख—आँखों में ; किताब—किताबों से

माला—मालाओं में ; दवा—दवाओं का

(*c*) In nouns, masculine or feminine, ending in इ or ई, (the long ई is changed into short इ) यों is added instead of ओं when the noun is followed by a case-ending.

कवि	कवियों का
कुर्सी	कुर्सियों पर
लड़की	लड़कियों की
आदमी	आदमियों ने

Compare this with rule 4 above.

8. The vocative plural is formed by adding ओ (not the nasal ओं of the plural) to the singular noun.

हे लड़को ! - Oh boys !

हे देवियो ! - Oh ladies !

भाइयो और बहनो ! - Oh brothers and sisters !

9. The plural pronouns आप, ये and वे are also used as singular to indicate respect. Hence, when these are intended to convey a plural sense, लोग is added to them as well as to हम and तुम.

हम लोग - we people

तुम लोग - you people

आप लोग - you people (respect)

ये लोग - these people

वे लोग - those people

Exercises

I. Translate into English :—

1. यह कमरा छोटा है। 2. वे लड़के खेलते हैं। 3. उनके पास दो किताबें हैं। 4. ये घड़ियाँ अच्छी नहीं हैं। 5. इन लड़कियों के नाम क्या हैं? 6. उन घोड़ों पर कौन लोग सवारी करते हैं? 7. आप लोग कहाँ रहते हैं? 8. उसके दो मामा आये हैं। 9. हे भाइयो, मेरी बात सुनो। 10. इन छोटे घरों में कोई रहना नहीं चाहेगा।

II. Fill in each blank with the correct form of the noun in the brackets :—

1. उसके पास दो — हैं। (घड़ी)
2. इन — का दाम क्या है? (किताब)
3. इस — पर बैठिये। (कुर्सी)
4. उस — को यहाँ बुलाओ। (लड़का)
5. दक्खिन में भी चौड़ी — हैं। (नदी)

III. Rewrite the following sentences, changing the number of each word within inverted commas :—

1. 'घोड़ा' गाड़ी खींचता है। 2. अच्छा 'लड़का' इनाम पाता है। 3. 'बिल्ली' चूहे को खाती है।

IV. Translate into Hindi :—

1. Please call those boys here. 2. No one will sit on these broken chairs. 3. He always sells sweet fruits. 4. What are the names of these girls? 5. Who lives in those rooms?

LESSON 19

Auxiliary verbes

सक, चुक, चाह

सक, चुक, and चाह are used as auxiliary verbs to supplement the principal verbs. When so used, it is the auxiliary verb that is subject to inflection, and the principal verb remains unchanged. These auxiliary verbs are added to the principal verb-roots.

1. सक is added to the root of a verb to convey the idea of *can* or *be able to.*

यह काम मैं कर सकता हूँ।	I can do this wark.
क्या तुम वहाँ जा सकते हो?	Can you go there?
वे आज जलसे में नहीं आ सके।	They were not able to come to the meeting today.
कमला गा सकती है।	Kamala can sing.

Note :—When सक is used, ने is not added to the subject, even when the predicate is in the transitive past.

2. चुक is added to the root of another verb to express the sense of 'finish' or 'completion' of an action,

मैं पढ़ चुका हूँ।	I have finished reading.
वह खा चुका है।	He has finished eating.
आप ले चुके?	Have you taken?

LESSON 19

Auxiliary verbes

सक, चुक, चाह

सक, चुक, and चाह are used as auxiliary verbs to supplement the principal verbs. When so used, it is the auxiliary verb that is subject to inflection, and the principal verb remains unchanged. These auxiliary verbs are added to the principal verb-roots.

1. सक is added to the root of a verb to convey the idea of *can* or *be able to.*

यह काम मैं कर सकता हूँ।	I can do this wark.
क्या तुम वहाँ जा सकते हो?	Can you go there?
वे आज जलसे में नहीं आ सके।	They were not able to come to the meeting today.
कमला गा सकती है।	Kamala can sing.

Note :—When सक is used, ने is not added to the subject, even when the predicate is in the transitive past.

2. चुक is added to the root of another verb to express the sense of 'finish' or 'completion' of an action,

मैं पढ़ चुका हूँ।	I have finished reading.
वह खा चुका है।	He has finished eating.
आप ले चुके?	Have you taken?

Note:—ने is not added to the subject when चुक is added to transitive verbs in past tense.

3. There are two uses of चाह:—(i) as a principal verb and (ii) as an auxiliary verb with the infinitive of another principal verb.

(i) As a principal verb it is used as any other verb and means 'want' or 'desire'.

आप क्या चाहते हैं ?	What do you want?
कमला फूल चाहती है ।	Kamala wants flowers.
हम रोटी चाहते हैं ।	We want bread.

(ii) as an auxiliary verb:—

मैं जाना चाहता हूँ ।	I want to go.
वे सिनेमा देखना चाहते हैं ।	They want to see the cinema.
कमला घर जाना चाहती है ।	Kamala wants to go home.

In both the uses ने must be added to the subject when the past tense of चाह is used, and then the rules for the past tense will apply.

मैंने चाहा ।	I desired.
उसने एक घड़ी चाही ।	He wanted a watch.
हमने देखना चाहा ।	We wanted to see.
हमने किताब देखनी चाही ।	We wanted to see the book.

(iii) चाह is used with the past participle of some verbs to express an *imminent action.*

डाक-गाड़ी आया चाहती है।	The mail-train is about to come.
घड़ी में तीन बजा चाहता है।	The clock is about to strike three.
दीवार गिरा चाहती है।	The wall is about to collapse.
वह जाया चाहता है।	He is about to go.

Note :—जा becomes जाया, not गया in this case.

Exercises

I. Translate into English :—

1. मैं हिन्दी बोल सकता हूँ। 2. वह बीमार है, इसलिए दफ़्तर नहीं आ सकेगा। 3. हम कल का सबक़ पढ़ नहीं सके। 4. कमला वहाँ नहीं जा सकती है। 5. वे खेल चुके हैं। 6. हम वह तस्वीर देख चुके हैं। 7. जब मैं गया, तब वह खा चुकी थी। 8. हम दूसरी किताब चाहते हैं। 9. उसने मुझे मारना चाहा, लेकिन मैं भाग गया। 10. वे आज मैसूर जाना चाहते थे, लेकिन गाड़ी नहीं मिली।

II. Use the auxiliary verbs given in brackets, without changing the tense, as :—

वह बोलता है। (सक)—वह बोल सकता है।
वह बोलता है। (चाह)—वह बोलना चाहता है।

1. मैं यह काम अकेले करता हूँ — (सक). 2. गोमती अच्छा गाती है — (सक). 3. आप मेरे साथ क्यों नहीं आते? —(सक). 4. आप मेरे साथ क्यों आते?—(चाह). 5. हमने उसको यहाँ बुलाया — (चाह). 6. उसने हिन्दी सीखी — (चाह).

III. Translate into Hindi:—

1. Can you speak Hindi well? 2. You cannot walk on water. 3. She was not able to answer my question. 4. I have finished playing. 5. They had finished speaking, when I went there. 6. She wants a good watch. 7. Gandhiji wanted to see the Viceroy. 8. We had desired to leave Madras to-day, but there is some more work. 9. When will you be able to complete your studies? 10. I did not want that you should do this.

LESSON 20

Use of चाहिए and कर

1. चाहिए

1. This is used to express a desire or a need. When चाहिए is used, the subject must always be in the dative case.

चाहिए does not undergo any change.

आपको क्या चाहिए?	What do you want?
मुझे कुछ रुपये चाहिए।	I want some money.
मुझे (मुझको) थोड़ा पानी चाहिए।	I want a little water.
आपको गरम पानी चाहिए या ठंडा पानी?	Do you require hot water or cold water?

2. It is also used with the infinitive of another verb to express 'necessity' or 'compulsion'. In such

cases, the subject stands in the dative case and the other verb agrees with the object, if any, in number and gender.

आपको जाना चाहिए ।	You should go.
आपको किताब पढ़नी चाहिए ।	You should read the book.
आपको किताबें पढ़नी चाहिए ।	You should read books.
उसको रोज़ दो केले खाने चाहिए ।	He should eat two plantains daily.

2. कर

कर is added to the root of another verb to mean 'having done', as—

खाकर - having eaten

जाकर - having gone

Note :—When कर is to be added to the verb-root कर (to do), the combined form is करके and not करकर.

मैं रोज़ नहाकर रोटी खाता हूं ।	I eat bread daily, after taking a bath.
वह घर जाकर वापस आएगा ।	He will return, after going home.
यह काम करके वहाँ जाओ ।	Go there, after finishing this work.

Exercises

I. Translate into English :—

1. उसको क्यों एक रुपया देना चाहिए ? 2. मुझे आज दो चिट्ठियाँ लिखनी चाहिए । 3. हर हिन्दुस्तानी को खद्दर

पहनना चाहिए। 4. शराब पीने की आदत छोड़नी चाहिए। 5. तुमको यह किताब क्यों चाहिए? 6. वह वहाँ से भागकर यहाँ आया। 7. हर एक काम सोच-समझकर करना चाहिए। 8. आपस में नहीं झगड़ना चाहिए। 9. सबको भाई-बहन समझना चाहिए। 10. दीनों का दुख देखकर उनकी सेवा करनी चाहिए।

[शराब - wine ; आदत - habit ; दीन - poor, miserable people ; सेवा - service]

II. Translate into Hindi :—

I. Everyone should do his duty towards his parents, society and country. 2. We must wake up early and go to bed early. 3. One should always bathe in cold water. 4. He should take medicine daily, for a month. 5. I was much pleased on reading your letter. 6. Students should not make noise after entering the class room. 7. One should not spoil one's health by keeping awake till a late hour. 8. On seeing a policeman, you should not run away. 9. He went home after doing his work. 10. Everyone should respect the flag of his country and should die for it, if necessary.

[society - समाज ; to enter - दाख़िल होना ; flag - झंडा ; to respect - इज़्ज़त करना; if necessary - ज़रूरत हो तो]

APPENDIX I

Detached Sentences

Translate into Hindi :—

1

1. Get me a good picture. 2. Don't throw stones. 3. Please come inside. 4. I like that book. 5. I don't want this pen. 6. Is this not available in Madras? 7. Please come back at half past five. 8. Do this work slowly. 9. They will go now. 10. Where will you go?

[stone - पत्थर ; to like - पसंद करना ; to be available - मिल सकना ; slowly - धीरे-धीरे]

2

1. Yesterday I went to Madurai. 2. Kuruppur is a small village. 3. There are only a few houses in this village. 4. The people of the village are very poor. 5. They are cultivators. 6. What does she want? 7. Did you hear anything? 8. Paddy grows in the fields around the villages. 9. To the north, there is a river. 10. On the bank of the river there are mangoe trees.

[cultivator -काश्तकार, किसान ; paddy - धान ; around - के चारों तरफ़ ; bank - किनारा]

3

1. What sort of man is he? 2. The servant will not bring newspapers to-day. 3. The houses in my village are built of mud. 4. Take the wounded soldier

to the hospital. 5. The horses were in the field. 6. The women of Mathura city are very beautiful. 7. Why were you absent yesterday? 8. They will all be present to-morrow. 9. There is a good garden in front of my house. 10. Remove all the furniture out of your room.

[newspaper - समाचार-पत्र या अख़बार ; built of mud - मिट्टी का बना ; wounded - घायल, जख़्मी ; soldier - सिपाही ; hospital - अस्पताल ; absent - अनुपस्थित, ग़ैरहाजिर ; present - उपस्थित, हाज़िर ; furniture - सामान, असबाब]

4

1. The whole room is full of smoke. 2. Look through these windows and tell me what you see. 3. Come with me to the bazaar. 4. I shall meet you at the Central Station. 5. Are the people of your city rich? 6. Rahim went home ten days ago. 7. He will be here next week. 8. Take your hand out of your pocket. 9. Tell him to come to the office. 10. Rama does his work himself.

[smoke - धुआँ ; week - सप्ताह, हफ़्ता ; pocket - जेब ; office - दफ़्तर ; himself - खुद, स्वयं]

5

1. He speaks good Hindi. 2. Sita writes such a bad hand, that I cannot read her letter. 3. I had tried my best to pass the examination. 4. Ask my servant

what o'clock it is. 5. Are you going out for a walk this evening? 6. There are about 50 rupees in that box; count them. 7. Rama did not come, because he was ill. 8. How far have you read this book? 9. Do you think it will rain to-morrow? 10. I feel hungry, but I cannot eat anything, as I have a head-ache.

[to try - कोशिश करना ; to pass the examination - परीक्षा में उत्तीर्ण होना ; to go for a walk - टहलने जाना ; how far - कहाँ तक ; head-ache - सिर-दर्द]

6

1. When I arrived at Egmore station, the Boat-Mail was about to start. 2. My brother went to the top of the Tirupati Hills to see the temple. 3. It is forbidden to wash clothes in this tank. 4. My sister is an expert in writing Hindi. 5. What language do you speak? 6. Yesterday four men arrived from Delhi. 7. He set out at sun-rise and arrived at sunset. 8. It rained heavily yesterday at 1 o'clock. 9. He called the servant and asked him, why he was late the day before yesterday. 10. We gave evidence before the court.

[about to start - छूटनेवाली; top - चोटी ; is forbidden - मना है ; expert - निपुण ; at sun-rise - सूरज के निकलने पर, सूर्योदय को ; at sunset - सूरज के डूबने पर, सूर्यास्त को ; rained heavily - खूब ज़ोर से पानी बरसा ; evidence - गवाही ; court - अदालत]

7

1. When did this take place? 2. We must always try to do what is right. 3. I am very sorry for what I have done. 4. He always tries to do his duty honestly. 5. Rama is at home now; he has fever and is very ill. 6. Their servant does not clean this place every day. 7. We have a bungalow in Ooty, where we live during summer. 8. I like this place, because the climate is good. 9. It is not my business to help your neighbour. 10. What is your age?

[I am sorry - मुझे अफ़सोस (दुख) है; duty - फ़र्ज, कर्तव्य; honestly - ईमानदारी के साथ; bungalow - बंगला, भवन; climate - आब-हवा, जलवायु; neighbour - पड़ोसी]

8

1. Put out the light and go to bed. 2. He comes here for his meals exactly at 8 o'clock. 3. Nobody has been living in these houses for a long time. 4. I like red flowers very much. 5. Rats are afraid of the cat. 6. Kamala's father bought a new watch yesterday. 7. You had been to the bazaar, when he had been here. 8. We will begin to learn Hindi from to-morrow. 9. My teacher asked me, "Why are you crying?" 10. Trust in God and do the right.

[to put out - बुझाना; light - बत्ती; meals - भोजन; exactly - ठीक; for a long time - बहुत दिनों से; rats - चूहे; trust in God - भगवान पर विश्वास रखो]

9

1. I have put some ink in the ink-pot. 2. Place the book on the table. 3. Have you got some money with you? 4. Good men certainly keep their promises. 5. I spent my days happily. 6. The barber is shaving there. 7. I got up at five in the morning. 8. He reaped the corn in the field. 9. A great storm arose. 10. Various kinds of thoughts rise in my mind.

[ink-pot - दवात ; to place - रखना ; to keep one's promise - बात रखना ; happily - सुख से ; barber - नाई, हज्जाम; to shave - बाल बनाना ; to reap - काटना ; corn - गल्ला ; great storm - बड़ी आँधी ; arose - उठी ; various kinds of thoughts - कई प्रकार की भावनाएँ ; to rise - उठना]

10

1. Today I will dine with my friends. 2. Sita has written a letter to her husband. 3. I shall come at 11 o'clock, after attending the meeting. 4. What are you doing the whole day? 5. Is your elder brother at home or has he gone out? 6. She came with me yesterday to see the cinema. 7. What did you drink in the morning? 8. Boys must play in the evenings in the maidan. 9. I am glad to learn that you can translate from English into Hindi very well.

[to dine - भोज में शामिल होना ; husband - पति ; meeting - सभा ; elder brother - बड़ा भाई ; maidan - मैदान ; to translate - अनुवाद करना ; English - अंग्रेजी]

11

1. She can read Hindi, but cannot speak it. 2. Where did he buy this book? 3. I do not know anything about him. 4. Everyone must sacrifice for the country. 5. Who were living in this house? 6. I had met them the day before yesterday. 7. My sister will surely ask you about this. 8. Rivers generally rise from mountains. 9. King Asoka was very merciless in his younger days.

[to sacrifice - निछावर करना; in this house - इस घर में; had met them - उनसे मिला था ; generally - आम तौर से, साधारणः ; to rise-निकलना ; merciless-बेरहम ; younger days - जवानी के दिन]

12

1. Jawaharlalji is our great leader. 2. We should always speak the truth. 3. When will those boys return from school? 4. Why did you not bring the book? 5. Hindi is our National Language. 6. Many boys in our School can speak Hindi well. 7. Even from his boyhood, Shivaji began to love his country. 8. We learn Hindi for the sake of national unity,. 9. His sister will be able to sing Hindi songs very well. 10. He does not fear anyone in this world.

[great leader - बड़े नेता ; national language - कौमी ज़बान, राष्ट्रभाषा ; boyhood - लड़कपन ; began to love his country - अपने देश को प्यार करने लगा ; for the sake of national unity - राष्ट्रीय एकता के लिए ; does not fear anyone - किसीसे नहीं डरता ; in this world -इस दुनिया में]

APPENDIX II

Translate the following passages into Hindi :—

LESSON 1

A thief went into a city to steal the horse of a rich man. By chance he was caught. The owner of the horse said to the thief, "If you show me how to steal a horse, I will let you go." The thief agreed, went to the stable, took out the horse, mounted it and rode away crying, "See, this is the way I steal a horse." People pursued him, but could not catch him.

[thief - चोर ; to steal - चुराना, चोरी करना ; by chance - इत्तिफ़ाक से ; was caught - पकड़ा गया ; owner of the horse - घोड़े का मालिक ; to show - बताना, दिखाना ; I will let you go - मैं तुमको जाने दूंगा ; agreed - मान लिया ; stable - अस्तबल ; took out - निकाला, खोला ; mounted - सवार हुआ, चढ़ा ; to pursue - पीछा करना ; people - लोग ; could not catch him-उसको पकड़ न सके]

LESSON 2

It is difficult to find a villager who is without a law-suit. Once a villager accused another of stealing his cattle. He produced many witnesses. His opponent said that the cattle were destroying the crops. He also had many witnesses. At length, it was found that the first man had no cattle and the second had no crops.

[villager - देहाती, गाँववाला ; law-suit - मुक़द्दमा ; accused another - दूसरे पर इलज़ाम लगाया ; cattle - मवेशी ; produced

many witnesses - कई गवाह पेश किये ; opponent - विरोधी, मुखालिफ़ ; crop - फ़सल ; destroyed - नष्ट किया, बरबाद किया ; he also had many witnesses - उसके पास भी कई गवाह थे ; at length - अंत में, आख़िर ; it was found - मालूम हुआ ; first man - पहला आदमी ; second man - दूसरा आदमी]

LESSON 3

A thief was once charged with having made a hole in the wall of a man's house and stolen a box of jewels. He was brought before the king for enquiry. He fell upon his knees and wept, and then told the king that he was a poor and honest man, but his right hand gave him great trouble by its wicked ways. "My hand made the hole and went through and stole the jewels, while I lay outside the wall. I did not go into the house, and so I am not a burglar," said he. To this the king replied, "You are indeed to be pitied, poor man, and the wicked right hand should go to prison for five years. You must try and stay outside the gaol, while the hand serves its sentence, as you did while it stole the jewels."

[thief - चोर ; to charge - इलज़ाम लगाना ; hole - सेंध, छेद ; to steal - चुराना ; jewel - ज़ेवर ; enquiry - तहक़ीक़ात ; upon knees - घुटनों के बल ; honest - ईमानदार ; wicked ways - बुरा चाल-चलन; burglar - सेंध लगानेवाला ; indeed- दर-असल, सचमुच ; to be pitied - रहम के लायक़ ; poor man - बेचारा ; prison or gaol - जेल ; to serve the sentence - सज़ा भोगना]

LESSON 4

Once a boy fell into evil company. He used to spend all his time in the company of bad boys. The father tried many methods to separate him from his friends and bring him round, but in vain. At last he thought of a plan to impress on the mind of his boy, that one is easily spoiled by bad company.

He bought a dozen fine and tempting mangoes, and showing them to his son, said, "These shall be yours to-morrow evening." He put them in a cup-board after placing a rotten one in their midst. When his son came for the fruits next evening, the father said, "Take them from the cup-bord and enjoy as many as you can." The boy could not enjoy any; for, all of them had become rotten, because of the one rotten fruit placed among them. "In the same way, my son," said the father, "you will soon be spoiled and ruined by bad companions." The boy was so impressed, that he at once ceased to move with evil companions.

[companion - साथी ; company - संगति ; method - उपाय, तरीक़ा ; to separate - जुदा or अलग करना ; to bring round - ठीक रास्ते पर लाना ; in vain - बेकार, फ़िज़ूल, अकारथ ; plan - तरक़ीब; dozen - दर्जन; tempting - मनमोहक, लुभानेवाला; cup-board - बरतन रखने की अलमारी ; rotten - सड़ा ; to be ruined - बरबाद होना ; to be impressed - प्रभावित होना ; to cease - छोड़ देना]

LESSON 5

The Ganges is the most important river in India. To Hindus every part of its long course is holy, though at some places it is considered holier than at others. Two of the holiest places on the Ganges are Hardwar and Banaras.

At Hardwar, temples rise on the right bank of the river, and stone-steps go down to the water. Hundreds of pilgrims come to Hardwar to bathe in the river. At one place tame fishes swim about in the water and are fed by pilgrims.

On a hill rising a hundred feet above the water, stands Banaras, the holy city of the Hindus. It has been the home of Hinduism for hundreds of years, and is perhaps the oldest city in India. The wish of every Hindu is to visit Banaras, so that he might bathe in the holy waters of the river and wash away his sins. The city is as well noted for its high culture and learning, as for its sacredness.

[important river - मुख्य नदी ; holy - पवित्र ; bank - किनारा, तीर ; stone-steps - पत्थर की सीढ़ियाँ ; pilgrim - यात्री ; Hinduism - हिन्दू धर्म ; oldest city - सबसे पुराना शहर ; wish - इच्छा ; sin - पाप ; well noted - प्रसिद्ध, मशहूर ; high - उच्च; culture - संस्कृति ; learning - विद्या ; sacredness - पवित्रता]

LESSON 6

We can never repay the debts we owe to our parents. When we fall ill, they forget to eat or sleep and nurse us day and night. They find no rest and peace of mind till we recover. We must obey and respect our parents. We should not do what might give pain to them. It is a sin to disobey them. There are no greater friends on earth than our parents. None can love us so dearly as they do. We should be dutiful towards them.

[can never repay the debts - ऋण कभी नहीं चुका सकते; day and night - दिन-रात; they find no rest - उन्हें आराम नहीं मिलता; they find no peace - उन्हें शांति नहीं मिलती; till we recover - जब तक हम लोग चंगे नहीं हो जाते; what might give pain to them - जिससे उन्हें कष्ट हो; to disobey - आज्ञा न मानना; love us so dearly - हमको इतना अधिक प्यार करते हैं; be dutiful towards them - उनके प्रति अपना कर्तव्य-पालन करना]

LESSON 7

A poor boy was employed in the house of a lady of rank, as a menial servant. One day finding himself in the lady's dressing-room and perceiving no one there, he waited a few moments to take a view of the beautiful things in the apartment. A gold watch, richly set with diamonds, caught his attention and he could not forbear taking it in his hand. Immediately the wish arose in his mind, "Ah, if I had such a one!" After

a pause, he said to himself, "But, if I take it, I shall be a thief." "And yet," continued he, "nobody sees me." "Nobody? Does not God, who is present everywhere, see me?" Overcome by these thoughts, he laid down the watch and said, "No! I had much rather be poor and keep my good conscience, than become rich by an act of roguery."

[poor boy - ग़रीब बालक ; lady - महिला ; was employed - नियुक्त हुआ था ; dressing room - शृंगार-भवन ; apartment - कमरा ;gold watch - सोने की घड़ी ; richly set with diamonds- बहुत मूल्यवान हीरों से जड़े ; Ah, if I had such a watch - काश ! मेरे पास ऐसी घड़ी रहती ; after a pause - थोड़ी देर बाद ; present everywhere - सर्वव्यापी ; thoughts - भावनाएँ ; overcome - अभिभूत होकर ; rogue - शठ, बदमाश]

LESSON 8

We can see God only when we are eager to see Him. Similarly, to obtain freedom, we must make real effort. Just as a man immersed in water, feels it imperative to come out to breathe, similarly, we should feel it imperative to obtain freedom. For an ordinary man it is difficult even to manage his family well. It is more difficult to look after a village. All cannot do service to the country. It is specially difficult to serve a vast country like our India. Very few men have the necessary strength for the same. To serve the country for the sake of earning a name is a vain task. Just as

we feel it our duty to serve our parents, who have brought us up, similarly, we must feel it our duty to serve our country. Only those who do such real service to the country are the real leaders of the land. They get name and fame even without their aspiring for them.

[God - ईश्वर, खुदा ; really - सचमुच ; eager - उत्सुक ; to obtain - हासिल करना ; freedom - आज़ादी ; effort - कोशिश ; to immerse - डूबना ; imperative - ज़रूरी, आवश्यक ; to breathe - साँस लेना ; to feel - महसूस करना ; ordinary man - मामूली आदमी ; to manage - सँभालना ; service - सेवा, ख़िदमत ; specially - ख़ास करके, विशेषतः ; strength - ताक़त ; to earn a name - नाम कमाना ; vain - फ़िज़ूल ; task - काम ; duty - फ़र्ज़, कर्तव्य ; parents - माँ-बाप ; leader - नेता ; fame - यश, नामवरी]

LESSON 9

Socrates, the great Greek philosopher, tried hard to control himself, and had resolved never to make a show of his temper. He believed that an angry man was more of a beast than human being. He had a wife, who used to lose her temper on the slightest pretext and tried her utmost to irritate the cool and calm philosopher.

One day, the woman became more furious than ever and began to insult Socrates. Socrates, determined not to be put out and to leave her alone, went and

sat on the door-step of his house, looking out on the public street. The wife, finding that Socrates was not paying the least heed to her loud and angry scolding, went up to him and emptied a basin full of water over him. The passers-by in the street were much amused at the incident. Socrates joined with them in their laughter and quietly remarked, "I was expecting this; because, after thunder comes rain."

[philosopher - तत्ववेत्ता ; वेदान्ती ; to control - क़ाबू में रखना ; to resolve - निश्चय करना, तय करना ; to make a show of temper - गरम होना, गुस्से में आना ; pretext - बहाना ; to irritate - चिढ़ाना ; calm - शांत ; furious - आपे से बाहर ; door-step - चौखट ; heed - ध्यान, ग़ौर ; scolding - फटकारना ; to empty - उंड़ेलना ; basin - कठौती ; incident - घटना ; thunder - बादलों का गरजना]

LESSON 10

The country in which we live is our Motherland. We are born in this country, we live here, we grow here, and in the end we are absorbed in it. We must love our land as much as we love our mother. Those who live with us have equal rights in this land, and hence they are our brethren. Just as the head of a big family has always the welfare of the whole family, rather than his own individual welfare at heart, similarly we must also have in our hearts the welfare of our brethren and the progress of our country. Even

if we have to suffer losses or meet with difficulties in fulfilling this, we should not mind them.

[Motherland - मातृभूमि, वतन ; body - शरीर, बदन ; to grow - बढ़ना ; in the end - अंत में, आख़िर ; to absorb - जज़्ब होना, लीन होना ; as much as - जितना कि ; right - हक़ ; hence - इसलिए ; family - कुटुंब ; head - मुखिया ; welfare - भलाई ; whole - सारा ; individual - व्यक्तिगत ; similarly - इसी तरह ; progress - उन्नति, तरक्की ; to suffer losses - नुक़सान उठाना ; to meet with difficulties - कठिनाइयों का सामना करना ; to mind - परवाह करना]

APPENDIX III

(A) Use of the same word in different parts of speech :—

1. अच्छा As Adjective—गोपाल अच्छा काम करता है - Gopal does good work.

As Noun—अच्छों की संगति करो, बुरों से बचो - Keep company with good (people) and keep away from bad (people).

As Adverb—सीता अच्छा गाती है - Sita sings well.

2. और As Conjunction—कृष्ण और बलराम खेलने गये - Krishna and Balaram went to play.

As Adjective—और लोगों ने क्या कहा ?—What did the other people say ?

As Noun—यह बात औरों से नहीं कहना - Do not tell this thing to others.

3. की As Possessive case—राम की बेटी कालेज में पढ़ती है - Rama's daughter is studying in the college.

As Verb—आपने प्रतिज्ञा की है - You have taken a vow.

4. क्या As Pronoun—गोपाल ने आपसे क्या कहा ? - What did Gopal tell you ?

As Adverb—घोड़े दौड़ते क्या हैं, उड़ रहे हैं ! - What ! are the horses running, they are flying !

5. जो As pronoun—जो सच बोलता है, वह सुख पाता है - He who speaks the truth gets happiness.

As Adjective-pronominal—जो आम चाहो, ले सकते हो - You can take the mango that you like.

As Conjunction—रहीम का सामर्थ्य नहीं, जो आपका सामना करे - Rahim has no strength to oppose you.

6. As पत्थर Noun—पत्थर कड़ा होता है - Stone is hard.

As Adverb—तुम मेरी मदद पत्थर करोगे - You will hardly help me.

7. साथ As Noun—विपत्ति में कोई साथ नहीं देता - None helps in misery.

As Adverb—वे लड़कियाँ साथ खेलती हैं - Those girls play together.

As Preposition—सीता राम के साथ वन गयी - Sita went to the forest with Rama.

8. यह As Pronoun—यह जोसफ़ का घर है।

As Adverb—महाराज, मैं यह चला - Sir, (see) I am going.

(B) There are certain adjectives in Hindi, which express different ideas with different nouns, and are therefore translated into English according to the sense in which they are used.

कच्चा :—

लिखने में कच्चा - novice in writing
गणित में कच्चा - weak in mathematics
कच्चा आम - green or raw mango
कच्चा काम - shabby work
कच्चा माल - raw material

कच्चा मकान - mud house
कच्चा आदमी - inexperienced man
कच्ची रोटी - under-baked bread
कच्चा भात - under-cooked rice
कच्ची सड़क - unmetalled road

पक्का :—

पक्का आदमी - an able man, an experienced man, a reliable man
पक्का मकान - a brick house
पक्का चोर - a clever thief
पक्का समाचार - authentic news
पक्का रंग - fast colour
पक्की सड़क - metalled road
पक्का विचार - mature consideration
पक्की लिखावट - set hand, good hand
विचारों में पक्का - firm in opinions

बड़ा :—

बड़ा लड़का - eldest son
बड़ी बस्ती - big village
बड़ा दिन - Christmas
बड़ी राह - highway, a public road

घना :—

घना मेघ - thick cloud
घने पेड़ - close-set trees
घनी बस्ती - crowded locality
घनी दोस्ती - close friendship

(C) Idioms (मुहावरे)—

1. राम मुँह चोर है - Rama is a bashful boy.

2. दूसरों के सुख में आँख न लगाना - Do not envy other's prosperity.

3. मैं उसकी आँख का काँटा हूँ - I am an eye sore to him.

4. मूसलधार पानी बरसा है - It has rained cats and dogs.

5. विद्यालय मज़े में चलता है - The school is getting on very well.

6. मैं बड़े मज़े में समय काट रहा हूँ - I am passing my time happily.

7. विद्यालय उठ गया - The school has been abolished.

8. गोपाल मरने-मरने को हुआ है - Gopal is about to die.

9. उसकी अवस्था बारह वर्ष की है - He is twelve years old.

10. इस कोट में (मेरे) पांच रुपये लगे है - This coat has cost me five rupees.

11. यह कोट तुम्हारे शरीर में नहीं चढ़ता - This coat does not suit you.

12. वह अक्ल का दुश्मन है - He is stupid.

13. अपने मुँह मियाँमिट्ठू बनना - to praise one-self.

14. अपने हाथों कुल्हाड़ी मारना - to be the cause of one's own ruin.

15. कब्र के मुर्दे उखाड़ना - to renew old quarrels.

16. कब्र में पाँव लटकना - to be at the point of death; one foot in the grave.

17. जले पर नमक छिड़कना - to add insult to injury.

18. बहते पानी में हाथ धोना - to make hay while the sun shines.

19. लहू पानी एक करना - to work very hard.

(D) **Words liable to be confused** - भ्रम में डालनेवाले शब्द :—

बोलना - to speak ; भूलना - to forget
पहुँचना - to arrive ; पोंछना - to wipe
उठो - get up ; उड़ो - fly
की - of ; कि - that, or
बड़ा - big ; बढ़ा - advanced (v.)
खाना - food ; काना - one-eyed man
छूना - to touch ; चूना - to leak, lime
धो - wash ; दो - give
फल - fruit ; पल - an instant
भाई - brother ; बाई - lady
नींव - foundation ; नीम - margosa
चराना - to graze ; चुराना - to steal
छोटी - small ; चोटी - top
पड़ना - to fall ; पढ़ना - to read
बाग - garden ; बाघ - tiger ; भाग - run away
बेचना - to sell ; भेजना - to send
गाड़ी - carriage ; घड़ी - a watch
अंडा - egg ; अंधा - blind
कूच - march (v) ; कुछ - some ; कुच - breast
बहरा - deaf ; भरा - full

पता - address ; पत्ता - leaf ; बता - tell

बालू - sand ; भालू - bear (n.)

पुल - bridge ; फूल - flower

बहार - spring season ; बाहर - outside

सात - seven ; साथ - with ; साठ - sixty

पच्चीस - twenty-five ; पचास - fifty

बारी - turn (n.) ; भारी - heavy

चिट्ठी - letter ; छुट्टी - leave (n.)

लूटना - to rob ; लौटना - to return

बंदूक - gun ; संदूक - box

लकड़ी - wood ; लड़की - girl

भात - rice ; बात - matter

बकरा - goat ; बहरा - deaf

पेट - stomach ; पेड़ - tree

परिणाम - result ; परिमाण - quantity

बेटी - daughter ; पेटी - box

APPENDIX IV

Suitable subjects for composition

1. Your daily life - अपना दैनिक जीवन। 2. Your first day in Middle School - मिडिल स्कूल में अपना पहला दिन। 3. Your annual examination - अपनी वार्षिक परीक्षा। 4. The value of time - समय का मूल्य। 5. Illness in your family - अपने परिवार में बीमारी। 6. Cleanliness - सफ़ाई। 7. The book you wish to read - कौन-सी पुस्तक तुम पढ़ना चाहते हो। 8. A railway station at train-time - रेलगाड़ी के आने-जाने के समय का रेलवे स्टेशन। 9. Your ideal of happy life - सुखी जीवन का तुम्हारा आदर्श। 10. Rivers and their uses - नदियाँ और उनके उपयोग। 11. The country you live in - अपना देश। 12. Indian dress - हिन्दुस्तानी पोशाक। 13. An Indian feast - हिन्दुस्तानी भोज। 14. An Indian peasant - हिन्दुस्तान का किसान। 15. A town you have seen - तुम्हारा देखा हुआ शहर। 16. A house on fire - घर जिसमें आग लगी हो। 17. Your school - अपनी पाठशाला। 18. Visit of the Inspector of Schools - स्कूल में इन्स्पेक्टर का निरीक्षण। 19. A prize-giving function - पुरस्कार वितरणोत्सव। 20. A journey by boat - नौका-यात्रा। 21. The marriage ceremony of your sister - अपनी बहन का विवाह-संस्कार। 22. Your visit to a place of pilgrimage - तीर्थ-यात्रा। 23. A picnic party - वन-भोजन। 24. A journey by rail - रेल-यात्रा। 25. God - ईश्वर।

APPENDIX V

Numbers

1	एक	१	26	छब्बीस	२६
2	दो	२	27	सत्ताईस	२७
3	तीन	३	28	अट्ठाईस	२८
4	चार	४	29	उनतीस	२९
5	पाँच	५	30	तीस	३०
6	छः	६	31	इकतीस	३१
7	सात	७	32	बत्तीस	३२
8	आठ	८	33	तैंतीस	३३
9	नौ	९	34	चौंतीस	३४
10	दस	१०	35	पैंतीस	३५
11	ग्यारह	११	36	छत्तीस	३६
12	बारह	१२	37	सैंतीस	३७
13	तेरह	१३	38	अड़तीस	३८
14	चौदह	१४	39	उनचालीस	३९
15	पन्द्रह	१५	40	चालीस	४०
16	सोलह	१६	41	इकतालीस	४१
17	सत्रह	१७	42	बयालीस	४२
18	अठारह	१८	43	तैंतालीस	४३
19	उन्नीस	१९	44	चौवालीस	४४
20	बीस	२०	45	पैंतालीस	४५
21	इक्कीस	२१	46	छियालीस	४६
22	बाईस	२२	47	सैंतालीस	४७
23	तेईस	२३	48	अड़तालीस	४८
24	चौबीस	२४	49	उनचास	४९
25	पच्चीस	२५	50	पचास	५०

51	इक्कावन	५१	76	छिहत्तर	७६
52	बावन	५२	77	सतहत्तर	७७
53	तिरपन	५३	78	अठत्तर	७८
54	चौवन	५४	79	उन्यासी	७९
55	पचपन	५५	80	अस्सी	८०
56	छप्पन	५६	81	इक्यासी	८१
57	सत्तावन	५७	82	बयासी	८२
58	अट्ठावन	५८	83	तिरासी	८३
59	उनसठ	५९	84	चौरासी	८४
60	साठ	६०	85	पचासी	८५
61	इकसठ	६१	86	छियासी	८६
62	बासठ	६२	87	सत्तासी	८७
63	तिरसठ	६३	88.	अठासी	८८
64	चौंसठ	६४	89	नवासी	८९
65	पैंसठ	६५	90	नब्बे	९०
66	छियासठ	६६	91	इकानवे	९१
67	सड़सठ	६७	92	बानवे	९२
68	अड़सठ	६८	93	तिरानवे	९३
69	उनहत्तर	६९	94	चौरानवे	९४
70	सत्तर	७०	95	पंचानवे	९५
71	इकहत्तर	७१	96	छियानवे	९६
72	बहत्तर	७२	97	सत्तानवे	९७
73	तिहत्तर	७३	98	अट्ठानवे	९८
74	चौहत्तर	७४	99	निन्यानवे	९९
75	पचहत्तर	७५	100	सौ	१००

101 एक सौ एक १०१
102 एक सौ दो १०२
103 एक सौ तीन १०३
104 एक सौ चार १०४
105 एक सौ पाँच १०५

1,000 एक हज़ार
10,000 दस हज़ार
100,000 एक लाख
10,000,000 एक करोड़
100,00,00,000 एक अरब

Ordinals

1st पहला, अव्वल
2nd दूसरा
3rd तीसरा
4th चौथा
5th पाँचवाँ
6th छठवाँ
7th सातवाँ
8th आठवाँ
9th नौवाँ
10th दसवाँ
and so on.

Both दोनों
All the three तीनों
All the four चारों
and so on.

Fraction

$\frac{1}{4}$ चौथाई, पाव, एक बटे चार
$1\frac{1}{4}$ सवा, एक सही एक बटे चार
$2\frac{1}{4}$ सवा दो, दो सही एक बटे चार
$3\frac{1}{4}$ सवा तीन, तीन सही एक बटे चार

and so on.

Note :—सवा = $\frac{1}{4}$ more than the number mentioned.

$\frac{1}{2}$ आधा, एक बटे दो
$1\frac{1}{2}$ डेढ़, एक सही एक बटे दो
$2\frac{1}{2}$ ढाई, अढ़ाई, दो सही एक बटे दो
$3\frac{1}{2}$ साढ़े तीन, तीन सही एक बटे दो

and so on.

Note :—साढ़े = $\frac{1}{2}$ more than the number mentioned.

$\frac{3}{4}$ तीन चौथाई, पौन, तीन बटे चार
$1\frac{3}{4}$ पौने दो, एक सही तीन बटे चार

$2\frac{3}{4}$ पौने तीन, दो सही तीन बटे चार

$3\frac{3}{4}$ पौने चार, तीन सही तीन बटे चार

and so on.

Note:—पौने indicates $\frac{1}{4}$ less than the number mentioned.

$\frac{1}{3}$ एक तिहाई, एक बटे तीन

$\frac{2}{3}$ दो तिहाई, दो बटे तीन

$\frac{1}{5}$ एक पचौथी, एक बटे पाँच

$\frac{2}{5}$ दो पचौथी, दो बटे पाँच

Arithmetical signs

+ धन, जोड़

— ऋण, बाक़ी, घटे

× गुणे, का, गुणा

÷ भाग, भाग लगे

$\frac{1}{10}$ दशमांश, एक बटे दस

0·1 दशमलव एक

0·2 दशमलव दो

0·23 दशमलव दो तीन

and so on.

Multiples

दुगुना, दुबारा twice

तिगुना three times

चौगुना four times

पचगुना five times

and so on.

Fraction of a rupee

एक पैसा	0·01
दो पैसे	0·02
तीन पैसे	0·03
पाँच पैसे	0·05
दस पैसे	0·10
पच्चीस पैसे या पाव रुपया	0·25
पचास पैसे या आधा रुपया	0·50
पचहत्तर पैसे या पौन रुपया	0·75
एक रुपया	1·00
सवा रुपया	1·25
डेढ़ रुपया	1·50
पौने दो रुपया	1·75
दो रुपये	2·00
ढाई रुपये	2·50
पौने तीन रुपये	2·75
दस रुपये	10·00
सौ रुपये	100·00
हज़ार रुपये	1000·00

माघ - January-February
फाल्गुन - February-March

Months (English)

January - जनवरी
February - फ़रवरी
March - मार्च
April - अप्रैल
May - मई
June - जून
July - जुलाई
August - अगस्त
September - सितंबर
October - अक्तूबर
November - नवंबर
December - दिसंबर

Seasons - ऋतु, मौसम

Spring - वसंत (चैत्र-वैशाख)
Summer - ग्रीष्म (ज्येष्ठ-आषाढ़)
Rain - वर्षा (श्रावण-भाद्रपद)
Winter - शरद (आश्विन-कार्तिक)
Frost - हेमंत (मार्गशीर्ष-पौष)
Autumn - शिशिर (माघ-फाल्गुन)

Directions - दिशाएँ

East - पूर्व, पूरब, मशरिक
West - पश्चिम, मग़रिब
North - उत्तर, शुमाल
South - दक्षिण, दक्खिन, जुनूब
Left - बायाँ
Right - दाहिना, दायाँ

Salutations

नमस्ते, प्रणाम, नमस्कार, राम-राम,
सलाम, बन्दगी, आदाब अर्ज़

APPENDIX VI

Model Questions - नमूने के प्रश्न

I. शुद्ध करो :—

1. वह बड़ा धन है। 2. हमें खद्दर पहनना ज़रूर है। 3. वह पद्य बहुत कष्ट है। 4. मुझे तीन भाई हैं। 5. मैं शाम में नहीं खेलता। 6. वह ने पचास आम लाये थे। 7. तुम हिन्दी सीखने ज़रूरत है। 8. उस घर मेरी घर से बहुत दूर है। 9. मालिक ने बोला कि घर ख़ाली करना। 10. राम बहुत चालाकी लड़का है।

II. नीचे लिखे शब्दों का भेद उदाहरण देकर बताओ :—

किसका—जिसका ; ऐसा—ऐसे ; बनना—बनाना ; मरना—मारना ; पूछना—माँगना

III. निम्नलिखित वाक्य अशुद्ध हों तो शुद्ध करो :—

1. मैं उस किताब को पढ़ी। 2. तुम मेरी बात को जवाब क्यों नहीं देते? 3. हर एक हिन्दुस्तानी हिन्दी जानना चाहिए। 4. तुम्हारा बाप का नाम क्या है? 5. जो काम को शुरू करो वह ज़रूर पूरा करो। 6. कब मैंने राम को देखने के लिए वहाँ गया, तब उसका बहन गीत गाने लगी। 7. इस पुस्तक पढ़कर पाँच साल हुआ। 8. तुलसीदास की रामायण बड़ा मोटा किताब है। 9. उस घर सीता की घर से बहुत दूर है। 10. मैं यह काम करने को नहीं सकता।

IV. शब्दों की जगह बदलकर शुद्ध वाक्य बनाओ :—

1. तीर्थस्थान काशी प्रसिद्ध है बहुत । 2. बाप फूफी की बहन है । 3. कई शरीर में हमारे अंग हैं । 4. गई हो चकित सभा सारी । 5. भाई देखने दोनों शहर चले ।

V. (अ) निम्नलिखित संज्ञाओं को विशेषणों में बदलो :—

धन, होशियारी, मेहनत, ग़रीबी, बुढ़ापा ।

(आ) अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो :—

पड़ना, पढ़ना, की, कि, बड़ा, बढ़ा, उड़ो, उठो, कब, जब, बाग़, बाघ ।

(इ) किन्हीं छः के उलटे अर्थवाले शब्द लिखो :—

कमज़ोर, गरम, सस्ता, छोटा, पुराना, रात, अंधेरा, पीछे, मीठा ।

(ई) ख़ाली जगहों को भरो :—

1. राम — बहन — है ।
2. — हिन्दी — सीखो ।
3. आपस में — नहीं है ।
4. — भाई — नहीं है ।

(उ) अक्षरों में लिखो :—

$2\frac{1}{2}$, 24, 35, 42, 36

(ऊ) नीचे लिखे वाक्यों के प्रश्न बनाओ :—

1. वह विदेशी कपड़ा पहनता है । 2. हाँ, मैंने गांधीजी को देखा । 3. राम सबेरे जागता है । 4. वे यहाँ नहीं आएँगे ।

VI. (अ) **सवाल लिखो :—**

1. नहीं, आजकल राजाजी सेलम में नहीं हैं। 2. मैं प्राथमिक परीक्षा लिख रहा हूँ। 3. कबीरदास एक जुलाहे के लड़के थे। 4. मदुरा को दक्षिण हिन्दुस्तान की काशी कहते हैं। 5. हाँ, मेरे दो भाई हैं, और वे स्कूल में पढ़ते हैं।

(आ) **अर्थ देकर एक-एक वाक्य में प्रयोग करो :—**

धीरे-धीरे ; हमेशा ; प्यार ; सिर्फ़ ; पसंद कर।

(इ) **उलटे अर्थवाले शब्द लिखो :—**

फ़ायदा ; साफ़ ; महँगा ; दुश्मन ; झूठ।

(ई) **खाली जगहों को भरो :—**

(1) — नदी — कपड़े धोता है।

(2) — कब — आओगे ?

(3) कबीरदास — में पैदा —।

(4) — भाई — पढ़ रहे हैं।

(उ) **ग़लतियों को ठीक करके लिखो :—**

1. तुम किसको चिट्ठी लिख रहे हैं। 2. मैं का भाई गाँव से कल कपड़ा लाना। 3. हम यह सबक नहीं मालूम। 4. कमला के लड़के नहीं पढ़ती है। 5. वहाँ हम बैठना चाहिए।

VII. (अ) **किन्हीं सात का अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो :—**

ताज्जुब ; मदद ; ताक़त ; मुफ़्त ; महँगा ; खराब ; बासी ; बीमार ; क्योंकि।

(आ) **किन्हीं पाँच के उलटे अर्थवाले शब्द लिखो :—**

भीतर, मज़बूत, बदसूरत, होशियार, ग़रीब, भला, नीचे।

APPENDIX VII

लेख—1

मेरा गाँव

मेरा गाँव बहुत छोटा है। यह तंजाऊर से तिरुवैयारु जानेवाली सड़क पर है। यह रेलवे स्टेशन से पाँच मील की दूरी पर है। मेरे गाँव में सिर्फ़ तीन गलियाँ हैं। मेरी गली में बीस घर हैं। कुल मिलाकर गाँव में अस्सी घर हैं। क़रीब पाँच सौ लोग यहाँ रहते हैं।

गाँव के बीच में एक छोटा तालाब है। गाँव के चारों तरफ़ नारियल और सुपारी के पेड़ और धान के खेत हैं। पश्चिम की तरफ़ एक मंदिर है। यह हनुमानजी का मंदिर है। गाँव के लड़कों और लड़कियों के लिए एक पाठशाला है। क़रीब चालीस विद्यार्थी इस पाठशाला में पढ़ते हैं। मेरे गाँव में डाकखाना नहीं है। रोज़ तिरुवैयारु से डाकिया आता है। गाँव में एक छोटी-सी दूकान है। दूकानदार पास के बड़े शहर से सामान लाकर बेचता है। गाँव में 'ग्राम-मुंसिफ़' (जिसको 'पट्टामणियकार' कहते हैं) भी रहता है। वह मालगुज़ारी वसूल करता है। गाँव का 'कर्णम्' (पटवारी) हिसाब-किताब ठीक रखता है।

मेरा गाँव सुन्दर है। यहाँ की आबोहवा अच्छी है। गरमी के मौसम में यहाँ ज़्यादा गरमी नहीं पड़ती। जाड़े में सर्दी भी ज़्यादा नहीं पड़ती। मैं अपने गाँव में रहना बहुत पसंद करता हूँ।

लेख—2

मेरा शहर

कुंभकोणम मेरा शहर है। तंजाऊर ज़िले में कावेरी नदी के किनारे यह बसा हुआ है। शहर के उत्तर में कावेरी नदी बहती है और दक्षिण में अरशलारु नदी। यह शहर दक्षिण रेलवे के दक्षिणी प्रधान मार्ग पर है।

तंजाऊर ज़िले में यह सबसे बड़ा शहर है। यहाँ की आबादी क़रीब अस्सी हज़ार है। नगरपालिका (म्युनिसिपालिटी) शहर को साफ़ रखती है; तो भी शहर में रात के समय लोगों को मच्छर तंग करते हैं। यहाँ गरमी में पानी की तंगी रहती है। कुओं में कभी-कभी पानी सूख जाता है।

मेरे शहर में लड़कों के लिए चार हाईस्कूल हैं। इनमें टाऊन हाईस्कूल बहुत मशहूर है। मेरा भाई इसी स्कूल में पढ़ता है। लड़कियों के लिए दो अलग हाईस्कूल हैं। इस शहर में एक सरकारी कालेज है। इस कालेज से बड़े-बड़े विद्वान निकल चुके हैं। राइट आनरबिल वी. एस. श्रीनिवास शास्त्री इसी कालेज में पढ़ते थे। शहर में कई मंदिर हैं। इनमें 'कुंभेश्वरस्वामी मंदिर' और 'शारङ्गपाणी मंदिर' मुख्य हैं।

कुंभकोणम बड़ा तीर्थस्थान है। हर बारहवें वर्ष यहाँ 'महामखम' का मेला लगता है। उस समय सारे हिन्दुस्तान से यात्री यहाँ आते हैं और 'महामखम तालाब' में स्नान करते हैं।

यह शहर पीतल और राँगे के बर्तनों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ सौराष्ट्र लोगों के ज़रिये बुनाई का काम भी होता है। कुछ सौराष्ट्र लोग बड़े व्यापारी हैं। यह शहर तिजारत का बड़ा केन्द्र है। यहाँ का पान मद्रास राज्य-भर में मशहूर है।

लेख—3

मेरा बाग़

मेरे यहाँ एक सुंदर बाग़ है। वह मेरे घर के पिछवाड़े में है। फ़ुरसत का समय मैं यहीं बिताता हूँ। इस बाग़ में अच्छी तरकारियाँ और फल पैदा होते हैं। बाग़ों से हमको बड़ा आराम मिलता है। बाग़ सचमुच ईश्वर की बड़ी देन है।

मेरे बाग़ के बीच में एक बड़ा कुआँ है। पौधों को इस कुएँ से पानी मिलता है। पौधों को पानी देने में हमें एक तरह का मज़ा आता है। मेरे पिताजी भी यह काम करते हैं। एक तरफ़ हम तरकारी पैदा करते हैं, दूसरी तरफ़ फूल के पौधे लगाते हैं। एक तरफ़ नीबू, आम और नारंगी के पेड़ हैं, तो दूसरी तरफ़ गुलाब, बेला और चमेली के पौधे हैं। इनकी महक से हम खुश हो जाते हैं।

बाग़ में काम करने से बड़ा आनंद आता है। वह फ़ायदेमंद भी है। 'आम का आम, गुठली का दाम'—हमें फल भी मिलता है, आनन्द भी। हम बाज़ार से तरकारी कभी नहीं ख़रीदते। हमें सब तरह की तरकारियाँ अपने बाग़ से ही मिल

जाती हैं। मैं बैंगन, करेला, ग्वारफली, सेम, सहजन, कुंदरू, मूली और टमाटर बहुत पसंद करता हूँ। अपनी मेहनत से तरकारी पैदा करके खाने में एक अपूर्व आनन्द मिलता है।

लेख—4

मंदिर

मेरे गाँव में एक मंदिर है। वह श्रीराम का मंदिर है। मंदिर गाँव के पश्चिम में है। वह बहुत छोटा है। छोटा होने पर भी वह साफ़ और सुन्दर है। मंदिर के सामने एक छोटा तालाब है, जिसे 'पुष्करणी' कहते हैं। उसकी सीढ़ियाँ पक्की हैं। तालाब के बीच में एक मंडप है। हम कभी-कभी तैरकर वहाँ तक जाते हैं और उसपर से पानी में कूदते हैं। तालाब का पानी स्वच्छ है। पानी नालों के ज़रिये आता-जाता है।

मंदिर में जिस भगवान की पूजा होती है, उसको शारंगपाणी कहते हैं। मूर्ति सुन्दर है। प्रतिमा के बायें हाथ में कमान है। बग़ल में सीताजी की मूर्ति है। उसके आगे राम का आज्ञाकारी भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमानजी खड़े हैं। यहाँ साल में एक बार बड़ा उत्सव (मेला) होता है। उसको श्रीराम नवमी उत्सव कहते हैं। उस समय हम सब लड़के बड़े खुश रहते हैं। उन दिनों में हमें अच्छी-अच्छी मिठाइयाँ खाने को मिलती हैं। भगवान का जुलूस निकलता है, बड़े-बड़े बाजे बजते हैं; नागस्वर के मशहूर विद्वान बुलाये जाते हैं। उनका बजाना सुनने के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठी होती है।

लेख—5

गणेश पूजा

तमिल देश में गणेश-चतुर्थी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। गणेशजी यहाँ के प्रिय देवता हैं। कहते हैं, उनका स्मरण करने से किसी काम में कोई विघ्न-बाधा नहीं होती।

गणेश पूजा श्रावणी अमावास्या के बाद चौथे दिन होती है। सब हिन्दू-घरों में चिकनी मिट्टी की बनायी गणेशजी की मूर्ति की प्रतिष्ठा व पूजा होती है। मोदक और जामुन का भोग चढ़ाया जाता है।

गाँव के मंदिर में गणेशजी की पूजा धूम-धाम से होती है। मंदिर आम और नारियल के पत्तों से सजाया जाता है। तोरण लगाये जाते हैं। बड़ी चहल-पहल रहती है। पहले प्रतिमा का अभिषेक होता है। उसके बाद नये कपड़ों, गहनों और फूलों से मूर्ति सजायी जाती है। फिर भोग लगाया जाता है। उसके बाद दूसरी प्रतिमा, जो पंचधातु की होती है, सजाकर चाँदी के रथ पर रखी जाती है। बड़े कोलाहल के साथ सब लड़के उस रथ को गाँव की ख़ास गलियों में खींचकर ले चलते हैं। बाजे बजते रहते हैं। भगवान के मंदिर में वापस आने पर सब लोगों को प्रसाद—नारियल और फल—बाँटे जाते हैं। फिर प्रतिमा यथास्थान रखी जाती है। सचमुच गणेश पूजा बड़ी सुन्दर होती है।

लेख—6

हाट-बाज़ार

शहर में रोज़ बाज़ार लगता है। लेकिन छोटे-छोटे क़सबों में या गाँवों में हफ़्ते में एक दिन हाट लगती है। हाट में बड़ा शोर-गुल होता है। यहाँ के दूकानदार फुर्तीले होते हैं। वे लोग दो-दो क़तारों में अपने माल रखते हैं। लोग उनके बीच में से होकर गुज़रते हैं और अपनी-अपनी पसंद की चीज़ें चुनते हैं। कच्चे ग्राहक कभी-कभी धोखा खा जाते हैं। कुछ दूकानदार वज़न करते वक़्त लोगों की आँखों में धूल झोंक देते हैं।

हाट में तरकारियाँ, फल, मछली, गोश्त, अनाज, तेल, पान वग़ैरह बिकते हैं। कहीं-कहीं कपड़े भी बिकते हैं। कुछ हाटों में स्थायी दूकानदार रहते हैं। वे अपनी दूकानें रात के आठ-नौ बजे तक खुली रखते हैं। लेकिन ऐसी दूकानों में चीज़ें ज़रा महँगी होती हैं। माल भी ताज़ा नहीं मिलता। लेकिन वे ज़्यादातर ईमानदार होते हैं।

कहीं-कहीं रविवार के दिन हाटों में बड़ी भीड़ रहती है। क्योंकि कई लोगों को उसी दिन हाट जाने की फ़ुरसत होती है। कुछ दूकानदार इसका फ़ायदा उठाते हैं। वे उस दिन सामान का दाम बढ़ा देते हैं। पर लोग लाचार हैं।

हाट से ही कई गाँववालों को रोज़ी मिलती है। हाट न हो, तो वे भूखों मर जाएँ। शहरवाले भी तरकारी के बिना मुश्किल से जी सकते हैं। गाँव और शहर एक दूसरे पर निर्भर हैं।

हाट से व्यापार बढ़ता है, रुपया-पैसा चलता है। असल में हाट-बाज़ार हमारी बड़ी मदद करते हैं। मेरे गाँव की हाट बडी अच्छी है।

लेख—7

पैरगाड़ी

बाइसिकिल को हिन्दी में पैरगाड़ी कहते हैं। यह ग़रीबों की गाड़ी कही जाती है। यह बड़ा उपयोगी ईजाद है। इसमें दो रब्बरदार पहिये हैं। पेडल को चलाने से पहिये घूमने लगते हैं। गाड़ी को रोकने के लिए ब्रेक भी हैं। इसके पीछे लगे हुए कैरियर पर हम पुस्तकें, नाश्ता वग़ैरह ले जा सकते हैं। पैरगाड़ी आजकल देहातों में भी पायी जाती है। इसके लिए न पेट्रोल की ज़रूरत है, न कोयले की। पैरगाड़ी रखनेवालों को न बैल पालने की ज़रूरत है, न घास रखने की। दस साल का लड़का भी पैरगाड़ी चला सकता है।

पैरगाड़ी कई तरह की होती है। औरतों के लिए एक ख़ास तरह की गाड़ी होती है। आजकल पैरगाड़ी बहुत सस्ती हो गयी है। इसकी कल (मशीन) को संभालने के लिए हमें अधिक पैसे ख़र्च करने की ज़रूरत नहीं पड़ती। इसलिए सचमुच यह ग़रीबों की सवारी है। पैरगाड़ी रखने से हमारा बहुत पैसा बच जाएगा। इसका टैक्स भी बहुत कम है। इसलिए हर एक घर में पैरगाड़ी का होना वांछनीय है। आजकल कुछ लोग इसकी मदद से हिन्दुस्तान-भर में घूम आते हैं।

लेख—8

ट्राम-गाड़ी

ट्राम-गाड़ी लोहे की पटरियों पर बिजली की मदद से चलती है। गाड़ी में दो क़तारों में बैठकें हैं, जहाँ मुसाफ़िर बैठते हैं। यह रेल-गाड़ी की तरह दीखती है। एक ड्राइवर है, जो सदा खड़ा रहकर गाड़ी चलाता है। कण्डक्टर लोगों से किराया लेकर टिकट देता है। ट्राम-गाड़ी में जाने से हमको बड़ा आराम मिलता है।

कलकत्ता, बंबई आदि बड़े-बड़े शहरों में ट्राम-गाड़ी की ज़रूरत पड़ती है। इसके बिना सस्ते में शहर के एक कोने से दूसरे कोने तक सफ़र करना मुश्किल हो जाएगा। शहर में बहुत लोग रहते हैं। उनको इतने काम रहते हैं कि एक पल भी वे बेकार नहीं खो सकते। ऐसे लोगों के लिए ट्राम-गाड़ी के बिना दूसरा कोई चारा नहीं।

और गाड़ियों की तरह इसमें कुछ असुविधाएँ भी हैं। यह कभी-कभी शोर मचाती है, बहुत हिलती-डुलती है। शाम के समय खचाखच भर जाती है और लोगों को खड़े होने के लिए भी जगह नहीं मिलती। इतना होने पर भी ट्राम-गाड़ी एक फ़ायदेमंद सवारी है।

लेख—9

डाकिया

डाकिया डाकख़ाने का एक नौकर है। डाक-विभाग सरकार का एक महकमा है। डाकिये की खाकी वर्दी से हम

उसे जल्दी पहचानते हैं। सरकार यह वर्दी उसको मुफ़्त में देती है। डाकिये के पास एक चमड़े का थैला है, जिसमें वह चिट्ठियाँ, रुपये-पैसे, पार्सल, रजिस्टर वग़ैरह रखता है। चाहे अच्छी ख़बर लाए या बुरी, सब लोग उसका स्वागत करते हैं।

डाकिया घर-घर जाकर ख़त, पार्सल वग़ैरह देता है। वह ख़राब अक्षर भी पढ़ लेता है। उसको तंदुरुस्त, ईमानदार और मेहनती होना चाहिए। नहीं तो वह अपनी नौकरी पर टिक नहीं सकता। अपना फ़र्ज़ अदा करने में उसे होशियार रहना चाहिए। लोग चाव से उसकी राह देखते हैं। समाज की वह अच्छी सेवा करता है।

डाकिया हमारे दोस्तों और रिश्तेदारों की ख़बर लाता है। हम हमेशा अच्छे समाचार की आशा रखते हैं। पर कभी-कभी हमें बुरी ख़बर भी मिलती है। डाकिये को इसकी ख़बर नहीं रहती।

चाहे सख़्त गरमी हो या ज़ोर की बारिश, डाकिये को अपने काम पर जाना ही पड़ता है; उसे ठीक समय पर अपना काम करना पड़ता है। नियमपूर्वक काम न करे तो वह नालायक़ समझा जाएगा और उसे अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा।

कुछ डाकिये तार भी ले जाते हैं। उनको और भी सावधानी रखनी होती है; वरना, तार ठीक पतेवाले को न मिलते। डाकिये को अपने काम में तेज व फुर्तीला रहना चाहिए। मेरी गली में रोज़ दो बार डाकिया चिट्ठियाँ ले

आता है। लोग उसके काम से खुश होकर दिवाली आदि त्योहारों के समय उसको इनाम देते हैं।

लेख—10

पुलिस का सिपाही

शहरों में पुलिस के सिपाही को हम प्रायः सब जगह देखते हैं। उसीके कारण हमारा माल सुरक्षित है और मुहल्ले में शांति रहती है। नहीं तो चोर हमारा माल लूट ले जाए और लोग एक दूसरे से लड़ते रहें। पुलिस विभाग भी सरकार का एक महकमा है।

पुलिस के महकमे में सिपाही का स्थान सबसे नीचे का है। सिपाही से ऊपर का ओहदेदार 'हेड कानस्टबल' है। उसके बाद 'सब इन्स्पेक्टर', 'सर्कल इन्स्पेक्टर', 'सूपरिंटेंडेंट' और 'कमिशनर' होते हैं। हर एक अफ़सर के लिए ख़ास वर्दी होती है।

रात के समय पुलिस का सिपाही शहरों की सड़कों पर घूमता रहता है और लोगों को चोरों से बचने की चेतावनी देता है। दिन में सड़क पर, ख़ास कर चौराहे पर, आमद रफ़्त का नियंत्रण करता है। कभी-कभी गुनहगारों का पता लगाने में दिन-रात लगा रहता है। उसका काम बड़ा मुश्किल होता है। रात में वह आराम से नहीं सो सकता। क्योंकि आधी रात के समय भी उसकी सेवाओं की ज़रूरत पड़ती है। कहीं चोरी

हो गयी तो झट उसे वहाँ दौड़ना पड़ता है। कभी दंगे को दबाने में उसे कठिन परिश्रम करना पड़ता है।

पुलिस के सिपाही को बहादुर व दिलेर होना चाहिए। अपने फ़र्ज़ को अदा करने में उसे कभी-कभी कठोर चित्त का भी होना पड़ता है। कभी-कभी उसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। थाने के-सिपाही के बिना समाज का शांतिपूर्वक संगठन होना नामुमकिन है। उनके बिना हम चैन की नींद नहीं सो सकते। आजकल हमारे देश में सुदूर गाँवों तक उनकी सेवाएँ पहुंचायी जाती हैं।

Dialogue-[illegible]

———

Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, Madras-17

SARAL HINDI VYAKARAN—Part I

Price Re. 1.00

सरल हिन्दी व्याकरण

SARAL HINDI VYAKARAN

2

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा
त्यागरायनगर • मद्रास-17

सरल हिन्दी व्याकरण

भाग—2

SARAL HINDI VYAKARAN

Part—2

BY

S. R. SASTRI, M.A.

प्रकाशक

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

मद्रास

हिन्दी प्रचार पुस्तकमाला, पुष्प—67

दसवाँ संस्करण :
पाँचवाँ पुनर्मुद्रण :
सितम्बर, 1977
20

दाम : रु. 2-00

O. No. 1114
मुद्रक : हिन्दी प्रचार प्रेस,
त्यागरायनगर, मद्रास-17.

DAKSHINA BHARAT HINDI PRACHAR SABHA
MADRAS

MADHYAMA EXAMINATION

Standard :—The students of Madhyama Standard are expected to be able to (1) answer questions based on their text books, (2) paraphrase simple Hindi poems appearing in their texts, (3) write letters and simple essays in Hindi and (4) translate from Hindi into their mother tongue and *vice-versa*.

Grammar :—The students are not expected to get by heart the rules of grammar as such, but they must know their practical uses and their general application in ordinary usage.

In addition to the grammar prescribed for 'Prathamic' examination, the following uses should be learnt.

Reflexive Pronoun *Apna*; Future Subjunctive; Doubtful Present; Doubtful Past; Past Canditional; Habitual Verbs; Auxiliary Verbs *hona* and *padna*, Comparison of Adjectives; Present Participle; Past Participle; Auxiliary Verbs *de* and *lag*; Direct narration; Compound Verbs and Voice—Active, Passive and Impersonal. They should also know counting upto 100.

Test :—There shall be two papers of 2½ hours' duration each. The first paper will be on the detailed texts—Prose, Poetry and Drama; and the second paper will be on non-detailed texts, letter-writing and translation. Each paper shall carry a maximum of 100 marks. Those who secure not less than 35% of the marks will be declared to have passed the examination. Those who secure 60% and above on the average, will be placed in the first class and the rest of the successful candidates in the second class.

RASHTRA-BHASHA EXAMINATION

Standard:—The students of Rashtra-Bhasha standard are expected to be able to write essay in idiomatic Hindi on the subject matter of the text-books and general topics, and translate from the mother-tongue into Hindi.

Grammar :—In addition to the grammar prescribed for Prathamic and Madhyama, the following is prescribed.

Causative, Verbal Noun, Idiomatic uses of case-endings. Uses of, *Lagna*, Prefixes, Suffixes, simple compound words, Syntax and Punctuation marks.

Test:—There shall be two papers of 2½ hours' duration each carrying a maximum of 100 marks. The first paper will be on the detailed texts—Prose, Poetry, Drama and a story-book in Urdu style; and the second paper will be on non-detailed texts-biography, story, essay-writing and translation.

Those who secure not less than 30% in each paper and not less than 35% in the aggregate will be declared to have passed the examination. Those who secure 60% and more in the aggregate will be placed in the first class, and the rest of the successful candidates in the second class.

PREFACE

We have great pleasure in placing before the public this simple grammar of Hindi language. This book has been prepared in accordance with the syllabus prescribed for the 'Madhyama' and 'Rashtra-Bhasha' Examinations of the Hindi Prachar Sabha, Madras. The requirements of Pre-Matriculation classes have also been kept in view.

All the important rules relating to grammar are explained in simple language with copious illustrations and exercises. Appendix I contains model passages for translation, and Appendix III, model essays. The subject has been treated according to the inductive method. Hindi equivalents for all grammatical terms have also been given. Model questions have also been added at the end, to enhance the usefulness of the book.

Sri S. R. Sastri, M.A. who had experience of more than twenty-five years as a Hindi teacher, had written this book.

Suggestions for improvement will be thankfully received.

PUBLISHERS

CONTENTS

PAGE

LESSON 1

'अपना' का प्रयोग

Reflexive '*Apna*'

1. मैं अपना काम करता हूँ—I do my work.

2. वह आप यह काम करेगा—He will himself do this work.

3. मैं खुद वहाँ गया—I went there myself.

4. कमला अपनी बिल्ली को दूध पिलाती है—Kamala gives milk to her cat.

5. तुम मुझे अपना नाम बताओ—Tell me your name.

The ordinary meaning of आप is 'you'. Another meaning of आप is 'oneself'. In the latter sence, it is used as a reflexive pronoun, and is used with all the pronouns in both genders and numbers. The words खुद and स्वयं are also used in the place of आप in this way, in the nominative case.

The declension of आप (reflexive pronoun) is as follows:—

आप; अपने को (अपने आपको); अपने से (अपने आप से) अपने लिए; अपना; अपने; अपनी; अपने में; अपने पर।

Note:—(i) आप is changed into अपना in declension. अपना in the possessive case changes according to the आ, ए, ई Rule.

(ii) राम अपनी किताब पढ़ता है—Rama reads his own book; राम उसकी किताब पढ़ता है—Rama reads his (some other's) book. क्या तुम अ ना खाना बनाते हो ?—Do you prepare your food ? (not क्या तुम तुम्हारा खाना बनाते हो) मैं अपना खाना खाता हूँ—I eat my food. (not मैं मेरा खाना खाता हूं)

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. आप—यह काम क्यों नहीं करते ? 2. तुम—दूकान की तरफ़ कब जाओगे ? 3. मैं—एक क़ीमती घड़ी ख़रीदूंगा। 4. वे—घर में कभी नहीं रहते। 5. आप—सिर पर इतना बोझ क्यों लेते हैं ?

[क़ीमती - costly ; बोझ - burden]

II. Translate into English:—

1. मैं अपने कपड़े खुद धोता हूँ। 2. यह तो मेरा अपना घर है। 3. हम अपने दिल की बात तुमसे ज़रूर कहेंगे। 4. तुम अपना काम अच्छी तरह करो। 5. रहीम अपनी बीवी साहिबा के साथ सिनेमा गया है।

[दिल - heart ; अच्छी तरह - well ; properly ; बीबी - wife ; साहिबा - feminine form of साहब (honorific)]

III. Translate into Hindi :—

1. He himself brings his book to the school. 2. This is her own beautiful palace. 3. The teacher loves his good pupils. 4. Kamala herself drives her car. 5. She does her work very neatly.

[beautiful - सुन्दर, खूबसूरत ; palace - महल ; pupil- चेला ; to love - प्यार करना : to drive - चलाना ; car - मोटर- गाड़ी ; neatly - सफ़ाई से]

LESSON 2

संभाव्य भविष्यत् काल
Future Subjunctive

1. तुम राम को सब पाठ पढ़ाओ, जिससे वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो—Teach Rama all the lessons, so that he may pass the examination.

2. हिन्दुस्तानियों के सब दुख दूर हों—May all the sorrows of Indians be removed.

3. अगर तुम बम्बई जाओ, तो मेरे लिए एक कलाई की घड़ी लाना—If you go to Bombay, bring me a wrist-watch.

4. हम सुनें या न सुनें, हमारी दादी रोज़ रात को एक कहानी सुनाती है—Whether we listen or not, our grand-mother tells us a story every night.

5. तुम्हारे पास एक लाख रुपये हों तो क्या करोगे ?—Supposing there is a lakh of rupees with you, what will you do ?

6. मैंने इतना कहा, जिससे कि वह उस काम को छोड़ न दे—I said so much, in order that he might not give up that job.

संभाव्य भविष्यत् (Subjunctive) expresses order, permission, purpose, wish, condition, doubt or supposition.

It is formed by dropping out गा, गे, गी from the भविष्यत् काल (Future Tense).

मैं खाऊं - I may eat	हम खाएँ or खावें ।
तू खाए or खावे ।	तुम खाओ । आप खाएँ (or खावें) ।
वह खाए or खावे ।	वे खाएँ or खावें ।

1. *Order:*—सीता आज बाहर न जाए—Let Sita not go out to-day.

2. *Permission:*—पूज्य गुरुजी, मैं अपना पाठ पढ़ूं ? Revered teacher, may I read my lesson ? मैं जाऊं ? May I go ? मैं बोलूं ? May I speak ?

3. *Purpose:*—In this case, the संभाव्य भविष्यत् is preceded by कि, जिससे, जिससे कि, ताकि, जिसमें or जिसमें कि (so that).

आप तुरंत नौकर को बाजार भेजिये, जिससे वह आटा लाए—Please send the servant to the bazaar at once, so that he may bring flour. तुम रहीम को अभी मांबलम भेजो कि वह गोपालराव से मिले—Send Rahim to Mambalam just now, so that he may meet gopal Rao. वह खूब दौड़ा जिससे कि गाड़ी मिल जाए—He ran fast, so that he might catch the train. उसने कठिन परिश्रम किया, ताकि वह पुरस्कार पा सके—He laboured hard, so that he might get a reward. मैं चुप रहा, ताकि ऐसा न हो कि तुम अप्रसन्न हो जाओ—I remained silent, lest you should be displeased.

4. *Wish* :—हमारी बेकारी जल्दी दूर हो—May our unemployment be removed soon. भारतवासी अपनी आजादी जारी रखें—May the Indians preserve their freedom.

5. *Condition* :—In this case, the verb is followed by तो (then). अगर or यदि (if) may or may not be placed at the beginning of the sentence. (अगर) तुम अस्पताल जाओ, तो हकीम से जरूर मिलो—If you go to the hospital, meet the doctor positively.

6. *Doubt or Supposition* :—जब तक कमला न आए, तब तक मैं नहीं जाऊँगा—I shall not go, so long as Kamala does not come.

7. हम देखें या न देखें, सिनेमावाले अपना काम करते जाते हैं—Whether we see or not, the cinema-people go on doing their work.

कौन जाने ? Who knows ? मैं क्या जानूं ? What do I know ? ऐसा हो तो If it be so वह वहाँ हो तो If he be there.

Note :—संभाव्य भविष्यत् is also used after the imperative verbs meaning 'tell' or 'order'.

गाड़ीवान से कहो कि वह मेरी गाड़ी तैयार करे—Tell the coachman that he should get ready my coach.

राम से कहो कि वह मद्रास जाए—Tell Rama to go to Madras.

चपरासी को हुक्म दो कि मेरा कोट लाए—Order the peon to bring my coat.

Exercises

I. Fill in the blanks:—

1. आप अपने यहाँ सभा बुलाइये—सब लोग जमा हों। 2. भाई की इच्छा है कि मैं ग़रीबों की— —। 3. गाँववालों की सब तकलीफ़ें — —। 4. हम दिल्ली — तो इंदिरा से मिलने की कोशिश ज़रूर करेंगे। 5. रविवार को छुट्टी है, इसलिए हम सब मिलकर नाटक देखने —।

[सभा - meeting; जमा होना - to gather; इच्छा - desire; कोशिश करना - to try]

II. Translate into English:—

1. गोपाल यह काम करे, तो अच्छा होगा। 2. लड़के अभी घर जाएँ और चाय पीकर सैर करने निकलें। 3. रामनाथ अपनी स्त्री के साथ कोयंबत्तूर जाएँ, जिससे उनकी तंदुरुस्ती सुधरे। 4. ईश्वर से प्रार्थना है कि वह हमारे अध्यापक को दीर्घायु करे। 5. रहीम अक़्लमंद हो या बेवकूफ़ पर वह मेरा लड़का है।

[सैर करना - to stroll, to go for a walk; तंदुरुस्ती health; सुधरना - to improve (int.); दीर्घायु करना - to give long life; अक्लमंद - intelligent]

III. Translate into Hindi:—

1. If you admit your fault, I shall excuse you. 2. Take exercise everyday, so that you may become strong. 3. If I pass the Madhyama examination, I shall prepare for the Rashtra Bhasha examination. 4. Whether you vote or not, I shall certainly vote for

the Congress. 5. Mr. Chairman! may I speak on this subject?

[to admit - मानना; fault - क़सूर; excuse - माफ़ कर; exercise - कसरत, व्यायाम; strong - मज़बूत; to pass - उत्तीर्ण होना; examination - परीक्षा, इम्तहान; to vote - मत (राय) देना; Mr. Chairman - अध्यक्षजी; subject - विषय]

LESSON 3

संदिग्ध वर्तमान

Doubtful Present

1. राम लिखता होगा—Rama may be writing.

2. सीता पकाती होगी—Sita may be cooking.

3. वे तमाशा देखते होंगे—They may be watching the show (fun).

4. लड़कियाँ गाती होंगी—Girls may be singing.

5. लड़का अख़बार बेचता होगा—The boy may be selling newspapers.

The above sentences express a doubtful action. Doubt in the Present Tense is expressed by using होगा instead of है (which changes according to the gender, number and person of the suject)—*e.g.*

Masculine

मैं जाता हूंगा।	हम जाते होंगे।
तू जाता होगा।	{तुम जाते होगे। {आप जाते होंगे।
वह जाता होगा।	वे जाते होंगे।

Feminine

मैं जाती हूँगी ।	हम जाती होंगी ।
तू जाती होगी ।	{तुम जाती होगी । आप जाती होंगी ।
वह जाती होगी ।	वे जाती होंगी ।

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. इस वक़्त बच्चा सोता — । 2. आप सोचते — कि गोपाल न आएगा । 3. कमला अभी मैदान में खेलती — । 4. किसान खेत जोतते — । 5. बहन मेरे लिए मिठाई लाती — ।

[किसान - farmer ; खेत - field ; जोतना - to plough]

II. Translate into English :—

1. राधा अपने भाई से बात करती होगी । 2. आप मुझे पहचानते होंगे । 3. अब पांच बज रहे होंगे । 4. शाम को हम लोग टहलते होंगे । 5. इन कमरों में अच्छी हवा आती होगी ।

[बात करना - to talk ; पहचानना - to recognise ; बजना - to strike ; टहलना - to walk ; हवा - air]

III. Translate into Hindi :—

1. He may be working hard in the office. 2. The teacher may be teaching Hindi to Sita. 3. Your father may be going out in the evening. 4. They may be going to Allahabad to-night. 5. She may be wearing woolen clothes in Simla.

[office - दफ़्तर ; to work hard - खूब काम करना ; to teach - पढ़ाना ; to wear - पहनना ; woollen clothes - ऊनी कपड़े]

LESSON 4
संदिग्ध भूत
Doubtful Past

1. गोपाल आया होगा—Gopal might (would) have come.

2. सीता गयी होगी—Sita might (would) have gone.

3. वे आये होंगे—They might (would) have come.

4. राम ने सीता को देखा होगा—Rama might (would) have seen Sita.

5. कमला ने खाना खाया होगा—Kamala might (would) have taken her food.

(i) Doubt in the Past Tense is expressed by adding in the case of Intransitive verbs होगा to the Past Tense; according to the number, gender and person of the subject.

मैं सोया हूँगा or (होऊँगा)—I might (would) have slept.

हम दौड़े होंगे—We might (would) have run.

गोमती गयी होगी—Gomathi might (would) have gone.

लड़कियाँ पहुँची होंगी—The girls might (would) have reached.

(ii) If the verb is Transitive, होगा is added to the Past Tense according to the number and gender of the object (if the object is not followed by को).

लड़की ने आम खाया होगा—The girl might (would) have eaten a mango.

लड़के ने रोटी खायी होगी—The boy might (would) have eaten bread.

राम ने हाथी देखा होगा—Rama might (would) have seen an elephant.

उन्होंने यह काम किया होगा—They might (would) have done this work.

इस आदमी ने बहुत-से काम किये होंगे—This man might (would) have done a lot of work.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. आप कल की सभा में दो घंटे बोले — । 2. गोपाल ने अपनें बाप को ख़त लिखा — । 3. आज आप बहुत थके — । 4. सुमित्रा ने अब तक रोटी बनायी — । 5. इस बार तुम परीक्षा में अव्वल आये — ।

[सभा - meeting ; थकना - to be tired ; अव्वल = first]

II. Translate into English :—

1. वे सब शादी में गये होंगे । 2. तुमने भजन गाया होगा । 3. बैलों ने घास खायी होगी । 4. ग्वालों ने ढोरों को चराया होगा । 5. लड़कों ने पतंगे उड़ाये होंगे ।

[शादी - marriage ; भजन - hymn ; बैल - bullock ; ग्वाला - cowherd : ढ़ार - cattle ; चराना - to graze (tr.) ; पतंग - kite ; उड़ाना - fly (tr)]

III. Translate into Hindi :—

1. You might have seen Gandhiji. 2. He would have coloured the paper. 3. She might have laughed at Rahim: 4. They would have gone to Calcutta. 5. My brother would not have told a lie.

[to colour - रंगना ; to laugh at - हँसी उड़ाना, मज़ाक उड़ाना ; lie - झूठ]

LESSON 5
हेतुहेतुमद् भूत
Past Conditional

1. अगर मैं फल खाता—If I had eaten a fruit

2. अगर हम यह ख़बर सुनते—If we had heard this news

3. अगर कमला रोटी खाती——If Kamala had eaten bread

4. अगर वे लड़कियाँ यहाँ आतीं—If those girls had come here

5. यदि मैं आता, तो देखता—If I had come, I should have seen.

The Past Conditional is formed by adding ता (which changes into ते, ती, तीं, according to the subject) to the root, as shown in the above examples.

The Past Conditional does not make a complete sentence, but only a conditional clause. The conditional clause is always followed तो. The word अगर or यदि may (or may not) be placed at the beginning.

1. यदि वह यहाँ पहुंचता, तो उसे आराम मिलता—If he had arrived here, he would have got comfort.

2. तुम आते, तो मैं भी तुम्हारे साथ चलता—If you had come, I too would have gone with you.

3. अगर हम पढ़ते, तो जरूर पास होते—If we had studied, we would have passed surely.

4. यदि तुम मेहनत करते, तो इनाम पाते—If you had worked hard, you would have got a prize.

5. राम खूब खाता, तो मोटा हो जाता—If Rama had eaten well, he would have grown fat.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. अगर मैं दौड़ता तो ठीक वक्त पर स्कूल — । 2. अगर वे पेड़ पर न चढ़ते तो शेर उनको मार — । 3. यदि वह गरम कपड़ा पहनता तो सरदी नहीं — । 4. अगर आप दवा खातीं तो आपकी तबीयत — — । 5. तुम अपनी बात मुझे बताते तो अच्छा — ।

[शेर - lion ; मार डालना - to kill ; सरदी - cold ; दवा - medicine ; तबीयत - health]

II. Translate into English :—

1. अगर मैं गोपाल को पहचानता, तो जरूर बातचीत करता। 2. यदि तुम मेरी कुरती सीती, तो मैं उसे अवश्य पहनती। 3. तुम खूब मेहनत करते, तो 'मध्यमा' परीक्षा में बेशक उत्तीर्ण हो जाते। 4. हम उस वक़्त हाज़िर होते, तो यह हाल न होता। 5. यदि राधा तैरना जानती, तो उस लड़के को बचा लेती।

[पहचानना - to recognise ; कुरती - bodice ; बेशक - undoubtedly ; उत्तीर्ण होना - to pass ; हाल - state, condition ; जान - life ; बचाना - to save]

III. Translate into Hindi :—

1. If she had liked the silk, she would have bought it. 2. If I had taken care of my body, I would have become strong. 3. If I had been there, I would have given a straight answer. 4. Had you seen the 'Pukar' film, you would have praised it. 5. If Haricharan Prasad had told this to me, I would not have sent my brother to Wardha.

[silk - रेशम ; body - बदन ; straight - सीधा ; to praise - तारीफ़ करना]

LESSON 6

नित्यता-बोधक

Habitual Verb

1. मैं सवेरे नहाया करता हूँ—I am in the habit of bathing in the morning.

2. वह रोज यहाँ आया करता है—He is in the habit of coming here every day.

3. गोपाल गांधीजी के लिए हर हफ़्ते कुछ फल भेजा करता था—Gopal was in the habit of sending some fruits for Gandhiji every week.

4. आप सब बातों में मुझे यों रोका करते हैं—In everything you go on checking me like this.

5. राधा रोज एक बजे चाय पिया करती है—Radha is in the habit of drinking tea at one o'clock every day.

The Habitual verb is formed by adding कर to the past tense.

आया कर - be coming, देखा कर - be seeing, पढ़ा कर - be reading. Only the कर will change according to the person, gender and number of the subject in all tenses, while the Past Tense form of the original verb always remains in the masculine singular.

Habitual Present	Habitual Past	Habitual Future
मैं खाया करती हूँ ।	मैं खाया करती थी ।	मैं खाया करूंगी ।
हम नहाया करते थे ।	हम नहाया करते थे ।	हम नहाया करेंगे ।
वह पिया करता है ।	वह पिया करता था ।	वह पिया करेगा ।

1. ने is not used in the Habitual Past Tense राम रात को बहुत देर तक पढ़ा किया—Rama was in the habit of reading till late in the night.

2. The नित्यता बोधक form of जा is जाया कर, not गया कर।

3. मैं रोज सवेरे घूमने जाया करती हूँ—I am in the habit of going for a walk every morning.

Note :—Habit is also indicated by ता (Present Participle); राम मेरे घर आता और बैठता - Rama used to come and sit in my house.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. आपका दोस्त कभी-कभी यहाँ — करता था। 2. मैं बचपन में नियम से — करता था। 3. गोविन्द अपने छुटपन में पाठशाला नहीं — करता था। 4. रहीम कई दिनों तक सिर्फ़ आम — किया। 5. मेरा भाई तड़के उठकर — करता है।

II. Translate into English :—

1. जाड़े के दिनों में तड़के ओस की बूँदें गिरा करती हैं। 2. वे कलकत्ता में दुमंज़िले घर में रहा करते हैं। 3. सत्यमूर्तिजी राजनीति पर व्याख्यान दिया करते थे। 4. कुछ लोग अपने हाथ से कातकर खद्दर पहना करते हैं। 5. कल से मेरी बहन कमला के साथ स्कूल जाया करेगी।

[जाड़ा - winter; ओस - dew; बूँदें - drops; दुमंजिला - two storeyed; राजनीति - politics; व्याख्यान - lecture; कातना - to spin]

III. Translate into Hindi :—

1. Every day he used to get up early and go to the garden for a walk. 2. I am in the habit of reading newspapers in my leisure hours. 3. We used

to attend lectures of Rajaji, when we were in Madras. 4. People in the South eat rice, while the Punjabis eat bread and fruits. 5. In olden days, students used to stay at their teachers' hermitages for study.

[garden - बाग ; for a walk - टहलने ; newspaper - समाचार-पत्र, अख़बार ; leisure hours - फ़ुरसत के समय ; olden days - पुराना जमाना ; hermitage - आश्रम ; study - अध्ययन, पढ़ाई]

LESSON 7

सहायक क्रियाएँ—हो, पड़

The Auxiliaries—हो, पड़

1. आज मुझे कलकत्ता जाना है—I have to go to Calcutta to-day.

2. तुमको अदालत जाना होगा—You will have to go to the court.

3. कमला को कल अपने पीहर जाना था—Kamala had to go to her mother's house yesterday.

4. गोपाल को मदुरै जाना पड़ता है—Gopal has to go to Madurai.

5. मेरे मद्रासी मित्र को लाहौर में सिर्फ़ रोटियाँ खानी पड़ीं—My Madrasi friend had to eat only bread in Lahore.

The Auxiliary verb (सहायक क्रिया) हो (है, होना or था) is used with the Infinitive of another verb to indicate necessity or obligation. The verb agrees with the

object (if any) in gender and number, while the subject stands in the dative case.

The Auxiliary verb पड़ is used with the Infinitive of another verb to indicate 'force' or 'compulsion'. The verb agrees with the object (if any) in gender and number, while the subject stands in the dative case.

Note :—पड़ indicates compulsion or obligation, while हो indicates voluntary action. पड़े is more forcible than हो.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. भोज में बहुत खानें के कारण मुझे रात को दवा लेनी —। 2. मुझे कल या परसों पं० रामगोपाल से मिलवे मांबलम जाना —। 3. उस चपरासी को दिन में दो दफ़े स्टेशन जाना —। 4. तुमको गांधीजी के साथ टूटी-फूटी हिन्दुस्तानी में बोलना —। 5. उसे आज पाँच चिट्ठियाँ लिखनी —।

[भोज - feast; टूटी-फूटी - broken]

II. Translate into English :—

1. तुम बग़ावत के कारण हो, इसलिए तुमको सख़्त सज़ा भोगनी पड़ेगी। 2. कल की सभा में डाक्टर रामराव ग़ैरहाज़िर थे, इसलिए श्री वेंकटस्वामी नायुडु को अध्यक्ष-स्थान लेना पड़ा। 3. भाई, मजदूरों के लिए हिन्दी-वर्ग चलाने का भार आपको उठाना होगा। 4. आज मुझे स्कूल जल्द जाना है,

क्योंकि इन्स्पेक्टर साहब सालाना निरीक्षण करने आनेवाले हैं। 5. अहमद को मेरे कारण बहुत-सी तकलीफ़ें सहनी पड़ीं।

[बग़ावत - rebellion; सख़्त - hard, severe; सज़ा - punishment; भोगना - to suffer, to undergo; ग़ैरहाज़िर - absent; अध्यक्ष - president; मज़दूर - labourer; सालाना - yearly; निरीक्षण - inspection; सहना - to undergo]

III. Translate into Hindi :—

1. Once, when I was studying in the High School, I had to pay a fine. 2. He won't listen to your excuses; you will have to accompany him this night. 3. Kamala had come to my place after a long time, and therefore she had to take food with me. 4. I had to speak to him in Malayalam, because he knew no other language. 5. Govind, please let me know how much you have to pay as school fee this month.

[fine - जुर्माना, दण्ड; excuse - बहाना; fee - शुल्क]

LESSON 8
विशेषणों की तुलना
Comparison of Adjectives

1. मोहन अच्छा लड़का है—Mohan is a good boy.
2. राम से रहीम अच्छा है—Rahim is better than Rama.
3. राम सबसे होशियार है—Rama is the cleverest of all.
4. मेरा घर तुम्हारे घर से बड़ा है—My house is bigger than yours.

५. यह घर इस गली में सबसे ऊँचा है—This house is the tallest in this lane.

In English, the adjectives undergo some change in the comparative and superlative degrees (*e. g.*, good, better, best, big, bigger, biggest). In Hindi, there is no such change in the form.

The comparative Degree is formed by putting the noun or Pronoun with which comparison is made; in the fifth case (से).

मेरी क़लम तुम्हारी क़लम से अच्छी है—My pen is better than yours.

यह कमरा उस कमरे से बड़ा है—This room is larger than that. (The adjective used should agree with the noun in gender and number).

The Superlative is formed by putting सबसे before the adjective.

कमला सबसे अच्छी लड़की है—Kamala is the best girl.

राम सबसे ख़राब लड़का है—Rama is the worst boy.

राधा सब लड़कियों से सुन्दर है—Radha is the most beautiful among all the girls.

The Superlative Degree is also expressed sometimes by the use of में :—

इन महलों में यही सुन्दर है—This is the most beautiful of these palaces.

When the noun compared with is not mentioned the adjective is repeated putting से between them to express the superlative degree.

अच्छे से अच्छा आदमी—the best man

भारी से भारी पत्थर—the heaviest stone

खराब से खराब आदमी—the worst man

बड़े से बड़ा लड़का—the biggest boy.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. गरीब की झोंपड़ी इस घर से — है। 2. गोपालरावजी रामाराव से — होशियार हैं। 3. भीख माँगने से भूखों मरना — है। 4. शहर में रहने से गाँव में रहना — है। 5. नारायण वर्ग में — लम्बा लड़का है।

[झोंपड़ी - hut ; भीख - alms]

II. Translate into English :—

1. नदी का पानी तंदुरुस्ती के लिए सबसे अच्छा है। 2. मेरी गाड़ी तुम्हारी गाड़ी से तेज़ चलती है। 3. यह पहलवान सबसे ताक़तवर है। 4. नादान दोस्त से दाना दुश्मन अच्छा है। 5. मुश्किल से मुश्किल काम भी मैं कर सकता हूँ।

[तंदुरुस्ती - health ; पहलवान - athlete, wrestler ; ताक़तवर - strong ; नादान - ignorant ; दाना - intelligent]

III. Translate into Hindi :—

1. Gopal is younger than Rama. 2. My pen knife is sharper than yours. 3. Swimming is the bes

exercise. 4. The Ganga is the holiest of all the rivers in India. 5. Prevention is better than cure.

[pen-knife - चाकू ; sharp - तेज ; holy - पवित्र ; cure - इलाज, चिकित्सा]

LESSON 9

वर्तमानकालिक कृदंत

Present Participle

1. वह लड़का गाता हुआ पाठशाला से घर लौट आता है—That boy returns home from school singing.

2. मेरे भाई खेलते हुए स्कूल जाते हैं—My brothers go to school playing.

3. मैंने तुम्हारी बहन को गाते हुए देखा—I saw your sister singing.

4. बच्चे के रोते वक़्त माँ वहाँ नहीं थी—The Mother was not there, when the child was crying.

5. मैं राधा को हमेशा काम करते हुए पाता हूँ—I always find Radha working.

The Present Participle is formed by adding ता or ता हुआ to the root according to the आ, ए, ई rule. It is used both adjectivally and adverbially.

दौड़ता हुआ आदमी महल को जाता है। (विशेषण adjective),
विद्यार्थी मुस्कुराते हुए पढ़ते हैं। (क्रिया-विशेषण adverb)

Note :—(*a*) When used as adverb, the Present Participle is followed by the verb.

गोपाल मुस्कुराता हुआ गया—Gopal went smiling.

लड़के दौड़ते हुए गये—Boys went runing.

सीता नयी साड़ी पहनती हुई निकली—Sita came out wearing a new saree.

लड़की रोती हुई आयी—The girl came weeping.

(*b*) सोता हुआ लड़का, सोते हुए लड़के, सोती हुई लड़की (The Participle changes according to the gender and number of the subject.)

(*c*) When the object is followed by को, the ता (ता हुआ) becomes (ते हुए).

मैंने गोमती को गाते हुए देखा—I saw Gomati singing.

क्या तुमने हम लोगों को कभी वर्ग में शोर मचाते हुए देखा है?—Have you ever seen us making a noise in the class?

(*d*) When the वर्तमानकालिक कृदंत is followed by समय or वक़्त, the subject has to be in the possessive case:—

गोपाल के जाते समय—at the time of Gopal's going

उसके खाते समय—at the time of his (or her) eating

सीता के गाते समय—at the time of Sita's singing.

Observe the following uses :

वह रोते हुए आया—She came weeping.

वह आनन्द करते हुए आया—He came rejoicing.

उड़ता हुआ पक्षी दिखाई दिया—A flying bird appeared.

पक्षी उड़ते हुए आया—A bird came flying.

लड़की ने रोते कहा—The girl said weeping.

राम ने ख़त लिखते हुए मेरी तरफ़ देखा—Rama looked at me, while writing the letter.

[In the above sentences, the final ए of the Participle does not change even if the subject is feminine.]

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. मेरा भाई — बाज़ार जाता है। 2. यह लड़की मेरी ममेरी बहन है। 3. मैंने तुमको रास्ते में गोपाल के साथ बातचीत — देखा। 4. आपके — समय मैं नहा रहा था। 5. मैंने तुमको — कभी नहीं देखा।

II. Translate into English :—

1. उस रोती हुई लड़की को इधर बुलाओ, मैं मिश्री दूंगा। 2. गोपाल कोट पहनता हुआ निकला। 3. मैंने कमला को किताब पढ़ते हुए देखा। 4. बच्ची को घर में रोते हुए छोड़कर उसको दफ़्तर जाना पड़ा। 5. गाय दूध देते हुए घास खाती है।

[मिश्री - sugar-candy]

III. Translate into Hindi :—

1. The singing boy is my friend. 2. His dog runs barking on the road. 3. The playing child sometimes dances also. 4. I was reading at the time when mother was taking food. 5. I saw a man walking on a rope.

[to bark - भूंकना, rope - रस्सी]

LESSON 10

भूतकालिक कृदन्त

Past Participle

1. क्या वह पड़ा-लिखा आदमी है?—Is he an educated man?

2. मेरी बहन पढ़ी-लिखी लड़की है—My sister is an educated girl.

3. गोपाल सोया हुआ है—Gopal is asleep.

4. दो खिले हुए फूल लाओ—Bring two blossomed flowers.

5. यह घड़ा पानी से भरा हुआ है—This pot is full of water.

The Past Tense form itself is used as Past Participle. Sometimes, हुआ is added to the past tense, as in खाया or खाया हुआ भात (eaten rice). The आ changes according to the आ, ए, ई rule.

(*a*) The Past Participle as adjective:—

सोया हुआ लड़का—a boy asleep.

(*b*) When the Past Participle is used as an adverb, the आ changes into ए:—

लड़की पीली साड़ी पहने आयी—The girl came wearing an yellow saree.

उसकी कमर में एक चमड़े का पटका बंधे हुए था—There was a leather belt tied around his waist.

मैं सीता को शृंगार किये पाता हूँ—I find Sita dressed up.

मैं जूते पहने हुए कमरे में आया—I came into the room with shoes on.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. तुम चप्पल—अन्दर मत आओ। 2. — दिन वापस कभी नहीं आते। 3. चबाकर — खाना जल्दी पचता है। 4. हमेशा — कपड़ा पहनना अच्छा है। 5. मैंने तुमको कभी — नहीं देखा है।

[चबा - masticate; पचना - to be digested]

II. Translate into English :—

1. यह दूध गरम किया हुआ है। 2. तपाया हुआ सोना खूब चमकता है। 3. दिया दान वापस लेना अच्छा नहीं। 4. खिला हुआ गुलाब देखकर मेरा दिल खुश होता है। 5. मेरा पेट भरा हुआ है, मुझे कुछ नहीं चाहिए।

[तपाना - to heat; गुलाब - rose]

III. Translate into Hindi :—

1. I drink cow's milk mixed with sugar. 2. Watch-man, why did you leave the gate open? 3. Treat the beaten enemy always well. 4. This well-dressed lady behaves well towards strangers. 5. I prefer wearing washed clothes.

[to mix - मिलाना; watch-man - दरबान; gate - फाटक; beaten - हारे हुए]

LESSON 11

सहायक क्रियाएँ

The Auxiliaries—दे, लग

1. अब पाँच बजे हैं, चपरासी को घर जाने दो—It is now five o'clock, let the peon go home.

2. वह किसीको अन्दर जाने नहीं देता—He does not allow anyone to go inside.

3. मैंने उसको बाहर जाने दिया—I let him go out.

4. मुझे देखकर रहीम हँसने लगा—Looking at me, Rahim began to laugh.

5. जब मैं गाने लगा, तब सब ख़ामोश थे—When I began to sing, all people kept queit.

देना—to permit

This verb is added to the infinitive of another verb, with ना changed to ने :—

मुझे देखने दो—Let me see.

उसे पानी पीने दो—Let him drink water.

लगना—to begin

This verb also is used with the inflected infinitive (ने) of another verb :—

मैं सोने लगा—I began to sleep.

वह खाने लगा—He began to eat.

Note :—ने is used with the subject, when दे as सहायक क्रिया is in the past tense—राम ने रहीम को लिखने दिया।

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. बच्चा मिठाई देखकर नाचने — । 2. शाम के वक़्त लड़कों को खेलने — । 3. आज सवेरे से पानी पड़ने — । 4. तुमने चोर को क्यों भागने — ? 5. जनाब, मुझे घर जाने — ।

[जनाब - sir]

II. Translate into English :—

1. मेरे साथी को सिनेमा देखने दो । 2. वे पढ़ते-पढ़ते जँभाइयाँ लेने लगे । 3. मुझे तंग मत करो, उपन्यास पढ़ने दो । 4. बड़ी देर हो गयी, मुझे पाठशाला जाने दीजिये । 5. पुलिस को देखकर डाकू काँपने लगा ।

[साथी - companion ; जँभाई - yawning ; तंग करना - to worry ; उपन्यास - novel ; काँपना - to tremble]

III. Translate into Hindi :—

1. Let your brother go to the office. 2. The cow begins to lick her calf, when the milkman milks her. 3. My child will begin to read in a few days. 4. His officer allowed him to go home an hour earlier. 5. The student said to the teacher, "Please let me go home for two weeks."

[to lick - चाटना ; milkman - ग्वाला ; to milk - दुहना ; office - दफ़्तर ; officer - अफ़सर]

LESSON 12
'कि' का प्रयोग
Use of कि

1. राम ने कहा कि मैं कल बनारस जाऊँगा—Rama said that he would go to Benaras tomorrow.

2. लड़के बोले कि हम घर जाना चाहते हैं—Boys said that they wanted to go home.

3. यह बड़े खेद की बात है कि हमें तुम्हारा जवाब नहीं मिला है—It is a matter of great regret that your reply has not reached us.

4. तुम अभी बाहर जाओगे कि नहीं?—Will you go out or not?

5. तुम बंबई जाओगे कि नागपुर?—Will you go to Bombay or Nagpur?

Note:—For reporting a speech, there is only one form in Hindi, namely, the Direct Narration (प्रत्यक्ष-कथन). There is no Indirect Narration (परोक्ष-कथन) in Hindi. The actual words of the speaker are reproduced with कि (that) *e.g.*,

"The boy said that he would go to college." and—The boy said, "I will go to college" would be the same in Hindi—लड़के ने कहा कि मैं कालेज जाऊँगा।

Sometimes कि is omitted and inverted commas are used :

अध्यापक ने कहा, "मैं छुट्टी के दिन वर्ग नहीं चलाऊँगा।" The teacher said, "I will not conduct the class on a holiday." (The Teacher said that he would not conduct the class on a holiday.)

Some writers use indirect speech also in their writings अध्यापक ने कहा कि वे छुट्टी के दिन वर्ग नहीं चलाएँगे।

कि is also used as a conjunction. यह बड़ी अच्छी बात हुई कि आप आ गये—It is a very good thing that you have come.

कि is also used in the sense of 'or' or 'whether'
तुम जाओगे कि नहीं—Will you go or not?
है कि नहीं—Is it not so?

हम यह नहीं कह सकते कि गोपाल मांबलम जाएगा कि नहीं—We cannot say whether Gopal will go to Mambalam or not.

नौकर से कहो कि घर जाए—Tell the servant to go home.

लड़कों से कहो कि खेल बंद करें—Tell the boys to stop the play.

लड़कियों से कहो कि बैठी रहें—Tell the girls to be sitting.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. पिताजी बोले कि तुम मामा से कहो कि — पूना —।
2. मैंने अपनी बहन से पूछा कि — हरिद्वार में कब तक —।

3. उस लड़की ने कहा कि — अपने चेहरे को अकसर दर्पण में देखा — । 4. मुझे बड़ी खुशी है कि — आप लोगों के सामने खड़े होकर कुछ — । 5. मेरे पिताजी ने मुझसे कहा कि — दूकान से ऊनी कपड़ा खरीद — ।

II. Translate into English :—

[चेहरा - face ; दर्पण - mirror ; ऊनी - woollen]

1. गांधीजी ने कहा कि मैं अवश्य ग़रीबों को मदद पहुँचाऊँगा। 2. हकीम ने मरीज़ की नब्ज़ देखकर कहा कि आज तुम्हारी हालत ज़रा अच्छी है। 3. इस लड़ाई में जापान जीतेगा कि चीन, हम अब कुछ नहीं कह सकते। 4. इतिहास में हमने पढ़ा है कि जहाँगीर इन्साफ़-पसंद था। दरबान से कहो कि फाटक बन्द कर दे।

[हकीम - doctor ; मरीज़ - patient ; नब्ज़ - pulse ; इतिहास - history ; इन्साफ़-पसंद - justice-loving ; दरबान - gate-keeper फाटक - gate]

III. Translate into Hindi :—

1. Gopal asked the poor boy where he lived and what food he ate. 2. My father told me that he would go to Madras on the second of March. 3. My sister has written in her letter that she will be coming here in a few days and that she will bring some toys for me. 4. I told that girl that I had been eagerly waiting for her from the morning.

5. My father does not know whether his uncle will leave Madras this evening.

[on the second - दूसरी तारीख़ को ; to wait for - इन्तजार करना]

LESSON 13
संयुक्त क्रियाएँ
Compound Verbs

1. गोपाल आज सवेरे यहाँ से चला गया—Gopal went away this morning from this place.

2. अध्यापक ने मेरी किताब लौटा दी है—The teacher has returned my book.

3. कल रात (को) एक चोर ने मेरे पड़ोसी को मार डाला—A thief killed my neighbour last night.

4. यह दवा खा लो, जल्दी आराम पहुंचेगा—Take (eat up) this medicine, you get relief soon.

5. अहमद क्यों बीच में बोल उठता है ?—Why does Ahmed speak out in the middle ?

In English, some adverbs are used with the verbs to intensify the meaning, as in ' go away ', ' sit down ', ' stand up ' etc.

Similarly, in Hindi the following verbs are affixed to other verb-roots to show the intensity of the action:—जा, दे, ले, डाल, पड़, उठ, बैठ etc.

When an intensive verb is added, the root of the principal verb remains unchanged and only the

intensive verb changes according to the required tense, *e.g.*, राम बोल उठा, सीता बोल उठी ।

1. जाना

This is added to another verb to indicate 'completion of an action.'

खा जाना—to eat up

पी जाना—to drink up

डूब जाना—to sink down

गिर जाना—to fall down

चला जाना—to go away

हम यह बात भूल गये—We forgot this thing.

मेरी माताजी घर पहुंच गयीं—My mother has reached home.

Note :—Both the verbs change according to the number and gender in the case of चल :—

राम चला गया । पिताजी चले गये । सीता चली गयी । लड़कियां चली गयीं ।

2. देना

This generally denotes :—

(*a*) doing a thing for others :—

लिख देना—to write down (for some one else)

दे देना—to give away

खो देना—to lose

डाल देना—to put down

भेज देना—to send away

फेंक देना—to throw away

यह ख़त लिख दो—Write this letter (for me)

यह ख़त मेरे लिए पढ़ दो—Read this letter for me.

(*b*) doing a thing completely, as in मैंने दरवाजा बंद कर दिया—I shut up the door (completely).

(*c*) doing a thing intentionally, as in मैंने नौकरी छोड़ दी—I left off the service (intentionally).

3. लेना

This generally indicates:

(*a*) doing an act for one's own sake:—

ले लेना—to take up for oneself

सुन लेना—to hear

मान लेना—to obey, to accept

समझ लेना—to understand

रो लेना—to weep out

यह किताब पढ़ लो—Read this book (for your own benefit.)

(*b*) completion of an action, as in उसने शादी कर ली—He got married.

(*c*) doing a thing unwillingly, as in मैंने उसकी बात सुन ली—I listened to him (unwillingly).

4. डालना

This conveys the sense of rashness of an action, मार डालना—to kill (away)

तोड़ डालना—to smash, to break up

काट डालना—to cut off

खा डालना—to eat up

माली बग़ीचे से घास उखाड़ डालता है—The gardener pulls out the grass from the garden.

5. पड़ना

(*a*) This denotes suddenness of an action.

गिर पड़ना—to fall down

चल पड़ना—to start off

कूद पड़ना—to jump suddenly

वह भागते हुए गिर पड़ा—While running, he fell down suddenly.

आज तांबरम के पास एक मुसाफ़िर चलती डाक-गाड़ी से गिर पड़ा—To-day a passenger fell down from the moving mailtrain near Tambaram.

(*b*) It is also used to intensify the main verb.

देख पड़ना—to be seen (clearly)

सुन पड़ना—to be heard

आजकल मुझे साफ़ नही दीख पड़ता—I do not see clearly now-a-days.

6. उठना, बैठना

उठना and बैठना express 'suddenness' or 'haste' or 'finality' in action.

चिल्ला उठना—to cry out

कांप उठना—to tremble

जाग उठना—to wake up
बोल उठना—to speak out
मार बैठना—to beat (in haste)
कर बैठना—to do (in haste)
राम क्यों बोल उठा ?—Why did Rama speak out ?
रहीम मुझे मार बैठा—Rahim beat me

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. मैं बाघ को देखकर —। 2. राधा ने सब रोटियाँ —। 3. मेरी गरम बात सुनकर वह —। 4. बरसात में पल-भर में बादल —। 5. मैं खुद अपना सबक़ —।

[बाघ - tiger ; पल - moment ; बरसात - rainy season]

II. Translate into English :—

1. अब अंधेरा फैल गया है, यहाँ से फ़ौरन चले जाओ। 2. उस बच्चे को रोको, नहीं तो वह सारी किताब फाड़ डालेगा। 3. यकायक पांव के नीचे सांप को देखकर गोपाल चौंक पड़ा। 4. माँ ने अपने खोये हुए बच्चे को पाकर उसे बड़े प्यार से चूम लिया। 5. राम ने अपने सभी लेख ठीक करने के लिए मेरी मेज़ पर रख दिये।

[फ़ौरन - at once ; सांप - snake ; यकायक - suddenly ; पांव - foot ; खोना - to lose ; चूमना - to kiss ; लेख - essay]

III. Translate into Hindi .—

1. Seth Poonamchand gave away thousands of rupees for the benefit of the poor. 2. If you are

insulted, why do you not return home immediately? 3. When the thieves entered the house, all neighbours woke up and tried to capture them. 4. When the child saw the monkey, it trembled and cried aloud in fear. 5. I have listened to what you said in the class with rapt attention, and I shall never forget it.

[thousands of rupees - हज़ारों रुपये; immediately - तुरंत; to capture - पकड़ना; monkey - बन्दर; with rapt attention - बड़े ग़ौर से, बडे ध्यान से]

LESSON 14

वाच्य
Voice

1. मैं भात खाता हूं—I eat rice.

2. मुझसे भात खाया जाता है—Rice is eaten by me.

3. सीता से पानी पिया जाएगा—Water will be drunk by Sita.

4. राम से पूरी खायी गयी—Puree was eaten by Rama.

5. मुझसे इस कड़ी धूप में नहीं चला जाएगा—I cannot walk in this hot (severe) sun.

There are three Voices in Hindi:—

1. कर्तृवाच्य—(Active Voice)
2. कर्मवाच्य—(Passive Voice)
3. भाववाच्य—(Impersonal Voice)

कर्मवाच्य

The Passive Voice is formed by adding से to the subject and by adding जाना to the Past Participle

(खाया, पिया etc.) of the verb. The verb agrees with the object in number and gender.

राम आम खाता है। (कर्तृवाच्य)
राम से आम खाया जाता है। (कर्मवाच्य)
लड़का पुस्तक पढ़ता है। (कर्तृवाच्य)
लड़के से पुस्तक पढ़ी जाती है। (कर्मवाच्य)
मैं दस आम खाता हूँ। (कर्तृवाच्य)
मुझसे दस आम खाये जाते हैं। (कर्मवाच्य)

Only transitive verbs can be used in the Passive Voice.

भाववाच्य

The Impersonal Voice (भाववाच्य) is formed from an Intransitive verb, in the same way as the Passive is formed. In this Voice, the verb remains in the third person masculine singular.

The Impersonal Voiee is used generally to express 'inability' or 'heiplessness.'

हम नहीं बैठ सकते। (Active)
हमसे बैठा नहीं जाता। (Impersonal)

उससे तड़के उठा नहीं जाता—He is unable to get up early in the morning.

मैं नहीं सोता (कर्तृवाच्य)
मुझसे नहीं सोया जाता। (भाववाच्य)

Note :—(i) The भाववाच्य of जा is जाया जाना, not गया जाना।

(ii) In Hindi, sometimes अकर्मक (Intransitive) verb express the English Passive sense. This is common in other Indian Languages too.

यह कपड़ा कहाँ बिकता है? Where *is* this cloth *sold* ?

यह खिड़की अपने आप खुलती है—This window *opens* by itself.

वह किताब इस प्रेस में छप रही है—That book *is being printed* in this press.

Observe the following uses. These are formed by the combination of the root of a verb with जा.

हाथ जल गया—The hand *was burnt*.

टोपी फट गयी—The cap *was torn*.

मेरी उँगली कट गयी—My finger *was cut*.

दरवाजा खुल गया—The door *was opened*.

खाना पक रहा है—The food *is being cooked*.

पेड़ हिल जाता है—The tree *is being shaken*.

These are called भाववाच्य क्रियाएँ (Neuter Passive Verbs).

Exercises

I. Change the voice :—

1. कहते हैं, सच्ची ख़बर नहीं छिपती । 2. आशा करते हैं कि श्री चन्द्रशेखर इस राज्य में दौरा करेंगे । 3. मैं इतनी मिठाई नहीं खा सकता । 4. उनको हमने सब बातें लिखी हैं। 5. यह बीमार आदमी दो मील नहीं चल सकता ।

II. Translate into English :—

1. दक्षिण भारत में चावल अधिक खाया जाता है। 2. चूलै-मिल के मज़दूरों के लिए हिन्दी वर्ग कल शाम को खोला जाएगा। 3. इस बालू में मुझसे एक क़दम भी नहीं जाया जाएगा। 4. क्या रोगी को दवा दी गयी है? 5. पेट-भर खाने के बाद मुझसे उठा नहीं जाता।

[बालू - sand ; क़दम - step]

III. Translate into Hindi :—

1. Wheat is grown in plenty in the Punjab. 2. The news was sent to him immediately after his father's death. 3. Hindi is being taught in military institutions in India as a compulsory subject. 4. Goat's milk is used for medicinal purposes in many villages in South India. 5. He is very weak; he will not be able to walk such a long distance.

[wheat - गेहूँ ; plenty - अधिक ; death - मौत ; military - फ़ौजी ; institutions - संस्थाएँ ; compulsory subject - अनिवार्य विषय ; goat - बकरी]

LESSON 15

अकर्मक, सकर्मक, प्रेरणार्थक क्रियाएँ

Causatives

1. पेड़ से फल गिरता है—Fruit falls from the tree. (अकर्मक - Intransitive)

2. गोपाल पेड़ से फल गिराता है—Gopal causes a fruit to fall from the tree. (सकर्मक - Transitive)

Funding: Tattva Heritage Foundation,Kolkata. Digitization: eGangotri.

8. मालिक नौकर से फल गिरवाता है—The master causes a fruit to be brought down by the servant. (प्रेरणार्थक - Causative)

4. यह काम करो—Do this work. (yourself). (Transitive)

5. यह काम कराओ—Have this work done (by somebody—Causative)

6. यह काम करवाओ—Cause (somebody) to get this work done. (by somebody else—Double Causative)

7. माँ बच्चे को दूध पिलाती है—The mother feeds the child with milk. (makes the child drink milk—Causative)

8. माँ धाय से बच्चे को दूध पिलवाती है—The mother causes the nurse to feed the child with milk—Causative)

The Causative denotes an action caused to be done or got done by a third person. The person by whom the work is done is put in करण-कारक (Instrumental case—से). Causatives are generally सकर्मक with single or double object (द्विकर्मक). The examples given above illustrate this point.

अकर्मक क्रियाएँ (Intransitive Verbs) are converted in to सकर्मक and प्रेरणार्थक by adding आ and वा respectively.

अकर्मक	सकर्मक	प्रेरणार्थक
उठ (get)	उठा	उठवा
उड़ (fly)	उडा	उडवा

सकर्मक	द्विकर्मक	प्रेरणार्थक
गिर (fall)	गिरा	गिरवा
जल (burn)	जला	जलवा
डर (fear)	डरा	डरवा
दौड़ (run)	दौड़ा	दौड़वा
कट (be cut)	काट	कटवा
घूम (stroll)	घुमा	घुमवा
पढ़ (read)	पढ़ा	पढ़वा
खा (eat)	खिला	खिलवा
दे (give)	दिला	दिलवा
धो (wash)	धुला	धुलवा
खोल (open)	खुला	खुलवा
पी (drink)	पिला	पिलवा
समझ (understand)	समझा	समझवा
देख (see)	दिखा दिखवा	दिखला दिखलवा
छोड़ (leave)	छुड़ा	छुड़वा

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. तुम यह काम खुद न कर सकते हो, तो दूसरों से — । 2. पहले तुम खुद समझ लो, फिर दूसरों को — की कोशिश करो । 3. जल्दी जाओ, यह तार उस नौजवान से — जो दफ़्तर जा रहा है । 4. आप कोई फ़िक्र न करें, मैं आपका सब सामान चपरासी के हाथ आपके यहाँ — । 5. हमारे अफ़्सर ने कल नाराज़ होकर बेचारे नाथूराम को दफ़्तर से — ।

[नौजवान - young man ; फ़िक्र - anxiety, care ; अफ़सर - officer]

II. Translate into English :—

1. मुझे ठंडा पानी पिलाइये, मैं प्यास से मर रहा हूँ। 2. मेरे पास बहुत थोड़े पैसे हैं, इसलिए मैं पैरगाड़ी (साइकिल) की मरम्मत न करवा सकूँगा। 3. हमारी बूढ़ी नानी हर रोज हमको दिलचस्प कहानियाँ सुनाती हैं। 4. चलती हुई मोटर की ओर बच्चा दौड़ रहा था, मैंने तुरन्त उसे रुकवा दिया। 5. मेरी बहन सीना नहीं जानती, मैं दर्जी मोहनराव से सब कपड़े सिलवाता हूँ।

[मरम्मत - repair ; दिलचस्प - interesting]

III. Translate into Hindi :—

1. As his wife was seriously ill, he got the medicine administered by an eminent doctor. 2. I do not know how to drive a motor-car ; I want to learn it. 3. Govind was a very naughty boy ; the teacher expelled him from the class. 4. 'Never get your clothes washed by washerman, wash them yourself', is the ideal put before us by Rajaji. 5. My neighbour awakens me by ringing the bell at four o'clock, in the morning every day.

[wife - पत्नी ; seriously ill - सख्त बीमार ; to get administered - दिलवाना ; eminent - नामी ; naughty - नटखट ; to expel - निकालना ; ideal - आदर्श ; to awaken - जगाना]

LESSON 16

नाम-धातु

Verbs formed with Nouns

1. हम रोज़ ईश्वर की पूजा करते हैं—We worship God daily.

2. चलो, हम 'बीच' पर हवा खाने चलें—Come, let us go to the beach for a walk (to take the breeze).

3. कल मास्टर ने महादेव को 'बेंच' पर खड़ा कर दिया—Yesterday, the teacher made Mahadev stand upon the bench.

4. आपने हिन्दी पढ़ना कब से शुरू किया ?—When did you begin to study Hindi ?

5. आज शाम को छः बजे हमारा हिन्दी वर्ग शुरू होगा—Our Hindi class will begin at 6 o'clock this evening.

There are some verbs in Hindi that are formed by adding हो or कर to nouns, adjectives or adverbs. Verbs with हो are अकर्मक, and those with कर are सकर्मक. These are called नाम-धातु.

1. From Nouns

शुरू - beginning, शुरू होना - to begin (Intransitive), शुरू करना to begin (Transitive)

काम कब शुरू होगा ? (अकर्मक)

वे दस बजे काम शुरू करते हैं । (सकर्मक)

[पूजा - worship ; पूजा होना - worship to take place (अकर्मक) ; पूजा करना-to worship (सकर्मक) ; जमा होना - to gather (अकर्मक) जमा करना - to gather (सकर्मक)]

2. From Adjectives

[मीठा-sweet ; मीठा होना - to be sweet ; मीठा करना - to sweeten ; नीचा - low ; नीचा होना - to be lowered, नीचा करना - to lower ; ऊँचा - high : ऊंचा होना - to rise ; ऊँचा करना - to raise.]

3. From Adverbs

[ऊपर - above ; ऊपर होना - to rise up ; ऊपर करना - to lift up ; तैयार - ready ; तैयार होना - to be ready ; तैयार करना - to make ready.]

Some नाम - धातुs are formed by adding दे, खा, उड़ा, मचा etc. to nouns.

जवाब - reply	जवाब देना - to reply
सजा - punishment	सजा देना - to punish
धूप - sun (heat)	धूप खाना-to bask in the sun
कोड़ा - whip	कोड़ा खाना - to be whipped
क़सम - oath	क़सम खाना - to take an oath
मार - beating	मार खाना - to be beaten
मजा - enjoyment	मजा उड़ाना - to enjoy
शोर - noise	शोर मचाना - to make a noise

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. गोपाल को परीक्षा में — बधाई भेजो। 2. मेरे सवालों का — कि नहीं ? 3. तुम किसी बात की — लड़ाई में शामिल हो जाओ। 5. बड़े-बड़े लोगों को भी जज के सामने —। 5. लड़के क्यों इस तरह शोर — ?

[उत्तीर्ण होना - to pass ; परवाह - care ; सिर झुकाना - to bow, to bow the head]

II. Translate into English :—

1. वह अपने पड़ोसी के साथ क्यों झगड़ा करता है ! 2. लोगों को तुम हमेशा धोखा नहीं दे सकते ; एक न एक दिन कलई खुल जाएगी । 3. राधा जी-जान से कृष्ण को प्यार करती है, यह किसीको नहीं मालूम । 4. बाघ को देखते ही मेरे होश उड़ गये । 5. मार खानें पर भी चोर नें अपना क़सूर क़बूल नहीं किया ।

[धोखा देना - to cheat ; कलई खुल जाएगी - the secret will be disclosed ; जी-जान से - with heart and soul ; होश - consciousness ; होश उड़ना - to become unnerved ; कसूर - fault]

III. Translate into Hindi :—

1. I congratulate you on your success in the Rashtrabhasha examination. 2. The inspector asked the students many questions, but none gave him a correct reply. 3. Take care of your health, otherwise you will be ruined. 4. Our barber cut the hair very short by mistake. 5. I was unnerved to see the child in the mouth of a lion.

[to congratulate - बधाई देना ; success - सफलता, कामयाबी ; examination - परीक्षा, इम्तहान ; otherwise - नहीं तो, वरना ; ruined - बरबाद हो जाना ; barber - नाई, हज्जाम ; by mistake - भूल से ; mouth - मुंह ; lion - शेर, सिंह]

LESSON 17

विभक्तियों के मुहावरेदार प्रयोग

Idiomatic Usage of Case-endings

1. मैं तुमसे एक बात कहना चाहता हूँ—I want to tell you something.

2. बड़ों की इज्ज़त करना हमारा फ़र्ज़ है—It is our duty to respect elders.

3. सीता तीन रुपये की क़लम चाहती है—Sita wants a pen worth three rupees.

4. तुम्हारे कितनी बहिनें हैं ?—How many sisters have you ?

5. उस समय (में) वहाँ कोई नहीं था—Nobody was there at that time.

Besides the ordinary uses of case endings already dealt with, these are some peculiar uses of them as shown below :—

Usages of से

The animate objects of the following verbs take से after them—कह, पूछ, बोल, माँग, प्रार्थना कर (request), मिल (meet), शादी कर, मुहब्बत कर ।

राम से कहो । उससे पूछो । गोविन्द से मिलो । कमला से शादी करो ।

Sometimes से is omitted, *e.g.*,

आँखों देखना = आँखों से देखना ।

कानों सुनना = कानों से सुनना ।

Usages of का (के, की)

1. The following verbs take का or को before them :—तारीफ़ करना—to praise; इन्तजार करना to wait for; परवाह करना—to care for; मदद करना—to help; इज्जत करना—to give respect.

मैं इस बात की परवाह नहीं करता—I don't mind this.

वे गांधीजी का इंतजार कर रहे थे—They were expecting (waiting for) Gandhiji.

मुझे जाने की इजाज़त दीजिये—Please permit me to go

2. का denotes 'age' *e.g.*, राम ग्यारह बरस का है—Rama is eleven years old.

3. का denotes strong negation. *e.g.*, वह जाने का नहीं—He will not go.

4. के is used to indicate relationship, parts of the body or immovable property—*e.g.*

राम के (not को) एक बहन है—Rama has a sister.

मेरे तीन भाई हैं—I have three brothers.

इस शहर में मेरे चार घर हैं—I have four houses in this city.

आदमी के एक नाक होती है—Man has a nose.

रहीम के दो घर हैं—Rahim has two houses.

5. का or की is used to express the value of a thing, the place to which one belongs or the material by which a thing is made.

यह पाँच रुपये की अंगूठी है—This is a ring worth five rupees.

पं० सुन्दरलाल इलाहाबाद के हैं—Pandit Sundarlal is a resident of Allahabad.

एक लोहे की कील लाओ—Bring an iron nail.

Note:—मदद कर is used with the possessive case and मदद दे or पहुँचा with the dative, *e.g.*, गोपाल मेरी मदद करता है। गोपाल मुझे मदद देता है (पहुँचाता है)—Gopal helps me.

6. Sometimes the related word of का (के, की) is not expressed:—

राजगोपाल तुम्हारी (बात) न सुनेगा—Rajagopal will not heed you (pay heed to your word).

Usage of में

में denotes 'price', *e.g.*

अस्सी पैसे में कितने आम मिलेंगे?—How many mangoes will one get for eighty paise?

Exercises

I. Fill in the blanks:—

1. बादशाह — तुम क्या बोले? 2. तुम दुनिया — किसीसे मत डरो। 3. सारा संसार नेहरूजी — तारीफ़ करता है। 4. बन्दर — चार पैर और एक पूंछ होती है। 5. आपकी साड़ी कितने — है?

II. Translate into English :—

1. क्या तुम उस लड़की से मुहब्बत करते हो? 2. गोपाल सबसे भीख माँगता है। 3. ऐसी बात न होने की थी, न मालूम नटखट भाई ने क्या कर डाला। 4. मनोहर राव के चार बहिनें हैं। 5. तुम्हारे लड़के किसीकी न सुनेंगे।

III. Translate into Hindi :—

1. When I was returning from Egmore, I met Gopalaswamy near the post office. 2. Don't you know that Gajanan Rao has married Kamala who is a teacher in a school? 3. A boy of twelve can do this work. 4. Thousands of people were dying of hunger in our country, owing to unemployment. 5. I got this cycle for eighty-five rupees.

[post-office - डाकख़ाना, डाकघर; thousands of people - हज़ारों लोग; unemployment - बेकारी]

LESSON 18

Uses of लग

1. यह आम खट्टा लगता है—This mango tastes sour.

2. राम का घर मन्दिर से लगा है—Rama's house is adjacent to the temple.

3. क्या नाव किनारे लग गयी?—Has the boat reached the shore?

4. रहीम मेरा चचेरा भाई लगता है—Rahim is my cousin.

5. मैं सारा समय पढ़ने में लगाता हूँ—I devote all my time to study.

The uses of लग may be brought under the following heading :—

1. To *express relationship* :—

राधा मेरी बहन लगती है—Radha is my sister.

2. To *express 'taste' or 'feeling'* :—

यह अंगूर खट्टा लगता है—This grape is sour.

3. To *'be engaged in'* :—

रसोइया पकाने में लगा है—The cook is engaged in cooking.

4. *'Contact' (violent or gentle)* :—

पेड़ पर से गिरने से गोपाल को बड़ी चोट लगी है—Gopal has received a severe injury on account of falling down from a tree.

अच्छे लोगों से दोस्ती लगाओ, बुरों से नहीं—Make friends with good people, not with bad ones.

5. *'Proximity'* :—

मेरा दफ़्तर स्कूल से लगा है—My office is close to the school.

6. *Other Uses* :—

भूख लगना—to feel hungry

प्यास लगना—to feel thirsty

आग लगना—to catch fire

भीड़ लगना—to be crowded

The *transitive* of लगना is लगाना.

लगा *expresses* the *sense of* :—

1. Connecting :—

इस चिट्ठी पर टिकट लगाओ—Affix a stamp on this letter.

2. Attributing :—

तुम रहीम पर क्यों इलजाम लगाते हो?—Why do you lay the blame on Rahim?

उसपर चोरी का इलज़ाम लगाया गया—He was charged with theft.

3. Solving :—

इस पद्य का अर्थ लगाओ—Explain this poem.

4. Other uses of लगा :—

ताला लगाना — to lock
अंदाज़ा लगाना — to estimate
हिसाब लगाना — to calculate
पार लगाना — to save
तेल लगाना — to apply oil
जोर लगाना — to apply force
रंग लगाना — to colour
आग लगाना — to set fire
पेड़ लगाना — to plant trees

Some Special Usages

मुझे एक तीर लगा—An arrow hit me.

उसका शरीर मेरे शरीर से लग गया—His body touched mine.

यह पोशाक उसे अच्छी लगती है—This dress suits him (her) well.

यह नियम यहाँ नहीं लगता है—This rule does not apply here.

लड़कों की पांति लगायी गयी—The boys were arranged in a row.

यह फल अच्छा लगता है—This fruit tastes well.

मकान में आग लग गयी—The house caught fire.

मकान में आग लगा दी गयी—The house was set on fire.

गोपाल राधा को प्यार करने लगा—Gopal began to love Radha.

राम अपने काम में ध्यान देने लगा—Rama began to mind his work,

पाँच रुपया जुर्माना लगाया गया—A fine of five rupees was levied.

यह आईना खरीदने में मुझे सात रुपये लगे—I have spent seven rupees in buying this mirror.

इसका अर्थ मुझसे नहीं लगता—The meaning of this is beyond my comprehension.

यह अर्थ यहाँ ठीक लगता है—This meaning holds good here.

उसने घाव में दवा लगायी—He applied medicine to the wound.

इस काम में पाँच मजदूर लगाओ—Employ five mazdoors (labourers) on this work.

मैंने घोड़े को लगाम लगायी—I bridled the horse.

राम कपड़े को घूप लगाता है—Rama is drying the cloth in the sun.

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. मुझे आजकल कोई चीज़ अच्छा नहीं — । 2. बच्चे को ज्यादा भूख — । 3. बाग में आज इतनी भीड़ क्यों — ? 4. कल मेरे पड़ोसी के घर में आग — । 5. राम ने मुझे उस संकट से पार — ।

[पड़ोसी - neighbour ; संकट - trouble]

II. Translate into English :—

1. गणपति इस वाक्य का अर्थ नहीं लगा सकता । 2. दिल लगाकर पढ़ोगे, तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाओगे । 3. कुछ बूढ़े लोग भी पेड़ लगाने में आनन्द पाते हैं । उसकी माँ की बनायी चपाती मुझे बड़ी अच्छी लगती है । 5. जानकी देवी दिन-रात घर के काम में लगी रहती है ।

III. Translate into Hindi :—

1. There is a library adjacent to my house 2. As Ram and Rahim met after a long time, they embraced each other. 3. Your neighbour brings a charge against you that you make a noise, when he sleeps at night. 4. Crowds of pepole assemble on the High Court Beach in Madras every day to hear the radio-news and enjoy the music. 5. Though the police-inspector tried his best, he was not able to trace the culprits.

[police inspector - दारोगा ; to try one's best - भरसक कोशिश करना ; to trace - पता लगाना ; culprit - गुनहगार]

LESSON 19
उपसर्ग Prefixes

1. भारत के किसान ज्यादातर अपढ़ होते हैं—The peasants of India are mostly illiterate.

2. रामराव की कमज़ोरी दिन-ब-दिन बढ़ती जाती है—Rama Rao's weakness is increasing day by day.

3. आज हमारे वर्ग में कितने लड़के ग़ैर-हाज़िर हैं?—How many boys are absent from our class to-day?

4. बहादुर लोगों के लिए दुनिया में कुछ भी गैर-मुमकिन नहीं है—Nothing is impossible in the world for brave people.

5. रामगोपाल इस काम के लिए नालायक है—Ramgopal is unfit for this work.

उपसर्ग (prefix) which is added before a word, changes the meaning of the word or emphasises it.

उचित—proper ; अनुचित—improper.

लायक़—worthy, fit ; नालायक़—unworthy, unfit

जय—victory ; अपजय—defeat ; विजय—great victory

The following are some of the important prefixes :—

1. अ or अन - 'negative'—

अपढ़ - uneducated ; अन्याय - injustice ; अनजान - unknown ; अनुपस्थित - absent

2. कम - 'lacking', 'wanting in', 'less',
   कमजोर - weak ; कमबख्त, कमनसीब - unlucky
3. खुश - 'pleasing', 'good'—
   खुशबू - fragrance ; खुशदिल - jolly
4. ग़ैर - 'negative'—
   ग़ैर-हाजिर - absent ; ग़ैर-मुमकिन - impossible
5. ना - 'negative',—
   नालायक़ - unfit ; नाखुश - displeased
6. नि - 'negative'—
   निडर - fearless ; निरोग - without disease, healthy
7. बद - 'bad'—
   बदबू - bad smell; बदहजमी - indigestion; बदसूरत - ugly
8. बे - 'without'—
   बेपरवाह - careless; बेहोश - unconscious
9. ला - 'without'—
   लापता - missing, not traceable ; लापरवाह - careless
10. कु - 'bad'—
   कुमार्ग - evil course ; कुपुत्र - bad son ; कुचाल - misconduct
11. सु - 'good'—
   सुमार्ग - good course ; सुपुत्र - good son
12. हम - 'similar'—
   हमराही - fellow-traveller; हमउम्र - of the same age; हमदर्दी - sympathy

13. दर - 'in'—
    दर - असल, दर-ह़क़ीकत in fact
14. ब - 'according to'—
    बदस्तूर - according to practice
15. बिला, बिना 'without'—
    बिला शक - without doubt, undoubtedly
16. सर - 'chief'—
    सरपंच - chief arbitrator

Exercises

I. *Fill in the blanks* :—

1. जोसफ़ कल क्यों — था ? 2. राधा — लड़की है, उसकी माँ मर गयी है। 3. इस कमरे में बैठना मैं पसंद करता हूँ, क्योंकि यहाँ अच्छी — आती है। 4. मेहरबानी करके — लोग हाथ उठाएँ। 5. — के कारण मेरे पेट में गड़बड़ी हो रही है।

II. *Translate into English* :—

1. उस बदसूरत लड़की से कौन शादी करेगा ? 2. कल शाम से उसका लड़का लापता हो गया है। 3. बदबू के मारे हमसे यहाँ बैठा नहीं जाता है। 4. क्या आपके पास बदहज़मी के लिए दवा है ? 5. तुम निरोग रहना चाहते हो, तो रोज़ कसरत करो।

III. *Translate into Hindi* :—

1. Please excuse my absence yesterday. 2. We are not able to bear this insult. 3. Rama is quite a useless man. 4. He is a dishonest man, don't have friendship with him. 5. Kamala's disease is incurable.

[absence - गैरहाज़िरी ; excuse - माफ़ कर ; insult - बेइज्जती ; to bear - सहना ; quite - बिलकुल ; useless - निकम्मा ; dishonest - बेईमान ; friendship - दोस्ती ; disease - बीमारी ; incurable - लाइलाज]

LESSON 20

प्रत्यय Suffixes

1. बचपन में हम मजे में रहते थे—We were living happily in childhood.

2. लकड़हारा लकड़ी बेचकर अपनी रोटी कमाता है—The woodcutter earns his bread by selling wood.

3. राममूर्ति एक नामी तैराक है—Ramamurthy is a famous swimmer.

4. चोरी करना बड़ा गुनाह है—Thieving is a great sin.

5. एक अच्छा दवाख़ाना नेताजी सड़क पर है—There is a good dispensary in Netaji Road.

प्रत्यय (suffix) is added to a verb or a noun or an adverb.

The following are some of the important suffixes—

1. आबाद (founded)
   सिकंदराबाद—(city) founded by Sikander

2. आर - (smith)—
   सोना - gold, सुनार - goldsmith
   लोहा - iron, लोहार, लुहार - blacksmith

3. ख़ाना (house)—
   मुसाफ़िर - traveller, मुसाफ़िरख़ाना - traveller's bungalow, दवा - medicine, दवाख़ाना - dispensary

गाड़ी - cart, गाड़ीख़ाना - garage

छापना - to print, छापखाना - printing press

4. गर (doer)—
कारीगर - workman

जादूगर - magician

5. दार (possessor)—
ज़मीन्दार - land owner

दूकानदार - shop-keeper

6. वाला (owner, belonging to)—
गाड़ीवाला - cartman

बंबईवाला - Bombay-man, Bombay-made

पैसेवाला - monied man

7. (*a*) ई (added to a noun to form an adjective)—
जंगली - wild from, जंगल - jungle

लालची - greedy, from लालच - greed
मज़हबी - religious, from मज़हब - religion

क़ीमती - costly, from क़ीमत - cost

(*b*) ई (added to an adjective to form an abstract noun)—

कमजोरी - weakness, from क़मज़ोर - weak

खूबसूरती - beauty, from खूबसूरत - beautiful

बड़ाई - greatness, from बड़ा - great

8. मंद - (possessing)—
अक़्लमंद - intelligent, from अक़्ल - brain

फ़ायदेमंद - profitable, from फ़ायदा - profit

9. ला - (possessing)—
रसीला - juicy, from रस - juice

चमकीला = bright, from चमक - brightness

10. रा - (suffix for ordinals)—
    दूसरा - second, from दो - two
    तीसरा - third, from तीन - three
11. वाँ - (suffix for ordinals)
    पाँचवाँ - fifth, from पाँच - five
    दसवाँ - tenth, from दस - ten
12. पन (suffix for abstract nouns)—
    बचपन - childhood, from बच्चा - child
    लड़कपन - boyhood, from लड़का - boy
13. पा (abstract suffix)—
    बुढ़ापा - old age, from बूढ़ा - old man
14. ची (agent, holder)—
    ख़ज़ांची - treasurer, from ख़ज़ाना - treasury
    मशालची - torch-bearer, from मशाल - torch
15. बान - (doer)—
    बागबान - gardener
16. आना (adjectival suffix)—
    साहिबाना - pertaining to gentleman, from
    साहिब - gentleman

Exercises

I. Fill in the blanks :—

1. हिन्दी प्रचार सभा के कौन — हैं ? 2. मेरा पड़ोसी बड़ा — आदमी है। 3. हम — में लोग भगवान का नाम लेते हैं। 4. यहाँ का आम — नहीं होता। 5. गोविन्द बड़ा — विद्यार्थी है।

II. Translate into English :—

1. उस ज़मीन्दार ने एक मुसाफ़िरख़ाना बनवाया है। 2. देहात के लुहार अब बेकार हो गये हैं। 3. जादूगर मिट्टी

को सोना बना सकता है। 4. क्या तुम्हारे दोस्त बड़े पैसेवाले हैं? 5. वह दूकानदार चंद रोज़ में विलायत जानेवाला है।

III. Translate into Hindi :—

1. There are some good workmen living in this village. 2. It is very beneficial to eat fresh fruits. 3. Sohanlal is the fifth boy in his class. 4. How do you sell this bell-metal tumbler? 5. That old man is reading a religious book.

[bell-metal - काँसा]

LESSON 21

सरल समास—Simple Compound Words

1. जमनालालजी **लखपति** थे—Jamanalalji was a millionare.

2. मैं एक **गोशाला** बनवाना चाहता हूँ—I want to construct a cowshed.

3. क्या तुम **व्रजवासी** हो?—Are you a resident of Vraj?

4. **जेबखर्च** के लिए मुझे पैसा चाहिए—I want money for pocket-expences.

5. **अन्न-जल** के बिना कोई नहीं जी सकता—No one can live without food and drink.

समास means combination of two or more words. In the above sentences, the words in thick type are compound words. The words formed by this method are called सामासिक शब्द or compound words.

Exercises

I. Fill in the blanks choosing from the words given in brackets below :

1. मैं — तुम्हारा आभार मानूंगा। 2. वह — सबेरे उठकर भगवान की प्रार्थना करता है। 3. कृष्ण अपने बचपन में — थे। 4. हिन्दूलोग — बहुत पवित्र मानते हैं। 5. हमें ईश्वर के सामने — हिसाब देना पड़ेगा।

[प्रतिदिन - every day ; आजन्म - whole life ; माखनचोर - मक्खन चुरानेवाला - stealer of butter ; पाप-पुण्य - sin and virtue ; गंगाजल - water of river Ganga.]

II. Translate into English :

1. गिरहकट एक न एक दिन पकड़ा जाएगा। 2. बेचारा गोपाल जन्मान्ध है। 3. अकाल-पीड़ितों की सहायता के लिए नेहरूजी धन इकट्ठा कर रहे थे। लाजपतिराय को देखकर देशनिकाले की सजा दी गयी थी। 5. लाल पगड़ी को देखकर चोर भाग गया।

[गिरहकट (गिरह को काटनेवाला) - pickpocket ; जन्मान्ध (जन्म से अन्धा) - born blind ; आकाल-पीड़ित (अकाल से पीड़ित) - famine stricken ; देशनिकाला (देश से निकाला) - exile, banishment, transportation ; लाल पगडी - (जिसकी पगड़ी लाल है वह, अर्थात् पुलिस का सिपाही) - police constable]

III. Translate into Hindi :

1. The brave sacrifice their lives for the uplift of the country. 2. I know a prince, who is a great scholar. 3. who is inside the kitchen? 4. After

passing the Rashtrabhasha examination, I want to read the Ramayana of Tulasidas. The Parsis are fire-worshippers.

[uplift of country - देशोद्धार (देश का उद्धार) - prince - राजकुमार; scholar - विद्वान, पंडित; kitchen - रसोईघर; The Ramayana of Tulasidas - तुलसीकृत (तुलसीदास की रची हुई) रामायण; fire-worshippers - अग्नि; पूजक (अग्नि की पूजा करनेवाले)]

LESSON 22

वाक्य-विन्यास—Syntax

1. The order of words in Hindi sentences is as follows :—The 'nominative with all its adjuncts comes first, the object, if any, next and the verb last.

हम गाय का दूध पीते हैं। अच्छी लड़कियाँ पाठ पढ़ती हैं।

2. If two or more nouns in singular, denoting animate objects, are joined by और, the verb is generally in the plural.

गोपाल और जोसफ़ कहाँ गये ?

राधा और सीता खूब खेलीं।

3. If however, they denote inanimate objects or qualities, the verb often remains singular.

मेरी लड़की के पास एक अंगूठी और घड़ी है।

4. If they are of different genders and numbers, the verb agrees with the last word in gender and number.

मेरा लड़का और राम की लड़कियाँ मैदान में खेलती हैं।

LESSON 23

विराम-चिह्न—Punctuation Marks

1. (,) अल्पविराम (comma)—रहीम, जेकब और राम आज शाम को नाटक देखने जाएंगे।

2. (;) अर्द्ध विराम (semi-colon) यह खशुख़बरी सुनते ही सब बच्चे नाचने लगे; लड़कियां गाने लगीं; बाजे बजने लगे; मिठाइयाँ बँटने लगीं।

3. (:) अपूर्ण विराम (colon)—नीचे लिखे पद्यों को सरल हिन्दी में समझाओ:

4. (।) पूर्ण विराम (full stop)—हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है।

5. (?) प्रश्न-चिह्न (question-mark) तुम कहाँ पढ़ते हो?

6. (!) विस्मयादिबोधक (exclamation-mark) वाह! वाह! धन्य! धन्य!

7. (—) निर्देशक (dash)—प्राथमिक, मध्यमा, राष्ट्रभाषा—ये तीनों प्रारंभिक परीक्षाएँ हैं।

8. (-) योजक (hyphen) is used in compound words like भाई-बहन, माँ-बाप, बार-बार।

9. [( )] कोष्ठक (brackets)
राम—(नेपथ्य से) कौन है?

10. (०) लाघव-चिह्न (abbreviation)
ति० = तिथि; पं० = पंडित

APPENDIX I

Model Translation Passges

Translate following passages:

LESSON 1

One day, a tyrant king, having gone out of the city, saw a person sitting under a tree, of whom he enquired, "What is the character of the king of this country ?" The man replied, "He is a great tyrant." The king asked, "Do you know me ?" He answered. "No". The king said, "I am the king of this place." The man was terrified and said, "Do you know me ?" The king said, "No". He answered, "I am the son of a rich man of this place. Three days in every month I lose my senses, and this is one of those three days". The king laughed and went away.

[tyrant - जालिम, अत्याचारी ; character - चाल-चलन ; to be terrified - भयभीत होना, भौंचक्का हो जाना sense - बुद्धि]

LESSON 2

From the house of a rich man, a bag of rupees was stolen. The owner gave information to the Judge of the city. The Judge called before him all the people of the house. Even after much investigation, he was unable to detect thief. At last he said to them, "This night I will give each one of you a stick one foot in length. By tomorrow morning the stick of the real thief will become one inch longer than those of the rest."

Having thus spoken, the Judge gave each a stick, and dismissed them. During that night, the thief, being afraid, said to himself, "If I cut off one inch from my stick, it will be of the same length with the rest in the morning." Thinking thus, he cut off one inch from his stick, and next day attended the court along with the others. The Judge, having looked at the sticks, at once discovered the thief.

[bag - थैली ; to give information - ख़बर देना, इत्तला देना ; judge - काज़ी ; investigation - तहक़ीकात ; to detect - पता लगाना ; जानना ; length - लंबाई ; to dismiss - ख़ारिज कर देना to discover - पता लगाना]

LESSON 3

A certain lawyer had a very ugly daughter who had reached marriageable age. He tried his best to find a husband for her, but nobody was inclined to marry her. At last, out of necessity, he married her to a blind man. In the same year, there arrived a physician who could restore sight to the blind. People asked the lawyer, Why do you not have your son-in-law cured ? He said, " Because I am afraid that, if he should recover his sight, he may divorce my daughter. It is best that the husband of an ugly woman should be blind."

[ugly - बदसूरत, कुरूप. marriageable - विवाह के लायक ; husband - पति ; out of necessity - लाचार होकर ; to restore - वापस दिलाना ; sight, नज़र ; son-in-law - दामाद ; cure - इलाज ; to divorce - तलाक़ देना]

LESSON 4

A woman was going to the market with a basket in her hand to buy some vegetables and flowers. A mean fellow followed her. The woman asked "Why do you follow me?" The man answered, "Because I have fallen in love with you." She said, "Why are you in love with me? My sister is more beautiful than I am. She is coming behind me, go and love her." He turned back and saw a woman who was very ugly, Being displeased, he went again to the other woman and said. "Why did you tell a lie?" She answered. "Neither did you speak the truth, for if you were really in love with me, why did you go after another woman?" The man became ashamed and went away quietly.

[basket - टोकरी ; to follow - पीछा करना ; beautiful - खूबसूरत ; ugly - बदसूरत ; helpless - लाचार]

LESSON 5

Two women were quarrelling with each other for a child. They had no witness. Both of them went to the judge for justice. The Judge sent for the executioner and said to him, "Make two pieces of this child and give one to each of them." On hearing this, one of the women stood still, but the other began to weep and then said. For God's sake don't cut and make pieces of my child." The Judge

became convinced that she indeed was the real mother. To her he gave the child and the other woman was expelled from the country.

[witness - गवाह ; justice - न्याय, इन्साफ़ ; executioner - जल्लाद ; for God's sake - खुदा की ख़ातिर, ईश्वर के लिए ; to expel - निकाल देना]

LESSON 6

There is nothing so valuable as time. Whoever fails to utilise it carefully, will ever remain poor. A thoughtful man must keep an account of each second, as a miser of his money, and at night, before going to bed, must examine if he has wasted any moment. If he finds that he had wasted some moments, he must be sorry for it and must be careful for the future.

[valuable - अनमोल ; poor - कंगाल ; carefully - जतन-से, गौर से ; thoughtful - विचारवान ; account - हिसाब ; second - क्षण, पल ; miser - कंजूस, सूम ; to examine - जाँच करना ; to be careful - चौकन्ना रहना ; for the future - आगे के लिए]

LESSON 7

Once upon a time, there was a king, who was famous for his bravery, statesmanship and unselfishness and everybody loved him very much, because of his noble and unselfish character. He did not live very long. He was killed in a battle, while still young. It is said of him that as he lay dying on the

battle-field, he called out for drinking water. One of his friends hastened and, with much difficulty, found some water and brought it to him. As he was about to put the cup of water to his parched lips, he saw a wounded soldier who was lying close by looking at the water with longing eyes. He gently pushed the cup away saying, "Give it to him; his need is greater than mine". And so this noble man died, thinking of others before himself to the last and giving us all a shining example of true unselfishness.

[bravery - बहादुरी, वीरता ; statesmanship - राजनैतिक ज्ञान ; unselfishness - निस्वार्थता ; noble character - सज्जनता ; battle - लड़ाई ; battle-field - लड़ाई का मैदान, युद्धक्षेत्र ; to hasten - फुर्ती से जाना ; with much difficulty - बड़ी कठिनाई से ; to be parched - झुलसना, सूखना ; longing eyes - लालसा-भरी आँखें ; to push away - हटा देना ; noble man - भलमानस ; shining - ज्वलंत ; example - उदाहरण, दृष्टांत]

LESSON 8

Never tell a lie. Always speak the truth. Nobody believes a liar, nor loves him. Always adore the Creator before sunrise and seek His help at the time of distress, because He is the only helper in adversity. Respect your elders. Never be backward in helping the poor and distressed. Be kind to all creatures. Avarice is the root of all evil. The fruit of patience is sweet.

[to adore - पूजा करना, प्रार्थना करना ; Creator - सिरजनहार, ईश्वर ; distress - दुख ; adversity - विपदा, आफ़त, संकट ; to be backward - पीछे रहना ; distressed - दीन, दुखी ; creature - जीव ; avarice - लालच ; evil - बुराई ; root - जड़ ; patience - सहनशीलता]

LESSON 9

Two men were travelling on the road. One of them saw an axe lying on the ground, where somebody had been hewing timber. Taking it up, says he, "I have found an axe." "Do not say I," says the other, "say, 'we have found', for as we are companions, we ought to share it between us." But the first would not consent. However, they had not gone far, when the owner of the axe, hearing what had become of it, pursued them. The man who actually found the axe, saw the owner coming along. He said to his companion, 'Alas! we are caught.'; The other man said "Nay, do not say 'we', but say 'I', for as you would not let me share the prize, neither will I share the danger with you.

Friendship to last should be reciprocal and founded on equality.

[axe - कुल्हाड़ी ; to hew - काटना ; to share - बाँटना ; to consent - राजी होना ; to pursue - पीछा करना ; danger - आफ़त ; friendship - दोस्ती, मित्रता ; to last - क़ायम रहना ; reciprocal - पारस्परिक ; equality - समानता, बराबरी]

LESSON 10

It is a great blessing to have a good and sincere friend. One who assists us in the hour of difficulty and misfortune is our true friend. It is the duty of every man to stand by his friends in difficulty, and it is for this reason the proverb runs thus: "A friend in need is a friend indeed." We fail in performing our duty, if we do not assist our friends in difficulty. He is really a blessed man, who has a sincere friend in this world. Let us, therefore, always pray to have a true friend.

[blessing - बरकत, नियामत ; good - नेक ; sincere - सच्चा ; to assist - मदद या सहायता देना ; misfortune - मुसीबत duty - फ़र्ज़, कर्तव्य ; to stand by - सहायता करना, साथ देना ; reason - वजह ; proverb - कहावत ; A friend in need is a friend indeed - दोस्त वही है, जो वक़्त पर काम आए ; to perform - पूरा करना ; to fail - चूक जाना ; blessed - धन्य]

LESSON 11

The rice plant is a kind of grass, which grows very much like ordinary grass in the fields. The fields are often near a tank. The water from the tank is led into the fields. Then the cultivators plough the fields and make the ground soft. The seed is cast into the ground, and water is made to stand in the fields. The seeds come up, and the fields look very green. There must always be water,

otherwise the paddy will not grow. After some time the ears of the paddy appear. When ripe, the water is drained away from the fields, and the peasants cut the paddy, It is then put in a heap. In a short time, it is trodden over by bullocks or beaten up with sticks. The paddy and the hay are seperated. Bofore it is used for food, the husk is removed.

Rice is grown in great abundance in India, Burma and Japan.

[ordinary - मामूली ; like - की तरह ; cultivator - काश्तकार, किसान ; to plough - जोतना ; ground - जमीन ; seeb - बीज ; to cast - डालना ; to look - दिखाई देना ; otherwise - नहीं तो ; ears of paddy - धान की बालें ; appear - बाहर आती है ; heap - ढेर ; to be trodden - दाबना ; husk - छिलका ; in abundance - अधिकता से]

LESSON 12

A snake, having made its hole close to the porch of a cottage, inflicted a severe bite on the cottager's infant son, who died, to the grief of his parents. The father resolved to kill the snake. The next day, on its coming out of its hole for food, he took up his axe, but being much in haste to hit it, it wriggled away, missed its head and cut off only the end of its tail. After some time, the cottager, fearing lest the snake should bite him also, endeavoured to make peace and placed some bread and salt in its hole. The snake, slightly hissing, said, "There

can henceforth be no peace between us. For, when ever I see you, I shall remember the loss of my tail, and whenever you see me, you will be thinking of the death of your son." None can indeed forget injuries in presence of him who caused them.

[snake - सांप ; hole - बिल ; porch - ड्योढ़ी ; to inflict a severe bite - जोर से काटना ; grief - शोक, रंज ; to resolve - इरादा करना ; to wriggle - रेंगना ; - end सिरा ; tail - पूंछ ; to make peace - मेल करना ; to hiss - फुफकारना ; death- मौत ; injury - चोट ; indeed - सचमुच]

LESSON 13

Some people are so avaricious that nothing can satisfy them. The more they grow in wealth and power the hotter burns the flame of greed within them and they are thereby put to endless misery. In spite of there great wealth, they live a life of disquietitude and extreme anxiety. That contentment is the great remedy for this needless unrest, is not known to them. Discontent renders men as miserable as contentment, makes them happy. Whatever their condition, men may attain happiness by means of contentment, which, like the philosopher's Stone; can turn everything it touches into gold. It is not to be understood, however, that one should rest contented through life with one's lot, even though it were miserable and make no efforts to improve it.

[avaricious - लालची ; to satisfy - तृप्त करना ; power - अधिकार, पद, हुकूमत ; flame - ज्वाला ; endless - अनंत, अपार ; disquietitude - व्याकुलता ; anxiety - उत्कंठा ; contentment - संतोष ; remedy - इलाज, औषधि ; needless - अनावश्यक; unrest - उद्वेग ; condition - अवस्था, हालत ; Philosopher's Stone - पारस पत्थर]

LESSON 14

Only the lazy man is a sinner. Why is it so? The minds of those who are idle entertain bad ideas. There is a proverb in English, that the mind of a lazy man is the devil's workshop. There is no greater sin than laziness and inactivity. Everyone should avoid these at any cost. The only way to avoid these is to engage oneself in good deeds. Service to parents, help to brothers and sisters, co-operation with friends, respect and service to teachers are deeds in which men should engage their mental faculties.

[lazy - सुस्त ; sinner - पापी, गुनहगार ; ideas - विचार ख्यालात ; devil - शैतान ; workshop - कारख़ाना ; inactivity - अकर्मण्यता, बेकार रहना ; co-operation - सहयोग ; mental - मानसिक ; faculty - शक्ति गुण]

LESSON 15

I am extreemely glad to note the progress of Hindi in South India. A common language for the whole of India is a necessity. There are many

advantages in making Hindi the national languages. Nationalism grows with a knowledge of Hindi. There is no possibility of Hindi endangering the provincial languages. Hindi is a very fine rope to unite the whole of India together. Some people complain that it is difficult to learn many languages. But there is really no difficulty in that. You can find many in Europe knowing four or five languages, besides their mother tongue.

[extreemely glad - निहायत खुश ; South India - दक्षिण भारत ; common language - सामान्य भाषा, आम जबान ; necessity - ज़रूरत ; advantage - लाभ, फ़ायदा ; national language- राष्ट्रभाषा, कौमी जबान ; possibility - संभावना ; to endanger- ख़तरे में डालना]

LESSON 16

There was once a wicked lawer, who told a man not to repay a debt, but to pretend that he was mad and therefore did not know what he was doing. Said he, "When you appear before the Judge, look foolish, and when any question is put to you, reply 'Baa' as though you were a goat." The man agreed to do so. When called before the Judge for not paying his debt, he put on a cloak of great stupidity, and when questioned, replied only by bleating 'Baa' like a goat. "The man is mad"; said the Judge, "and the plaintiff was wrong in lending money to a mad man. So he must lose his case."

Shortly afterwards the clever lawyer came to the house of the man and said, "Please pay my fees. I saved your ten thousand rupees by my cleverness, and you must pay me one thousand as my share." But the man put on a cloak of great stupidity, and only replied by bleating 'Baa' like a goat. The lawyer was well paid for hls wickedness.

[wicked - दुष्ट, धूर्त ; lawyer - वकील ; debt - कर्ज ; to repay a debt - कर्ज अदा करना ; to pretend - बहाना करना ; cloak - ढोंग ; stupidity - मूर्खता, बेवकूफ़ी ; to bleat - मिमियाना, 'में-में' करना ; plaintiff - वादी, मुद्दई ; case - मुक़द्दमा ; lose a case - मुक़द्दमा हारना ; clever - चालाक]

LESSON 17

Patriotism is love of one's own country. This virtue urges men to do all they can for the good of their native land. To a patriot nothing is dearer than his own country. Great patriots even give up their wealth, their position in life, their near and dear ones, nay their own lives for their country.

Patriotism is a noble feeling of the mind. We are proud to think that we belong to this holy land of Bharat. So great is our love for it, that we are ready to sacrifice our interests for the good of our Mother-country.

A patriot is free and happy. No temptation of worldly gain can allur a patriot. The welfare of his

country is his sole aim in life. He cares more for the honour and prestige of his Motherland. He may not be rich, yet the patriot is loved, respected and praised by all. Even after death, his name and fame remain immortal.

[temptation - प्रलोभन ; to allure - बहकाना ; honour and prestige - गौरव व प्रतिष्ठा ; Motherland - मातृभूमि ; immortal - अमर]

LESSON 18

Men and women are not called upon to abandon the world in order to attain heavenly life. God has placed human beings on earth that they may work, do their duty to His creatures, and further the divine purpose. To withdraw oneself from the service of man, is to forsake the dictates of duty.

Acquire knowledge, because it is our friend in the desert, our society in solitude. It guides us to happiness ; it is an ornament in the company of friends ; it serves as an armour against our enemies.

The ink of the scholar is more holy than the blood of the martyr.

[to abandon - छोड़ देना ; heavenly life - दिव्य जीवन ; human beings - इनसान, मनुष्य ; to further - आगे बढ़ाना ; to withdraw - हटा लेना, अलग कर देना ; dictates - आज्ञादेना ; knowledge - ज्ञान, इल्म ; desert - रेगिस्तान ; society - समाज ;

solitute - एकांत; to guide - ले जाना, रहनुमाई करना; company - सुहबत; armour - बख़्तर, कवच; scholar - पंडित, holy - पवित्र; blood - खून; martyr - शहीद]

LESSON 19

The one absolutely unselfish friend any man can have in this selfish world, the one who never deserts him, the one that never proves ungrateful or treacherous, is his dog. A man's dog stands by him in prosperity and in adversity, in health and in sickness. He will sleep on the cold ground if only he may be by his master's side. He will kiss the hands that have no food to offer.

When riches take wings and reputation falls to pieces, a dog is as constant in love, as the sun in his journey through the heavens. If fortune drives forth the master as an outcast in the world, friendless and homeless, the faithful dog demands no higher privilege than that of accompanying him, to guard him against danger, to fight against his enemies. In short, the dog is faithful and true even to death.

[absolutely - बिलकुल; to desert - छोड़ देना; ungrateful - नमकहराम; treacherous - धोखेबाज; prosperity-संपत्ति; to kiss - चूमना; reputation - प्रतिष्ठा, साख़ शोहरत; falls to pieces - चूर-चूर हो जाना; constant - अटल, दृढ़; heaven - आसमान; outcast - जाति-बहिष्कृत; faithful-वफ़ादार;

privilege - ख़ास सुविधा ; to accompany - साथ होना ; to guard - पहरा देना ; danger - आफ़त, जोखिम ; death - मौत]

LESSON 20

If worldly life does not consist only of happiness, but is always a mixture of pain and happiness, the question naturally arises in due course, whether. there is more of happiness or of unhappiness in life. Many western philosophers, who look upon material happiness as the highest goal of life, say that if there were more of pain than of happiness in life, many, if not all persons, would not have troubled to live the world life, but would have committed suicide But, in as much as man does not seem to be tired of living, he must have experienced more of happiness in life. And therefore, happiness must be looked upon as the highest goal of man. The question of morality and immorality must also be solved by that standard, But, to say that suicide depends in this way on worldly happiness is not, really speaking, correct. It is true that sometimes a man, getting tired of life, commits suicide. But people look upon him as an exception, that is, a lunatic. From this it is seen that ordinarily people do not connect committing or not committing suicide with worldly happiness, but look upon it as an independent thing by itself

[worldly life - सांसारिक जीवन, दुनियावी जिन्दगी ; mixture - मिश्रण ; pain - पीडा, दुख, दर्द ; naturally - स्वभावतः ; arises - उठता है ; western - पाच्श्चात्य, पश्चिम के ; material - भौतिक; goal - उद्देश्य; suicide - आत्महत्या, खुदकुशी; morality - नैतिकता ; immorality - अनैतिकता ; standard - स्तर ; exception - अपवाद ; lunatic - पागल ; independent - स्वतंत्र]

APPENDIX II

(a) Appropriate words for cries of animals.

कुत्ता भूंकता है— The dog barks.
गाय रंभाती है—The cow lows.
सांड डकारता है—The bull bellows.
घोड़ा हिनहिनाता है—The horse neighs.
गधा रेंकता है—The ass brays.
बिल्ली म्यां म्यां करती है—The cat mews.
बकरी मिमियाती है—The goat bleats.
बाघ गुर्राता है—The tiger growls.
शेर दहाड़ता है—The lion roars.
चिड़िया चहचहाती है—The bird chirps.
कौआ कांव-कांव करता है—The crow caws.
बंदर चिचियाता है—The monkey chatters.
ऊँट बलबलाता है—The camel grunts.
मुर्गी बाँग देता है—The cock crows.
सांप फुफकारता है—The snake hisses.
हाथी चिंघाड़ता है—The elephant trumpets.
मोर कूकता है—The peacock screams.
मधुमक्खियाँ भिनभिनाती हैं—The bees hum.

(b) Appropriate terms for groups or collection of persons, animals or things.

मनुष्यों की भीड़—a crowd of people.

सौदागरों का झुंड—a company of merchants.

डाकुओं का गिरोह—a gang of robbers.

जोड़। बैल या बैलों का जोड़ा—a yoke of oxen.

पेड़ों का कुंज—a grove of trees.

आमों का गुच्छा—a bunch of mangoes.

कुंजियों का झब्बा—a bunch of keys,

छड़ियों का गट्ठा—a bundle of sticks.

जहाजों का बेड़ा—a fleet of ships.

किताबों का ढेर—a pile of books.

पहाड़ों का सिलसिला—a chain of mountains.

मल्लाहों की मण्डली—a crew of sailors.

चाकरों की पंक्ति—a train of followers.

———

APPENDIX III

Model Essays—नमूने के लेख

I

स्कूल में पारितोषिक-वितरण

हमारी पाठशाला में पारितोषिक-वितरण का उत्सव 15 मार्च को 5-30 बजे शाम के समय हुआ। मद्रास के शिक्षा-विभाग के डिप्टी डाइरेक्टर साहब ने अध्यक्षासन ग्रहण किया और उनकी धर्मपत्नी ने अपने कर कमलों से पारितोपिक वितरित किये। उस दिन स्कूल में पढ़ाई का काम बिलकुल बंद था। हम सब लोग भिन्न-भिन्न तैयारियों में लगे हुए थे। स्कूल के मैदान में एक बड़ा शामियाना लगाया गया। ड्राइंग क्लास के विद्यार्थियों ने सजावट का काम अपने ऊपर ले लिया। तरह तरह की सूक्तियाँ लिखकर स्थान-स्थान पर टँगायी गयीं। काग़ज़ की बेलों और फूलों से सारा शामियाना विभूषित था। श्री सभापति तथा उनकी धर्मपत्नी के बैठने के लिए सुनहरी कुर्सियाँ मँगायी गयी थीं। उनपर हरी मखमल की गद्दियाँ थीं। एक बड़ी मेज़ पर पारितोषिक सजे हुए थे। बहुत-सी सुन्दर और आकर्षक पुस्तकें थीं। हरेक पर एक छपी हुई 'चिट' थी, जिसपर लिखा हुआ था कि यह पारितोषिक अमुक विद्यार्थी को अमुक कार्य के लिए दिया गया है। चिट पर हेडमास्टर साहब का हस्ताक्षर था।

पाँच बजे से ही मद्रास शहर के भद्र पुरुषों का आना शुरू हुआ। स्कूल की प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्यगण आगन्तुकों

को यथास्थान बिठाता था। जब 5-30 बजने में 5 मिनट बाक़ी थे, हम सब सभापतिजी के आने की प्रतीक्षा करने लगे। प्रबंध-कर्तालोग हेडमास्टर साहब सहित स्कूल के फाटक पर खड़े हो गये। ठीक 5-25 बजे डिप्टी डाइरेक्टर साहब अपनी धर्मपत्नी सहित आ पहुँचे। प्रमुख सभासदों से हाथ मिलाने के बाद शामियाने की ओर बढ़े। सबसे पहले बालचरों ने डंडों की मेहराब बनाकर उनका स्वागत किया। फिर दोनों मेहमान मंच पर अपनी-अपनी कुर्सियों पर विराजमान हुए। चौथे दर्जे के एक छोटे लड़के ने दो बड़े-बड़े फूलों के हार श्री सभापतिजी और उनकी धर्मपत्नी को पहनाये और उस समय बड़े ज़ोर से तालियाँ बजीं। एक लड़के ने ईश्वर-वंदना की। फिर एक दूसरे विद्यार्थी ने 'वन्दे मातरम्' गीत गाया। उस समय सभी स्त्री-पुरुष खड़े हो गये। इसके बाद तीन-चार विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न गाने सुनायें, जिनको सुनकर सभी उपस्थित सज्जनों ने बड़ा हर्ष प्रकट किया।

तदनंतर हेडमास्टर साहब ने स्कूल का वार्षिक विवरण पढ़ सुनाया। उसमें बताया गया था कि स्कूल दिन-प्रतिदिन उन्नति कर रहा है। दो वर्ष पहले 300 विद्यार्थी थे, अब उनकी संख्या 800 से अधिक हो गयी है। गत एस.एस.एल.सी, परीक्षा का फल बहुत अच्छा रहा। कई विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। खेल में भी हमारा स्कूल अन्य स्कूलों से पीछे नहीं रहा। टूर्नमेंट में हॉकी-शील्ड हमारे हाथ आयी। फ़ुटबाल में हमारा नंबर दूसरा रहा। यदि हमारा एक खिलाड़ी बीमार न हो

जाता, तो, हम अवश्य ही प्रथम रहते। एक मील की दौड़ में पहला पुरस्कार पानेवाला विद्यार्थी हमारे ही स्कूल का था।

अब डाइरेक्टर साहब की धर्मपत्नी ने पारितोषिक देना आरंभ किया। सीनियर मास्टर साहब पारितोषिक पानेवालों के नाम पुकारते जाते थे। एक दूसरे अध्यापक पारितोषिक उठा-उठाकर आगे बढ़ाते जाते थे, और श्रीमतीजी मुस्कुराती हुई पारितोषिक देती जाती थीं। जिस विद्यार्थी को पारितोषिक मिलता था, वह श्रीमतीजी को प्रणाम करके पीछे हट जाता था। फिर उसके स्थान पर दूसरा विद्यार्थी आता था। प्रत्येक बार उपस्थित सज्जन करतल-ध्वनि करते थे। मुझे तीन पुस्तकें पारितोषिक के रूप में मिलीं, हिन्दी-अंग्रेज़ी कोश, साकेत और एक उपन्यास। मेरे साथियों ने मुझे बधाई दी। कई लड़कों को पदक भी दिये गये। एक विद्यार्थी ने अपनी जान को आफ़त में डालकर अपने एक साथी को मोटर के नीचे कुचल जाने से बचाया था। जब हेडमास्टर ने इस बालचर के साहस का वर्णन किया, तो सारा सभामंडप करतल-ध्वनि से गूंज उठा, और एक सेठ ने अपनी जेब से 350 रुपये स्वर्ण-पदक के लिए प्रदान किये।

अंत में सभापति का भाषण हुआ। उन्होंने हमारे काम से सन्तोष प्रकट किया और इस उन्नति के लिए बधाई दी। श्रीमानजी ने विद्यार्थियों से अपने भाषण के सिलसिले में कहा, 'नौजवानों के जीवन का उद्देश्य सिर्फ़ परीक्षा पास करना नहीं है, उनको जीवन-संग्राम में भाग लेने के लिए भी तैयार

होना चाहिए। अपनी जाति और अपने देश की सेवा करना प्रत्येक नवयुवक का परम धर्म है।"

उसके बाद हेडमास्टर साहब ने सभापति, उनकी धर्मपत्नी तथा अन्य उपस्थित सज्जनों और देवियों को धन्यवाद दिया, और सभा विसर्जित हुई। सभापति को सम्मान के साथ बिदा किया गया, और हम सब खुशी-खुशी चले आये।

II
रेल का उपयोग

आजकल एक जगह से दूसरी जगह आने-जाने का सबसे अच्छा और सबसे अधिक प्रचलित साधन 'रेल' है। 'रेल' शब्द का अर्थ है—लोहे की पटरी। रेलगाड़ियों को लोहे की पटरी पर चलने के कारण 'रेल' कहते हैं। जार्ज स्टीवेन्सन ने सन् 1829 ई० में रेल के इंजन का ईजाद किया था। उसके बाद रेल में बड़ी उन्नति हुई। अब रेलगाड़ियाँ संसार के सभी देशों में प्रचलित हो गयी हैं। मद्रास राज्य के प्रायः सभी जिले रेलवे द्वारा संबद्ध हो गये हैं। वैज्ञानिकों ने अब बड़े उत्तम इंजन तैयार कर दिये हैं। उन लोगों ने नदियों पर पुल और पहाड़ों में सुरंग बनाकर रेल का मार्ग सुगम कर दिया है। रेगिस्तान में भी वे लोग रेल ले गये हैं।

रेल से व्यापार को बड़ा लाभ होता है। पुराने ज़माने में जब रेलगाड़ी नहीं थी, एक स्थान से दूसरे स्थान तक माल ले जाने में बहुत समय लगता था और बड़ा कष्ट भी होता था।

घोड़ों, ऊँटों और बैल-गाड़ियों पर माल ढोया जाता था और ख़र्च इतना पड़ता था कि बेचने और ख़रीदनेवालों को बड़ी असुविधा होती थी। रास्ते में चोरों का भी डर रहता था। मगर रेल-गाड़ियों के आने से अब ये सब आफ़तें दूर हो गयी हैं। थोड़े समय में, कम ख़र्च पर माल एक जगह से दूसरी जगह पहुँच जाता है।

लड़ाई के समय में तो रेलों से बड़ा काम निकलता है। प्राचीन समय में युद्धक्षेत्र तक सेनाएँ भेजने में महीनों लग जाते थे। लेकिन आजकल ग्रैण्ड-ट्रंक एक्सप्रेस के ज़रिये मद्रास से दिल्ली को फ़ौज डेढ दिन में पहुँच सकती है। तार आते ही, झट सेना युद्धस्थल पर रेल के द्वारा पहुँचायी जा सकती है। फ़ौज के लिए खाना, कपड़ा तथा युद्ध-सामग्री के भेजने में कठिनाई नहीं पड़ती। जब देश में अकाल पड़ता है, तब लोगों को अन्न के अभाव में भूखों मरना नहीं पड़ता; क्योंकि उस समय रेलों द्वारा अकाल-पीड़ित प्रदेशों में अन्न पहुँचाया जाता है। रेलों द्वारा संसार के विभिन्न स्थान एक दूसरे के निकट आ गये हैं। पहले बेंगलूर से पूना जाने में पच्चीस-तीस दिन से कम नहीं लगते थे, और यात्रा में कष्ट तथा ख़र्च दोनों बहुत होते थे। परन्तु आज क्या हाल है? डाकगाड़ी में बैठो और एक दिन में बेंगलूर से पूना पहुँचो। यह सब रेल के अविष्कार की कृपा है। रेल के कारण क़ाशी, प्रयाग, रामेश्वर आदि तीर्थस्थान जाना सुगम हो गया है। सारांश यह है कि रेलगाडियों ने सुख और आराम पहुँचाया।

कभी-कभी रेलगाड़ियों से हानि भी होती है। जब गाड़ियाँ टकरा जाती हैं, तो सैकड़ों मनुष्यों का प्राणांत हो जाता है। कहीं-कहीं रेल के धुएँ से हवा विषैली हो जाती है और इससे स्वास्थ्य को हानि पहुँचती है। परंतु रेलगाड़ियों से होनेवाले लाभों के सामने ये हानियाँ तुच्छ हैं, नगण्य-सी हैं। दुनिया में सभी चीजों में गुण-दोष एक साथ रहते हैं। संसार में ऐसी कौन-सी वस्तु है, जिससे कुछ न कुछ हानि न हो ? इन हानियों के भय से कोई अपने कार्य को नहीं छोड़ देता।

मेरी राय में रेलगाड़ियों के कारण हम अधिक सभ्य बन गये हैं। मैं रेलगाड़ी का पुजारी हूँ। क्योंकि रेल के ही ज़रिये चिट्‌टी, समाचार-पत्र वग़ैरह एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। समाचार-पत्र हमारे ज्ञान को बढ़ाते हैं। उनसे हमको मालूम हो जाता है कि बाहरी दुनिया में क्या-क्या हो रहा है। इसके बिना हम कूपमंडूक रहेंगे। सभ्यता का लक्ष्य ज्ञान-विज्ञान भी है। इसमें रेलगाड़ी का बड़ा हाथ है। इसलिए मेरा निष्कर्ष है कि रेलगाड़ियों से मनुष्य को अधिक सुख मिलता है।

III

रेडियो का प्रचार

'रेडियो' आधुनिक विज्ञान का अत्यन्त उपयोगी आविष्कार है। इटली के प्रसिद्‌ध वैज्ञानिक मार्कोनी ने इसको खोज निकाला था। आज संसार का कोई देश, कोई शहर ऐसा न होगा जहाँ रेडियो न हो। बड़े-बड़े शहरों में प्रायः सभी लोगों के घरों में आपको रेडियो मिलेगा। आज रेडियो घर की एक

आवश्यक वस्तु बन गया है। रेडियो की पेटी घर के कोने में एक छोटी-सी तिपाई पर रखी रहती है। बिजली का बटन दबाकर सुई घुमाइये, तुरंत दिल्ली की ख़बरें सुन सकते हैं। संसार के सभी शहरों से संगीत, समाचार वग़ैरह सुन सकते हैं। लंदन या बर्लिन में सुन्दर गान हो रहा हो, रेडियो से उसे मद्रास में बैठ सुनिये और आनन्द में डूब जाइये। कहीं छोटा नाटक हो रहा हो, उसे सुनिये और अपनी चिंताओं को भूल जाइये और मन बहला लीजिये। आप व्यापारी हैं तो मुल्क-मुल्क के बाज़ारों के भाव (Market-rates) सुनिये। आपको रेडियो देश-विदेश के सभी समाचार सुनाएगा।

रेडियो के आविष्कार ने मनुष्य के दैनिक जीवन को बदल दिया है। पहले, संगीत-भवनों में भीड़ के कारण नामी गवैयों का गाना हम नहीं सुन पाते थे। पर आजकल रेडियो से संसार-भर के गायकों का संगीत घर बैठे सुन सकते हैं। आजकल समाचार-पत्रों की राह देखने की भी ज़रूरत नहीं रह गयी है। रेडियो से हमको ताज़ी ख़बरें मिल जाती हैं। रेडियो बड़ा आज्ञाकारी है। आप उसका मुंह खोलिये, वह अपने प्रोग्राम के मुताबिक़ कुछ न कुछ आपको सुनाएगा। उसका मुंह खोलने के बाद चाहे आप उसे सुनें, या न सुनें वह सुनाता ही रहेगा। वह किसी बात को दुहराना भी नहीं जानता। आप उससे कुछ पूछेंगे, तो वह जवाब न देगा, मानों वह बहरा हो।

बड़े-बड़े शहरों में रेडियो-स्टेशन हैं। वहीं से संगीत, नाटक, कहानी, समाचार आदि प्रसारित किये जाते हैं। रेडियो का

कार्यक्रम पहले ही निश्चित रहता है। भारत सरकार ने रेडियो का अखिल भारतीय विभाग बना दिया है। इस 'अखिल भारतीय रेडियो' का सदर-मुक़ाम (Head-quarters) दिल्ली में हैं। उसकी शाखाएँ बंबई, कलकत्ता, हैदराबाद, मद्रास आदि कई शहरों में हैं। सन् 1930 ईस्वी से यह काम भारत सरकार ने अपने ऊपर लिया है। आज हमारे देश में रेडियो का प्रचार बहुत बढ़ गया है।

शहरों में तो रेडियो लोकप्रिय हो ही गया है। हिन्दुस्तान के गाँवों में भी इसका खूब प्रचार किया जा रहा है। गाँव के किसान भी रेडियो द्वारा अपना मनोरंजन करते हैं और अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। रेडियो में खेती के लिए उपयोगी बातें भी बतायी जाती हैं। विद्यार्थियों और बालक-बालिकाओं के लिए भी रेडियो में अच्छे-अच्छे कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं। करोड़ों लोगों को यदि कोई ख़बर भेजना हो, तो रेडियो से बढ़कर दूसरा साधन नहीं है। लड़ाई के समय इससे, बहुत सहायता मिलती है। आज रेडियो संसार की एक शक्ति बन गया है। इसका प्रचार दिन-दिन बढ़ ही रहा है। मालूम होता है, कुछ दिनों में रेडियो का इतना प्रचार हो जाएगा कि सारा विश्व इस रेडियो के सूत्र से बंधा हुआ एक कुटुंब बन जाएगा। रेडियो का भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

IV

समाचार-पत्र

समाचार-पत्र आधुनिक सभ्यता का अविभाज्य (integral-inseparable) अंग है। जिस देश में बड़ी तादाद में

समाचार-पत्र निकलते हैं, वह सभ्य देश माना जाता है। समाचार-पत्र कई तरह के होते हैं—दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक आदि। यूरोप के कुछ शहरों में कुछ समाचार-पत्रों का एक ही दिन में दो-तीन बार प्रकाशन होता है। सवेरे एक बार निकलता है, दोपहर को एक बार, फिर शामको एक बार। मद्रास में 'हिन्दू' का एक संस्करण सवेरे निकलता है और शामको दूसरा। लोगों में समाचार-पत्र पढ़ने का चाव दिन-प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है। मैं ऐसे लोगों को जानता हूँ, जिनको समाचार-पत्र पढ़े विना नींद नहीं आती। समाचार-पत्र पढ़े बिना उनका भोजन नहीं पचता। हमारे देश में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या बहुत कम है। जो बेचारे नहीं पढ़ सकते, पढ़े-लिखे लोगों से पूछकर खबरें जान लेते हैं।

छापाख़ाने के बिना समाचार-पत्र का विकास नामुमकिन न हो, तो मुश्किल ज़रूर है। रेल, तार, जहाज़, हवाई जहाज़ वग़ैरह भी समाचार-पत्र के सहायक हैं। इन्हीं के द्वारा दूर-दूर देशों के समाचार प्राप्त होते हैं, जो समाचार-पत्रों में छपते हैं। समाचार-पत्रों के कारण सारा संसार एक सूत्र में बंधा रहा हैं। आशा है, समाचार-पत्र दुनिया में 'विश्व बंधुत्व' (Universal Brotherhood) स्थापित करने में बड़ा मददगार होगा। यह वांछनीय बात तभी हो सकती है, जब संपादक अपनी ज़िम्मेदारी समझकर अपने कर्तव्य को भली-भांति निबाहें। संपादक को संपादकीय (Editorial) बहुत-सोच-समझकर लिखना चाहिए। सच्ची घटनाओं के बारे में नमक-मिर्च मिलाकर नहीं

लिखना चाहिए। सच्ची-सच्ची बातें लिखनी चाहिए। सामाजिक विषय पर संपादक को पक्षपात के बिना अपनी राय प्रकट करनी चाहिए। पाठकों को ठीक रास्ते पर ले चलने का उद्देश्य संपादक के सामने हमेशा रहना चाहिए। लोकप्रिय समाचार-पत्र सबको खुश रखने का प्रयत्न करता है। मद्रास का 'हिन्दू' इसका जीता-जागता उदाहरण है। सरकार भी लोकप्रिय समाचार-पत्र की क़दर करती है।

समाचार-पत्र से घर बैठे हमें सारी दुनिया की ख़बरें मिल जाती हैं। राजनीतिज्ञ समाचार-पत्र और भाषण द्वारा अपने मत का प्रचार करते हैं। चुनाव में किसी भी दल की जीत समाचार-पत्र पर निर्भर रहती है। व्यापारियों के लिए तो समाचार-पत्र बहुत ही उपयोगी होते हैं। समाचार-पत्रों से वे संसार के बाजारों का अध्ययन कर सकते हैं। तभी तो वे सस्ते दामों में सामान ख़रीदकर अधिक दामों में बेच सकते हैं। समाचार-पत्रों से शिक्षा-संबंधी, यात्रा-संबंधी, सामाजिक, धार्मिक सभी तरह के समाचार मिल सकते हैं। लड़ाई की ख़बरें जानने के लिए समाचार-पत्र अनिवार्य है। खेल-कूद में दिलचस्पी रखनेवाले भी समाचार-पत्रों से फ़ायदा उठाते हैं। सारांश यह है कि जिसे जिस विषय में रुचि हो, उस संबंध की बातें समाचार-पत्र से उसे मालूम हो सकती है।

हमारे देश में पहले अंग्रेज़ी में ही अच्छे-अच्छे समाचार-पत्र निकलते थे। खुशी की बात है, आजकल देशी भाषाओं में भी अच्छे समाचार-पत्र निकलने लगे हैं। हमारे देश में अब

प्रजातंत्र क़ायम हुआ है। इस समय समाचार-पत्र बड़ा उपयोगी सिद्ध होगा।

V

पुस्तकालय

देश में शिक्षा का प्रचार बढ़ रहा है। इस काम के लिए स्कूल-कालेजों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पुस्तकालय भी शिक्षा के प्रचार में बड़े उपयोगी होते हैं। प्रायः पुस्तकालय और वाचनालय एक ही जगह चलाये जाते हैं। इन दोनों के कारण पढ़े-लिखे लोग अपना उपार्जित ज्ञान खोने नहीं पाते।

पुस्तकालय कई तरह के होते हैं। बड़े-बड़े विश्व-विद्यालय के पुस्तकालयों में लाखों पुस्तकें रहती हैं। उसमें कुछ पुस्तकें इतनी क़ीमती होती हैं कि अमीर लोग भी उन्हें नहीं ख़रीद सकते। विश्वविद्यालय के छात्रों की पढ़ाई अच्छे पुस्तकालय के बिना अधूरी ही रहती है। अध्यापक वर्गों में पढ़ाते हैं। विद्यार्थी अध्यापकों के व्याख्यान से कई नयी बातें जान लेते हैं। पर अच्छी-अच्छी पुस्तकें पढ़ने से ही उनके ज्ञान का विकास होता है। ग़रीब विद्यार्थियों के लिए जो अपने 'कोर्स' की सभी पुस्तकें नहीं ख़रीद सकते, पुस्तकालय एक बड़ी देन है। वे लोग अधिकांश पुस्तकालयों की पुस्तकों पर ही निर्भर रहते हैं। स्कूल-कालेजों के पुस्तकालयों में हानिकारक पुस्तकें न रखनी चाहिए। गंदी किताबें पढ़ने से विद्यार्थियों का चरित्र बिगड़ जाने की संभावना रहती है।

बड़े-बड़े शहरों में 'सार्वजनिक पुस्तकालय' (Public Libraries) का प्रबंध किया गया है। जो चाहे वहां जाकर समाचार-पत्र या पुस्तकें लेकर पढ़ सकता है। कहीं-कहीं चंदा देकर पुस्तकालय का सदस्य (मेंबर) बन जाने पर, पढ़ने के लिए पुस्तकें घर ले जाने की सुविधा दी जाती है। ये सार्वजनिक पुस्तकालय प्रशंसा के पात्र हैं। जनता में शिक्षा का प्रसार करने के लिए इनसे बढ़कर कोई साधन नहीं है। ग़रीब से ग़रीब आदमी भी इन पुस्तकालयों से फ़ायदा उठा सकता है। दिन-भर अपना काम करने के बाद शाम के समय घंटा, आध-घंटा पुस्तकालय में बैठकर कोई किताब या अख़बार पढ़ने से दिल-बहलाव भी होता है, और दुनिया की बातें भी मालूम होती हैं। मद्रास-जैसे बड़े-बड़े नगरों में देखा जाता है कि सवेरे और शाम के वक़्त पुस्तकालय पढ़नेवालों से खचाखच भरे रहते हैं। आदमी अनुकरणप्रिय है। एक को पुस्तकालय में जाते हुए देखकर दूसरे को भी जाने की इच्छा होती है। पढ़े-लिखे लोग अपढ़ लोगों को पुस्तकें पढ़-पढ़कर सुनाते हैं। इससे उन लोगों में भी पढ़ने की रुचि उत्पन्न होती है। पुस्तकालयों के कारण अशिक्षित शिक्षित हो जाते हैं, और जो थोड़ा जानते हैं उनका ज्ञान बढ़ जाता है। इस प्रकार जनता में विद्या का प्रचार होता है। स्कूल-कालेजों में पढ़ने के लिए पैसे की ज़रूरत होती है। लेकिन सार्वजनिक पुस्तकालयों से ग़रीब आदमी भी लाभ उठा सकते हैं।

मगर यह सुविधा शहर के लोगों के लिए ही होती है। बेचारे गांववाले इससे वंचित रहते हैं। वे ही मुल्क की रीढ़ हैं।

हम उनकी उपेक्षा नहीं कर सकते। उनकी सुविता के लिए देश में सब जगह 'चलते-फिरते पुस्तकालयों' (Mobile Libraries) की स्थापना की जा रही है। पुस्तकों से भरी हुई मोटर-लारियाँ देहातों में चक्कर लगाती फिरती हैं। मोटर-लारी गाँवों में किसीको पुस्तक देती है, तो किसीसे वापस लेती है। इस तरह ग्रामवासी भी पुस्तकों का मज़ा लूटते हैं। गाँववालों की रुचि के अनुसार पुस्तकें दी जानी चाहिए।

यूरोप में पुस्तकालय बहुत उच्च-दशा में हैं। हमारे देश के पुस्तकालयों में और भी तरक्की की गुंजाइश है। शहरों के प्रत्येक मुहल्ले में पुस्तकालय होने चाहिए। छोटे-छोटे क़सबों और गाँवों में भी पुस्तकालय स्थापित करने चाहिए। सचमुच पुस्तकालय अज्ञान-रूपी अंधकार के लिए सूर्य है, या अज्ञान-रूपी बीमारी के लिए रामबाण है।

VI

वाग्वर्धिनी सभाओं की आवश्यकता

वाग्वर्धिनी सभा को अंग्रेज़ी में 'डिबेटिंग सोसाइटी' कहते हैं। वाग्वर्धिनी सभा से बहुत-से फ़ायदे हैं। विद्यार्थी इन सभाओं से अपने सीमित ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। कई बड़े-बड़े विद्वान अनेक विषयों पर व्याख्यान देते हैं। एक-एक बात को लेकर उसपर वाद-विवाद चलता है। कुछ लोग उस बात की बुराई को बतलाते हैं और कुछ लोग उसकी भलाई को। इस प्रकार लोग उस बात के अनुकूल या प्रतिकूल अपनी-अपनी राय पेश करते हैं। विद्यार्थी इससे फ़ायदा उठाते हैं। संकोची लोग

इन सभाओं में भाग लेकर बोलना सीख सकते हैं। कुछ लोग ऐसे कमज़ोर होते हैं कि जब भाषण देने के लिए प्लैटफ़ारम पर चढ़ते हैं तो काँपने लगते हैं। इन सभाओं में बोलने से हमारा डर और संकोच दूर हो जाता है। ऐसे भी कई विद्यार्थी हैं, जो पढ़ाई में होशियार होते हैं; लेकिन भाषण देने में सबसे पिछड़े रहते हैं। वाग्वर्धिनी सभा ऐसे विद्यार्थियों के लिए ईश्वर की देन है।

भाषण देना एक कला है। जिस तरह संगीत, चित्र-लेखन आदि कलाएँ हम अभ्यास से हासिल करते हैं, उसी तरह भाषण देने की कला को भी अभ्यास से प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यास से बहुत कुछ हो सकता है। कुछ विद्यार्थी सभाओं में ठीक तरह से नहीं बोल सकते। बीच-बीच में रुक-रुककर बोलते हैं। डर के मारे उनकी आवाज़ बहुत धीमी पड़ जाती है और कभी-कभी बैठ जाती है। वाग्वर्धिनी सभाओं में भाग लेने से ये सब कमियाँ खुद-ब-खुद आहिस्ते-आहिस्ते दूर हो जाती हैं। धड़ाधड़ बोलना या लिखना आया तो किसी भाषा के सीखने का मतलब ही क्या? पढ़ने-लिखने की अपेक्षा बोलना ज़्यादा कठिन है। किताबें देखकर हम पढ़ना-लिखना सीख सकते हैं, पर इससे बोलना नहीं आता बोलने की कला सीखने के लिए वाग्वर्धिनी सभाओं की सख़्त ज़रूरत है।

पंडित मदनमोहन मालवीय, डॉ. पट्टाभि सीतारामय्या, श्री श्रीनिवास शास्त्री, श्री सत्यमूर्ति आदि सज्जन हमारे देश के बड़े व्याख्यानदाता समझे जाते थे। ये लोग छोटी-छोटी वाग्वर्धिनी

सभाओं में भाग लेने से ही बड़े-बड़े वक्ता हो गये थे। इसलिए यह स्फ़टिक के समान साफ़ हो गया है कि स्कूल-कालेजों के विद्यार्थी वाग्वर्धिनी सभाओं में भाग लेने से ही अपने ज्ञान की वृद्धि कर सकते हैं और आगे चलकर अच्छे भाषण देनेवाले बन सकते हैं। आजकल की लोकसत्ता में अच्छा बोलनेवाला ही बाजी मार ले जाता है। सफल नेता को तैयार करने में वाग्वर्धिनी सभा का बड़ा हाथ है।

VII

बेकारी दूर करने के उपाय

बेकारी की समस्या हमारे देश में दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। हर साल कालेजों और विश्वविद्यालयों से लाखों की तादाद में स्नातक निकल रहे हैं। विश्वविद्यालय एक प्रकार से स्नातक तैयार करने के कारख़ाने बन गये हैं। कालेज की पढ़ाई पूरी करके सभी स्नातक चाहे वे अमीर हों या ग़रीब, नौकरी की, खासकर सरकारी नौकरी की खोज में भटकते नजर आते हैं। नौकरी सबको नहीं मिल सकती, थोड़े लोगों को ही मिल सकती है। हर साल यही क्रम चालू रहता है। स्नातकों की तादाद बढ़ती है। इसी कारण 'हिन्दू' आदि समाचार-पत्रों में किसी 'आवश्यकता' का विज्ञापन निकलते ही छोटी-सी नौकरी के लिए हजारों आदमी अर्जी भेजते हैं। आजकल बेकारी यहाँ तक बढ़ गयी है कि एक बी.ए. पास नौजवान सिर्फ़ 200 रुपये मासिक की नौकरी के लिए दौड़-धूप करता है।

यह दयनीय बेकारी का मुख्य कारण वर्तमान शिक्षा प्रणाली ही है। आजकल पढ़ाई पूर्णतया किताबी है। इस शिक्षा से पढ़ाई ख़तम करने के बाद विद्यार्थी अपनी रोटी खुद कमाने में अपने को असमर्थ पाते हैं। कालेजों में उनको केवल अंग्रेज़ी और देशी भाषा का ज्ञान कराया जाता है। कोई उद्योग या काम-धन्धा नहीं सिखाया जाता। इसलिए कुछ स्नातकों को जब कोई नौकरी नहीं मिलती, तब उन्हें भूखों मरना पड़ता है। अगर विद्यार्थियों को पुस्तक की पढ़ाई के साथ-साथ कोई उपयोगी घरेलू धन्धा भी सिखाया जाए तो किसी न किसी तरह चार पैसे कमाकर अपना पेट भर लेंगे। इस भयंकर बेकारी को दूर करने के वास्ते ही 'बुनियादी शिक्षण-प्रणाली' की योजना बनायी गयी। इस प्रणाली में विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ काम-धन्धे सिखाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इस प्रणाली के अनुसार शिक्षा-प्राप्त विद्यार्थी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उनके मस्तिष्क के विकास के साथ हस्तकौशल का विकास भी काफ़ी मात्रा में होगा।

बेकारी दूर करने के कई उपाय हैं। हम आलसी न हों और शारीरिक परिश्रम से न डरते हों, तो अब भी कई उपयोगी उद्योग सीख सकते हैं और आराम के साथ जीवन-निर्वाह कर सकते हैं। लेकिन हममें से बहुत लोग आरामतलब हो गये हैं, जो काम करना नहीं चाहते, सिर्फ़ क़लम घिसना ही चाहते हैं। इसीसे यह सारी आफ़त है। बेकारी दूर करने के बहुत-से रास्ते हैं। महात्मा गांधीजी के कथन के अनुसार चरखे पर सूत

कातकर घर में बैठ रोज़ दो रुपये कमा सकते हैं। सूत कातना भी एक अच्छा पवित्र काम है। धन काम के पीछे रहता है; जितना काम करोगे उसीके अनुपात में फल या पैसा मिलेगा। गाँवों में जाकर विद्या का प्रचार करना भी बेकारी दूर करने का एक अच्छा रास्ता है। गांवों में निरक्षरता का अन्धकार फैला है। वहाँ विद्या की रोशनी ले जाकर अन्धकार को दूर करने में स्नातक कुछ कर सकते हैं। हमें अपनी रोटी के लिए किसानों से कुछ मिल सकता है और किसानों को साक्षर बनाकर देश की तरक़्क़ी में हम कुछ सहायता पहुँचा सकते हैं। हम जानते हैं कि हमारे देश की निरक्षरता दुनिया को घबड़ा देनेवाली है।

बेकारी दूर करने के और भी कई उपाय हैं। लेकिन बेकारी के भूत को भगाने के लिए कर्मवीर सिपाहियों की ज़रूरत है। शेख़चिल्ली की तरह हवाई महल बनानेवालों से यह न हो सकेगा। इसके लिए मन में दृढ़ता चाहिए। जहां चाह वहां राह। यदि भारत के सब शिक्षित लोग कर्मवीर बनने की दृढ़ प्रतिज्ञा करके काम के पीछे जी-जान से लग जाएँ तो हमारा यह देश स्वर्णभूमि बन जाएगा। ईश्वर वह शुभ दिन शीघ्र ले जाए।

VIII
आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कार

यह विज्ञान का ज़माना है। विज्ञान की सहायता से आदमी बड़े-बड़े काम करते हैं। उन कामों को देखकर

कभी-कभी बड़ा आश्चर्य होता है। पुराने ज़माने में आदमी प्रकृति से डरता था। प्राकृतिक शक्तियों से डरकर उनकी पूजा करता था। लेकिन आजकल के वैज्ञानिकों ने प्रकृति का रहस्य समझ लिया है और उससे (प्रकृति से) बड़े-बड़े काम लेना शुरू कर दिया है। मनुष्य ने प्रकृति को अपना गुलाम बना लिया है। आसमान, समुद्र, बिजली ये सब वैज्ञानिकों के नौकर हो रहे हैं। वैज्ञानिक रीति से ऊसर क्षेत्र भी उपजाऊ बनाये जाते हैं। विज्ञान की मदद से ज़मीन के अन्दर से कई क़ीमती चीज़ें निकाली जाती हैं। विज्ञान की इतनी तरक़्क़ी हो रही है कि मालूम होता है, वह कुछ दिनों में ईश्वर की तरह सर्वव्यापी हो जाएग।

आधुनिक आविष्कारों में सबसे मुख्य वे हैं, जिनके ज़रिये यात्रा में सुविधाएँ उत्पन्न की गयी हैं। पुराने ज़माने की सवारियों के स्थान पर आजकल मोटर, ट्राम, रेल, जहाज़, हवाई जहाज़ आदि व्यवहार में आने लगे है। इनके द्वारा एक घंटे में सैकड़ों मील की यात्रा निर्विघ्न की जा सकती है। पनडुब्बियाँ और ज़मीन के नीचे चलनेवाली रेलगाड़ियाँ विज्ञान के चमत्कार (wonders) हैं। प्राचीन काल में लोग पैदल या बैलगाड़ियों में यात्रा करते थे। रास्ते में लुटेरे और हिंसक जानवरों का डर रहता था। चलते-चलते पैर में छाले पड़ जाते थे। लेकिन आजकल ये सब स्वप्न की बातों की तरह हो रहे हैं। जहाज़ या रेल की यात्रा में ये सब ख़तरे नहीं होते। वायुयानों, रेलगाड़ियों आदि में लगातार सुधार किये

जा रहे हैं। उन्हें सब तरह से सुखदायक बनाने की कोशिश की जा रही है।

फिर एक स्थान का समाचार दूसरे स्थान में भेजना भी बहुत आसान हो गया है। तार, टेलिफ़ोन, बेतार का तार आदि के ज़रिये हज़ारों मील दूर बैठे हुए अपने दोस्तों का समाचार चन्द मिनिट में पा सकते हैं। 'बेतार का तार' द्वारा फ़ोटो भी भेजे जाने लगे हैं। मान लीजिये, अमेरिका में एक व्याख्यान हो रहा है; आप मद्रास में बैठे हुए उसका एक-एक शब्द सुन सकते हैं। किसी विदेशी गवैया का गाना सुनना हो तो घर में रेडियो का यंत्र लगा लीजिये। बस, संगीत का मज़ा लूटिये। इन साधनों की सहायता से संसार के लोग एक दूसरे के निकट आ रहे हैं और विश्व-बंधुत्व (Universal Brotherhood) स्थापित कर रहे हैं। अगर शहर के किसी कोने में आग लग जाए, तो पल-भर में टेलिफ़ोन के द्वारा 'फ़ायर इंजन' बुलाया जा सकता है और आग बुझायी जा सकती है। बदमाशों के कारण कहीं लड़ाई-दंगा होने लगा, तो टेलिफ़ोन करके तुरंत पुलिस और फ़ौज को बुला सकते हैं।

वैज्ञानिक ढंग से अनाज, फल, फूल व तरकारी बहुत पैदा की जाती है। विज्ञान ही के कारण दियासलाई, सुई, कैंची, साबुन आदि वस्तुएँ बहुत सस्ती बिकती हैं। हर शहर में और सुदूर गाँवों तक में ये चीजें मिलती हैं। 'फोटो' भी विज्ञान की ही देन है। आजकल बिजली के लैम्प और पंखों का बहुत ही

अधिक व्यवहार होने लगा है। चाहे जितनी आँधी आए या पानी बरसे, बिजली का लैम्प जलता ही रहेगा। गरमी की ऋतु में बिजली का पंखा खोल लीजिए और रात-भर आनन्द से सोइये। पंखा-कूली रखने की अब कोई ज़रूरत नहीं।

डाक्टर लोग रोगियों का इलाज करते हैं। उनके औज़ारों के प्रयोग से आदमी की बीमारियाँ दूर हो जाती हैं। 'एक्सरे' की मदद से शरीर के भीतर की वस्तुएँ भी साफ़-साफ़ दीखती हैं। यह भी विज्ञान का काम है। छापाख़ानों में लाखों समाचार-पत्र और पुस्तकें प्रतिदिन छपती हैं। इनसे ज्ञान का प्रसार (dissemination) होता है। प्राचीन काल में यह बात न थी। पुस्तकें हाथ से लिखनी पड़ती थीं। इससे वे महँगी होती थीं। आजकल मुद्रणयंत्र की सहायता से हज़ारों प्रतियाँ छपती हैं। ये सभी विज्ञान की ही करामात हैं।

कुछ लोग कहते हैं कि विज्ञान के कारण हमारा जीवन, हमारी रहन-सहन कृत्रिम (artificial) हो गयी है। यह बात कुछ अंश तक ठीक है। पर विज्ञान का प्रयोग मानव जाति के कल्याण के लिए करें, तो विज्ञान पर कोई उँगली नहीं उठा सकता। लेकिन अफ़सोस की बात है कि आजकल दुनिया में विज्ञान का प्रयोग नाश के लिए भी किया जाता है। इसको बन्द कराने का उपाय सोचना चाहिए। आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कारों ने लोगों के सुख के कई साधन उपस्थित किये हैं। अतः मैं विज्ञान का पुजारी हूँ।

IX

आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कारों से हानि

वर्तमान युग में विज्ञान से मनुष्य को कई सुविधाएँ मिली हैं। हवाई जहाज, टैंक, मोटर, तार, रेडियो आदि विज्ञान से ही हमें मिले हैं। इन सुविधाओं के लिए हम वैज्ञानिकों की तारीफ़ करते हैं। पर इस चकाचौंध में हम यह नहीं देख पाते कि इस विज्ञान से हमारी कितनी बड़ी हानि हुई है। विज्ञान के कारण हमारा सर्वनाश हो रहा है।

विज्ञान-काल के पहले मनुष्य स्वस्थ और मज़बूत रहता था। वह अपने हाथ से काम करता था। उसको अच्छा घी और दूध मिला करता था। मगर आज क्या हो रहा है? विज्ञान की सहायता से नक़ली (कृत्रिम) घी बना है। कच्चे दूध से मक्खन निकाल दिया जाता है और लोगों को घटिया (skimmed) दूध पीने को मिलता है। आदमी ऐसा दूध पीकर कमज़ोर हो जाता है। पहले स्त्रियाँ घरों में आटा पीस लिया करती थीं, वे मेहनत करती थीं, जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहता था। लेकिन अब मशीन द्वारा आटा पीसा जाता है। स्त्रियों को परिश्रम करने की कोई ज़रूरत नहीं रही है। इसलिए वे हमेशा बीमार रहती हैं। मशीन में पिसने के कारण आटे के पौष्टिक तत्व नष्ट हो जाते हैं। उसकी रोटी खाने से हमारा स्वास्थ्य ख़राब हो जाता है।

रासायन-शास्त्र ने मनुष्य के लाभ के लिए क्रिमिनाशक गैसों का उपयोग सिखलाया है। लड़ाई के समय में इन्हीं विषैली

गैसों से लोगों का संहार किया जाता है। अर्थात् विज्ञान की सहायता से मनुष्यों की हत्या की जाती है। युद्ध के दिनों हवाई जहाज़ों द्वारा बम बरसाकर शहर नष्ट किये जाते हैं। पनडुब्बी और टारपीड़ों के प्रहार से बड़े-बड़े जहाज़ डुबो दिये जाते हैं। इन जहाज़ों में यात्रा करनेवाले सैकड़ों मनुष्य, स्त्रियाँ, बच्चे और बुड्ढे, जो बिलकुल निरपराध हैं, मर जाते हैं और करोड़ों रुपयों की हानि हो जाती है। 'टैंकों' द्वारा भी असंख्य लोग मारे जाते हैं। 'टैंक' विज्ञान का एक बिलकुल अनोखा आविष्कार है। इस 'टैंक' पर किसी चीज़ के प्रहार का असर नहीं होता। ऊबड़-खाबड़ (ऊँची-नीची) ज़मीन पर भी यह तेज़ी स चला जाता है। यह नये हथियारों से सुसज्जित रहता है। इसपर तोपें और मशीन-गनें लगी रहती हैं।

हमारे घरों में बिजली की बत्तियाँ रोशनी देती हैं। इस प्रकाश में पढ़ने और काम करने से हमारी आँखें कमज़ोर हो जाती हैं। इस बिजली के उपयोग में थोड़ी-सी असावधानी हो, तो हमारी जान ख़तरे में पड़ जाती है। विज्ञान से बेकारी भी बढ़ती है। उदाहरण के लिए कलों को ले लीजिये। एक कल (मशीन) एक दिन में उतना काम कर देती है, जितना एक सौ आदमी एक मास में भी नहीं कर सकते। इसका नतीजा यह होता है कि हज़ारों-लाखों आदमी बेकार हो जाते हैं और भूखों मरने लगते हैं। पहले हमारे देश में लोग चरखे पर कातते और जुलाहे करघे पर कपड़ा बुनते थे। कई लाख लोगों को इससे रोज़ी मिलती थी। पर आजकल मिलों में सूत काता जाता है

और कपड़ा बड़ी तादाद में बुना जाता है। इस मशीन के आविष्कार से मनुष्यों की एक बड़ी संख्या बेकार हो गयी है।

विज्ञान की उन्नति से हम आलसी बनते जा रहे हैं। हमारी काम करने की आदत छूट गयी है। कुएँ से पानी नहीं भर सकते। क्योंकि काम स्वयं न करने से हम कमज़ोर हो गये हैं। किसी दिन नल (पाइप) में पानी नहीं आता तो हम प्यास से तड़पने लगते हैं। अगर बिजली-घर से बिजली नहीं आती तो हम अंधेरे में बैठे रहते और बिजली की धार के आवे की राह देखते रहते हैं; हम इतने निकम्मे हो गये हैं। विज्ञान ने यह कमज़ोरी हममें पैदा की है। इन त्रुटियों के होते हुए भी कुछ लोग विज्ञान के गुण गाते हैं। वे क्यों ऐसा करते हैं, इनका कारण हम नहीं समझ सकते।

विचार करने से यह सिद्ध हो जाता है कि विज्ञान से मनुष्य-जाति को लाभ की अपेक्षा हानि अधिक पहुँची है। विज्ञान की बड़ी तरक़्क़ी पश्चिम में हुई है। हमारा देश विज्ञान के पीछे पागल नहीं रहा। हमारे पूर्वजों का ध्यान विज्ञन की ओर नहीं रहा। वे आध्यात्मिक उन्नति में अपना सारा ध्यान लगाते रहे। हमारे पूर्व पुरुषों ने शायद विज्ञान की हानियों को जानकर ही उसपर अपनी शक्ति नष्ट नहीं की होगी।

X

व्यायाम

काम न करने से स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता। जो आदमी स्वस्थ नहीं है, उसके जीवन को असफल ही समझना चाहिए।

बीमार आदमी का शरीर उसके लिए भार-रूप हो जाता है। हमारे देश में बहुत-से लोगों को अपनी रोटी के लिए सबेरे से शाम तक कठिन परिश्रम करना पड़ता है। वे खेत में या कारखाने में काम करते हैं। इस कारण इन मेहनती लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहता है। लेकिन इस संसार में ऐसे भी बहुत-से लोग हैं, जिन्हें सदा कुर्सी या गद्दी पर बैठे-बैठे काम करना पड़ता है। इस तरह हमेशा बैठे रहने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। इसलिए जो सदा बैठे-बैठे दिमागी काम करते हैं, उसके लिए व्यायाम की बड़ी आवश्यकता है।

व्यायाम करने से शरीर ठीक रहता है, मुख की कांति बढ़ती है और माथा चमकने लगता है। व्यायाम करने से फेफड़ों में शुद्ध हवा का अधिक प्रवेश होता है। इससे खून साफ़ होता है और पाचन-शक्ति बढ़ जाती है। कसरत करने से पसीना अच्छी तरह निकलता है, जिससे रोम-कूपों में मैल नहीं रहने पाता। रोम-कूपों के स्वच्छ रहने से बदन पर साफ़ हवा का असर पड़ता है। इस कारण खुजली, दाद आदि चर्मरोग नहीं होने पाते। व्यायाम करनेवालों का शरीर सब तरह की बीमारियों से बचा रहता है। शरीर की ढिलाई आदि बुढ़ापे के लक्षण दूर हो जाते हैं। व्यायाम करने से खट्टी, डकार और बदहज़मी-जैसी शिकायतें दूर हो जाती हैं। कच्चा, पक्का कैसा भी भोजन हो, पच जाता है। व्यायाम करने से बुद्धि तेज़ हो जाती है और विचार-शक्ति बढ़ती है। चित्त प्रसन्न होता है और इंद्रियां काम करने के लिए तैयार रहती हैं। कसरत

करने से वीरता का स्वभाव उत्पन्न होता है। व्यायाम न करने से शरीर में सुस्ती आ जाती है और बल घट जाता है। शरीर वादी से फूल जाता हैं। चलने-फिरने और उठने-बैठने में कष्ट होता है। काम करना बोझ-सा मालूम होता है और मुख सदा मलिन रहता है। व्यायाम से मुँह मोड़नेवाले रूपवान भी कुरूप हो जाते हैं।

फ़ुरती से चलना, दौड़ना, दंड-बैठक करना, तैरना, घोड़े पर सवारी और कुश्ती लड़ना, उत्तम व्यायाम हैं। इनसे सब अंगों पर ज़ोर पड़ता है। गाड़ी पर चढ़कर हवा खाने में केवल बैठे रहना पड़ता है। इससे व्यायाम का लाभ नहीं होता। जो लोग घोड़े पर नियमानुसार सवारी करते हैं, उनका शरीर फुर्तीला रहता है और टाँगें भी बलिष्ठ रहती हैं। मुद्गर (clubs) से हाथ के पुट्ठे मज़बूत होते हैं। कबड्डी खेलना भी अच्छा व्यायाम है। क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस आदि विलायती खेल भी हमारे देश में ज़ोर पकड़ रहे हैं। ये भी स्वास्थ्य के लिए अच्छे खेल हैं, परन्तु ख़र्चीले हैं। शाम और सबेरे व्यायाम करना अत्यंत उपयोगी है। खुले स्थान और साफ़ हवा में व्यायाम करने से स्वास्थ्य को अधिक लाभ होता है। बहुत-से लोग घर के कोने में व्यायाम करते हैं। वहाँ साफ़ हवा न होने से उनका व्यायाम करना और न करना दोनों बराबर हो जाते हैं। भोजन के बाद तुरन्त व्यायाम नहीं करना चाहिए। जो बचपन से बुढ़ापे तक नियमपूर्वक व्यायाम करते हुए अपना जीवन बिताते हैं, वे सचमुच स्वास्थ्य का सुख लूटते हैं।

प्राचीन काल में व्यायाम करना भारतवर्ष के पुरुषों और स्त्रियों का प्रधान कर्तव्य समझा जाता था। लेकिन आजकल हमारे देश के लोग व्यायाम पर अधिक ध्यान नहीं देते। इसलिए भारतवासी, चाहे स्त्री हों या पुरुष, कमज़ोर बनते जा रहे हैं। हिन्दुस्तानियों की सुस्ती और कमज़ोरी को भगाने का एकमात्र 'रामबाण' उपाय व्यायाम का प्रचार करना है। यह बड़ी खुशी की बात है कि स्कूल-कालेजों के अधिकारी लोग व्यायाम की आवश्यकता महसूस कर, कसरत व कवायद को लड़के-लड़कियों के लिए एक प्रकार से अनिवार्य बना रहे हैं। हमारे देश में व्यायाम का भविष्य उज्ज्वल मालूम होता है।

XI

विद्या-प्रचार से देशोन्नति

किसी देश अथवा राष्ट्र की उन्नति के कई साधन हो सकते हैं। परन्तु उनमें विद्या-प्रचार मुख्य है। आप यह पूछ सकते हैं कि पुराने ज़माने में जब शिक्षा का एक प्रकार से अभाव सा था, पुस्तकों का मिलना कठिन था, विद्यालयों का अच्छा बन्दोबस्त न था, तब क्या देश उन्नत नहीं था? उस समय अगर मुल्क उन्नत नहीं था, तो विदेशी लोग—जैसे सिकन्दर, मुहम्मद गोरी, नादिरशाह आदि—मुल्क को लूटने क्यों आये? क्या आगरा का ताजमहल, तंजाऊर का बृहदीश्वर मंदिर, मदुरै का तिरुमलै नायक महल आदि हमारे देश की उन्नति के साक्षी नहीं हैं? बाबर और सम्राट अकबर किस विश्वविद्यालय के 'ग्रेजुएट' थे, जिन्होंने भारत में मुग़ल राज्य स्थापित किया और उनकी नींव दृढ़

की ? देशोन्नति के लिए विद्या-प्रचार की ही नितांत आवश्यकता नहीं है। वरन् इसके लिए जरूरत है राजा और प्रजा में सद्भाव (good will) की। यदि राज-शक्ति यह चाहती है कि प्रजा में नागरिकता की भावना आ जाए, उसको सुख और समृद्धि प्राप्त हो, तो देश की उन्नति होने में देर नहीं लगती। अगर यह सद्भावना राजा के हृदय में न होती, तो देश कभी नहीं सुधरता। राजनैतिक परिस्थिति का अनुभव इसका प्रमाण है।

अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि विद्या-प्रचार देशोन्नति में कहाँ तक हाथ बँटाता है ? आख़िर देशोन्नति का मतलब क्या है ? क्या देशोन्नति का मतलब यही है कि देश में चारों ओर रेलों का जाल बिछा हो, सड़कों पर मोटरें दौड़ती हों, वायुयान आकाश में मंडराते हो, बड़े-बड़े कल-कारख़ानों की खटाखट मची हो, बिजली की चकाचौंध रात को भी दिन बनाये हो, विशाल सेना देश की रक्षा करती हो, एक ओर पूंजीपति ऐश-आराम में डूबे हों और दूसरी ओर ग़रीब मजदूर आधा पेट खाते हों, और शिक्षा का आदर्श केवल सरकारी नौकरी हो ? कोई देशोन्नति का यही मतलब लगाते हों, तो हम भारतीय दृष्टिकोण से यह कह सकते हैं कि यह कोई उन्नति नहीं है। जिस शिक्षा ने विद्वानों को विनम्रता नहीं प्रदान की, जिस शिक्षा ने दीन-मजदूरों तथा किसानों का खून चूसकर पूंजीपतियों को विलासिता में लगाया, जिस शिक्षा के आविष्कार रक्षक न होकर भक्षक साबित हुए, उस शिक्षा का कोई वास्तविक महत्व नहीं है।

इन सब बातों के होते हुए भी, इसमें कोई संदेह नहीं कि पढ़ा-लिखा आदमी अवश्य उन्नति कर सकता है। उदाहरण के लिये शहर और देहात को लीजिये। नगरवासी ग्रामवासियों की अपेक्षा अधिक शिक्षित होते हैं। वजह इसकी यह है कि शहर में गांव की अपेक्षा शिक्षा-प्राप्ति के साधन अधिक होते हैं। शिक्षा-संपन्न नागरिक नगर की उन्नति के लिए सामूहिक रूप-से (collectively) जैसे उद्योग करते हैं, वैसे ग्रामीण नहीं कर पाते। इसका एकमात्र कारण गांववालों में विद्या का अभाव ही है। विद्या से मनुष्य पूर्ण विकास प्राप्त करता है। विद्वान मनुष्य सब जगह पूजा जाता है। जो देश विद्या में उन्नत रहा है, वही इतिहास में अमर स्थान प्राप्त कर सका है। विद्या के प्रकाश से ही देश के अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर किया जा सकता है। जो देश विद्या मे सबसे आगे है वही राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में अग्रिम स्थान पा सकता है। अतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि विद्या-प्रचार से देशोन्नति होती है और विद्या का प्रचार करना प्रत्येक देशभक्त का परम कर्तव्य है।

XII
देशभक्ति

मनुष्य के हृदय की वह पवित्र भावना, जिसके कारण वह कोई बात अपनी जन्म-भूमि के हित के लिए करना चाहता है, देशभक्ति है। देशभक्ति बहुत ऊँचा भाव है। भक्त होना कोई साधारण बात नहीं हैं। माँ-बाप और गुरु का सच्चा

भक्त होना कठिन है, मगर उनसे भी कठिन है देश भक्त होना। देशभक्ति का स्थान सारी भक्तियों में ऊँचा है। जो अपने देश का भक्त नहीं, वह भगवान का भी भक्त नहीं हो सकता। हिन्दू-धर्म यह बताता है कि भगवान ने जब कभी जन्म लिया, अपनी मातृभूमि की भलाई के लिए सारे कष्टों का सामना किया। भगवान कृष्ण का जीवन इसका प्रमाण है। देश की भलाई के लिए उन्होंने महाभारत के युद्ध में भाग लिया और देश की भलाई के लिए ही चुन-चुनकर अत्याचार करनेवाले राजओं का नाश किया। कई लोगों ने देश के हित के लिए राजभक्ति को तिलांजलि दे दी, माता-पिता की आज्ञा को टाल दिया, गुरु के आदेश की अवहेलना कर दी।

राणा प्रतापसिंह ने अपनी मातृभूमि चित्तौड़ के लिए क्या-क्या कष्ट नहीं उठाये! राजपाट खोया, स्त्री और नन्हे-नन्हे बच्चों सहित वन-वन मारा-मारा फिरे, भूखों रहे, शीत और घाम सहे, बड़ी से बड़ी विपत्ति का सामना किया, किन्तु अकब्बर को सम्राट कहकर अपने देश की मान-मर्यादा को आँच न आने दी। यह देशभक्ति का सच्चा रूप है।

बूंदी नामक रियासत के एक वीर ने दूसरे राजपूत राजा की नौकरी की। उस राजा ने बूंदी पर चढ़ाई की, किन्तु हार गया। हारकर उसने शपथ खायी कि जब तक बूंदी के दुर्जय दुर्ग को अधीन न कर लूंगा, तब तक जल भी नहीं पिऊंगा। मंत्रियों ने उस असाध्य प्रतिज्ञा की पूर्ति के लिए उसी राज्य में एक नकली बूंदी का क़िला बनवाया, जिसे वे तोड़ सकें और इस

प्रकार राजा के प्राण की रक्षा करनी चाही। बूंदी के उस वीर सिपाही को यह मालूम होने की देर थी कि उस नक़ली क़िले के द्वार पर वह अपने अस्त्र-शस्त्र लेकर खड़ा हो गया। उसने कह दिया, "महाराज! इस नक़ली क़िले को भी आप बिना मुझसे युद्ध किये नहीं जीत सकते; बूंदी मेरी मातृभूमि है।"

भारतवर्ष का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा है। दूसरे देशों ने भी देशभक्ति के नाम पर असाधारण बलिदान किये हैं। रूस और जापान का युद्ध हो रहा था। जापान के सैकड़ों नौजवान अपने-अपने प्राण न्योछावर करने को उतावले थे। एक लड़का, जिसके ऊपर अपनी मां के पालन-पोषण का भार था, इस चिन्ता में था कि मैं लड़ाई की इस जलती हुई आग में अपने प्राणों की आहुति देश के लिए कैसे दूं? बूढ़ी मां को अपने बेटे की चिन्ता की बात मालूम हो गयी। बेटे को कुछ देर के लिए बाहर जाना था कि उसने आत्महत्या कर ली और बेटे के लिए यह लिखकर छोड़ दिया, 'पुत्र! देश के लिए तुम्हारे मरने में मैं रुकावट थी, इसलिए मैं तुम्हें मेरी चिता से मुक्त करती हूं' जाओ, देश के लिए मरो।" ये देशभक्ति के उदाहरण हैं, जो संसार के इतिहास में अमर रहेंगे। ये ही गाथाएँ कई देशभक्तों को जन्म देंगी।

प्राण देना देशभक्ति की कसौटी है, चाहे वह युद्ध में हो या और किसी प्रकार। जो देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर सकता है, वह बेशक सच्चा देशभक्त है। ऐसे

देशभक्त ही देश की शक्ति हैं। जिस देश में ऐसे भक्त नहीं वह अनाथ है।

किन्तु प्राणोत्सर्ग के अतिरिक्त और भी अनेक रूप हैं, जिनसे देशभक्ति के पवित्र व्रत का पालन किया जा सकता है। लड़ाइयां हमेशा नहीं होतीं। प्राण देने के अवसर नित्य नहीं आते। शांति की अवस्था में भी देशभक्ति की आवश्यकता होती है और उसकी परीक्षा हो सकती है। जो लोग देश के हित को सामने रखकर कविता करते हैं, व्याख्यान देते हैं कहानियाँ रचते हैं तथा अन्य अनेक प्रकार के ग्रंथरत्नों से देश की श्रीवृद्धि करते हैं, वे भी धन्य हैं। ऐसे साहित्य-सेवी देश के सच्चे भक्त हैं। रवीन्द्रनाथ ठाकुर, सुब्रह्मण्य भारती मैथिलीशरण गुप्त, गुरुजाड़ अप्पाराव आदि बड़े ऊँचे दर्जे के देशभक्त-कवि थे।

राजनैतिक और साहित्यिक बातों के अतिरिक्त जो लोग देश की धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक कमज़ोरियों को दूर करने का प्रयत्न करते हैं, वे भी देशभक्त हैं। महात्मा बुद्ध, महावीर, स्वामी शंकराचार्य, कबीर, नानक, स्वामी दयानन्द, राजा राममोहन राय, वीरेशलिंगम् पंतुलु आदि ऐसे ही देशभक्त थे।

सारांश यह है कि देशभक्त को देश की भलाई का ध्यान प्रत्येक क्षण रखना चाहिए। अपने प्रत्येक काम में यह ख्याल रहे कि उस काम से देश की हानि न हो। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, बूढ़ा हो या बालक,

ग़रीब हो या अमीर, देशभक्त बन सकता है। देशभक्ति मनुष्यता का चिह्न हैं। एक अंग्रेज कवि का कहना है, "क्या संसार में ऐसा भी कोई प्राणी साँस लेता है, जो यह नहीं कहता कि यह मेरी मातृभूमि है ?" देशभक्ति मनुष्य का आभूषण है। आधुनिक संसार में महात्मा गांधी देशभक्ति के ज्वलन्त दृष्टांत हैं। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू, लालबहादूर शास्त्री भी सच्चे देशभक्त रहे। भारत माता को ऐसे सपूतों पर बड़ा फ़ख्र है। देशभक्ति की जय !

XIII
मोटर-कार

मोटर-गाड़ियाँ कई प्रकार की होती हैं। उनमें दो से आठ लोग तक बैठ सकते हैं। 'बस' में तो चालीस-पचास लोग बैठ सकते हैं। एक समय था, जब भारतवर्ष में मोटरों का कहीं नाम न था। उन दिनों कुंभकोणम की महामखम-प्रदर्शन या राजमहेन्द्री की पुष्करम-प्रदर्शनी में ग्रामीणों ने बड़े कौतूहल के साथ मोटर को देखा था। परन्तु आजकल तो मोटर-गाड़ी गली-गली फिरती है। मद्रास में तो शहर-भर का कूड़ा इसीपर ढोया जाता है। सड़कों पर छिड़काव भी इसके द्वारा होता है। डाक और पार्सल भी इसके द्वारा ढोये जाते हैं।

मोटरों ने रेलों से ऐसी विकट प्रतियोगिता की कि रेलवे को विवश होकर किराया घटाना पड़ा था और भिन्न-भिन्न

अवधि के लिए कम किराये पर वापसी टिकट देने की सुविधा भी कर देनी पड़ी थी। आजकल समय ही धन माना जाता है और तीव्रगति तथा शीघ्रता आवश्यक मानी जाती है। मोटर से समय बचता है और शीघ्र एक जगह से दूसरी जगह आ-जा सकते हैं। डाक्टर, वकील, बड़े-बड़े उच्च पदाधिकारी, जो धन की अपेक्षा समय का अधिक मूल्य रखते हैं, एक प्रकार से 'मोटरकार' के बिना अपना काम ही नहीं चला सकते! इसकी उपयोगिता लड़ाई के मैदान में और भी अधिक होती है, जब कि एक सुरक्षित घेरे में बैठकर इसपर से सिपाही बौछार के समान गोलियाँ बरसाते हैं या घायल सैनिकों को उनकी जान निकल जाने के पहले अस्पताल पहुँचाकर उनका फ़ौरन इलाज कराने का इन्तज़ाम किया जाता है। किसी घर में आग लग जाती है, तो तुरंत 'फ़ायर ब्रिगेड़' वहाँ आ पहुँचता है और आग को बुझा देता है। 'फ़ायर एँजिन' भी एक तरह की मोटर-गाड़ी ही है। शहर के किसी मुहल्ले में दंगा हो जाए, तो मोटर शीघ्रतापूर्वक पुलिस के सिपाहियों को वहाँ पहुंचा देती है और दंगाइयों को दबा देती है। मोटर न हो, तो अशांति का दमन असंभव हो जाए। मोटर के उपकारों का वर्णन कहाँ तक किया जाए! यह तो एक प्रकार से दैवी विभूति-सी मालूम होती है।

जहाँ मोटर में अपार गुण हैं, वहाँ कुछ अवगुण भी हैं। क्योंकि विधाता के सृजन में कोई भी ऐसी वस्तु नहीं, जिसमें गुण और अवगुण दोनों का समावेश न हो। लोग कहते हैं कि स्वाति की बूंद केले पर पड़ने से कपूर और सीप में पड़ने से

अनमोल मोती बन जाती है। लेकिन वही बूंद एक सर्प के मुंह में पड़ जाए तो ज़हर होती है। मोटर में पहला दोष यह है कि वह क़ीमती होती है, जिससे आम जनता उसका लाभ नहीं उठा सकती। मोटर-दुर्घटना के कारण प्रतिवर्ष हज़ारों जानें चली जाती हैं। इन त्रुटियों के होने पर भी मोटर-गाड़ी लोकप्रिय हो रही है। मोटर के कारण मद्रास-जैसे बड़े शहरों में एक छोर से दूसरे छोर तक आना-जाना सुगम हो गया है।

XIV

पेशे का चुनाव

अपने जीवन के निर्वाह के लिए मनुष्य को कोई न कोई अवलम्ब ढूंढ़ना पड़ता है। यही अवलम्ब आगे चलकर पेशे के रूप में परिणत हो जाता है। इसका चुनाव मनुष्य अपनी रुचि और बुद्धि के अनुसार करता है। यह कैसे किया जाना चाहिए और इसका आदर्श क्या होना चाहिए, इसके संबंध में अभी कोई स्थिर मत नहीं है।

यों तो भिन्न-भिन्न रुचियों के कारण लोगों ने अनेक प्रकार के व्यवसाय चुने हैं। परन्तु कई लोगों का मत है कि व्यापार सबसे अच्छा है। व्यापार से आदमी अपनी रोटी ही नहीं कमा सकता है, अपितु मालामाल भी बन सकता है। संसार में व्यापारियों का महत्व बढ़ता जा रहा है। संगठित व्यापारी-मंडल सरकार पर असर डाल सकता है। लेकिन सब लोग व्यापारी नहीं बन सकते। सब लोग तिजारत करना शुरू कर दे, तो कौन किससे खरीदे ? कौन ग्राहक रहेगा और कौन

सौदागर? व्यापार का क्षेत्र संकुचित है। आजकल के पढ़े-लिखे लोग ज़्यादातर तीन पेशे पसन्द करते हैं और इन्हीं तीन व्यवसायों को प्रतिष्ठित मानते हैं। वे पेशे हैं—वकालत, डाक्टरी और इंजनीयरी। वकालत, शुरू करते ही बड़ा प्रलोभन हो जाता है। नया वकील समझने लगता है कि जैसे भी बने दुनिया की सारी दौलत अपने घर पहुँचा लेना चाहिए। साधारणतया वकील साहब की यह इच्छा रहती है कि छल से हो या कपट से, मुवक्किलों से पैसा ऐंठकर "बैंक" में जमा करें। वे झूठा मुक़द्दमा लेने से भी नहीं हिचकिचाते। वे झूठे मुकद्दमों को सत्य प्रमाणित करने का दुस्साहस करते हैं। हाँ, कुछ ऐसे भी वकील हैं, जो ईमानदारी के साथ अपना काम करते हैं। वे झूठा मुकद्दमा लेते ही नहीं। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू आदि हिन्दुस्तान के कई नेता पहले वकील ही थे। वे अपने पेशे के ज़रिये लोगों की सेवा करते थे। वकील को सच्चा बनना हमेशा वांछनीय है।

कुछ लोग डाक्टर बनना अधिक पसंद करते हैं। डाक्टर लोग दुखी और अभागे रोगियों की बड़ी सेवा कर सकते हैं। वे लोगों को सफ़ाई, स्वास्थ्यकर भोजन आदि विषयों पर उपदेश दे सकते हैं। वे सच्चे जनसेवक बन सकते हैं। पर अफ़सोस की बात है, अधिकांश लोग इसलिए डाक्टर बनना चाहते हैं कि पैसा खूब कमा सकें। वे रोगियों से पैसा लूटना चाहते हैं। खुद बड़े ठाठ-बाट से रहते हैं। धन के लोभी डाक्टरों से, जनसेवा होना तो दूर—वे जनता के भारस्वरूप बन जाते हैं। वे फ़ीस के बिना

लोगों से बोलते तक नहीं। ऐसे डाक्टरों से गरीबों को क्या फ़ायदा? डाक्टरी के बाद, शिक्षित लोग सरकारी नौकरी के पीछे दौड़ते हैं। क्योंकि सरकारी नौकरी में पेन्शन मिलने का प्रलोभन रहता है। लेकिन कुछ सरकारी नौकर जनता की भलाई की ओर ध्यान नहीं देते। वे सिर्फ़ अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। वे अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए सब कुछ करने को तैयार हो जाते हैं। वे ग़रीब जनता पर बड़ा बोझ बन जाते हैं। अलावा इसके, सबको सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती। कुछ लोग कृषि-कर्म को उत्तम पेशा बतलाते हैं। हमारा देश कृषि में पिछड़ा हुआ है। पृथ्वी की उर्वरा-शक्ति कम पड़ गयी है। हमारे देश में वैज्ञानिक ढंग से खेती करने के साधन पर्याप्त मात्रा में प्रस्तुत नहीं है। सब लोग खेती करने लगें, तो खेतों के टुकड़े-टुकड़े करने पड़ेंगे, जो देश के लिए हानिकारक है।

इस प्रकार ध्यानपूर्वक विचार करने से सिद्ध होता है कि वास्तव में जितने भी रोज़गार हैं, उन सबके निर्वहण में काफ़ी दिक्कतें हैं। कोई रोज़गार ऐसा नहीं है, जिसे मनुष्य सिर्फ़ अपने उद्योग और परिश्रम से कर सके। सबमें लगाने के लिए पहले तो धन चाहिए। यदि धन भी लगा दिया जाए, तो व्यापारिक स्पर्धा के कारण सफलता का कोई निश्चय नहीं है। हाँ, एक बात अवश्य है। सार्वजनिक सेवा का मार्ग सबके लिए खुला है। लोकसेवक को इस संसार में किसी वस्तु का अभाव न रहेगा। इसलिए देश के शिक्षित नौजवानों को सार्वजनिक सेवा का व्रत धारण कर लेना चाहिए। यही सबसे अच्छा पेशा

या व्यवसाय है। इस व्यवसाय में होड़ नहीं है। इसमें सहायता देनेवाले परमात्मा हैं। जो आदमी देश, जाति एवं राष्ट्र की सेवा का व्रत धारण करता है, वह सचमुच धन्य है। मेरी राय में देशसेवा करना अच्छा पेशा है। मैं अपनी पढ़ाई पूरी करके देशसेवा का व्रत धारण करूँगा।

XV
भारतवर्ष के लोग

भारतवर्ष एक ऐसा देश है, जिसमें प्रायः सभी जातियों के लोग पाये जाते हैं। अब तो रेल के हो जाने के कारण आये दिन देश-देशांतरों के लोग यहाँ दिखाई पड़ते हैं। इसकी दौलत से आकृष्ट होकर भिन्न-भिन्न देशों के निवासी यहाँ आते रहे हैं। इतिहासकारों का मत है कि यहाँ के आदिनिवासी द्राविड़ और आर्य भी मध्य एशिया से आकर यहाँ बसे थे। इसके बाद जब से इतिहास का पता लगता है, तब सिकंदर के साथ ग्रीक लोग यहाँ पर आये ; 'गुप्त-काल' में हूणों और सिथियनों से यहाँ पर पदार्पण किया ; दसवीं सदी में मुसलमान यहाँ आये ; सोलहवीं सदी में मुग़लों ने यहाँ अपना राज्य स्थापित किया ; पंद्रहवीं-सोलहवीं सदी में यूरोप के लोग भी आने लगे थे, जिनमें पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी और अंग्रेज़ उल्लेखनीय हैं। मुसलमानों के आने से पहले जितनी जातियाँ यहाँ पर आयीं वे सब हिन्दू धर्म में मिल गयीं।

भारत एक विशाल देश है। यहाँ पर कई प्रकार की जलवायु हैं। जलवायु का प्रभाव मनुष्य की आकृति और प्रकृति

पर पड़ता है। इसी कारण यहाँ के भिन्न-भिन्न प्रांतों के निवासी अपनी-अपनी चाल-ढाल अलग-अलग रखते हैं। उत्तर में काश्मीर और पंजाब के निवासी साधारणतया गोरे और बलिष्ठ होते हैं। इनमें छूआछूत का उतना विचार नहीं, जितना हमारे दक्षिण प्रांत में है। इनकी वेष-भूषा इस्लामी ढंग की है। इसका कारण यह है कि भारत पर जितने विदेशी आक्रमण हुए, वे सब उसकी राजधानी दिल्ली पर हुए। अतः उनका विशेष प्रभाव पड़ा। इस्लामी भाषा, इस्लामी संस्कृति, इस्लामी बोलचाल एवं इस्लामी फ़ैशन की पूरी छाप पंजाब पर लगी है। क्या हिन्दू, क्या मुसलमान, क्या स्त्री, क्या पुरुष—प्रायः सभी पायजामा पहनते हैं। मर्द बहुधा सिर पर साफ़ा बाँधते हैं।

भारत के पश्चिम में राजस्थान नामक राज्य है। यहाँ के लोग बड़े वीर और देश व धर्म पर आत्मोत्सर्ग करनेवाले होते हैं। पगड़ी बाँधने का यहाँ पर विशेष रिवाज है। यहाँ पर रेगिस्तान है। यहाँ पर इस्लामी प्रभाव कम पाया जाता है। पूरब के लोग 'बंगली' कहलाते हैं। ये लोग अपने सिर पर टोपी नहीं पहनते। ये बहुधा कोट, कमीज़ तथा बंगाली धोती पहनते हैं। पंजाब और बंगाल के बीच में उत्तर प्रदेश और बिहार हैं। यहाँ पर सब जातियों के लोग दिखाई पड़ते हैं। इसके कई कारण हैं। एक तो उत्तर प्रदेश में रेलों का जाल बिछा हुआ है। दूसरे, इस राज्य में प्रयाग, काशी, मथुरा, अयोध्या जैसे तीर्थ हैं, जहाँ की यात्रा करने के लिए अन्य राज्यों से यात्री आया करते हैं। पहाड़ी प्रदेशों में प्रायः पहाड़ियों या

खिपालियों का निवास है। ये लोग बड़े लड़ाकू होते हैं। सरकारी फ़ौज में ये लोग बड़ी तादाद में भर्ती किये जाते हैं।

पश्चिम में बंबई राज्य है। यहाँ महाराष्ट्र, कच्छी, गुजराती आदि कई जातियों के लोग रहते हैं। बंबई में बड़ा बन्दरगाह है। यह शहर तिजारत के लिए केन्द्र-स्थान है। दक्षिण-पूर्व में आन्ध्र और तमिलनाडु राज्य हैं। आन्ध्र खेती-बारी के लिए मशहूर है। तमिलनाडु में बड़े-बड़े मंदिर पाये जाते हैं। कर्नाटक राज्य उद्योग में बड़ी उन्नति कर रहा है। केरल में विद्या का बड़ा प्रसार हुआ है। दक्षिण में भी कई जातियों के लोग रहते हैं। लेकिन उन सबों की भावना प्रायः एक समान है। वे राष्ट्रीयता के सूत्र से बन्धे हुए हैं। बाहरी विभिन्नता के बीच लोगों में अन्दरूनी एकता पायी जाती है। उनकी संस्कृति में अधिक फ़र्क नहीं है। चाहे केरल के हों या आन्ध्र के, तमिलनाडु के हों या कर्नाटक के, सभी लोग अपने को भारतवासी समझते हैं तथा मिल-जुलकर मातृभूमि की भलाई के लिए तन, मन, धन से सेवा करना अपना कर्तव्य समझते हैं।

XVI

परोपकार

परोपरकार भी कैसा महत्वपूर्ण धर्म है। प्राणि-मात्र के जीवन का तो यह लक्ष्य होना चाहिए। यदि विचारपूर्वक देखा जाए, तो ज्ञात होगा कि प्रकृति के सारे कार्य परोपकार के लिए ही हैं। नदियाँ स्वयं अपना पानी नहीं पीतीं। पेड़ स्वयं अपने फल नहीं खाते। गुलाब का फूल स्वयं अपने लिए खुशबू

नहीं रखता। ये सब दूसरों के हित के लिए हैं। महात्मा गांधी-जैसे महात्माओं का मत है कि मनुष्य को परोपकार अवश्य करना चाहिए। परन्तु वह परोपकार निष्काम हो। यदि वह परोपकार किसी प्रत्युपकार की आशा से किया गया हो, तो उसका महत्व क्षीण हो जाता है।

भारत का प्राचीन इतिहास दया और परोपकार के उदाहरणों से परिपूर्ण है। राजा शिबि ने कपोत की रक्षा करने के लिए अपने प्राण तक देने का संकल्प कर लिया था। परोपकार का इससे बढ़कर ज्वलंत उदाहरण और कौन-सा मिल सकता है? परन्तु देखने में आता है कि उपकार के बदले उपकार करना तो दूर रहा, कुछ लोग अपकार कर देते हैं। ऐसे मनुष्यों की तुलना उन सर्पों और बिच्छुओं से की जा सकती है, जिनको आप दूध पिलाएँ, या डूबने से बचाएँ, तो उसके बदले वे आपको अवश्य काटेंगे। यद्यपि वे किसी बुरे मतलब से नहीं काटते और न काटने के पहले वे यह सोचते हैं कि हमारे इस आचरण से उपकारी की जान ख़तरे में पड़ जाएगी, परन्तु वे अपने क्रूर स्वभाव के कारण ही ऐसा करने के लिए विवश हैं। ठीक ऐसा ही हाल दुर्जनों का है। उनके साथ चाहे जैसी भी भलाई की जाए, परन्तु उसके बदले मे यदि बुराई न करें तो फिर वे दुर्जन ही कैसे?

उसके विरुद्ध संतों का स्वभाव देख लीजिये। उनके साथ चाहे लोग बुराई ही क्यों न करें, पर वे सदा भला करेंगे। आम के पेड़ को देख लीजिये। लोग नीचे से ढेला फेंककर

उसे मारते हैं। उसके बदले वह मीठे फल देता है। ईख को लोग कोल्हू में पेरते हैं। मगर इस अपकार के बदले वह मनुष्यों को मीठा रस देती है। चंदन की लकड़ी को लीजिये। लोग पत्थर पर घिसाकर उसे कितनी पीड़ा देते हैं! परंतु, उसके बदले में वह उनको सुगंध देती है। सोनें को लीजिये और उसकी दशा पर विचार कर देखिये, तो आपको मालूम होगा कि लोग अंगीठियों में उसे तपाते हैं; फिर वह हथौड़ों से पीटा जाता है और बड़ी निर्दयतापूर्वक काटा जाता है। फिर भी वह पुरुषों और रमणियों को अलंकृत करता है। कपास के पौधे को देखिये। मनुष्य के हित के लिए ही वह जाड़ा, गर्मी और बरसात के कष्टों को सहते हुए खड़ा रहता है। कुछ समय के बाद लोग उससे निर्दयतापूर्वक कपास को तोड़ लेते हैं, मिलों में पीसकर उसकी हड्डियाँ तक अलग कर देते हैं। फिर बड़े-बड़े पुतलीघरों में उसकी खाल खींचकर बारीक सूत बनाया जाता है। लेकिन इन सब कष्टों को सहकर भी कपास कपड़ा बनकर मनुष्य को लज्जा से बचाता है।

गाय को लीजिये और उसकी जीवनचर्या पर विचार कीजिये, तो आपको विदित होगा कि यह कितना परोपकारी पशु है। गाय जंगल में घास चरकर आदमी को अमृत के समान दूध देती है। अपने बछड़ों को मनुष्य की खेती के लिए छोड़ जाती है। मर जाने पर भी गाय अपना चमड़ा मनुष्यों की चरण सेवा करने के लिए—जूते के लिए—छोड़ जाती है।

हम भारतीय हैं। इसलिए हम भारतीय दृष्टिकोण से ही भिन्न-भिन्न विषयों पर विचार करते हैं। ऊपर के विचार बिलकुल भारतीय हैं। यूरोप या अमेरिका के लोगों के विचार कई बातों में हमारे विचारों से भिन्न होते हैं। एक बार एक अमेरिकन ने कहा था, "आदमी बड़ा उपकारी है। इसीसे वह गाय को पालता है। उसको चारा देता है। उसे जंगली खूँखार जानवरों के हमलो से बचाता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि उसका दूध दुहकर निकाल लेता है; नहीं तो उसके थन चर्राने लगेंगे और उसे बड़ा कष्ट होगा।" यह विदेशी दृष्टिकोण है। उसकी दलीलों को देखिये, परोपकार का कैसा सुन्दर उदहरण है! चाहे जो हो, परोपकार आदर्श गुण है। हमें परोपकारी बनना चाहिए।

मेला

XVII

मेले प्रायः देश की किसी महत्वपूर्ण घटना की स्मृति में लगते हैं। ये सामाजिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय संगठन में बड़ी सहायता देते हैं। इन अवसरों पर शिक्षित तथा अशिक्षित जनता के हृदयों पर अतीत घटनाओं की स्मृतियाँ अंकित हो जाती हैं। मेले कई प्रकार के होते हैं। कुछ तो ऐतिहासिक घटनाओं का स्मरण दिलाते हैं। कुछ धार्मिक होते हैं, जैसे पितृपक्ष अमावास्या पर रामेश्वरम मे सेतुस्नान, कुंभकोणम में माघस्नान या राजमहेन्द्री में गोदावरी-स्नान। कुछ मेले राष्ट्रीय होते हैं, जैसे 26 जनवरी का गणतंत्र-दिवस।

ऐतिहासिक मेले जीवन में राष्ट्रीयता की भावना जगाने में बड़े ही उपयोगी होते हैं। ये बड़े शिक्षाप्रद भी होते हैं। उदाहरण के लिए उत्तर भारत में रामलीला बड़ी धूमधाम से मनायी जाती हैं। लोगो को रामलीला देखकर अपने पूर्वजों के गौरव का ज्ञान होता है। रामलीला में राम की लंका-विजय, दुष्ट रावण का वध तथा सीता का छुटकारा आदि अभिनयों द्वारा दिखाये जाते हैं। अच्छे अभिनय का प्रभाव दर्शकों के दिल पर जल्दी पड़ता है और वह क़ायम भी रहता हैं। रामलीला में भारत का राज्य-त्याग देखकर कई मुक़द्दमेबाज़ों ने अदालत छोड़ दी। सीता का धैर्य देखकर आज भी कई स्त्रियाँ भीषण परिस्थिति में अपने सतीत्व की रक्षा करती हैं और अपने पति द्वारा परित्यक्ता होकर भी न्यायालय की शरण नही लेतीं।

धार्मिक मेलों का तो कहना ही क्या है! मेले के दिन चारों ओर से बच्चे, जवान, बूढे स्त्रियाँ सभी पवित्र तीर्थों में पहुँच जाते हैं। श्रद्धा-भक्ति के साथ सब लोग स्नान करते हैं। उस समय धार्मिक विषयों पर बड़े-बड़े विद्वानों के व्याख्यान भी होते हैं। ऐसे अवसरों पर तांगेवालों, कुलियों, पंडों और दूकानदारों की बन आती है। मजदूर लोग तीस पैसे के बदले पचास पैसे माँगने लगते हैं। टूटे-फटे तांगे के लिए तांगेवाले एक किलो मीटर के वास्ते एक रुपया गाड़ी-भाड़ा माँगते हैं। पंडा लोग मनमाना दक्षिणा माँगते हैं। दूकानदार नया चावल, आटा, चर्बी मिला हुआ घी आदि चीज़ें महँगा बेचते हैं।

यात्रियों को लाचार होकर ये ख़राब चीज़ें ख़रीदनी ही पड़ती है। हलवाई कच्ची पूड़ियाँ और कच्ची जलेबियाँ दिन-दहाड़े, हेल्थ-ऑफ़िसर की आँखों में धूल झोंककर बेच ही डालते हैं। बेचारे यात्री उन्हें न लें, तो जाएँ कहाँ? प्रयाग-जैसे तीर्थस्थानों में यात्री अपना सिर-मुंडन कराना धर्म-कार्य मानते हैं। उस समय नाई मनमाना मजदूरी माँगता है। उसे न चुकाने पर वह बाल नहीं बनाता। प्राचीन काल में तीर्थों पर धार्मिक-पुरुष व साधु-संत ही जाते थे। परंतु आजकल वहाँ गिरहकट लोग भी पहुँच जाते हैं। गिरहकट लोग सेवा-समिति और पुलिस की आँखों में धूल झोंककर अपना उल्लू सीधा करते हैं। इन त्रुटियों के होने पर भी धार्मिक मेले आस्तिक लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण-स्थान रखते हैं। राष्ट्रीय महासभा के मेले को देखकर प्रत्येक स्वतंत्रताभिमानी व्यक्ति के हृदय में राष्ट्रीयता एवं जातीयता के भाव लहराने लगते हैं।

मेलों के अवसर पर प्रायः दूर-दूर के लोग एक जगह एकत्रित होते हैं और आपस में विचार-विनिमय करते हैं। इससे उनका दृष्टिकोण बदल जाता है, प्रांतीयता और संकीर्णता नष्ट होती है और विश्वबंधुत्व के भावों की जागृति होती है। दूर-दूर तक यात्रा करने से अनेक प्रकार के अनुभव प्राप्त होते हैं, मानसिक दुर्बलता जाती रहती है और स्वावलंबन तथा दृढ़ता आ जाती है।

जहाँ मेलों से लाभ हैं, वहाँ हानियाँ भी हैं। एक तो मार्ग में अपार कष्ट होता है। जाड़े और गर्मी की भीषणता के

कारण बड़ी असुविधा होती है, और कभी-कभी तो ऐसे अवसरों पर संक्रामक रोगों का प्रकोप हो जाता है, जिससे अपार हानि होती है। अगर ज़रा-सी असावधानी की गयी, तो समझ लो कि गिरहकटों ने अपना हाथ साफ़ किया या बंडल ही रेल पर रह गया। इन त्रुटियों के होते हुए भी मेलों की उपयोगिता को कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। जो मेले समाज-सुधार की दृष्टि से लगते हैं, वे सर्वथा उत्तम होते हैं।

दक्षिण भारत में मेले प्रायः बड़े-बड़े मंदिरों में लगते हैं। उत्तर भारत में मेले प्रायः गंगा, यमुना के किनारे के तीर्थों पर अधिक लगते हैं, जैसे हरिद्वार, कानपुर, प्रयाग या बनारस में। गंगा-स्नान के बड़े-बड़े मेले होते हैं। यमुना के तट पर मथुरा और प्रयाग ही में जमघट रहता है। अयोध्या में 'रामनवमी' का बड़ा सुन्दर मेला लगता। मद्रास शहर में 'माशि-मखम' के मेले में हज़ारों लोग समुद्र में स्नान करते हैं। रात को भगवान का जुलूस निकलता है। यहाँ 'अरुपत्तु मूवर' उत्सव में बड़ा मेला लगता है। बड़ी भीड़ इकट्ठी होती है।

मेलों की बड़ी उपयोगिता है। यदि इनकी व्यवस्था सुचारू रूप से हो तो इनसे जनता को अधिक लाभ हो सकता है।

XVIII

भारत के साधु और फ़कीर

धर्मभूमि भारत में धर्म के नाम पर न जाने आजकल क्या क्या लीलाएँ होती हैं! पुराने ज़माने में साधु-सन्यासी भारत के गौरव-स्वरूप थे। सांसारिक झंझटों को छोड़कर अपने पवित्र

उपदेशों से संसार का उद्धार करते थे और समाज-सेवा के द्वारा मोक्ष-लाभ करते थे। समाज भी उनकी सेवा से अपने को धन्य मानता था। परन्तु आजकल के अधिकतर साधु सच्चे नहीं होते। उनमें से कई लोग धोखेबाज़ निकलते हैं। लोग उनके बाहरी वेष से धोखा खा जाते हैं।

आधुनिक साधु और फ़क़ीर हमारी बेवकूफ़ी के कारण फूलते-फलते हैं। उनकी मौज का महल हमारी मूर्खता की नींव पर खड़ा है। भारत के घरों में जहां एक ओर धर्म का शासन है, वहां दूसरी ओर अज्ञान का साम्राज्य क़ायम हुआ है। भारत की देवियां धर्म का सात्विक स्वरूप भूल रही हैं। दान-पुण्य हिन्दू जाति की सदा से विशेषता रहा है। परन्तु इस समय पात्र-विचार का ज्ञान जाता रहा है। हमारा हृदय शीघ्र ही पिघल जाता है और पात्र-अपात्र का ख्याल छोड़कर हम दान कर बैठते हैं। हमारी इस भूल से हमारे समाज का, हमारे देश का अहित हो रहा है। फिर भी हमारी आंखें नहीं खुलतीं। ऐसी धर्मान्धता अवांछनीय है। इसका समर्थन कोई समझदार नहीं कर सकता।

देवताओं के नाम पर माल उड़ा-उड़ाकर मस्त रहना और कुकर्म करना कहां की साधुता है? हम अज्ञानी बन गये हैं। हमारे दिमाग़ का दिवाला निकल गया है। किसी भी आकर्षक वस्तु को हम देवता मान बैठते हैं। कहते हैं, जब पहले-पहल हिन्दुस्तान में रेल-गाड़ी आयी, तब उसे देखकर कुछ लोग आश्चर्य-चकित हो गये और उसकी इंजिन की पूजा करने लगे।

हर कोई अपने अज्ञान के कारण कपटी वैरागियों के आगे अपना सिर नवाते हैं। महंत लोग भी एक प्रकार के साधु ही हैं। वे न विद्वान होते हैं, न पंडित। वे अन्ध-भक्तों के दान के कारण अमीर बनकर मौज उड़ाते हैं।

साधुओं और फकीरों का काम है कि लोगों को सही रास्ता बताएँ। लेकिन आजकल के साधु लोग खुद बुरे रास्ते में फँसे रहते हैं। वे साधारण लोगों को आध्यात्मिक शिक्षा कैसे दे सकते हैं? वे लोग आलसी बन गये हैं। आर्थिक दृष्टि से वे लोग देश के लिए भार-स्वरूप हैं। उनकी पूजा करने से हम पुण्य के भागी नहीं हो सकते। उनको भीख देने से हम देश की गरीबी को बढ़ाते हैं, सुस्त लोगों की संख्या बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसलिए आजकल के साधु और फ़कीर देश के लिए श्रेयस्कर नहीं हैं।

XIX

आधुनिक आविष्कार

विज्ञान कैसी अपूर्व विद्या है! विज्ञान के प्रभाव को देखकर मनुष्य अवाक् रह जाता है। विज्ञान के कारण प्राकृतिक शक्तियाँ मनुष्य की आज्ञाकारी सेविकाएँ बन जाती हैं। एक तरह से हम लोग आधुनिक विज्ञान के गुलाम हो रहे हैं। आप चाहें तो वायुयान के द्वारा आकाश में विचरण कीजिये या जहाज़ के द्वारा गहरे समुद्र को पार करके सुदूर अमेरिका की सैर कीजिये। जहाज़ों में आपको अपने घर का-सा आनंद प्राप्त होगा। अपने सोने के कमरे में बिजली के पंखे और प्रकाश का

सुख अनुभव कीजिये। सवेरे उठते ही बेतार के तार द्वारा प्राप्त समस्त देशों का हाल समाचार-पत्रों में पढ़ लीजिये, या जी चाहे तो रेडियो के पास बैठिये और लंदन या वाशिंगटन के प्रसिद्ध नेताओं के भाषण सुनिये।

आधुनिक आविष्कारों ने हमारे जीवन को कितना सुखमय बना रखा है। रेल भी विज्ञान की उपज है। रेलें न होतीं, तो विजयवाड़ा से मद्रास, एक ही रात में, चंद रुपये के ख़र्च में, इतनी सुरक्षा और सुविधा के साथ कैसे पहुँच सकते हैं?

आज से छः सौ बरस पहले जिस चित्तौर के गढ़ को तोड़ने के लिए अलाउद्दीन ने जी तोड़ प्रयास किया था, उसे आज एक मामूली सिपाही थोड़े-से विस्फोटक पदार्थ के द्वारा तोड़ सकता है। किसी समय गहरे कुएँ में गिरे हुए किसी आदमी या जानवर को निकालना कठिन था। लेकिन आज 'डाइविंग बेल्ट' के द्वारा गहरे पानी से भी छोटी-छोटी चीज़ों को निकाल लाना कुछ कठिन न रह गया। दिल्ली के कुतुबमीनार पर चढ़ने में जवान आदमी भी हांफने लगते हैं। पर यदि उसमें आज एक 'लिफ़्ट' लगा दिया जाए, तो उसकी चोटी तक बुड्ढ़े भी पहुँच सकेंगे। पाँच मन से अधिक बोझा उठाना मानवी शक्ति से बाहर है। उसे उठाकर किसी ऊँचे स्थान पर ले जाना तो और भी कठिन है। परंतु आज 'क्रेन' के द्वारा सैकड़ों टन माल, पल-भर में उठाकर जहाज़ पर लाद दिया जाता है।

वैज्ञानिक ढंग की खेती से पैदावार बेहद बढ़ जाती है। विज्ञान के कारण शिक्षा का प्रसार सुगम हो गया है। पाठ्य-

पुस्तकें लाखों की तादाद में छापाखानों में छापी जाती हैं और विद्यार्थियों के पास पहुँचायी जाती हैं। पुराने ज़माने में यह बात न थी। विज्ञान के द्वारा ही 'फ़ोटो' का उदय हुआ। अब ग़रीब आदमी भी भगवान रामचन्द्र, ईसा मसीह, महात्मा गांधी आदि महानुभावों के चित्र दूकानों में ख़रीदकर अपने को भाग्यवान समझता है। ग्रामफ़ोन, तथा रेड़ियो के कारण संगीत का मज़ा मध्यम वर्ग के लोग भी लूट सकते हैं। अब किसी भी अधिवेशन में जनता को बार-बार यह नहीं कहना पड़ता कि 'ज़ोर से बोलिये! ज़ोर से बोलिये!' 'लाउड़ स्पीकर' द्वारा मंच से तीन-चार सौ गज़ की दूरी पर बैठा हुआ प्रतिनिधि भी वक्ता के व्याख्यान को भली-भाँति सुन सकता है।

अब इस वैज्ञानिक युग में आग से डरने की ज़रूरत नहीं है। आग अब मकानों को भस्म नहीं कर सकती। कहीं आग लगते ही 'फ़यर ब्रिग्रेड' आ पहुँचता है और आग के घमंड को चकनाचूर कर डालता है। आजकल मिलों में कैसे उत्तम वस्त्र तैयार होते हैं! प्राचीन काल में लोग वल्कल या मोटे कपड़े पहनते थे। महीन कपड़े वहुत महंगे पड़ते थे। विज्ञान के कारण दूर की चीज़ों को देखना भी आसान हो गया है। दूरबीन विज्ञान का बच्चा है! न मालूम विज्ञान और क्या-क्या कर दिखाएँ!

सारांश यह कि आजकल वैज्ञानिक उन्नति ने संसार में नया युग उपस्थित कर दिया है। छोटे से लेकर बड़े तक सभी उसका सुख अनुभव कर सकते हैं। ज्यों-ज्यों विज्ञान की उन्नति होती जाएगी, त्यों-त्यों देश की सभ्यता बढ़ती जाएगी।

XX

यात्री बनो

प्रिय भाई, तुम सफ़र करो, घर से यात्रा पर निकल पड़ो! तुम खूब भ्रमण करो, तो इसका तुमको प्रतिफल मिलेगा। बेशक ज़िंदगी का मज़ा यात्रा के कष्ट उठाने में ही है। यह कहावत मशहूर है, "को विदेशः पंडितानाम् ?" सच है, विद्वान के लिए कोई जगह परायी नहीं। इसलिए मेरी अर्ज़ है कि तुम अभी सारे देश के भ्रमणार्थ चल पड़ो।

पानी गंदला होता है, एक ही जगह रुके रहने के कारण। अगर वह बहता रहे, तो स्वच्छ रहता है। चाँद को देखिये। वह एक जगह को छोड़कर दूसरी जगह न जाता, छिप न जाता और दुनिया का चक्कर न काटता, तो लोग उत्सुकतापूर्वक उसे दूज के दिन देखने को इतने उतावले न होते। संसार के करोड़ों लोग चंद्र-दर्शन की प्रतीक्षा करते हैं। इसलिए कहता हूँ यात्रा करो, यात्रा से बड़ा लाभ है। दो-तीन उदाहरण पेश करूँ:—

शेर जब तक अपना अड्डा छोड़कर दूर जंगल में नहीं चला जाता, उसे बढ़िया शिकार नहीं मिलता। तीर जब तक धनुष को छोड़कर अलग नहीं हो जाता, वह अपने निशाने पर नहीं पहुँचता। सोना वर्षों तक मिट्टी बने हुए खदान में पड़ा ही रहता है और लकड़ी पेड़ों में निरी लकड़ी ही बनी लटकती रहती है। ये जब अपनी जगह को छोड़ देते हैं, तब इन्हें इज़्ज़त मिलती है, और ऊँचा स्थान मिलता है।

अगर तुम संसार में आदरणीय स्थान प्राप्त करना चाहते हो, इज्ज़त-आबरू के साथ रहना चाहते हो तो अपने 'मिशन' के प्रचारार्थ यात्री बनो। भगवान बुद्ध और उनके अनुचर भिक्षु—राजपाट, सुख-सौभाग्य और संसार की मोह-ममता छोड़ 'बहुजन-हिताय' यात्री बने थे। तुम भी अपने आदर्शों के प्रचारार्थ यात्री बनो।

XXI

विद्युतशक्ति का आश्चर्यजनक प्रभाव

विद्युत्शक्ति ने आजकल संसार में युगांतर उपस्थित कर दिया है। विद्युत्शक्ति के द्वारा पहले-पहल 18-वीं शताब्दी में तार चलाया गया। 'टेलिग्राम' द्वारा पृथ्वी-मंडल पर और 'केबिलग्राम' द्वारा समुद्र पर से सुदूर देशों में समाचार भेजे जाते हैं। अब तो भारत से आस्ट्रेलिया और अमेरिका तक चन्द घण्टों में समाचार भेजे जा सकते हैं।

तार के बाद फिर 'टेलीफ़ोन' का नंबर आता है। इसके द्वारा हम, पतले तार की सहायता से, बहुत दूर तक बातचीत कर सकते हैं। टेलीफ़ोन यंत्र का आविष्कार सन् 1876 में ग्राहमबेल महोदय ने किया था। परंतु अब यह जन-साधारण के काम की वस्तु हो गयी है। व्यापारियों के लिए यह बड़े काम की चीज़ है। इसके द्वारा आप पुलिस स्टेशन को तुरन्त किसी भीषण क्रांति की सूचना दे सकते हैं। अग्निकांड उपस्थित होने पर आप तत्काल 'फ़ायर ब्रिगेड' को बुला सकते हैं। डाकुओं के भय का निराकरण मिनिटों में

पुलिस को बुलाकर कर सकते हैं। मरणासन्न व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा तत्काल अस्पताल से डाक्टर को बुलाकर कर सकते हैं। बंबई या कलकत्ता या मद्रास के बाज़ार का भाव मिनटों में मँगाकर, अपना माल बेचकर लाभ उठा सकते हैं। टेलीफ़ोन के न जानें कितनें गुण हैं, उनका वर्णन कहाँ तक किया जाए!

इसके बाद बिजली से चलनेवाली ट्राम और रेलगाड़ियों का विचार कीजिये। बिजली से चलनेंवाली ट्राम-गाड़ी का श्रीगणेश विलायत में सन् 1883 में हुआ था। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में इसका बड़ा प्रचार है। इसमें अल्पव्यय से सुविधापूर्वक अधिक यात्रा की जा सकती है। विद्युत से चलनेंवाली ट्राम और रेल आम जनता के काम की चीज़ें हैं।

बेतार का तार विद्युत्शक्ति की उन्नति की चरम सीमा है। इसका प्रारंभ सन् 1889 में मार्कोनी महोदय ने किया था। इसने संसार को बड़ी सुविधाएँ दे रखी हैं। इसके द्वारा दूर देशों की भिन्न-भिन्न दिशाओं में जानेवाले जहाज़ों के कप्तान परस्पर बातचीत कर सकते हैं और दुर्घटना के समय अपनी सहायता के लिए एक दूसरे को बुला सकते हैं। इसकी सहायता से यूरोप और अमेरिका की किसी महत्वपूर्ण घटना का समाचार आधे घंटे के अंदर भारतवर्ष में पहुँच सकता है।

इसके बाद रेडियो का स्थन है। यह बिना तार के टेलीफ़ोन की उन्नत अवस्था है। इसके द्वारा हम विलायत के पार्लिमेंट के भाषण घर बैठे सुन सकते हैं। बिजली के पंखे,

'कुकर' और बिजली का प्रकाश विद्युत्शक्ति की देन हैं। ये तो हमारे दैनिक जीवन के अंग बन गये हैं।

अंत में एक्सरे का स्थान है। इसने चिकित्सा-शास्त्र के उपयोग को और भी बढ़ा दिया है। इसकी खोज एक जर्मन डाक्टर ने सन् 1898 में की थी। इसमें शरीर के अन्दर प्रकाश डालने की विशेष शक्ति है, जिनके द्वारा चिकित्सक लोग शरीर के भीतर के अंग-प्रत्यंग देख लेते हैं। इससे टूटी हुई हड्डी और शरीर में धँसी गोली और छरों का तुरंत पता लग जाता है, जो शस्त्रप्रयोग करके तुरंत निकाले जा सकते हैं। रोग-निदान में इसके द्वारा बड़ी सुविधा हो गयी है।

अन्त में यह कहना अयुक्त न होगा कि यदि विद्युत का इसी प्रकार उपयोग बढ़ता गया, वो एक दिन वह भी आएगा, जब हमारे देश में भी गृहस्थी के छोटे से छोटे काम इसीके द्वारा सपन्न किये जाएँगे।

XXII
स्त्री-शिक्षा

शारीरिक, मानसिक और नैतिक शक्तियों को विकसित करने को शिक्षा कहते हैं। पुरुषों की इन शक्तियों का विकास जिस प्रकार शिक्षा से किया जाता है, उसी प्रकार स्त्रियों की भी इन शक्तियों का विकास करना स्त्री-शिक्षा है।

स्त्रियों का स्वत्व—सब प्रकार से शिक्षित होने का हक़, जैसे पुरुषों का है वैसे ही स्त्रियों का भी है। वे शक्तियाँ जो शिक्षा से बढ़ायी जा सकती हैं, ईश्वर ने पुरुषों को जैसी दी है

वैसे ही स्त्रियों को भी। इसलिए दोनों का शिक्षित होना परम आवश्यक है। स्त्रियों को शिक्षित बनाना उनके प्राकृतिक तथा ईश्वरीय अधिकार उन्हें देना है। उन अधिकारों को पाकर वे अपने जीवन के बहुत-से अंशों को आनन्दमय बना सकती हैं। उनके कार्य भले ही भिन्न हो, पर जो पुरुषों के जीवन के उद्देश्य हैं, वे ही स्त्रियों के भी हैं। पुरुषों को शिक्षित होकर अपने कर्तव्य को पूर्ण करने का मौक़ा जैसे मिलता है, वैसे ही स्त्रियों को भी शिक्षित होकर अपने कर्तव्य को पूर्ण करने का मौक़ा क्यों न दिया जाय? क्योंकि स्त्री-पुरुष दोनों ईश्वरीय इच्छाओं को पूर्ण करने ही के लिए इस संसार में भेजे गये हैं। स्त्रियां विना शिक्षा के अपने जीवन को संपूर्ण नहीं बना सकतीं।

मतभेद—स्त्री-शिक्षा के संबंध में भिन्न मत रखनेवालों के दो दल हैं। एक दल कहता है, स्त्रियों को शिक्षा देने से बड़ी-बड़ी ख़राबियां होती हैं। वे पढ़-लिखकर स्वतंत्र और घमंडी हो जाती हैं, वे अपना धर्म छोड़ देती हैं और अपने चरित्र को सुरक्षित नहीं रख सकतीं। वे यह नहीं समझतीं कि हमारा क्या कर्तव्य है और क्या अधिकार है। बल्कि वे चाहती हैं कि हम सब प्रकार से पुरुषों से बढ़ जाएँ और जैसे चाहे उन्हें नचाया करें, इत्यादि। दूसरा दल कहता है कि जब तक स्त्रियां शिक्षित न होंगी तब तक कोई सांसारिक कार्य ठीक हो ही नहीं सकता। जब स्त्रियां शिक्षित हो जाएँगी तभी ईश्वरीय इच्छाओं तथा उनके उद्देश्यों को भली-भांति समझ सकती हैं। वे अपने कर्तव्यों का पालन भली-भांति सदिच्छाओं और सत्य-संकल्पों से

कर सकती है, जब कि वे शिक्षित होंगी। स्त्रियाँ पुरुषों की प्रधान सहायिकाएँ हैं। जब तक वे अपढ़ रहेंगी, तब तक पुरुषों की वे कुछ भी सहायता नहीं कर सकतीं।

मतभेद पर विचार—शिक्षा का मतलब चरित्र बिगाड़ना नहीं, धर्म छुड़ाना नहीं, और घमंड़ी बनाना नहीं ; बल्कि इसके विपरीत शिक्षा का मतलब चरित्रवान, धर्मात्मा और नम्र बनाना है। जिस शिक्षा से चरित्र बिगड़ जाता है, उसे सुशिक्षा नहीं, कुशिक्षा कहनी चाहिए। चरित्र बिगड़ना, धर्म का नष्ट होना कुशिक्षा पर निर्भर है, कुसंग और कुविचार पर निर्भर है और समाज के दुर्विचारों पर निर्भर है। स्त्रियों के चरित्रहीन होने के कारण पुरुषों की स्वार्थान्धता, असद् विचार और असत्कार्य हैं। पुरुषों के सुचरित्र होने से स्त्रियाँ कभी कुचरित्र नहीं हो सकतीं।

स्त्री-शिक्षा से लाभ—स्त्रियाँ अपने परिवार के सभी सदस्यों को बहुत प्रभावित कर सकती हैं। यदि वे माता के रूप मे रहती हैं, तो अपने बच्चों को सुशील बना सकती हैं। यदि वे बहनें हैं, तो अपने छोटे भाइयों को अच्छी नसीहतें दे सकती हैं और यदि पत्नी के रूप में हैं, तो अपने पति को सुमार्ग में ले जा सकती हैं। जब उनका ऐसा प्रभाव है, तो वे अपने परिवार में वह काम कर सकती हैं, जिससे बहुत कुछ भलाई हो सकती है। उस परिवार की भलाई से समाज की भलाई हो सकती है। इन सब बातों के लिए बड़ी आवश्यकता है कि वे सुशिक्षित हों। उनके सुशिक्षित होने से ही उनकी बहुत कुछ भलाई हो सकती है, उनके आदर्श और चरित्र सब

उच्च हो सकते हैं। उनके उच्च चरित्र से उनकी संतानें भी वैसे हो सकती हैं। स्त्रियों के सुशिक्षित होने से संसार सोने का-सा हो सकता है।

उपसंहार—स्त्री और पुरुष के बल और बुद्धि का विचार करके उनको थोड़ी बहुत शिक्षा देनी चाहिए, पर शिक्षा ज़रूर देनी चाहिए। ईश्वर ने पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों को बुद्धि कम नहीं दी है। समझने की शक्ति दोनों में है। इस शक्ति का विकास करने के लिए स्त्रियों को भी मौक़ा देना चाहिए। दोनों की समझ में थोड़ा-सा फ़रक है। इसका कारण यह है कि दोनों के स्थान दो प्रकार के हैं। स्त्रियाँ केवल गृह-कार्य में रहने के कारण पुरुषों का सामना नहीं कर सकतीं। यही दोनों में अधिक और कम समझने का कारण है। स्त्रियों को उचित रूप से शिक्षित करने की आवश्यकता है। यह हम भली-भाँति समझते हैं कि उन्हें फ़ैशनबुल बनाना ठीक नहीं। पर उन्हें ऐसी शिक्षा देनी चाहिए, जिससे वे परिवार को सुखमय बना सकें। यदि वे इस प्रकार शिक्षित हों, तो वे अपने गृह-कार्य में चतुर होंगी। उनके लड़के उनसे नम्रता, आज्ञा-पालन, कर्तव्य-निष्ठा तथा अन्यान्य गुण सीखेंगे। स्त्रियाँ यदि शिक्षित होंगी तो अधिक भूलें न करेंगी; करने पर भी लज्जित होंगी और उनका सार्वजनिक विचार बढ़ जाएगा। शिक्षित स्त्रियाँ फ़ुरसत के समय समाज-सेवा कर सकती हैं, ग़रीबों के मुहल्लों में जाकर सफ़ाई-स्वच्छता सिखा सकती हैं और अपना काम खुद करके स्वावलंबन का उदाहरण पेश कर सकती हैं। विदुषी

स्त्रियाँ समाज के भूषण हैं। यह खुशी की बात है कि हमारे देश में अब स्त्री-शिक्षा बढ़ रही है।

XXIII

डाक्टर

डाक्टर समाज का मददगार है। उसका काम बड़ी ज़िम्मेदारी का होता है। डाक्टरी का पेशा उत्तम होता है। डाक्टरी का पेशा पैसा कमाने का भी अच्छा ज़रिया है। लेकिन इस काम के लिए बड़ी होशियारी की ज़रूरत है।

प्रमाणित (certified) डाक्टर वही हो सकता है, जो किसी विश्वविद्यालय में छः साल तक पढ़कर एम.बी.बी.एस., की सनद हासिल कर चुका हो। मद्रास शहर में डाक्टरों के वास्ते दो कालेज हैं। वहाँ पश्चिमी वैद्यशास्त्र की पढ़ाई होती है। अंग्रेज़ों के आने के पहले हमारे देश में आयुर्वेद और यूनानी वैद्य शास्त्र का प्रचलन था। तमिलनाडु में, 'सिद्धवैद्य' लोकप्रिय था। आयुर्वेद पद्धति के अनुसार चिकित्सा करनेवालों को 'वैद्य' कहते हैं और यूनानी ढंग से इलाज करनेवालों को 'हकीम' कहते हैं। ये दोनों तरीक़े भी कई बीमारियों के लिए असरदार पाये गये हैं। कुछ लोगों का कहना है कि आयुर्वेद का तरीक़ा सबसे अच्छा है। इसके लिए मद्रास में एक सरकारी आयुर्वेद पाठशाला है, जिसमें तमिलनाडु–भर से कई विद्यार्थी पढ़ने आते हैं।

वैद्य या डाक्टर को अपने काम में बड़ा होशियार रहना चाहिए। उदार, सब्र करनेवाला, मेहरबान और मिलनसार डाक्टर ही सर्व प्रिय हो सकता है। उनको कभी गुस्सा नहीं करना

चाहिए। सिर्फ़ 'फ़ी' (शुल्क) पर उसका ध्यान नहीं रहना चाहिए। ग़रीबों पर ज़्यादा मेहरबानी दिखानी चाहिए।

डाक्टर रोगियों का दुख दूर करता है और उन्हें आराम पहुँचाता हैं। इसलिए लोग उसको अपना दोस्त, रक्षक और सहायक मानते हैं। भारत में कई डाक्टर ग़रीब किसानों को मुफ़्त दवाएँ देते हैं और उनको साफ़-सुथरा रहने का उपदेश देते हैं। मैं भी डाक्टर की डिग्री पाकर किसी देहात में बसना चाहता हूँ, जिससे कि मैं गाँववालों की सेवा कर सकूँ।

XXIV
वकील

समाज में वकील का बड़ा स्थान है। कुछ वकील अपने पेशे से मालामाल हो जाते हैं। तेज़ अक़्लवाले ही सफल वकील बन सकते हैं। वकील लोग कुछ निश्चित रक़म के लिए अदालत में अपने मुवक्किलों का मुक़द्दमा पेश करते हैं। इस तरह मुल्क में इन्साफ़ को क़ायम करने के लिए वे ज़िम्मेदार होते हैं। आम तौर पर वकील ही आगे चलकर न्यायाधीश नियुक्त होते हैं।

बुद्धिमान, मेहनती और मिलनसार वकील ही अपने पेशे में कामयाब होते हैं। वकील को अपने मुवक्किल का मामला इस खूबी के साथ जज साहब के सामने रखना चाहिए कि जज पर उसका पूरा असर पड़े और फ़ैसला उसका मुवक्किलक के पक्ष में सुनाएँ। उसकी दलीलें अकाट्य होनी चाहिए। प्रखर बुद्धिवाले व्यक्ति ही नामी वकील बन सकते हैं। मन्द बुद्धिवालों को इस धंधे में कोई जगह नहीं है।

कुछ वकील मुक़द्दमा तैयार करने में सिद्धहस्त होते हैं, तो कुछ लोग दलील पेश करने में। कुछ वकील फ़ौजदारी मामलों में नाम पाते हैं तो कुछ दीवानी मामलों में। चाहे जो हो, वकील में अपनी बातें साफ़ और असरदार ढंग से समझाने की शक्ति होनी चाहिए।

हमारे देश के कई नेता लोग पहले वकील रह चुके हैं। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्री टंगुटूरि प्रकाशम, श्री राजगोपालाचारी आदि हमारे पूज्य नेता राष्ट्रीय सेवा में आने के पहले वकालत ही करते थे। इसलिए यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि वकील लोग देश का नेतृत्व करने और सरकार का संचालन करने में बड़े क़ाबिल होते हैं।

XXV

सदाचार और नीति

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज व्यक्ति से बनता है समाज की भलाई के लिए मनुष्य को कुछ सामाजिक नियमों का पालन करना पड़ता है। समाज की शृंखला को दृढ़ करने के लिए मनुष्य को सामाजिक रीति-नीति, रस्म-रिवाज का पालन करना आवश्यक हो जाता है। समाज के हित के लिए हर एक शख्स को अपने कई हितों और इच्छाओं की आहुति दे देनी होती है। समाज को क़ायम रखने के लिए, समाज के प्रत्येक नर-नारी को—चाहे वह ग़रीब हो या अमीर— बलिदान का पुनीत मंत्र सीखना पड़ता है। अगर समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वेच्छाचारी हो जाए, तो हर एक आदमी की बड़ी बुरी

हालत हो जाएगी। आप ज़रा सोचिय कि यदि पुत्र पिता की आज्ञा न माने, स्त्री अपने पति का सहयोग न करे, नौकर मालिक को मारने दौड़े, धोबी कपड़ा ले जाकर धोखा दे, तो समाज की क्या दशा होगी!

बात यह है कि बिना नीति और सदाचार के हमारा जीवन नारकीय हो जाएगा, समाज की कड़ियाँ छिन्न-भिन्न हो जाएँगी और प्रत्येक मनुष्य को अतीव कष्ट उठाना पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक दृढ़ सुव्यवस्थित समाज में कुछ ऐसे नियम होते हैं, जिनके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को आचारण करना पड़ता है। इन नियमों का निर्माण सदाचार और नीति के आधार पर होता है।

सच पूछिये, तो सदाचार का आधार नीति ही है। एक उदाहरण लीजिये। मान लीजिये कि हमारे पास इस वक्त खाने के लिए कुछ भी नहीं है, और हमारे पड़ोसी के भंडार में खाने के सामान खूब भरे पड़े हैं, तो क्या हमें हक़ है कि बिना माँगे हम अपने पडोसी के खाने के सामान ले लें? आप कहेंगे कि भूख लगी है, तो ले लेने में कोई हानि नहीं है। लेकिन हमारे पड़ोसी का सामान लेने का हमें कोई अधिकार नहीं है। उसने खून-पसीना एक करके धन कमाया है। हम अपनी भूल से और सुस्ती के कारण आज खाने को मुहताज हैं। नीति तो यही कहती है कि प्रत्येक मनुष्य को अपनी गाढ़ी कमाई का उपयोग करने का हक़ है और किसीका यह धर्म नहीं है कि उससे उसकी गाढ़ी कमाई चुराये या छीन ले। इसलिए मनुष्य ने

इसी नीति के आधार पर सदाचार का यह नियम बनाया कि मनुष्य को चोरी करना या डाका डालना नहीं चाहिए। इसी प्रकार सत्य बोलना, नम्रता का व्यवहार, अपने पड़ोसी के साथ शिष्टता का व्यवहार करना, किसीको गाली-गलौज न देना, किसीका कोई सामान बिना माँगे न लेना आदि सदाचार के मुख्य-मुख्य नियम बने हैं। इन नियमों का पालन करना नैतिक बुद्धि पर अवलंबित है।

सदाचारी होना हमारा परमकर्तव्य है। सबसे पहले हमारी आत्मा ही हमें अन्याय और दुराचार के पथ पर बढ़ते देखकर रोकने लगती है। यदि हम आत्मा की आज्ञा न मानकर दुराचार और अनीति के मार्ग पर बढ़ते हैं, तो समाज हमें दण्ड देने का प्रयत्न करता है। अगर हम चोरी करेंगे और डाका डालेंगे, तो समाज हमें दण्ड देगा। परन्तु मनुष्य प्रतिक्षण अनेक कार्य करता है। उसके कुछ दुराचार और अन्याय के कार्य ऐसे भी होते हैं, जो समाज के दण्ड-विधान के दायरे में आ सकते। मान लीजिये कि किसी व्यक्ति ने चोरी की। समाज चोरी के लिए उसे दंड देगा। लेकिन मान लीजिये कि किसीने असत्य भाषण किया। उसके लिए समाज के दण्ड का डंडा इतना बड़ा नहीं है कि झूठ बोलनेवाले को खुल्लमखुल्ला कोई सजा दी जा सके। दुराचार के इस प्रकार के कार्यों के लिए समाज दण्ड अवश्य देता है, लेकिन धीरे-धीरे देता है। झूठे आदमी का समाज में विश्वास और आदर नहीं होता।

सदाचार और नीति के अनुसार आचरण करने के लिए मनुष्य की आत्मा उसे मजबूर करती है। परन्तु फिर भी समाज में ऐसे बहुत-से मनुष्य हैं, जो झूठ बोलते हैं, चोरी और सीनाज़ोरी करते हैं और अन्याय करते हैं। बात यह है कि जिस मनुष्य की आत्मा अपने वश में नहीं है, जिसने संयम और नियम का पाठ नहीं पढ़ा है, और जिसकी आँखों पर स्वार्थ का परदा पड़ा है, वह सदाचारी और न्यायी नहीं हो सकता। स्वार्थ और निर्बलता, ये दो ही वस्तुएँ सदाचार और नीति के मार्ग में रोड़े अटकाती हैं। यदि मनुष्य अपनी इच्छाओं को वश में रखना सीख ले, यदि वह समाज के अन्य सदस्यों के लिए अपने हित के बलिदान का पावन मंत्र सीख जाए, यदि उसे स्वार्थ की आहुति देना आ जाए, तो वह सदाचार और नीति के पथ से विचलित नहीं हो सकता।

Topics for writing essays, generally given in Matriculation and Rashtra-Bhasha Examination :—

1. **Aeroplane and its uses** - हवाई जहाज़ और उसके उपयोग। 2. **Advantages of Railways** - रेल से लाभ। 3. **The bicycle, its merits and defects** - पैर-गाड़ी,उसके गुण और दोष। 4. **Telephone and its uses** - टेलिफ़ोन और उसके उपयोग। 5. **Radio and its popularity** - रेडियो और उसकी लोकप्रियता। 6. **The seasons in India** - भारतवर्ष के मौसम। 7. **Journey by train** - रेल-यात्रा। 8. **A visit to a place of historical interest** - किसी ऐतिहासिक स्थल की यात्रा। 9. **A public function** - कोई सार्वजनिक जलसा। 10. **How**

I spent my last vacation - मैंने अपनी पिछली छुट्टा कैसे बितायी। 11. Any raiiway-station - किसी रे वे-स्टेशन का वर्णन। 12. Canals and their uses - नहरों के उपयोग। 13. The motor-car and its place in our life - हमारे जीवन में मोटर-गाड़ी का स्थान। 14. The locomotive-engine- रेल का इंजन। 15. The tram car - ट्राम गाड़ी। 16. A visit to a museum - अजायबघर का निरीक्षण। 17. An evening at a cricus - सरकस में एक सांझ। 18. The unfortunate blind - अभागा अंधा। 19. Market day in my town- मेरे शहर में हाट का दिन। 20. Modern means of transport- यातायात के आधुनिक साधन। 21. A boy-scout camp - बालचर पड़ाव। 22. A bus accident - बस की दुर्घटना। 23. How I propose to spend my time after the examination - परीक्षा के बाद मैं अपना समय कैसे बिताऊँगा। 24. Punctuality- समय की पाबंदी। 25. Thrift and its benefits - मितव्यय की उपयोगिता। 26. The evils of drink शराब की बुराइयाँ। 27. The value of time - समय का मूल्य। 28. Prevention is better than cure - समय रहते चेतना। 29. Wonders of Electricity - बिजली के चमत्कार। 30. Some important modern inventions - कुछ मुख्य आधुनिक आविष्कार। 31. The air-mail and its growth - हवाई डाक और उसकी उन्नति। 32. The importance of the postal system - डाक का महत्व। 33. Union is strength - मेल में बल या एकता की शक्ति। 34. Hostel life, its advantages and disadvantanges - छात्रावास-जीवन, उससे लाभ और हानियाँ। 45. The advantages of good library - अच्छे पुस्तकालय से लाभ।

36. Public reading - rooms - सार्वजनिक वाचनालय। 37. Physical exercise - शारीरिक व्यायाम। 38. The debating society - वाग्वर्द्धिनी सभा। 39. Compulsory military training - अनिवार्य सैनिक शिक्षा। 40. Music - संगीत। 41. The choice of a profession - पेशे का चुनाव। 42. The caste system in India - भारतवर्ष में वर्ण-व्यवस्था। 43. Health and its value - स्वास्थ्य का महत्व। 44. Hospitals and their uses - अस्पताल के उपयोग। 45. Social service in India - भारत में समाज-सेवा। 46. Our duty to the poor - गरीबों के प्रति हमारा कर्तव्य। 47. The advantages of studying foreign languages - विदेशी भाषाओं के अध्ययन से लाभ। 48. Religious instrucrion in schools - पाठशालाओं में धार्मिक शिक्षा। 49. The relative merits of a boarding school and a day school - गुरुकुल व साधारण स्कूल के गुण-दोष। 54. School magazines and their uses- पाठशाला की पत्रिकाएँ और उनके उपयोग। 51. The tight way of using one's leisure - फुरसत का सदुपयोग। 52. Position of women in modern life - आधुनिक जीवन में स्त्रियों का स्थान। 53. Compulsory primary education - अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा। 54. The mother-tongue as medium of instruction - पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा। 55. The morning school - प्रातःकाल का विद्यालय। 56. The uses of news - papers - समाचार-पत्रों से उपयोग। 57. National customs and manners - राष्ट्रीय प्रथाएँ और रस्म-रिवाज। 58. The foreign country I wish to visit - जो विदेश मैं देखना चाहता हूँ। 59. Travelling - पर्यटन, यात्रा या भ्रमण। 60. Old

and new methods of travelling - यात्रा के पुराने और नये साधन। 61. Second-class travel in India - भारत में दूसरे दर्जे की यात्रा। 62. The conquest of the skies - आसमान पर विजय। Fairs and their uses - मेले और उनके उपयोग। 64. Life in town, its advantages and disadvantages- नगरवास—उसके लाभ और हानियाँ। 65. Town and country life: a comparison - नगरवास और ग्रामवास की तुलना। 66. A common script for India - भारतवर्ष के लिए सामान्य लिपि। 67. Village reconstruction - ग्रामोद्धार। 68. The work and needs of ryots - काश्तकारों के काम और उनकी आवश्यकताएँ। 69. Preparation for future life at school - पाठशाला में अपने भावी जीवन की तैयारी। 70. Fakirs and Sadhus in India - भारत के फ़कीर और साधु। 71. A morning scene near a river bank - नदी के किनारे प्रातःकाल का दृश्य। 72. A walk on the seashore - समुद्र के किनारे घूमना। 73. Kindness to animals - जीव-दया। 74. Study of science - विज्ञान का अध्ययन। 75. Women's education- स्त्री-शिक्षा। 76. Dignity of labour - मेहनत का महत्व। 77. My aim in life - जीवन में मेरा उद्देश्य। 78. Common dress and common food for India - भारत के लिए सामान्य पोशाक व खाना। 79. The changes caused by the introduction of motor-cars - मोटर गाड़ी के प्रवेश से हुए परिवर्तन। 80. New-year's Day - नववर्षारंभ का दिन। 81. My plan after my examination - परीक्षा के बाद मेरी आयोजनाएं। 82. The talkies - बोल-पट। 83. The charms of a country life - ग्राम्यजीवन की खूबियाँ। 84. An outbreak of

a serious disease in my town and the measures taken to combat it - मेरे शहर में भयंकर बीमारी का प्रकोप व उसे रोकने की कोशिश। 85. The problem of beggars - भिखारियों की समस्या। 86. Some harmful superstitions - कुछ हानिकारक अंध-विश्वास। 87. Plain living and high thinking - सादा जीवन और उच्च विचार। 88. The pen is mightier than the sword - तलवार से क़लम ज्यादा ताक़तवर है। 89. Example is better than precept - कहने से करना (उपदेश से आचरण) भला। 90. Co-operative societies - सहकारी समितियाँ। 91. The Purda system - पर्दा-प्रथा। 92. Vegetarian vs non-vegetarian food - शाकाहार बनाम मांसाहार। 93. What I would do to promote the people, if I were a minister - मैं मंत्री होता तो जनता की भलाई के वास्ते क्या करता। 94. Cottage Industry - कुटीर उद्योग। 95. Patriotism देश-भक्ति। 96. Child marriage- बाल-विवाह। 97. A common language for India - भारत के लिए एक सामान्य भाषा। 98. The pleasures of reading- पढ़ने का आनन्द। 99. The joint family system - संयुक्त कुटुंब-प्रथा। 100. Hindi is the State language of India - भारत की राजभाषा हिन्दी।

APPENDIX IV

Some Familiar Proverbs

कुछ प्रसिद्ध कहावतें

एक पंथ दो काज—To kill two birds at one shot.

जिसकी लाठी उसकी भैंस···Might is right.

नाच न जाने आँगन टेढ़ा—A bad workman complains of his tools.

दूध का जला मट्ठा फूंक-फूंककर पीता है—A burnt child dreads the fire.

बहुत योगी मठ का उजाड़—Too many cooks spoil the broth.

मँगनी के बैल का दांत देखना क्या?—Never look a gift horse in the mouth.

जले पर नमक छिड़कना—To add fuel to fire.

अधजल गगरी छलकत जाय—Empty vessel makes much noise,

डूबते को तिनके का सहारा—A drowning man clutches at a straw.

मार के आगे भूत भागे—A ghost runs away when it is afraid of beating.

जो गरजता सो बरसता नहीं—Barking dogs seldom bite.

दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय—The danger past God forgotten.

एक हाथ से ताली नहीं बजती—It takes two to make a quarrel.

जैसे को तैसा—Tit for tat.

नौ नगद, न तेरह उधार—A bird in the hand is Worth two in the bush.

ऊंची दूकान, फीके पकवान—Much cry and little wool.

जहाँ चाह है, वहाँ राह है—Where there is a will, there is a way.

गाय मारकर जूता दान—Rob Peter and pay Paul.

चोर की दाढ़ी में तिनका—A guilty mind is always suspicious.

जल्दी का काम शैतान का—Haste makes waste.

अंधों में काना राजा—The one-eyed man is king in the land of the blind.

भूखा क्या नहीं करता?—Hunger fears no gallows.

बँधा पानी गंदा होय—Standing pools gather filth.

आप भला तो जग भला—Good mind, good fiind.

अशर्फ़ी लुट गयी, कोयले पर छाप—Penny-wise, pound-foolish.

मौनम् सम्मति-लक्षणम् या अल ख़ामोशी नीम-रज़ा—Silence gives consent.

अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बना—Self-praise is no recommendation (fool to others, to himself a sage).

नीम हकीम ख़तरे जान—A little knowledge is a dangerous thing. A quack doctor. a new grave-digger.

जैसी करनी वैसी भरनी—As you sow, so shall you reap.

पाक रहे बेबाक रहे—Out of debt, out of danger.

हर फन मौला—Jack of all trades.

ऊंट के मुंह में जीरा—A drop in the ocean.

मुंह में राम बगल में छुरी—A honeyed tongue, a heart of gall (A wolf in sheep's clothing).

चार दिन की चाँदनी, फिर अंधेरी रात—A nine days wonder.

दुविधा में दोनों गये, माया मिली न राम—Between two stools, we come to the ground.

चोर का साथी गिरह-कट—Birds of the same feather flock together.

भैंस के आगे बीन बजाना—Throwing pearls before swine.

लोहे का चना चबाना—Hard nut to crack.

बहती गंगा में हाथ धोओ—Make hay while the sun shines.

मुफ़लिसी में आटा गोला—Misfortune never comes single.

राई का पर्वत बनाना—To make a mountain of a molehill.

साँच को आँच नहीं—The innocent has nothing to fear.

होनहार बिरवान के होत चीकने पात—Coming events cast their shadows before. (The child is the father of the man.)

पानी में रहकर मगर से बैर—He quarrels with the alligator, yet he lives in water. (It is hard to sit at Rome and strive with the Pope.)

का वर्षा जब कृषि सुखाने—After death, the doctor (To lock the stable ofter the horse is gone).

ख़्याली पुलाव पकाना—To build castles in the air. (To count the chickens before the eggs are hatched.)

तुरंत दान महा कल्याण—A stitch in time saves nine.

चिड़ियों की जान जाए, लड़के का खिलौना—Sport to the cat, death to mouse.

APPENDIX V

नमूने के प्रश्न (Model Questions)

I. शुद्ध कीजिये :—

1. मैं परीक्षा के लिए खूब पढ़ो हूँ, पर उत्तीर्ण नहीं मिला। 2. मेरे को उन्होंने देख चुका। 3. यह काम वह करना चाहिए। 4. मैं मेरे घर पहुँचने से पहले वह चले गया। 5. वह कब मेरें घर आते हैं, तब मैं घर मं नहीं हूँ। 6. तुम वहाँ जाना पड़ोगे। 7. मैंने पांच किताबें पढ़ चुकीं। 8. उसनें मेरे पास वह बात बोली। 9. तुम जितना रुपया पूछो, उतना मैं दूंगा। 10. वह लड़का ने उस बर्तन टूट डाला। 11. महाराजा दशरथ की तीन रानियाँ थीं। 12. तुम उसे क्यों जाने दिया? 13. मैं तुमको साथ जंग में जाने को डरता हूँ। 14. तुमने किया काम ठीक नहीं है। 15. राम को चार बहनें हैं। 16. वह आते ही मैं चला गया। 17. बाघ को देखकर लड़का डर हो गया। 18. हम हिन्दी पढ़ना ज़रूर है। 19. वह कलकत्ता जाना चाहिए। 20. राम कहने से अनुसार मैंने इस काम किया।

II. नीचे लिखे शब्दों को ठीक तरह से रखकर वाक्य बनाइये :—

1. बच्चे तंदुरुस्त खाना खिलाओ कि वे अच्छा रहें। 2. आजकल हाथ से अपने लोग अच्छा काम करना नहीं समझते। 3. जो आदर करते हैं उनका सभी सच बोलते हैं। 4. मुझको वह कल देखने के लिए आया था इधर। 5. राम के गुस्सा बाप को आया।

III. (अ) निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार वाक्यों को बदलिये :—

1. न उधर गांधीजी आये, न नेहरूजी। (अर्थ को बिना बदले 'न' को हटा दीजिये)। 2. बंदर को देखकर सियार को बड़ी खुशी हुई। ('खुशी' के स्थान में 'खुश' का प्रयोग कीजिये)। 3. राम के स्टेशन पहुँचते ही गाड़ी छूट गयी। ('जब' और 'तब' का प्रयोग करके वाक्य का रूप बदलिये।) 4. रामचंद्र ने रावण को मार डाला। (वाच्य बदलकर लिखिये।) 5. गोपाल से तीन आम खाये गये। (वाच्य बदलिये।)

(आ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ अपनी मातृभाषा में लिखकर उनका अलग-अलग हिन्दी वाक्यों में प्रयोग कीजिये :—

कल, परसों, की, पर, दो, दिया, जल, कर।

सरल हिन्दी व्याकरण

भाग—3

SARAL HINDI VYAKARAN

Part—3

BY

S. R. SASTRI, M.A.

प्रकाशक

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

मद्रास

PREFACE

This book, the third part of Saral Hindi Vyakaran, is presented to the public as one more addition to the list of useful guides. The requirements of the Matriculation and Intermediate Examinations of the University of Madras, and the Rashtrabhasha and Praveshika examinations of the Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, Madras, have been kept in view, in the preparation of this book.

The book is divided into four broad divisions—Section I dealing with rudimentary grammar, Section II giving model essays, Section III giving model passages for translation and Section IV giving model questions.

The book is the outcome of the long experience of Late Sri S. R. Sastri, M.A.

PUBLISHERS

विषय-सूची

पहला हिस्सा : व्याकरण

दूसरा हिस्सा : निबन्ध-रचना

तीसरा हिस्सा

चौथा हिस्सा

पहला हिस्सा

1. शब्द-विचार - Etymology

अ. कानों से जो सुन पड़े उसे ध्वनि कहते हैं। एक, दो या कई अक्षरों की सार्थक ध्वनि को 'शब्द' कहते हैं। पानी, दूध, माता, पिता आदि सार्थक शब्द हैं। पशु-पक्षियों की बोली के शब्द निरर्थक हैं, क्योंकि इनका कुछ अर्थ नहीं है। व्याकरण में केवल सार्थक शब्दों का ही प्रतिपादन किया जाता है।

आ. शब्द आठ प्रकार के हैं :—

1. संज्ञा - **Noun** 2. सर्वनाम - **Pronoun** 3. विशेषण - **Adjective** 4. क्रिया - **Verb** 5. क्रियाविशेषण - **Adverb** 6. संबन्धसूचक - **Post-Position** 7. समुच्चयबोधक - **Conjunction** 8. विस्मयादिबोधक - **Interjection**.

संज्ञा : किसी वस्तु, स्थान, भाव या मनुष्य के नाम को बतलानेवाला शब्द संज्ञा है। जैसे : **आम, मद्रास, मिठास, राजगोपाल।**

सर्वनाम : संज्ञा के बदले प्रयुक्त होनेवाले विशेष शब्द को सर्वनाम कहते हैं। जैसे : **मैं, हम, वह, वे।**

विशेषण : जो किसी वस्तु का गुण बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं। जैसे : **काला, गोल, अच्छा।**

क्रिया : क्रिया उस शब्द को कहते हैं, जिससे किसी काम का करना या होना प्रकट हो। जैसे : **हूँ, पढ़ना।**

क्रियाविशेषण : जो शब्द किसी क्रिया की विशेषता बताए, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे : **धीरे, जल्दी** ।

संबन्धबोधक : जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ आकर अपना वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ बताएँ, वे संबन्धबोधक कहलाते हैं। जैसे : पुस्तक मेज़ के **नीचे पड़ी है** । यहाँ 'नीचे' शब्द संबन्धबोधक है ; क्योंकि यह 'पुस्तक' और 'मेज़' इन शब्दों के पारस्परिक योग, संबन्ध को सूचित करता है ।

समुच्चयबोधक : जो दो शब्दों, वाक्यों या वाक्य-खण्ड़ों को जोड़कर उसका पारस्परिक योग या पृथकत्व सूचित करता है, वह 'समुच्चयबोधक' शब्द है। जैसे : **राम और लक्ष्मण वन से आये । सच बोलना या तप करना दोनों एक ही है ।**

विस्मयादिबोधक : जिन शब्दों से बोलनेवाले के मन के आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि भावों का ज्ञान होता है, वे विस्मयादिबोधक कहलाते हैं। जैसे : **ओ ! आह ! बाप रे ! हाय हाय ! छिः ! छिः ! वाह ! वाह !**

अभ्यास

1. शब्द किसे कहते हैं ? उसके भेद लिखिये ।
2. विशेषण और क्रियाविशेषण में क्या अंतर है ?

2. संज्ञा - Noun

संज्ञाएँ तीन प्रकार की होती हैं—

व्यक्तिवाचक - **Proper Noun,** जातिवाचक - **Common Noun,** और भाववाचक - **Abstract Noun**

जिस संज्ञा से एक विशेष व्यक्ति अथवा वस्तु का बोध हो, उसे **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे: **कृष्णमूर्ति, मद्रास, कावेरी, ताजमहल** आदि।

जिस संज्ञा से संसार की एक जाति के सभी व्यक्तियों या वस्तुओं का बोध होता है, **उसे जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे: **पुस्तक, आदमी, घोड़ा, लोहा** आदि। 'पुस्तक' **जातिवाचक संज्ञा** है, क्योंकि संसार में जितनी पुस्तकें हैं, उन सबको पुस्तक ही कहते हैं: लेकिन 'रामायण' व्यक्तिवाचक हैं।

जिस संज्ञा से किसी पदार्थ के धर्म, गुण, दोष, अवस्था, व्यापार आदि जाने जाते हैं, उसे **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे: **मिठास, चोरी, लड़कपन** आदि।

भाववाचक संज्ञाएँ निम्नलिखित शब्दों से बनती हैं—

1. **संज्ञा से—बच्चा - बचपन, मनुष्य - मनुष्यत्व**
2. **विशेषण से—चौड़ा - चौड़ाई, बूढ़ा-बुढ़ापा, मीठा - मिठास**
3. **क्रिया से—बनाना - बनावट, दौड़ना-दौड़, बहना - बहाव, बचाना - बचाव**

अभ्यास

1. संज्ञा किसे कहते हैं?
2. संज्ञा के कितने भेद हैं? उदाहरण देकर बताइये।
3. व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञाओं में क्या अन्तर है?
4. भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?
5. भाववाचक संज्ञाएँ किन-किन शब्दों से बन सकती हैं?

3. संज्ञाओं के रूपांतर

लिंग, वचन और कारक के कारण संज्ञाओं के रूपों में जो परिवर्तन होते हैं, उन्हें 'संज्ञाओं के रूपांतर' कहते हैं। जैसे : लड़का लाता है, लड़की लाती है। यहाँ लिंग के कारण 'आ' 'ई' हो जाता है।

लड़का दौड़ता है। लड़के दौड़ते हैं। यहाँ वचन के कारण परिवर्तन हो जाता है। घोड़ा लाओ, घोड़े पर चढ़ो। यहाँ 'पर' के संयोग के कारण 'आ' 'ए' हो जाता है।

लिंग - Gender

संज्ञा के जिस रूप से वस्तु की जाति (Sex)—पुरुष या स्त्री—का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

हिन्दी भाषा में दो ही लिंग हैं—**पुल्लिंग** - Masculine और स्त्रीलिंग Feminine. जिस शब्द से किसी पुरुष या नर का बोध हो, उसे पुल्लिग कहते हैं। जैसे : **लड़का, बैल, घोड़ा** आदि।

जिस शब्द से किसी स्त्री का बोध हो, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं। जैसे : **लड़की, गाय, घोड़ी** आदि। **नपुंसक लिंग** - Neuter gender हिन्दी भाषा में नहीं होता।

प्राणिवाचक शब्दों के लिंग की पहचान आसान है। जैसे : लड़का (पु.), लड़की (स्त्री.), बैल (पु.), गाय (स्त्री.), आदमी (पु.), औरत (स्त्री.)।

अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग की पहचान कुछ कठिन है। इसका बोध अभ्यास से ही हो सकता है। नीचे कुछ नियम दिये जाते हैं।

पुल्लिग शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के नियम

1. कुछ पुल्लिग शब्दों के अन्त में आनेवाले 'अ' या 'आ' के स्थान में 'ई' लगा देने से स्त्रीलिंग बनता है। जैसे :—**पुत्र-पुत्री ; लड़का-लड़की ; दादा-दादी ।**

2. कहीं-कहीं शब्दों के अन्त के 'आ' को 'अ' कर देने से पुल्लिग शब्द स्त्रीलिंग बन जाता है। जैसे : **भैंसा** he-buffalo-**भैंस** - she-buffalo ; **भेड़ा**-he sheep **भेड़**-she sheep.

3. कुछ अकारान्त पुल्लिग शब्दों के अन्त में 'नी' लगा देने से स्त्रीलिंग बन जाता है। जैसे : **शेर-शेरनी ; मोर-मोरनी ; ऊँट-ऊँटनी ।**

4. कुछ शब्दों के अंतिम स्वर—vowel का लोप करके स्त्रीलिंग में 'इन' जोड़ देते हैं। जैसे : **लोहार-लोहारिन ; धोबी-धोबिन ; तेली-तेलिन ।**

5. कुछ पुल्लिग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द बिलकुल भिन्न होते हैं। जैसे : राजा-रानी ; बैल-गाय ; भाई-बहन ; बाप-माँ ; ससुर-सास ; मियाँ-बीबी ; साहब-मेम ।

6. जिन शब्दों के रूप दोनों लिंगों में समान होते हैं, उनके पहले नर या मादा शब्द लगाकर लिंग-भेद माना जाता है।

जैसे : **नर भेड़िया** - he wolf ; **मादा भेड़िया** - she-wolf ; **नर चील** - male kite ; **मादा चील** - female kite.

वचन - Number

शब्द के जिस रूप से यह जाना जाता है कि वह एक के लिए प्रयुक्त हुआ है या एक से अधिक के लिए, उसे वचन कहते हैं। हिन्दी में दो वचन हैं—एकवचन singular और बहुवचन - plural। एकवचन से एक ही वस्तु का बोध होता है, जैसे : लड़का, पुस्तक, घोड़ा। बहुवचन से एक से अधिक वस्तुओं का बोध होता है, जैसे : लड़के, पुस्तकें, घोड़े।

बहुत-से शब्दों के रूप दोनों वचनों में एक-से रहते हैं। क्रिया, विशेषण या संदर्भ से इनका वचन जाना जाता है। जैसे : आदमी खाता है (एकवचन) ; आदमी खाते हैं (बहुवचन)। अच्छा बैल (एकवचन) ; अच्छे बैल (बहुवचन)। पहले वाक्य में क्रिया से, और दूसरे वाक्य में विशेषण से, वचन का निर्णय होता है।

बहुवचन बनाने के नियम

विभक्ति रहित शब्दों का बहुवचन

1. कहीं कहीं अकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों ; के 'अ' को 'एँ' कर देते हैं। जैसे : गाय-गायें ; रात-रातें ; बहन-बहनें।

2. अकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त में बहुवचन बनाने के लिए 'एँ' लगा देते हैं। जैसे : माला-मालाएँ ; माता-माताएँ ; कथा-कथाएँ।

3. ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों को इकारान्त करके उनके अन्त में 'याँ' जोड़ देने से बहुवचन बन जाता है। जैसे : लड़की-लड़कियाँ ; नदी-नदियाँ ; टोपी-टोपियाँ ।

4. आकारान्त पुल्लिग शब्दों के 'आ' को 'ए' कर देने से बहुवचन बन जाते हैं। जैसे : लड़का-लड़के ; घोड़ा-घोड़े ; कपड़ा-कपड़े ; लोटा-लोटे ।

कारक - Case

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के किसी दूसरे शब्द के साथ प्रकट होता है, उस रूप को कारक कहते हैं। कारक के समुचित प्रयोग के बिना वाक्य का अर्थ साफ़-साफ़ प्रकट नहीं होता। शिकारी ने हिरन को तीर से मारा—इस वाक्य में तीन संज्ञा शब्द हैं। शिकारी, हिरन और तीर। ये तीनों शब्द भिन्न-भिन्न कारकों में हैं। पहले शब्द में 'ने' विभक्ति है, दूसरे में 'को' और तीसरे में 'से' है। इन विभक्तियों के प्रयोग के बिना शब्दों का पारस्परिक संबंध समुचित रूप से नहीं जाना जा सकता है। 'शिकारी हिरन तीर मारा'—यहाँ कर्ता, कर्म और करण कारकों के बोधक न होने के कारण यह निरर्थक होता है। कारकों को प्रकट करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के साथ 'को', 'ने' आदि जो चिह्न लगाये जाते हैं, उन्हें विभक्ति प्रत्यय case-endings कहते हैं। विभक्ति सहित शब्द 'पद' कहलाता है।

हिन्दी में आठ कारक होते हैं। इन आठ कारकों के नाम और विभक्ति-प्रत्यय यों हैं—

कारक	विभक्ति-प्रत्यय
1. कर्ता	ने
2. कर्म	को
3. करण	से
4. संप्रदान	को, के लिए
5. अपादान	से
6. संबन्ध	का, के, की
7. अधिकरण	में, पर
8. संबोधन	हे, अरे, अजी, अहा

1. कर्ताकारक - Nominative :—

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के करनेवाले का बोध होता है, उसे 'कर्ताकारक' कहते हैं।

उदा०—गोपाल लिख रहा है। राम कहाँ है? मैंने पुस्तक पढ़ी है। यहाँ गोपाल, राम और मैंने—कर्ता हैं।

2. कर्मकारक - Accusative :—

जिस वस्तु पर क्रिया के व्यापार का फल पड़ता है, उसे सूचित करनेवाले संज्ञा के रूप को 'कर्मकारक' कहते हैं।

उदा०—राम ने ख़त लिखा। मैंने गोपाल को मारा। कर्मकारक का चिन्ह 'को' है। पर बहुधा अप्राणिवाचक कर्म के साथ 'को' का लोप हो जाता है।

3. करणकारक - Instrumental :—

क्रिया के साधन का बोध करानेवाले संज्ञा के रूप को 'करणकारक' कहते हैं। इसकी विभक्ति 'से' है।

उदा०—राम ने रहीम को लाठी से मारा। मैं क़लम से लिखता हूँ।

4. संप्रदानकारक - Dative :—

जिसके लिए कोई कार्य किया जाए या जिसको कुछ दिया जाए, उसका बोध करानेवाले संज्ञा के रूप को 'संप्रदान-कारक' कहते हैं। जिसके चिह्न 'को' और 'के लिए' हैं।

उदा—माँ बच्चे के लिए खाना बनाती है। राम ने सीता को एक घड़ी दी।

5. अपादानकारक - Ablative :—

वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी वस्तु का अलग होना पाया जाए, उसे 'अपादानकारक' कहते हैं। इसकी विभक्ति भी 'से' है।

उदा० पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं। मैं पाठशाला से आ रहा हूँ।

6. संबन्धकारक - Possessive :—

संज्ञा के जिस रूप से किसी एक वस्तु का दूसरी वस्तु से संबन्ध प्रकट हो, वह 'संबन्धकारक' कहलाता है। इसकी विभक्ति 'का, के, की' है।

उदा०—यह जमींदार का घोड़ा है। यह राम की पुस्तक है।

7. **अधिकरणकारक - Locative :—**

जो संज्ञा या सर्वनाम शब्द किसी क्रिया का आधार हो उसे 'अधिकरणकारक' कहते हैं। इसके चिह्न 'में' और 'पर' हैं।

उदा०—राजा महल में सो रहा है। बंदर पेड़ पर बैठा है।

8. **संबोधनकारक - Vocative :—**

संज्ञा के जिस रूप के द्वारा कोई किसीको पुकारता है, उसे 'संबोधन कारक' कहते हैं।

उदा०—अरे मोहन! तू क्या कर रहा है? हे नाथ! दया करो। अरे छोकरे! तू कहाँ नौकरी करता है?

अभ्यास

1. लिंग किसे कहते हैं? हिन्दी में लिंग कितने हैं?
2. पुल्लिग से स्त्रीलिंग बनाने के कौन-कौन से नियम हैं? —उदाहरण सहित लिखिये।
3. नीचे लिखे शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखिये :— राजा, चील, भाई, बेटा, बैल भैंसा, साहब।
4. वचन किसे कहते हैं? हिन्दी में कितने वचन होते हैं?
5. जिन शब्दों के रूप दोनों वचनों में एक-से रहते हैं, उनका वचन कैसे जाना जाता है?
6. बहुवचन बनाने के कुछ नियम लिखिये।

7. इनके बहुवचन के रूप लिखिये—घोड़ा, नदी, माला ।
8. इनके एकवचन के रूप लिखिये—गायें, टोलियाँ, लोटे ।
9. कारक किसे कहते हैं ? हिन्दी में कितने कारक हैं ? उनके प्रयोग बताइये ।
10. कर्मकारक और संप्रदानकारक में क्या अन्तर है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिये ।
11. करण और अपादानकारकों में क्या अन्तर है ? उदाहरण देकर समझाइये ।

4. सर्वनाम - Pronoun

एक ही शब्द (संज्ञा) को किसी वाक्य में बार-बार दोहराना भद्दा मालूम होता है । अतः उसे बार-बार न दोहराकर उसके स्थान दूसरे शब्दों का प्रयोग किया जाता है । जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के बदले किया जाता है, उसे सर्वनाम कहते हैं ।

सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं :—

1. पुरुषवाचक - Personal— मैं, हम (उत्तम पुरुष - first person) तू, तुम, आप (मध्यम पुरुष - Second person) वह, वे, यह, ये (अन्य पुरुष - Third person).

2. निजवाचक - Reflexive—जो अपनी ओर संकेत करे । जैसे :—आप, खुद, स्वयम् ।

3. निश्चयवाचक - Demonstrative—जो निकट या दूर की वस्तु को सूचित करे । जैसे :—वह, यह, वे, ये ।

4. **संबन्धवाचक** -Relative—जो वाक्य में शब्दों का पारस्परिक संबन्ध बतलाएँ। जैसे :—जो, सो।

5. **प्रश्नवाचक** - Interrogative—जिससे प्रश्न सूचित होता हो। जैसे :—कौन, क्या।

6. **अनिश्चयवाचक** - Indefinite—जो किसी अज्ञात और अनिश्चित पुरुष या वस्तु को सूचित करे। जैसे :—कोई, कुछ।

अभ्यास

1. सर्वनाम किसे कहते हैं ?
2. सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं ?
3. प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण दीजिये।

5. विशेषण - Adjective

जिस शब्द से किसी **संज्ञा** या **सर्वनाम** की विशेषता या गुण प्रकट हो, उसे विशेषण कहते हैं।

उदा०—काला साँप, मोटा आदमी।

विशेषण के मुख्य चार भेद हैं।

1. **गुणवाचक** - Adjective of quality : उदा०—पेड़ पर एक लाल चिड़िया बैठी है।

2. **संख्यावाचक** - Adjective of number : उदा०—इस वर्ग में चालीस विद्यार्थी हैं।

3. **परिमाणवाचक** - Adjective of quantity : उदा० मुझे थोड़ा दूध पिला दो।

4. सार्वनामिक-विशेषण - Demonstrative Adjective-

उदा०—यह घोड़ा नहीं चाहिए। वह पुस्तक पढ़ो।

अभ्यास

1. विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिये?

2. विशेषण कितने प्रकार के होते हैं?

6. क्रिया - Verb

वाक्य में जिस शब्द के द्वारा हम किसी वस्तु के विषय में कुछ कहते हैं, उसे क्रिया कहते हैं। उदा०—राम पढ़ता है। यहाँ 'पढ़ता है' क्रिया है। क्रिया के मुख्य दो भेद हैं:— **सकर्मक** Transitive और **अकर्मक** Intransitive।

जिस क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़े, उसे 'सकर्मक क्रिया' कहते हैं। रहीम ने भैंस को मारा—इस वाक्य में 'मारा' शब्द क्रिया है। इस क्रिया का कर्ता 'रहीम' है और इस क्रिया का फल भैंस पर पड़ी है। इसलिए यह क्रिया सकर्मक है।

जिस क्रिया के व्यापार का फल केवल कर्ता में रहे, उसे 'अकर्मक क्रिया' कहते हैं। गोपाल पाठशाला गया—इस वाक्य में 'गया' क्रिया है। उसका कर्ता 'गोपाल' है। पाठशाला जाने का फल 'गोपाल' ही पर पड़ता है। इसलिए इसमें 'गया' जो क्रिया है, वह अकर्मक है।

अ. प्रेरणार्थक

जब किसी कार्य को कर्ता स्वयं न करके किसी दूसरे से कराता है, उस समय क्रिया का रूप कुछ परिवर्तित हो जाता है। ऐसी अवस्था में क्रिया के बदले हुए रूप को **प्रेरणार्थक क्रिया - Causative Verb** कहते हैं। राम गोपाल से समाचार-पत्र पढ़वाता है—इस वाक्य में 'पढ़वाता है' प्रेरणार्थक क्रिया है, राम प्रेरक कर्ता है। प्रेरणार्थक क्रिया बनाने के लिए साधारणतया धातु के अन्त में 'आना' या 'वाना' लगा देते हैं। उदा०—बनना (अकर्मक), बनाना (सकर्मक) बनवाना (प्रेरणार्थक)

आ. काल - Tense

क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने का समय जाना जाए—उसे **काल** कहते हैं। काल के तीन भेद हैं—1. **वर्तमान काल** Present Tense. 2. **भविष्यत् काल** - Future Tense. 3. **भूतकाल** - Past Tense.

इ. वाच्य - Voice

हिन्दी में तीन वाच्य होते हैं:—1. **कर्तृवाच्य** - Active Voice; 2. **कर्मवाच्य** - Passive Voice। 3. **भाववाच्य**- Impersonal Voice। राम ने रोटी खायी (कर्तृवाच्य)। राम से रोटी खायी गयी। (कर्मवाच्य) राम ने लड़की को देखा (कर्तृवाच्य)। राम से लड़की देखी गयी (कर्मवाच्य)। मैं नहीं बैठता हूँ (कर्तृवाच्य)। मुझसे बैठा नहीं जाता

(भाववाच्य)। मैं नहीं सोता हूँ। (कर्तृवाच्य)। मुझसे सोया नहीं जाता (भाववाच्य)।

अभ्यास

1. क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइये।
2. क्रियाएँ कितने प्रकार की होती हैं?
3. प्रेरणार्थक क्रिया किसे कहते हैं? उसका प्रयोग कब होता है?
4. हिन्दी में कितने काल होते हैं?
5. हिन्दी में कितने वाच्य होते हैं?

7. क्रियाविशेषण - Abverb

जो शब्द क्रिया के अर्थ की कोई विशेषता बताए, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे:—राम खूब सोता है। गोपाल बहुत खाता है। मैं यह काम कल करूँगा। सीता बाहर गयी। तुम यहाँ कैसे आये?

8. संबन्धसूचक - Post-position

जो शब्द वाक्य में किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द का संबन्ध किसी अन्य शब्द के साथ प्रकट करे, उसे संबन्धसूचक कहते हैं। जैसे:—गोपाल घर के भीतर बैठा है। राम पेड़ के नीचे खड़ा है। पहले वाक्य में गोपाल और घर का संबन्ध 'भीतर' शब्द के द्वारा दिखलाया गया है। दूसरे वाक्य में राम और पेड़ का संबन्ध 'नीचे' शब्द के द्वारा सूचित किया गया है। ऊपर, नीचे, बाहर, अन्दर पास आदि संबन्धसूचक शब्द हैं। अक्सर संबन्धसूचक शब्दों के पहले संबन्धकारक विभक्तियाँ आती हैं। जैसे:—मेज़ के नीचे; घर की ओर; गोपाल के पास।

9. समुच्चयबोधक - Conjunction

दो शब्दों, वाक्यांशों या वाक्यों को मिलानेवाले अव्यय-Indeclinable को समुच्चयबोधक कहते हैं। जैसे—गोपाल और करीम पढ़ते हैं। तुम जोओगे या मोहन जाएगा ?

10. विस्मयादिबोधक - Interjection

जिन शब्दों से वक्ता के विस्मय, हर्ष, शोक, लज्जा ग्लानि आदि भाव प्रकट होते हैं उन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं। जैसे :—हा-हा ! वाह वाह ! जय ! शाबाश ! राम ! बापरे ! आदि।

11. शब्द के भेदों में परिवर्तन

हिन्दी भाषा में कुछ शब्द, प्रयोग के अनुसार भिन्न-भिन्न शब्द-भेदों में आते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं :—

अच्छा : संज्ञा—अच्छों से मिलकर प्रसन्नता होती है।
विशेषण—अच्छे आदमियों से मिलना चाहिए।
क्रियाविशेषण—वह अच्छा गाता है।

और : संज्ञा—औरों की बात जाने दीजिये।
विशेषण—थोड़ी देर में और आदमी आ गये।
समुच्चयवोधक—राम और रहीम में दोस्ती है।

कोई : सर्वनाम—अभी कोई आया था।
विशेषण—कोई पुस्तक दो।
क्रियाविशेषण—इसमें कोई सौ पृष्ठ हैं।

क्या : सर्वनाम—राम ने आपसे क्या कहा ?
विशेषण—उन्होंने आपसे क्या बात कही ?
क्रियाविशेषण—ये घोड़े चलते क्या हैं, उड़ रहे हैं ।
समुच्चयबोधक—क्या स्त्री, क्या पुरुष—सबको लड़ाई के मैदान में जाना चाहिए ।

हाँ : संज्ञा—मैं उनकी हाँ में हाँ मिलाता हूँ ।
विस्मयादिबोधक—हाँ, हाँ ! कहाँ घुसे जाते हो ?
क्रियाविशेषण—हाँ, मैं यहीं रहता हूँ ।

12. लोकोक्तियाँ - Proverbs

1. ईद के चाँद होना: (दुष्प्राप्य होना)—राम और रहीम में बड़ी मित्रता थी । वे प्रतिदिन एक दूसरे से मिला करते थे । एक बार कई सप्ताह तक रहीम न मिला, तो राम ने कहा—"आप तो ईद के चाँद हो गये !"

2. आग लगे तब खोदे कुआँ : (विपत्ति के उपस्थित होने पर उसका प्रतिकार सोचना)—गोपालदास साल-भर तो खेलता रहा; जब परीक्षा सिर पर आ गयी, तो पढ़ने बैठा । उसके भाई नें कहा—"आग लगे तब खोदे कुआँ !"

3. हवन करते हाथ जलना : (भलाई के बदले बुराई)—सेठजी ने हैजे से पीड़ित मनुष्यों की सेवा की । उनको स्वयं हैजा हो गया, तो लोग कहने लगे कि "हवन करते हाथ जल गया ।

4. कभी गाड़ी नाव पर, कभी नाव गाड़ी पर : (परिस्थिति का पलट जाना—समय पर प्रत्येक को एक दूसरे की सहायता करनी पड़ती है)—पं. नारायणजी मोटर पर जा रहे थे। रास्ते में उनकी मोटर बिगड़ गयी। बेचारे को मोटर ढकेलकर लानी पड़ी। उनके एक मित्र ने कहा, "कभी गाड़ी नाव पर, कभी नाव गाड़ी पर"!

5. कुआँ प्यासे के पास नहीं जाता : (जिसको गरज़ होती है, वही दूसरे के पास जाता है)—गोपाल ने अपने दोस्त से कहा, "भाई, तुम्हारी इस पुस्तक को मैं पढ़ना चाहता हूँ। कृपा करके मेरे घर पर दे जाना!" इसे सुनकर दोस्त ने कहा—"अजी! कुआँ प्यासे के पास नहीं जाता!"

6. लकड़ी के बल बंदरिया नाचै : (दण्ड के भय से आदमी सभी कुछ कर देता है)—रवींद्र का कार्य बड़ा असन्तोष-जनक था। कल साहब ने उसको बुलाकर निकाल देने की धमकी दी है। अब तो रवींद्र रात-दिन काम में लगा रहता है। कहा भी है कि "लकड़ी के बल बंदरिया नाचै!"

7. चिराग़ तले अंधेरा : (जहाँ संभावना न हो, वहाँ भी अंधकार होना, अर्थात् बड़े आदमियों से भूल हो जाना)—मोहन ने कहा—"आप इतने बड़े विद्वान होकर भी ऐसी भूल करते हैं।" गोपाल ने कहा—"आश्चर्य ही क्या है? क्या चिराग़ तले अंधेरा नहीं होता?"

8. मरी गाय बामन के हाथ : (निकम्मी चीज़ का दान देना)—श्रीनिवास ने अपना फटा कपड़ा सेवासमिति को दान,

देना चाहा। मंत्रीजी ने कपड़े को देखा, तो हँसकर कहा, "मरीदे गाय बामन के हाथ!"

9. हीरे की परख जौहरी जाने: (गुणी ही गुण को पहचान सकता है)—रामानुजम के गाने सुनकर गवैया शारंगपाणि तो खुश हो गया। पर मूर्ख गोपाल की समझ में कुछ न आया; क्योंकि "हीरे की परख तो जौहरी ही जाने।"

10. हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और: (कहना कुछ, करना कुछ; दूसरे को धोखा देना।)

रहीम ने कहा—तुम्हारे नेता बड़े अजीब आदमी हैं।

गोपाल ने कहा—क्यों, तुमने क्या बात देखी?

रहीम—भाई, जब राजनीति के बारे में व्याख्यान देने जाते हैं, तो सिर से पैर तक सफेद खादी पहनते हैं। मैं कल उनके घर पर गया था, तो उनको विलायती कपड़े पहने देखा।

गोपाल—तुम यह नहीं जानते कि हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और होते हैं।

दूसरा हिस्सा

निबन्ध-रचना

Essay-writing

A short literary composition on any subject is called an essay. हिन्दी में यों कह सकते हैं—किसी विषय पर अपने भावों के पूर्णरूप से, क्रमानुसार लिपिबद्ध करना 'लेख' कहलाता है। लेख को 'प्रबन्ध' या 'निबन्ध' भी कहते हैं। विषय के अनुसार लेख तीन प्रकार के होते हैं—वर्णनात्मक - Descriptive, विवरणात्मक - Narrative, और विचारात्मक - Reflective. 1. Description of a thing or place is called वर्णनात्मक निबन्ध or Descriptive Essay. 2. Narration of a historical or supposed event is called विवरणात्मक निबन्ध or Narrative Essay. 3. In विचारात्मक निबन्ध or Reflective Essay some abstract sub, ject is expouned ; as for instance, मेहरबानी - Kindness-नम्रता - Humility, मित्रता - Friendship, etc.

हिन्दी में हम यों कह सकते हैं :—1. बहुत-सी चीज़ें ऐसी हैं, जिनको हमने आँखों से देखा है और जिनके बारे में हम बहुत-कुछ जानते हैं, जैसे, जानवर, पेड़, इमारतें आदि। इनका वर्णन बहुत कठिन नहीं होता, और जो लेख ऐसे विषयों पर लिखे जाते हैं, उन्हें 'वर्णनात्मक निबन्ध' कह सकते हैं ; क्योंकि जो कुछ हमने देखा है, उसीका वर्णन करते हैं। 2. कुछ बातें

ऐसी हैं, जिनका वर्णन समय के आगे-पीछे के हिसाब से होता है, जैसे किसीका जीवन-चरित्र या कोई इतिहास की बात। ऐसे लेखों को 'विवरणात्मक निबन्ध' कह सकते हैं; और इनको लिखना वर्णनात्मक लेखों से कुछ कठिन है, क्योंकि इनके बारे में अपनी भी सम्मति प्रकट करनी पड़ती है। 3. बहुत-से विषयों पर अपने मन ही से सोचकर लेख लिखना पड़ता है, उनके लाभ, हानि, उपाय आदि बतलाने पड़ते हैं और अपनी पूरी सम्मति देनी पड़ती है। ऐसे विषयों को 'विचारात्मक लेख' कह सकते हैं।

लेखों के नमूने

अब आगे सब प्रकार के लेखों के कुछ नमूने दिये जाते हैं। साधारणतया—गाय, रेल्वे स्टेशन, मद्रास शहर, क्रिकेट का खेल आदि विषयों पर लिखे जानेवाले लेख 'वर्णनात्मक निबन्ध' होते हैं। महात्मा गांधी, गोस्वामी तुलसीदास, श्रीराम, अकबर, डाक विभाग, समाचार पत्र आदि विषयों पर लिखे जानेवाले लेख 'विवरणात्मक' होते हैं। पुस्तकें, सत्यवादिता, मितव्ययिता, चरित्र-पालन, स्त्री-शिक्षा आदि विषयों पर लिखे जानेवाले लेख 'विचारात्मक' लेख होते हैं।

लेख लिखते समय नीचे लिखी बारह बातों पर ध्यान रखना चाहिए।

1. लेख लिखने से पहले दस मिनट तक नियत विषय पर पूर्णरूप से विचार कर लीजिये।

2. समूचे लेख को एक ही तरह की शैली में लिखिये ।

3. आसान व मुहावरेदार भाषा में लिखिये ।

4. कठिन तथा अप्रचलित शब्दों का प्रयोग मत कीजिये ।

5. भाषा में व्याकरण की अशुद्धियां बिलकुल न रहें ।

6. विराम चिन्हों का उचित प्रयोग कीजिये ।

7. जो विचार आपके हृदय में उठें, उनके संकेत बनाकर क्रमश: लिखिये ।

8. फिर जितने संकेत हों, उनको एक-एक 'पैरा' (Para) में अलग-अलग लिखिये ।

9. वाक्य छोटे-छोटे और शब्द सरल हों ।

10. लेख इस तरह लिखिये कि पढ़ते ही अर्थ स्पष्ट हो जाए और रोचक जान पड़े ।

11. लेख संक्षेप में हो, परन्तु कोई बात छूटने न पाए ।

12. लेख लिखकर अन्त में एक बार उसे पढ़ डालिये और यदि कोई भूल हो गयी, तो उसका संशोधन कर लीजिये ।

हम यहाँ नमूने के लिए दो लेखों के ढांचे - outline देकर उन्हींके आधार पर दो लेख भी दे रहे हैं। इसी प्रकार विद्यार्थियों को ढाँचा बनाकर लेख लिखना चाहिए ।

लेख का ढाँचा बनाना और उसका विस्तार करना

गाय

ढाँचा—

1. **जाति**—चौपाया ; और चौपायों, घोड़ों आदि से. फ़र्क—सींगदार, खुर फटे, दाँतो की एक ही पंक्ति ।

2. **निवास**—सब देशों में, मनुष्यों के साथ पालतू जीवन ।

3. **आहार**—घास, पयाल, भूसा, अनाज और खली ।

4. **स्वभाव**—बहुत सीधा, बच्चों से प्यार ।

5. **बच्चे**—दस-बारह तक, साधारणतः तीसरे वर्ष से ।

लाभ—दूध ; दही, गोबर, बच्चे, खाल, हाड़ ।

1. गाय एक जानवर है जिसके चार पैर होते हैं । यह बच्चे देनेंवाला और उनको दूध पिलानेवाला जानवर है । इसमें और घोड़े गधे आदि चौपायों में यह फ़र्क है—इनके चारों खुर फटे रहते हैं और दाँतों की केवल एक पंक्ति, अर्थात् नीचेवाली पंक्ति ही होती है । परन्तु घोड़ों, गधों और खच्चरों में ये बातें नहीं होती ।

2. गायें सब देशों में पायी जाती हैं और जलवायु के अनुसार छोटी, बड़ी, दुधारू या सूखी होती हैं । बहुधा यह पालतू होती है और आदमियों ही के बीच रहती है ।

3. इसका मुख्य आहार घास, पयाल, भूसा आदि हैं। इसलिए इसके पालनें में अधिक ख़र्च नहीं होता। दयालु लोग और खासकर दूध के लिए पालनेवाले इसे आनाज, खली, भूसा और नमक भी खिलाते हैं।

4. गाय का स्वभाव बहुत सीधा होती है। चरनें के लिए छोड़ देने पर शाम को फिर स्थान पर आ जाती है, और इसके सीधेपन को देखकर सीधे आदमी को 'यह आदमी गऊ है' कहते हैं। परन्तु, इसके सामने कोई इसके बच्चे को दुख देता है, तो यह क्रुद्ध हो मारने के लिए दौड़ती है।

5. गाय प्राय: तीसरे वर्ष बच्चा देती है और अगर ठीक समय पर बच्चा जनती जाए, तो दस-बारह बच्चे तक दे सकती हैं।

6. गाय से मनुष्य को बहुत लाभ हैं। हम इसका दूध पीते हैं। दूध से दही, मक्खन, घी, मट्ठा (छाछ), मिठाइयाँ आदि भी बनते हैं। हिन्दू लोग इसे देवता की तरह पूजते हैं और सबेरे उठकर इसके दर्शन करते हैं। इसके गोबर से अच्छी खाद (manure) बनती है। गोबर की यही सबसे बड़ी उपयोगिता है। गाय के बच्चों को, अर्थात् बैलों को गाड़ी और हल में जोतते हैं। इसकी खाल से जूते, थैले आदि बहुत-सी चीजें बनाते हैं। इसकी हड्डियाँ खाद के रूप में ज़मीन को बहुत उपजाऊ बनाती हैं। इन सब लाभों को देखकर जहाँ तक हो सके ऐसे उपकारी जीव की वृद्धि करनी चाहिए।

रेल्वे स्टेशन

ढाँचा :

1. **प्लैटफ़ारम**—लंबा-चौड़ा, कई तरह के लोगों की भीड़-भाड़ ।

2. **इमारत**—एक पंक्ति में बहुत-से कमरे, उनके विभाग; बाहरी दीवारों पर इश्तिहार ।

3. **ट्रेन के आने का समय**—उत्सुकता, चढ़ने-उतरने की जल्दी, फेरीवालों की पुकार ।

4. **ट्रेन का खुलना**—दोस्तों से बिदाई, लोगों का चला जाना ।

1. रेल्वे स्टेशन बड़ा अच्छा स्थान है । वहाँ सैकड़ों चीज़ें दिखाई देती हैं । फाटक पर पहुँचते ही अनोखे दृश्य मिलते हैं । दूर तक लंबा-चौड़ा प्लौटफ़ार्म फैला हुआ है, जिसके एक सिरे पर खड़ा हुआ आदमी दूसरे सिरे पर से नहीं पहुँचाया जा सकता ।

स्थान-स्थान पर लोग बेंचों पर बैठे हुए बातें करते हैं । पत्थर व ईंट के फ़र्श पर लोग कम्बल और दरी बिछाये बैठे हुए हैं, कोई-कोई हाथ पर सिर रखे लेटे भी हैं, बहुत-से लोग टहल रहे हैं । मजदूर लोग असबाब तौलते हैं । कुछ मजदूर असबाब को बाहर लाते हैं, तो कुछ बाहर से भीतर ले जाते हैं । पानीवाला इधर से उधर चक्कर काट रहा है । रेल्वे पुलिस अपनी-अपनी जगह पर खड़ी है । एक दो साहब लोग (गोरे)

मेम साहिबाओं से बातें करते घूम रहे हैं, तो कोई सिगरेट पी रहा है।

2. अब इमारतों पर निगाह डालिए। एक ही पंक्ति में बहुत-से कमरे बने हुए हैं—किसी में स्टेशन मास्टर का दफ़्तर है, किसीमें तार घर है, जहाँ से घंटी की टनटनाहट और तार की खटखटाहट आती है; किसीमें टिकट घर है, जिसकी खिड़की के सामने लोगों की लम्बी क़तार है और भीतर से रुपया परखने तथा टिकट में तारीख़ छापने की आवाज़ आ रही हैं; किसी कमरे में बाबू लोग असबाब की बिल्टी (reciept) करते हैं; और उनके सामने तौलनें की कल लगी है; किसी कमरे में पहले दर्जे के मुसाफिर आराम कर रहे हैं। बाहर दीवारों पर नाना प्रकार के रंगीन और सादे कागज़ चिपके हैं। कहीं 'लिप्टन्स चाय', 'मैसूर साबुन', कहीं रेलों की समयसारणी (टाइम टेबुल), कहीं लालटेनें और 'साइन-बोर्ड' लगे हैं। कोई जगह ख़ाली नहीं छोड़ी गयी है।

3. रेल के आने का समय निकट आ गया है। लोग बराबर घड़ी देख रहे हैं। अपढ़ लोग दूसरे से समय पूछ रहे हैं। ज्यों ही रेल के आने की घंटी हुई लोग उठ-उठकर ताकनें लगे। धुआँ दिखाई दिया, इंजन दृष्टि में पड़ा, घबड़ाहट बढ़ गयी और ट्रेन प्लैटफ़ार्म पर पहुँच गयी। अपनी-अपनी गठरियाँ स्वयं लिए या मज़दूरों के सिर पर लदाए, अपने अपने दर्जे के डिब्बे ढूंढ़ते हुए, लोग कभी आगे जाते हैं, कभी पीछे दौड़ते हैं।

उतरनेवाले मुसाफ़िर प्लैटफ़ार्म पर अपना असबाब जाँच रहे हैं और मज़दूरों से मज़दूरी तय कर रहे हैं।

4. थोड़ी देर में सारा शोरगुल शान्त हो गया, तो दूसरे प्रकार के शब्द कान में आने लगे—'गरम चाय !' 'सोड़ा लेमनेड़ !', 'केले !', 'पान-सुपारी !', 'बीड़ी-सिगरेट !', 'पूरी-मिठाई !', 'इड्ली-काफ़ी ! आदि विचित्र आवाज़ें गाड़ी के बाहर से आती हैं और 'क्यों बाबू साहब, आप कहाँ जाएँगे ?' आदि प्रश्न गाड़ी के भीतर हो रहे हैं। थोड़ी देर में रेल के छूटने की घंटी बजी। गार्ड ने हरी झंडी दिखायी और सीटी बजायी इंजन ने भी ज़ोर की सीटी दी, और ट्रेन धीरे से चली।

बस, समय हो गया। बाबू लोग अपने लौट जानेवाले साथियों से 'गुड बाई' (Good bye) करने लगे और खिड़कियों के बाहर हाथ निकालकर हाथ मिलाने लगे। कुछ लोग 'नमस्कार' कहते हैं, कोई 'राम राम', कोई तसलीमात अर्ज़', कोई 'भाई, पहुँचते ही चिट्ठी लिखना' आदि। इस तरह ट्रेन निकल जाती है और लोग अपने-अपने घर को चल पड़ते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोग भी अपने स्थान की ओर चलते हैं, और कुछ देर के बाद भीड़ हट जाती है।

कुछ लेख

1. नदियाँ

नदियों से हमें बहुत-से लाभ होते हैं। हिन्दुस्तान में ज़्यादातर लोगों के जीवन का आधार खेती है। खेती के लिए सुन्दर और उपजाऊ भूमि तैयार करने का काम नदियाँ करती हैं। नदियों के जल से ही आसपास के खेतों की सिंचाई होती है। वर्षा नहीं होती, तो किसान नदियों का सहारा लेते हैं। जहाँ नदियाँ नहीं हो, वहाँ पानी के न बरसने से या असमय बरसने से अकाल पड़ने का डर रहता है। पर नदी-किनारे की भूमि सदा लहलहाती रहती है। वह वर्षा की परवाह नहीं करती। नदियों के किनारे ही बाग-बगीचे फूलते और फलते हैं। वहाँ उन्हें पानी की कमी नहीं रहती। इसके अलावा नदियों से नहरें निकाली जाती हैं। उनसे सुदूर और निर्जल प्रदेश भी हरे-भरे बनाये जाते हैं। ऊसर और मरुभूमि को भी लहलहाते खेतों के रूप में बदला जा सकता है। कावेरी नदी के 'मेट्टुर बाँध' की नहरों ने तंजाऊर ज़िले की पैदावार बढ़ाने में कहाँ तक भाग लिया है, यह सब जानते हैं। 'तुंगभद्रा प्रॉजेक्ट' ने आंध्र और कर्नाटक के निर्जल भूमि भाग को उपवन बना दिया, इसमें संदेह ही क्या है?

देश के भीतरी भागों में नदियाँ जल-मार्गों का काम देते हैं। इन्हींके द्‌वारा व्यापार और आवागमन होता है। सड़कों और स्थलमार्गों की अपेक्षा नदियों के द्‌वारा आने-जाने में

सहूलियत होती है और व्यय भी कम पड़ता है। यद्यपि रेलों ने आजकल नदियों के व्यापार और आवागमन को हथिया लिया है, तो भी बहुत-से ऐसे स्थान हैं, जहाँ केवल नदियों ही के सहारे जाया जा सकता है।

नदियाँ कहीं-कहीं प्राकृतिक सीमा का काम भी देती हैं। उदाहरण के लिए कोळ्ळिडम नदी तक तंजाऊर ज़िला है, उसके आगे दक्षिण आर्काट ज़िला है।

नदियों के तटवर्ती प्रदेश की जलवायु स्वास्थ्यकर होती है। इसलिए प्राय: सभी बड़े-बड़े आधुनिक नगर नदियों के किनारों पर ही बसाये गये हैं। प्राचीन काल में रेल, मोटर और हवाई-जहाज़ों के अभाव में व्यापार, व्यवसाय और आवागमन के लिहाज़ से सभी नगर नदियों के किनारे बसाये जाते थे। भारत के तो प्राय: सभी प्राचीन नगर—काशी, प्रयाग, हरिद्वार, कांचीपुरम, श्रीरंगम, मदुरै, कुंभकोणम, राजमहेन्द्री और विजयवाडा आदि शहर किसी न किसी नदी के किनारे ही बसे हुए हैं। इससे नगर के स्त्री-पुरुषों को नहाने-धोने और जल-क्रीड़ा करने की वड़ी सुविधा रहती है। जो बड़े-बड़े नगर नदियों के तट पर बसे होते हैं, वहाँ के नागरिकों को पानी का अभाव नहीं होने पाता। सुबह-शाम नदी के किनारे घूमकर दिमाग को तरोताज़ा किया जा सकता है और शरीर की थकान मिटायी जा सकती है। नाव में बैठकर मील-दो मील की जलयात्रा करके खिन्न मन को नव स्फूर्तिमय बनाया जा सकता है। नदी-तट का वातावरण एकदम शान्त, सुन्दर पवित्र

और आत्मचिन्तन के अनुकूल होता है। वहाँ पर ध्यानावस्थित होकर परम आत्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है।

कहीं-कहीं नदियों के जल में उपयोगी और स्वास्थ्यवर्द्धक रासायनिक पदार्थों का मिश्रण देखा जाता है। गंगाजल अपनी पवित्रता के लिए इसी कारण प्रसिद्ध है कि उसमें कई रासायनिक पदार्थों का मेल पाया जाता है। इसीसे उसमें कभी कीड़े पैदा नहीं होते। हैजा आदि बीमारियों के कीटाणु उसमें स्वतः मर जाते हैं।

नदियों के प्रवाह से पनचक्कियाँ चलायी जाती हैं। नदियों के प्रपातों (Water-falls) से बिजली पैदा की जाती है। आजकल विज्ञान का कोई काम बिजली के बिना संभव नहीं हो सकता। बिजली से जीवनोपयोगी प्रायः सभी काम हो सकते हैं। उस बिजली का सबसे बड़ा संग्रह नदियों से किया जाता है।

नदियाँ समुद्रों में गिरती हैं। वे अपने आसपास के प्रदेश की सारी गंदगी को बहा ले जाकर समुद्र में डालती रहती हैं। नदियाँ सागर से पृथ्वी का संबन्ध कराती हैं, एक मार्ग खोल देती हैं। व्यापार और वाणिज्य के इस युग में तो इस मार्ग का बड़ा महत्व है। दुनिया में प्रायः सभी बड़े-बड़े बंदरगाह इन्हीं मार्गों के मुहानों पर बसे हैं। हिन्दुस्तान के बंबई और कलकत्ता ऐसे ही बंदरगाह हैं।

मांसाहारी लोग नदियों से और एक बड़ा लाभ उठाते हैं। वे अपने भोजन के लिए इनसे मछलियाँ प्राप्त करते हैं।

इन्हीं कारणों से भारत में तथा और कुछ देशों में नदियाँ पवित्र और पूजनीय समझी जाती हैं।

भारत की मुख्य-मुख्य नदियों ने (गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी आदि), प्राचीन काल से हिन्दू जाति के हृदय पर अधिकार, कर रखा है। हिन्दू साहित्य में नदियों की महिमा का गान गाया जाता है। मिस्र देश (Egypt) में लोग नील नदी को 'ईश्वर का वरदान' मानते हैं। नदियों के रम्य तटों पर उत्सव मनाने की पद्धति प्राचीन काल से हर एक देश में चली आयी है। ग्रीस, रोम और इंग्लैंड के कवियों ने अपने-अपने देश की नदियों के अनेक गीत गाये हैं। इस प्रकार नदियों से होनेवाले लाभों का अन्त नहीं है।

2. हवाई जहाज

मनुष्य बहुत काल से उड़ने का स्वप्न देखता चला आया है। वह ज़मीन पर चल सकता था। नाव या जहाज़ के द्वारा पानी पर भी चल सकता था। परन्तु उसे आसमान में उड़ना नहीं आता था। पुराणों में पढ़ते हैं कि प्राचीन काल में देवता लोग विमानों में उड़ा करते थे। देवताओं का वृत्तांत सुनकर मनुष्य को भी उड़ने की इच्छा हुई। मनुष्य की बनायी हुई चीज़ों में लोग पतंग को उड़ते हुए देखते थे। उसके अलावा हल्की हवा से भरे हुए गुब्बारे भी उड़ते दिखाई देते थे। इन गुब्बारों में धीरे-धीरे उन्नति की गयी। मनुष्य उनमें बैठकर उड़ने भी लगा। मगर इसमें एक कमी थी। मनुष्य उड़ने में

आज़ाद न था। गुब्बारों में मनुष्य वायु के अधीन था, जिधर हवा ले गयी, उधर ही उसको चलना पड़ता था। फिर, गुब्बारे सहज में उतरते भी न थे। उनसे कूदने के लिए छाता लगाना पड़ता था। इन कठिनाइयों को देखकर वैज्ञानिक लोग इस बात के प्रयत्न में लग गये कि ऐसे यान बनाएँ, जिनमें ये सब असुविधाएँ न हों। इसमें वे सफलता पा गये। फल यह निकला कि हवाई जहाज़ या वायुयान प्रचलित हो गया।

वायुयान से अनेक लाभ हैं। इसकी गति मोटर या रेल की गति से अधिक तेज़ होती है। हवाई जहाज़ तीन-चार सौ मील प्रति घंटे की गति से चल सकते हैं। आसमान में चलते हैं इसलिए रास्ते में कोई रुकावट नहीं होती। तीर की तरह सीधे जाने के कारण दूरी को बहुत जल्दी तय कर लेते हैं। इनके लिए न सड़क बनवाने की ज़रूरत है और न पुल बंधवाने की। वायुयान के कारण महीनों का सफ़र हफ़्तों का हो गया है। अब बिलायत और हमारे देश के बीच एक ही हफ़्ते में डाक आ-जा सकती है। हवाई जहाज़ की वजह से सिर्फ़ वक़्त की ही बचत नहीं हुई, बल्कि बहुत दुर्गम स्थान भी सुगम हो गये हैं। इसके द्वारा हिमालय पहाड़ पर बदरी-केदरनाथजी की यात्रा भीं दुर्गम नहीं रही। वायुयान की उपयोगिता बढ़ाने के लिए बेतार का भी साथ ही साथ आविष्कार हो गया है। बेतार के तार द्वारा आसमान में उड़ते हुए भी नीचे की दुनिया का पता रह सकता है।

लाड़ाई के मैदान में हवाई जहाज़ का बहुत उपयोग होने लगा है। अब उसके कारण दुश्मन के किले या दुर्ग में जाना मुश्किल नहीं रहा। खाई भी दुश्मन की अधिक रक्षा नहीं कर सकती। वायुयानों द्वारा सारी सैनिक परिस्थिति का पता लगाया जा सकता है। हवाई जहाज़ पर से बम बरसाकर शत्रु का संहार भी किया जा सकता है, अलबत्ता यह विज्ञान का दुरुपयोग है। इस बम-वर्षा से बचना एक बड़ी भारी समस्या हो गयी है। बम-वर्षा होने पर क्या होना चाहिए, इसका प्रदर्शन बड़े-बड़े शहरों में प्रायः किया जाता है। जिस प्रकार पहले ज़माने में राष्ट्र अपनी नौसेना (Navy) पर गर्व करते थे, उसी प्रकार अब वे विमान-बल (Air Force) पर गर्व करने लगे हैं।

वायुयान के नागरिक-उपयोग भी बहुत हैं। अब मित्रगण एक दूसरे के पास उड़कर जा सकेंगे। मान लीजिये, मद्रास में आपके किसी दोस्त की शादी होनेवाली है। विवाह के एक दो-दिन पहले समाचार मिलने पर आप दिल्ली से मद्रास उड़कर आ सकते हैं और विवाहोत्सव में शामिल हो सकते हैं। काबुल से नारंगी, सेब आदि फल रेल से मद्रास भेजें, तो उनके पहुँचने में बहुत दिन लगेंगे। रास्ते में वे सड़ भी जाएँगे। पर वायुयान के द्वारा वे सड़ने के पहले ही मद्रास पहुँच सकते हैं। भविष्य बताएगा कि विज्ञान कैसे-कैसे आश्चर्यजनक चमत्कार कर दिखाता है। हवाई जहाज विज्ञान का सबसे बड़ा चमत्कार है।

3. गरीबों के प्रति हमारा कर्तव्य

दुनिया में सब मनुष्य एक-से नहीं होते। कोई अमीर होता है, कोई गरीब, कोई स्वस्थ, कोई बीमार, कोई सुखी, कोई दुखी। मनुष्य को ईश्वर ने बुद्धि दी है। बुद्धि से वह अच्छे और बुरे की पहचान कर सकता है। मनुष्य को ईश्वर ने दया भी दी है। दया रहने से आदमी ग़रीब, रोगी और दुखी की मदद कर सकता है। अगर आदमी के दिल में कमज़ोरों और दुखियों के प्रति सहानुभूति का भाव न होता, तो कोई प्राणी ज़िन्दा नहीं रह सकता। जब माँ की कोख से बच्चा पैदा होता है, उस समय उस बच्चे में चलने-फिरने की शक्ति नहीं होती। लेकिन, माँ प्रेम के साथ और बड़ी सावधानी से उसका पालन-पोषण करती है। पशु-पक्षी भी अपनी संतान के लिए बहुत-कुछ करते हैं और अपने सजातीयों के साथ दया का व्यवहार करते हैं।

हमदर्दी (सहानुभूति) मनुष्य का एक उत्तम गुण है। जब हम किसी ग़रीब को देखते हैं, तो हमारे दिल में दया उत्पन्न होती है। हमारा दिल पिघल जाता है और हम चाहते हैं कि उसकी सहायता करें। हम उसकी मदद कई तरह से कर सकते हैं। कुछ लोग ग़रीबों में पैसा बाँटकर उनकी सहायता करते हैं। लेकिन मेरी राय में पैसा बाँटना सहायता करने का अच्छा रूप नहीं है। मुफ़्त पैसा पाकर ग़रीब लोग सुस्त हो जाते हैं और मेहनत नहीं करते। कुछ हिन्दू लोग आँख मूँदकर दान दे देते हैं। इसका फल अच्छा

नहीं होता है । इससे देश में आलसी साधुओं की संख्या बढ़ती जाती है । भारतवर्ष में जगह-जगह, ख़ासकर तीर्थस्थानों में भिखारियों का जमघट दृष्टिगोचर होता है । इन भिखारियों ने भीख माँगना अपना पेशा बना लिया है । ये देश के लिए भाररूप बन गये हैं । गरीब की मदद करने का सबसे अच्छा तरीक़ा यह है कि उन्हें पैसे देने के बजाय धन कमाने योग्य बनाया जाए । यदि हम किसी ग़रीब को एक रुपया दान में दें, तो वह उसे एक दो दिन में ख़र्च कर फिर हमारे सामने पैसे के लिए हाथ पसारेगा । परन्तु, यदि एक रुपया देने के बजाय उसको शारीरिक परिश्रम से रुपया कमाने का उपाय बताएँ, तो उसकी ग़रीबा हमेशा के लिए दूर हो जाएगी ।

अमीर लोग ग़रीब विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठशालाएँ खोल सकते हैं । दरी बुनना, सिलाई का काम, चरखे पर सूत कातना, लकड़ी का काम या दफ़्तरी काम सिखाने के लिए व्यवसाय-शालाएँ (Technical Schools) भी खोल सकते हैं । निर्धन बच्चों को खिलाने का भी प्रबन्ध अमीर लोग कर सकते हैं । ग़रीबों के लिए अस्पताल खोल सकते हैं । इन अस्पतालों में ग़रीब आदमी को दवा मुफ़्त मिले और इलाज आसानी से हो । मीठी बोली बोलकर भी हम दरिद्रों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखा सकते हैं । हमें यह न सोचना चाहिए कि हमारे पास पैसा नहीं है, हम निर्धनों की सेवा कैसे करें । प्रत्येक मनुष्य कुछ न कुछ तो कर ही सकता है । सेवा के मार्ग अनेक हैं । जिसके पास एक लाख रुपये हैं,

वह हज़ार रुपयेवाले की सहायता कर सकता है। जो चार रुपयेवाला है, वह एक रुपयेवाले की मदद कर सकता है। चाहे कोई कितना ही ग़रीब हो, कुछ न कुछ तो कर है सकता है। बहुत ग़रीब होने पर भी, जिसमें सेवावृत्ति हो, वह अपने हाथ-पाँव से दूसरों की सेवा कर सकता है। मान लीजिये, कोई दरिद्र मनुष्य बीमार पड़ गया है। आप उसके लिए अस्पताल तक दौड़ सकते हैं, दवा ला सकते हैं, सेवा-शुश्रूषा कर सकते हैं। यह भी न हो सके, तो उस ग़रीब बीमार आदमी के पास बैठकर कम से कम सांत्वना तो अवश्य दे सकते हैं। ग़रीबों की सेवा करने से हमारा दिल उदार बन जाता है, संसार में यश मिलता है और ईश्वर प्रसन्न होता है। ग़रीबों की सेवा करना हर एक दृष्टि से मानव का परम धर्म है।

4. भाप की शक्ति

भाप की शक्ति अद्भुत है। इससे आजकल हम सभी परिचित हैं। रेल गाड़ी भाप से चलती है। अनेक प्रकार की कलें, भाप से चलती हैं। आटा पीसने की कलें, छपाई की कलें, कपड़ा बुनने की कलें, लोहा गलाने की कलें, इन सबमें भाप की ज़रूरत पड़ती है। भाप में मनुष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने की शक्ति है। यह सचमुच आश्चर्यजनक बात है। भाप की शक्ति का पता अभी दो सौ साल के पहले ही लगा। उसके पहले लोग भाप की शक्ति से वाकिफ़ न थे। भाप की शक्ति का पता पहले-पहल 'जेम्स वाट' को मिला। वह मामूली

दर्ज़े का अंग्रेज़ था। वह एक दिन केतली में पानी गरम कर रहा था। उसने देखा कि पानी से जो भाप बनती है, वह बड़े ज़ोर से केतली के ढक्कन को उछाल देती है। उसने वहाँ बैठे-बैठे यह विचार किया कि अगर थोड़ी-सी भाप में ढक्कन को उछालने की शक्ति है, तो भाप के पुंज में बड़ी-बड़ी चीज़ों को ढकेलने की शक्ति ज़रूर होगी। तुरन्त वह इसके प्रयोग में लग गया। इस छोटी-सी घटना ने उसके दिमाग में एक युक्ति पैदा कर दी। बहुत कोशिश करने के बाद उसने एक यंत्र बनाया। वह इस यंत्र से भाप के द्वारा ख़ानों में काम करने लगा। उसने यह सिद्ध कर दिखाया कि भाप मनुष्य की बहुत बड़ी सेविका है।

जेम्सवाट के बाद जार्ज स्टीवेन्सन मैदान में आया। इसने भाप के ज़रिये बड़ा आश्चर्यजनक काम किया। आजकल देश में प्राय: सभी जगह हम रेल गाड़ियां देखते हैं। कुछ रेल गाड़ियाँ अस्सी, नम्बे किलो मीटर फी घण्टे की चाल से चलती हैं। इसका श्रेय स्टीवेन्सन को ही है। भाप पानी को आग के संसर्ग में लाने से बनती है। पानी जब गरम किया जाता है, तो पहले वह उबलता है। फिर जब अधिक गर्मी पाता है, तब पानी भाप या धुएँ के आकार में बदल जाता है। इसी भाप को धातु के बड़े बर्तन में बन्द करते हैं, जिसे 'बाइलर' कहते हैं। भाप आजकल हज़ारों घोड़ों और मनुष्य का काम करती है। मान लीजिये कि आप मद्रास से बेंगलर जाते हैं। बेंगलूर मेल में सैकड़ों आदमी बैठे हैं। कई डब्बे लगे हुए हैं। अगर भाप से

चलनेवाला इंजन हो, तो बेंगलूर मेल को खींचने के लिए कितने घोड़ों की आवश्यकता होती ! क्या घोड़े साठ-सत्तर किलो मीटर प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकते हैं, नहीं, कभी नहीं। किसी पशु, पक्षी या मनुष्य में इतनी शक्ति नहीं, जितनी भाप में है। संसार भाप का पता लगानेवाले का कृतज्ञ है। भाप के कारण मानव जाति को बड़ा आराम पहुँचा है। न जाने प्रकृति में कितनी शक्तियाँ छिपी हुई हैं ! आवश्यकता इस बात की है कि वैज्ञानिक लोग इन शक्तियों का पता लगान में लग जाएँ।

5. सिनेमा

आजकल सिनेमा का बहुत प्रचार है। अमेरीका के एडिसन नामक सज्जन ने इसका आविष्कार किया था। सिनेमा की लोकप्रियता दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। बड़े से बड़े विद्वान से लेकर साधारण से साधारण आदमी तक सिनेमा देखने जाते हैं। स्कूल-कालेजों के विद्यार्थियों में तो इसका शौक़ बहुत ही बढ़ रहा है। कोई-कोई शौक़ीन लोग तो रोज़ सिनेमा देखते हैं। हिन्दुस्तान में इसका समय प्रायः शाम के 6 बजे से रात के 12 तक रहा है। पर सुनते हैं, यूरोप के देशों में कहीं यह आठों पहर दिखाया जाता है। सिनेमा के आगे नाटकों को लोग भूल गये हैं और इसलिए आजकल नाटकों का लोप-सा हो रहा है।

सिनेंमा का उपयोग शिक्षा के लिए भी होने लगा है। सिनेमा के द्वारा यह बतलाया जाता है कि मलेरिया कैसे होता है और उनसे हम कैसे बच सकते हैं। कहीं-क़हीं सफ़ाई रखने

का उद्देश्य बताया जाता है। इसके ज़रिये इतिहास और भूगोल की भी शिक्षा दी जाती है। प्रचार-कार्य में सिनेमा से बहुत मदद मिल सकती है। नशीली चीज़ों के कुपरिणाम दिखाये जा सकते हैं। सिनेमा से मनोरंजन भी होता है और साथ ही साथ शिक्षा भी मिलती है। सिनेमा अत्यधिक लाभदायक व्यापार भी है। परदे पर तसवीरें चलती हैं और बोलती हैं; दर्शकों को नाटक-जैसा आनन्द मिलता है! नाटक और सिनेमा में मोटा भेद यही है कि उसमें अभिनेता दर्शकों के सामने आते हैं और इसमें उनके छायाचित्र। कुछ वर्षों के पहले केवल चित्र ही दीख पड़ते थे, आवाज़ नहीं सुन पड़ती थी। अब 'टॉकी' (बोलपट) भी बन गये हैं मूकचित्र मिट चुके हैं।

कलकत्ता, बम्बई, मद्रास तथा पूना में फ़िल्म बनानेवाली बड़ी-बड़ी कंपनियाँ (स्टूडियो) हैं। सिनेमा का व्यवसाय तरक़्क़ी पर है। भारतवर्ष में फ़िल्में दिखायी जाती हैं, अधिकतर वे बाहर से आती हैं। पर खुशी की बात है, अब यहाँ भी अच्छी संख्या में अच्छी फ़िल्में बनायी जाने लगी हैं। इसमें शक नहीं कि विदेशी फ़िल्मों की-सी सफ़ाई भारतीय फ़िल्मों में अभी तक नहीं आयी है। पर धीरे-धीरे इसमें उन्नति हो रही है। अधिकतर भारतीय फ़िल्में भारतीय कथाओं से संबन्ध रखनेवाली होती हैं।

फ़िल्म का व्यवसाय काफ़ी महत्वपूर्ण है। एक-एक फ़िल्म, जिसे हम लोग मिनटों में देख लेते हैं, वर्षों के परिश्रम से

तैयार होती है और उसमें लाखों रुपये ख़र्च हो जाते हैं। लेकिन एक बात है—चित्रपट बुरा हो तो उसको देखकर लोगों में कामुकता, विलासिता आदि बुरे गुणों के बढ़ने की संभावना है। कुवासनापूर्ण फ़िल्मों को देखने से लोगों का चरित्र बिगड़ सकता है। इसलिए सिनेमा की फ़िल्मों पर नियन्त्रण की अत्यन्त आवश्यकता है। हमारे देश मे सरकार द्वारा नियुक्त एक समिति है, जो इसका निर्णय करती है कि अमुक फ़िल्म दिखानी चाहिए, अमुक नहीं। अन्त में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि सिनेमा को और भी उपयोगी बनाया जा सकता है।

6. रेल

पुराने समय में यात्रा के अच्छे साधन न थे। लोग बैलगाड़ी, घोड़े, ऊंट, खच्चर आदि पर एक स्थान से दूसरे स्थान को जाते थे। इन साधनों के द्वारा यात्रा आराम से नहीं हो सकती थी। राह में अनेक मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। कभी-कभी रास्ते में लुटेरे मुसाफ़िरों के सामान लूटते, तो कभी-कभी शेर, बाघ आदि हिंस्र जानवर यात्रियों को खा जाते थे। एक जगह से दूसरी जगह पहुँचने में वर्षों तक लग जाते थे। राहख़र्च बहुत होता था। पर आजकल रेल गाड़ी से यात्रा बड़ी सुगम हो गयी है। अब यात्रीगण सभी मौसमों में यात्रा कर सकते हैं। रात हो या दिन, कुहरा हो या पाला, हर घड़ी यात्रा की जा सकती है। राजा हो या रंक, लड़के हों या बूढ़े, स्त्री हो या पुरुष, सब यात्रा का आनन्द उठ

सकते हैं। काशी, रामेश्वरम आदि जिन तीर्थों और प्रसिद्ध स्थानो की यात्रा के लिए पहले लोग तरसा करते थे, वे अब सबके लिए सुगम हो गये हैं। मथुरा, बृन्दावन या अयोध्या के दर्शन करके जन्म सफल कीजिये, ऊटी या शिमला की ठंडी-ठंडी हवा का मज़ा लूटिये, मद्रास जाकर अडयार देखिये, आगरा में ताजमहल की अलौकिक शोभा निहारिये, अथवा बम्बई, कलकत्ता की ऊँची-ऊँची इमारतें देखिये! रेल ने सब सुगम कर दिया है। वन, पर्वत, नदी, नाला, झील, रेगिस्तान, दर्रे आदि दुर्गम मार्गों में से भी रेल ने मार्ग निकाल लिया है। रेल से समय और धन दोनों की बचत होती है।

रेल गाड़ी के चालू होने के पहले व्यापार नदियों के किनारे पर बसे हुए शहरों में छोटी-छोटी नावों के द्वारा होता था। एक प्रांत का माल दूसरे प्रांत में बड़ी कठिनाई से लाया जाता था। अन्न, वस्त्र आदि ज़रूरी चीज़ें ही उस समय व्यापारिक महत्व रखती थीं। परन्तु, रेल के जारी होने से अब व्यापार की बड़ी उन्नति हो गयी है! आजकल माल एक स्थान से दूसरे स्थान पर बड़ी सुगमता और शीघ्रता से भेजा जा सकता है। भेजने का ख़र्च बहुत कम हो गया है। एक देश की अनोखी और उत्तम वस्तुएँ दूर के दूसरे देश में लगभग उसी कीमत पर मिल जाती हैं। आजकल काश्मीर के दुशाले, अहमदाबाद के कपड़े, बंगाल के बोरे और टीठागढ़ का काग़ज बड़ी आसानी से हिन्दुस्तान के हर एक शहर में बिकने के लिए पहुँच जाता है। मतलब यह है कि रेल से देश के आन्तरिक

व्यापार में खूब वृद्धि हो गयी है। व्यापार का क्षेत्र बढ़ गया है। देश के आयात (import) और निर्यात (export) में सहायता मिली है।

देश के भिन्न-भिन्न नगर रेलों द्वारा मिल गये हैं। कन्याकुमारी से लेकर उत्तर में हिमालय की घाटी तक के सब उपजाऊ मैदान और व्यापारिक क्षेत्र रेल द्वारा संबद्ध हो गये हैं। कच्चा माल भेजने में सुविधा होने के कारण देश में उद्योग-धन्धों को बड़ी सहायता मिली है। कला-कौशल और व्यवसाय आदि को सफल बनाने का मुख्य साधन रेल ही है। जो उपज कौड़ियों के मोल बिक जाती थी, वह अब पहले से दुगुनी-तिगुनी क़ीमत में बिकती है। एक प्रांत दूसरे प्रांत की पैदावार से समुचित लाभ उठाता है।

रेल से आजकल अकाल के समय में बड़ी सहायता मिलती है। एक ही देश में अकाल के समय एक प्रांत के निवासी आराम से जीवन व्यतीत करते थे और दूसरे प्रांत के निवासी भूख से तड़पकर मर जाते थे। परन्तु अब रेल द्वारा अन्य प्रांतों से अन्न शीघ्र ही अकाल पीड़ित स्थानों में पहुँच जाता है। इस तरह रेल करोड़ों आदमियों को मौत के मुंह में जाने से बचाती है। हजारों मनुष्य रेल के कार्यालयों में काम करके अपना और अपने बाल-बच्चों का पालन करते हैं। नदी पर पुल बनाने, दरों और चट्टानों में से रेल का मार्ग निकालने में लाखों मज़दूरों और अनेक इंजिनीयरों की ज़रूरत पड़ती है। ये लोग रेल गाड़ियों से अपनी रोटी कमाते हैं। रेल से सरकारों के ख़ज़ानें भी भरते हैं। माल के इधर से उधर

आने-ज़ाने से सरकारी आय खूब बढ़ जाती है। सारांश यह है कि देश की आर्थिक उन्नति में रेल गाड़ी पूरा-पूरा योग देती है।

सामाजिक और राजनैतिक विकास में भी रेलों ने सहयोग दिया है। रेलों द्वारा अब जन-समुदाय एक स्थान से दूसरे स्थान को खूब आने-जाने लगा है। वैवाहिक संबंध भी दूर के नगरों में होने लगे हैं। मेला, जातीय उत्सव, राष्ट्रीय सभा आदि में जनता अब खूब भाग लेने लगी है। स्वास्थ्य-लाभ के लिए लोग राँची, मदनपल्ली, नैनीताल आदि स्थानों को जाने लगे हैं। देशाटन द्वारा मनोरंजन की प्रवृत्ति तो लोगों में कम नज़र आती है, किन्तु भौगोलिक ज्ञान बढ़ने के साथ ही साथ शिक्षा का विकास भी होने लगा है। अब छोटे-छोटे शहरों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए मद्रास-जैसे बड़े शहरों और अण्णामलै नगर (चिदम्बरम) जैसे शिक्षा-केन्द्रों में जाने लगे हैं। रेल के कारण भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न राज्यों के रहनेवाले एक-दूसरे के नज़दीक आ गये हैं।

सरकार के लिए रेल बहुत लाभदायक है। देश में अशांति, दंगा, क्रांति, या लड़ाई के समय सरकार फ़ौज को एक सूबे से दूसरे सूबे में रेल के द्वारा बड़ी आसानी से और जल्दी भेज सकती है। इसके अलावा, फ़ौज के लिए खाने की चीजें युद्ध-सामग्री और अन्य वस्तुएँ भेजने में भी बड़ी सुविधा रहती है। रेल द्वारा डाक एक जगह से दूसरी जगह आसानी से भेजी जाती है। सचमुच रेल राजा-प्रजा, राव-रंक, सेठ-साहूकार, गृहस्थ-साधु सबके लिए उपयोगी है। रेल से अनगिनत लाभ है।

7. पदार्थ विज्ञान

भौतिक पदार्थों के विज्ञान को 'पदार्थ' विज्ञान (Physical Science) कहते हैं। विज्ञान के अध्ययन से हमारे ज्ञान का बड़ा विस्तार होता है। प्राकृतिक रहस्यों का पता हमको विज्ञान से मिलता है। विज्ञान से हमें संसार में नियम और शृंखला दिखाई पड़ने लगती है। लोग विज्ञान पढ़ते हैं। वे किसी बात को बिना छानबीन किये सहसा नहीं मान लेते। वे शीघ्र धोखे में नहीं आते। इस कारण उनमें अन्धविश्वास की मात्रा कम हो जाती है। इसके साथ-साथ उनमें कट्टरपन भी नहीं रहने पाता। जिस प्रकार वैज्ञानिक लोग किसी बात का सहसा विश्वास नहीं करते, उसी तरह वे, जब तक कोई बात बिलकुल असंभव न हो, उसमें सहसा अविश्वास भी नहीं करते। वे हर एक चीज़ का उचित मूल्य आंकने का यत्न करते हैं। इसलिए उनका दृष्टिकोण बड़ा उदार हो जाता है। वैज्ञानिक प्रत्येक बात में नियम और शृंखला देखना चाहता है। इस कारण वह उससे पूरा फ़ायदा उठा सकता है।

आदमी को पदार्थ विज्ञान से स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी बहुत हुए हैं। अब बहुत-सी बीमारियों के यथार्थ कारण मालूम हो गये हैं। अन्वीक्षण यन्त्र द्वारा हम अपने शरीर से निकले हुए कीटाणुओं की जाँच कराकर रोग का पूरा-पूरा निदान करवा सकते हैं। ठीक निदान हो जाने पर चिकित्सा भी आसान हो जाती है। 'एक्सरे' के आविष्कार से शल्य चिकित्सा (Surgery) को बहुत सहायता मिली है। अब यह अन्धों की टटोल नहीं रही। वैज्ञानिक

'एक्सरे' द्वारा जान लेते हैं कि कहाँ की हड्डी का कौन-सा भाग टूट गया है अथवा सड़ या गल गया है। वे उसी स्थान को चीर-फाड़कर यथासंभव दोष का निवारण कर देते हैं। रेडियम से नासूर आदि की चिकित्सा में भी बहुत कुछ सहायता मिली है। अब नाना प्रकार के टीकों द्वारा रोगों की रोक-थाम हो जाती है, और बहुत-से लोग अकाल मृत्यु से बच जाते हैं। विज्ञान ने खाद्य पदार्थों का विश्लेषण करके हमको अपने आहार द्वारा ही बहुत-से रोगों की चिकित्सा कर लेने की सुविधा पहुँचायी है। जितना ही हमको प्राकृतिक नियमों का ज्ञान होता जाता है, उतना ही हम उनसे लाभ उठाते हैं और अपने को स्वस्थ और दीर्घायु बनाने का उद्योग करते हैं।

पदार्थ विज्ञान के आधार पर दुनिया में बड़े-बड़े आविष्कार हुए हैं। रेल के आविष्कार के कारण हज़ारों मनुष्य देश के इस छोर से उस छोर तक थोड़े ही समय में पहुँच जाते हैं और लाखों मन माल इधर से उधर पहुँच जाता है। विज्ञान ने जिस प्रकार पानी और ज़मीन पर जहाज़ और रेल द्वारा विजय पायी है, उसी प्रकार हवाई जहाज़ द्वारा उसने आसमान पर भी अधिकार जमा लिया है। विद्युत शक्ति ने संसार में एक तरह से कामधेनु को उपस्थित कर दिया है। बटन दबाते ही सारा शहर बिजली के प्रकाश से चमकने लगता है। बिजली की शक्ति से घर पर बैठे लंदन और पेरिस के गाने सुनते हैं। टेलिफ़ोन द्वारा मद्रास से कलकत्ता के दोस्तों के साथ बड़ी आसानी से बातचीत कर सकते हैं, मानों वे हमारे कमरे में ही बैठे हों।

आजकल लाखों और करोड़ों का व्यापार टेलिफ़ोन के ही द्वारा चल रहा है। बेतार के तार द्वारा डूबते हुए जहाज़ भी अपनी संकटमय अवस्था की सूचना उचित स्थानों तक पहुँचा देते हैं। बेतार के तार द्वारा केवल शब्द ही दूर तक नहीं पहुँचाया जाता, वरन् दूर देशों की तस्वीरें भी भेजी जाती हैं। विज्ञान के यन्त्रों द्वारा हमारे सभी कार्य सुगम हो गये हैं। पुराने ज़माने में जो सुख और आराम बड़े राजा-महाराजाओं को बहुत धन ख़र्च करने पर प्राप्त होते थे, आज वे विज्ञान के कारण मामूली आदमी के लिए सुलभ हो गये हैं। गरमी में ठंडी हवा और जाड़े में सुखद गरमी सहज ही में प्राप्त हो सकती है। पदार्थ विज्ञान द्वारा मनुष्य ने प्रकृति पर विजय पा ली है। विज्ञान के बल पर सचमुच आदमी प्रकृति का शासक बन गया है। न जाने, विज्ञान के गर्भ में और क्या-क्या चमत्कार छिपे हुए हैं।

8. ग्राम-सुधार

इतिहास को पढ़ने से मालूम होता है कि हमारे देश के गाँव हरे-भरे थे, लोग खुशहाल थे, गांवों में अमन-चैन की तूती बोलती थी। आजादी के मिलने के बाद भी गावों की हालत बहुत खराब है। गाँवों में सड़कों की दशा अत्यंत शोचनीय है। बरसात में पानी और कीचड़ के कारण राह चलना मुश्किल हो जाता है। अन्य ऋतुओं में धूल इतनी उड़ती है कि कभी-कभी दम घुटने लगता है। गाँवों में सफ़ाई नाममात्र के लिए भी नहीं है। लोग गन्दे रहते हैं। घरों की मोरियों का पानी राह में बहा करता है और गड्ड़ों में रुका हुआ सड़ा करता है। इससे

मच्छर पैदा होते हैं, जो मलेरिया आदि बीमारियों को फैलाते हैं। स्त्रियाँ घर कर कूड़ा बटोरकर सड़क पर फेंक देती हैं। गाँवों की सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हुए दिखाई पड़ते हैं। गाँवों के बालक सड़क पर ही पाखाना करते हैं। इससे वहाँ बदबू आती है। गाय, बैल आदि पशुओं के बाँधे जाने के स्थान भी बहुत मैले रहते हैं। गोबर तथा गोमूत्र के सड़ने पर बड़ी बदबू निकलती है। गाँववाले अशिक्षित होते हैं। इसलिए वे अपनी खेती में सुधार करना नहीं जानते। गाँवों में अज्ञान, गरीबी और गन्दगी का साम्राज्य है।

हम पढ़े-लिखे लोग गाँवों की यह दशा नहीं देख सकते। महात्मा गाँधीजी ने देश के नौजवानों का ध्यान गाँवों की तरफ़ आकर्षित कर दिया। गाँव नरक बन गये हैं। उन्हें स्वर्ग-तुल्य बनाना चाहिए। उनके लिए गाँवों में कई सुधार जारी करने चाहिए। गांवों से गन्दगी को हटाकर सफाई को क़ायम करना चाहिए। पक्की सड़कें बनानी चाहिए जिससे न धूल उड़े और न कीचड़ इकट्ठा हो। घरों का गन्दा पानी बहा ले जाने के लिए नालियाँ बनानी चाहिए। सड़कों के दोनों ओर आम, नीम आदि के पेड़ लगाने चाहिए, जिससे हवा साफ़ रहे, राहगीरों को छाया मिले और ग्राम की शोभा बढ़े। स्थान-स्थान पर लालटेनें लगानी चाहिए जिनके प्रकाश में लोग रात्रि के समय चल-फिर सकें। पशुओं को बाँधने के स्थान घरों के बाहर हों। उन्हें साफ़ रखा जाए। रास्ते में पेशाब करने या पाखना करनेवालों को उसकी बुराइयाँ समझाकर, उसके

लिए उचित व्यवस्था कर देनी चाहिए। रोगियों की चिकित्सा के लिए अस्पताल खोले जाने चाहिए।

गाँवों में अविदया का साम्राज्य है। पाठशालाएँ खोलकर अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर करना चाहिए। दो तरह की पाठशालाएँ स्थापित करनी चाहिए—एक लड़के-लड़कियों के लिए, दूसरी प्रौढ़ लोगों के लिए। प्रौढ़ शिक्षा के लिए रात के समय पढ़ाने का प्रबन्ध करना चाहिए। दिन के समय वे लोग खेत में काम करने चले जाते हैं। उनको उस समय फुरसत नहीं मिल सकती। पाठशाला के अलावा पुस्तकालय तथा वाचनालय भी खोलने चाहिए। जिनमें लोग अवकाश के समय बैठकर पुस्तकें तथा समाचार-पत्र पढ़ सकें। इससे गाँववालों के ज्ञान में वृद्धि होगी, वे ज्ञानवान बनेंगे और लड़ाई-दंगा करना, जुआ खेलना आदि बुरे व्यसनों से बचेंगे। गाँवों में चरखों और करघों का भी प्रचार करना चाहिए। स्त्रियाँ अवकाश के समय चरखे पर सूत कातेंगी और करघे पर गाँवों के जुलाहे कपड़ा बुनेंगे। इनसे गाँव वस्त्र के मामले में स्वावलंबी बन जाएँगे। स्त्रियाँ फ़ुरसत के समय इससे दो-चार पैसे कमा सकेंगी।

गाँव के किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने के तरीक़े बतलाने चाहिए, जिससे थोड़ी मेहनत से अच्छी उपज हो। अच्छे कुएँ खुदवाने चाहिए, जिससे लोगों को पीने का पानी मिलने में मुश्किल पेश न आए। एक सरकारी बैंक भी खोला जाए, जो किसानों को थोड़े व्याज पर रुपया उधार देकर

महाजनों के फन्दे से उनकी रक्षा करें। एक पंचायत भी स्थापित की जाए, जो ग्रामवासियों के झगड़ों का निवारण किया करे। ये सब सुधार हम गाँवों में कर सकें, तो हमारे गाँव फिर से खुशहाल बन जाएँगे। गाँवों में कोई न भूखा रहेगा, न नंगा। ग्राम-जीवन सुखमय हो जाएगा। सन्तोष की बात है कि पिछले दशकों से सरकार गाँवों की उन्नति के लिए प्रयत्नशील है।

9. ग्रामवास और नगरवास

यह मानी हुई बात है कि हिन्दुस्तान कृषि प्रधान देश है। 73 प्रतिशत जनता खेती से अपनी रोटी कमाती है। यह खेती गाँवों में ही होती है। लेकिन पिछले सौ वर्षों से गाँवों की दशा अत्यंत शोचनीय होती गयी है। इसके कई कारण हैं। मनुष्य स्वभाव से ही मेहनत से बचना चाहता है। प्राय: सभी लोग यह चाहते हैं कि उन्हें कम से कम मेहनत में ज़्यादा से ज़्यादा सुख मिले। राजपूताने के रेगिस्तान में तथा पहाड़ी प्रान्तों में आबादी के कम होने की यह सबसे बड़ी वजह है। गाँवों में खुली हवा और शांति के अतिरिक्त, सुख के अन्य साधनों का एक तरह से अभाव है। इसलिए लोग गाँव छोड़कर शहरों में बसने लगे। गाँवों में शिक्षा का कोई उचित प्रबन्ध नहीं है। यहाँ ग़रीबी और बेकारी का बाजार गरम है। बेचारे किसानों और मज़दूरों को मशीन की तरह काम करने पर भी, भर-पेट सूखी रोटी भी नहीं मिलती। गाँव के नौजवान पढ़-लिखकर शहरों में चले जाते हैं। अपढ़ लोग भी काम की तलाश में बड़े-बड़े शहरों में जाने लगे हैं।

शहरों में कई तरह के आकर्षण होते हैं। यहाँ उन्नति के सभी साधन मौजूद हैं। वहाँ तरह-तरह के कारोबार हो रहे हैं। स्कूल, कालेज, पुस्तकालय, कचहरियाँ आदि वहाँ बनायी गयी हैं। दिलबहलाव के लिए सिनेमा, नाटकशाला आदि भी हैं। आने-जाने के लिए चौड़ी व चिकनी सड़कें है। रेल, तार, डाक, मोटरगाड़ी आदि की भी सुविधाएँ शहरों को प्राप्त है। सारांश यह है कि मनुष्य-जीवन की उन्नति के लिए जिन-जिन साधनों की ज़रूरत होती है, वे सभी शहरों में सुलभ हैं। ऐसी हालत में शहरों की जनसंख्या क्यों न बढ़ें? व्यापार शहरों में ही चलता है, तरह-तरह की चीज़ें शहरों में मिलती हैं, रोज़ी के हज़ारों ज़रिये शहरों में हैं, तथा नयी सभ्यता का मूलस्रोत शहरों में है। इन्हीं सुविधाओं के कारण शहरों नें ग्रामवासियों का मन आकृष्ट कर रखा है। यही क्रम जारी रहे, तो कुछ दिनों में गाँवों की आबादी घट जाएगी।

लेकिन देश में नयी जागृति शुरू हुई है। देश के नेतागण गाँवों के सुधार की ओर ध्यान देने लगे हैं। सरकार भी इसमें सहयोग दे रही है। महात्मा गांधीजी कहते थे—"पहले हमारे गाँव हरे-भरे थे। खेती के अतिरिक्त गाँवों में तरह-तरह-के घरेलू रोज़गार भी होते थे। पर, अब प्रायः सभी रोज़गार नष्ट हो गये। सिर्फ़ खेती बाक़ी रह गयी। अंग्रेज़ी शिक्षा के प्रचार ने शिक्षित लोगों में खेती के प्रति अरुचि पैदा की।" अब गाँवों में नये-नये उद्योग-धन्धों का प्रचार

किया जा रहा है। कुछ लोग कोशिश कर रहे हैं कि जीवन की उन्नति के सभी साधन ग्रामवासियों को प्राप्त हो जाएँ।

गाँव हिन्दुस्तान की रीढ़ है। इसके टूटने से देश का पतन हो जाएगा।

गाँवों में जाकर बसना अच्छा है। इससे राष्ट्र का हित होगा। लेकिन गाँवों में विद्या का प्रकाश फैलना चाहिए। गाँववाले अज्ञान के गड्ढ़े में पड़े हुए हैं। उन्हें ऊपर उठाना होगा। आजकल गाँवों में 'कब्र की शांति' विराज रही है। शहरातियों को वहाँ जाकर चहल-पहल का राज्य क़ायम करना है। यह काम कोई मुश्किल नहीं है। जब कि वीरान जंगलों को काटकर जमशेदपुर-जैसे बड़े-बड़े शहर बसाये जा सकते हैं, तो सदियों से बसे हुए गाँव भी सुखमय और मनोरंजक क्यों नहीं बनाये जा सकते हैं? कर्मवीर क्या नहीं कर सकता? हमें सुस्ती के भूत को भगाकर कर्मण्यता के देव को हृदय में प्रतिष्ठित करना चाहिए। तभी हमारा यह ग़रीब भारतवर्ष दुनिया के सबसे धनी देश अमेरिका से बाजी ले सकता है। हमारे देश में कच्चे माल की कमी नहीं है। केवल उसे सुन्दर चीज़ों में परिवर्तित करने योग्य कर्मवीरों की ज़रूरत है। देश के नौजवानों को यह काम हाथ में लेना चाहिए और गाँवों को स्वर्ग बना देना चाहिए।

10 देशाटन

मनुष्य एक सामाजिक जीव है। वह मकान में बन्द होकर नहीं रह सकता। उसके लिए तनहाई की क़ैद सबसे

बड़ी सज़ा समझी जाती है। साधारणतया मनुष्य यह जानना चाहता है कि और देशों के लोग किस प्रकार रहते हैं और उनकी रीति-रिवाज़, शिक्षा-पद्धतियाँ और हुकूमत किस तरह की है। वह अपने ज्ञान को व्यापक बनाना चाहता है। आदमी में देश-विदेश जाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति हैं। इस प्रवृत्ति की पूर्ति के लिए उसने नाना प्रकार के यान और वाहन बना लिये हैं। देशाटन का अर्थ सिर्फ़ विदेश-यात्रा ही नहीं, बल्कि अपने देश के भिन्न-भिन्न स्थानों में जाना भी देशाटन कहलाता है। अब तो हमारे देश में विदेश जाने का चाव बहुत बढ़ गया है, क्योंकि अब समुद्र-यात्रा के विरुद्ध सामाजिक सम्बन्ध पहले-जैसे नहीं रहे। अब मनुष्य के लिए कोई देश अगम्य नहीं है। उसके संबन्धों का बहुत विस्तार हो गया है। इन सम्बन्धों के कारण देशाटन बड़ी आसान बात हो गया है। देशाटन से मनुष्य की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा शिक्षा और स्वास्थ्य संबन्धी अनेक प्रकार के काम होते हैं।

देशाटन शिक्षा का एक मुख्य अंग माना जाता है। देशाटन के बिना शिक्षा को अपूर्ण समझना चाहिए। किसी चीज़ के बारे में बीसों पुस्तकें पढ़ लेने से उतना लाभ नहीं होता, जितना उसके एक बार देख लेने से होता है। आगरा के ताजमहल के वर्णन हम पुस्तकों में पढ़ते हैं? पर उसका ठीक-ठीक बनावट का ज्ञान उसे देखने से ही हो सकता है। भूगोल का वास्तविक ज्ञान देशाटन द्वारा ही हासिल होता है। देशाटन-द्वारा हम दूसरे देशों की राजनैतिक और आर्थिक अवस्थाओं से

ठीक-ठीक परिचित हो सकते हैं। देशाटन से दूसरे देशों के बाज़ारों का भी पता चलता है। हम अपने सुभीते का माल वहाँ से ख़रीद सकते हैं और अपना माल वहाँ बेच सकते हैं। देशाटन के आदी होने के कारण यूरोप के लोग आज संसार-भर के व्यापार के कर्ता धर्ता बने हुए हैं। देशाटन की बदौलत ही पश्चिम देशवासियों को अमेरिका और हिन्दुस्तान का पता चला था। देशाटन द्वारा हम दूसरे के कला-कौशल से परिचय प्राप्त कर सकते हैं और उस ज्ञान के द्वारा अपने यहाँ के कला-कौशल में उन्नति कर सकते हैं।

देशाटन का स्वास्थ्य पर भी बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। जब हम अपने स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान में जाते हैं, तब हमारी चिन्ताएँ कुछ कम हो जाती हैं और हमारा कार्य हल्का हो जाता है। इसका हमारे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। एक स्थान पर रहते-रहते हमारा जी ऊब जाता है, दूसरी जगह जाने से हमको एक आनंददायक विभिन्नता दिखाई पडती है और उससे हमारे दिल को खुशी मिलती है। दूसरे देशों में और प्रांतों में जाकर जलवायु-परिवर्तन पाने का भी हमारे स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्रायः डाक्टर लोग समुद्र के किनारे की जलवायु का सेवन करने की सलाह देते हैं। कभी-कभी वे अपने मरीज़ों को पहाड़ पर भेज देते हैं। जो लोग देशाटन कर सकते हैं, वे सदा गरमी और शीत के कुप्रभाव से अपने को बचाये रख सकते हैं।

देशाटन से मनुष्य भिन्न-भिन्न स्थानों की प्राकृतिक शोभा का अच्छी तरह निरीक्षण कर सकता है। हमारे हिन्दुस्तान में ही काश्मीर, हरिद्वार, नीलगिरि आदि ऐसे सुरम्य प्रदेश हैं, जो ज़मीन पर स्वर्ग कहे जा सकते हैं। नदियों का जल-प्रपात, पहाड़ों की चोटियाँ और सघन वन किसका मन हर नहीं लेते ? देशाटन से प्राकृतिक तथा कृत्रिम दोनों ही प्रकार की शोभा देखने को मिलती है। बंबई, कलकत्ता, लखनऊ आदि की बड़ी-बड़ी इमारतें मद्रास की स्फटिक-सी स्वच्छ सड़कें, सुन्दर बाग़-बगीचे, नेताजी सुभाशचन्द्र बोस रोड़ की बड़ी-बड़ी दूकानें किसके चित्त को आकर्षित नहीं करतीं ? इसलिए देशाटन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देना चाहिए।

11. अनिवार्य सैनिक शिक्षा

सरकार क़ानून पास कर देश के नौजवानों को लाज़िमी तौर से जो फ़ौजी तालीम देती है, उसे 'अनिवार्य सैनिक शिक्षा' कहते हैं। पुराने ज़माने से संसार में सदा लड़ाई होती आ रही है। सिपाहियों के बिना युद्ध नहीं चलाया जा सकता। प्रायः सभी राष्ट्र वेतन भोगी सिपाहियों से काम चलाते हैं। कुछ देश अपने यहाँ के सब बालिगों को अनिवार्य सैनिक शिक्षा देते हैं। फ़ौज के बिना बाहरी देशों के हमलों से देश की रक्षा नहीं हो सकती। वेतन देकर स्थायी सेना रखने से राष्ट्र का ख़र्च बढ़ जाएगा। कुछ देश सभी नागरिकों को फ़ौजी तालीम देकर ज़रूरत पड़नें पर उनकी सेवाएँ लेते हैं।

भारत अब आज़ाद है। उसे किसीसे दुश्मनी नहीं है। वह शांति प्रिय है; फिर भी अगर कोई देश उसपर आक्रमण करने का साहस करे, तो उसको मार भगाने के लिए उसे तैयार रहना चाहिए। भारत वर्ष में ही भीष्म, अर्जुन, शिवाजी आदि वीर पैदा हुए थे। भारत वीरप्रसू है। उसे अपनी रक्षा के लिए परावलंबी नहीं रहना है। स्वावलंबी बनने के लिए—अपना बचाव खुद करने की ताक़त हासिल करने के लिए—मुल्क में सैनिक शिक्षा अनिवार्य करनी पड़ेगी। तभी भारत अन्य देशों की बराबरी कर सकता है। तभी वह अपनी आज़ादी को क़ायम रख सकता है।

अनिवार्य सैनिक शिक्षा से बहुत लाभ है। इससे अमीर-ग़रीब का भेद-भाव मिटता है। फ़ौज में सभी सिपाही बराबर होते हैं। इस शिक्षा से संगठन-शक्ति उत्पन्न होती है। लोग शिकायत करते हैं कि हम हिन्दुस्तानियों में संगठन नहीं है। हर एक आदमी अपनी डेढ़ चावल की खिचड़ी अलग पकाना चाहता है। सैनिक शिक्षा हमें संगठित होकर काम करना सिखाएगी।

हम भारतवासियों में एक कमी यह है कि हम नियम का पालन नहीं करते। यूरोप के लोग नियम-पालन में मशहूर हो गये हैं। सैनिक शिक्षा से हमारी यह कमी दूर हो जाएगी, हममें नियम-पालन का भाव जागृत होगा। सैनिक शिक्षा से आज्ञा-पालन की शिक्षा हमें मिलेगी। साधारणतया मनुष्य दूसरों पर हुक्म चलाना चाहता है, ताकि दूसरों की आज्ञा क

पालन करना। पर बिना आज्ञा-पालन किये आज्ञा देने की योग्यता नहीं आती। साथ ही, यह भी सोचने की बात है कि अगर सभी हुक्म चलाने लग जाएँ, तो फिर हुक्म की तामील कौन करेगा ? हिन्दुस्तानियों पर यह दोष लगाया जाता है कि वे आलसी हैं। फ़ौजी तामील से हम मेहनती बन जाएँगे और हमारी अकर्मण्यता का धब्बा भी मिट जाएगा। इससे शारीरिक उन्नति भी खूब होगी। भारत के अधिकांश नवयुवकों में व्यायाम का शौक न रहने से वे बहुत कमज़ोर हो गये हैं। ज़रा-सी धूप लगने से उन्हें बुख़ार हो आता है। बात-बात में सिर दुखने लगता है। सैनिक शिक्षा से भारत के नौजवान ताक़तवर बन जाएंगे। यह शिक्षा उन्हें फुर्तीला बनाएगी।

परन्तु, कुछ लोग अनिवार्य सैनिक शिक्षा का विरोध करते हैं। उन लोगों का कहना है कि अनिवार्य सैनिक शिक्षा से नवयुवकों के अध्ययन में विघ्न पड़ेगा और यूरोप के नौजवनों की भाँति लड़ाई के पीछे पागल हो जाएँगे। लेकिन हम उनके विचारों से सहमत नहीं हैं। सैनिक शिक्षा पढ़ाई का पूरक है, न कि उसका विरोधी। पुस्तकें पढ़ने से मानसिक विकास होता है और फ़ौजी तालीम से शारीरिक उन्नति। इन दोनों में संघर्ष नहीं हो सकता। हाँ, हम मानते हैं कि अनिवार्य सैनिक शिक्षा से देश के नवयुवक युद्ध प्रिय हो जाएंगे। लेकिन यह जोखिम हमें उठानी ही चाहिए। गहरे पानी में डूबने से आदमी मर जाता है ; फिर भी सैकड़ों आदमी प्रतिदिन गहरे

समुद्र या तालाब में तैयार करते हैं। आग में जलाने की शक्ति है; घर के घर, गाँव के गाँव, शहर के शहर तक इसकी लपटों में आकर भस्म हो जाते हैं। ऐसा होने पर भी अग्नि का कोई बहिष्कार नहीं करता। कौन ऐसा घर है जिसमें आग का उपयोग न होता हो ?

इसलिए भारतीय नवयुवकों के लिए सैनिक शिक्षा अनिवार्य हो जानी चाहिए। इस शिक्षा के न मिलने के कारण देश के कुछ नौजवान बन्दूक चलाने का नाम सुनकर कांपने लगते हैं। वे एक तरह से कायर या बुज़दिल हो गये हैं। उनको देखकर भारतमाता आँसू बहाती है। माता को वीरपुत्र पर गर्व होता है न कि कायर पर ! हमें देश के सभी नवयुवकों और नव-युवतियों को बहादुर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। अतः देश के शुभेच्छुकों का परम कर्तव्य है कि वे भारतवर्ष में अनिवार्य-सैनिक शिक्षा के लिए आन्दोलन करें। हर्ष की बात है कि अब कई स्कूलों और कालिजों में सैनिक शिक्षा का प्रबन्ध किया गया है। हम आशा करते हैं कि भारतवर्ष वीरता में फिर से एक बार संसार में चमकेगा।

12. अनध्ययन और पर्यटन

संसार परिवर्तनशील है। परिवर्तन ही संसार का सौंदर्य है। अगर दुनिया में सब बातें एक-सी रहें, तो उसमें आनन्द न रहेगा। यदि हमेशा शुक्लपक्ष (सुदी) या कृष्णपक्ष (बदी) रहेगा, तो उसमें मजा ही क्या है ? गरमी के बाद वर्षा

और वर्षा के बाद जाड़ा आता है। यदि विद्यार्थी के जीवन में अनध्ययन न हो और रोज़ मशीन की तरह पाठ पढ़ता रहे, तो उनका जीवन नीरस हो जाएगा। इसलिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने समय-समय पर 'अनध्ययन' का नियम बनाया है। तातील के दिनों को 'अनध्ययन, कहते हैं।

गरमी की छुट्टी, दशहरे, की छुट्टी फिर बड़े दिन की छुट्टी—ये बारी-बारी से आती ही रहती हैं। इससे विद्यार्थी-जीवन में बहुत परिवर्तन आता है। विद्यार्थीगण अनध्ययन के दिनों को दो तरह से बिता सकते हैं। वे पुस्तकों को फेंककर घर पर पड़े रह सकते हैं, या यात्रा करके अपनी छुट्टी का उपयोग कर सकते हैं। यात्रा करना अच्छा है। इससे स्वास्थ्य की भी उन्नति होती है। क्योंकि जलवायु के परिवर्तन का शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। मान लीजिये कि आप मद्रास के किसी कालेज में पढ़ते हैं। आप जानते हैं कि मई-जून में मद्रास की गरमी असह्य रहती है। उस समय कालेज में छुट्टी रहती है। इस ऋतु में शरीर और मस्तिष्क दोनों को तारोताज़ा बनाने के लिए 'उदकमण्डलम्, या 'कोडेकानल' आदि ठंडे प्रदेशों को जाना चाहिए। पहाड़ों की जलवायु स्वास्थ्य के लिए बड़ी लाभदायक होती है। चन्द दिनों में अपने स्वास्थ्य में इतनी तरक्क़ी देखेंगे कि आनेवाले नौ महीनों के लिए आपको कोई चिन्ता न रहेगी। कहने का मतलब है कि छुट्टी के दिनों में स्वास्थ्यकारक जगहों में रहना चाहिए।

यात्रा अपने देश की भी कर सकते हैं, विदेश की भी। हिन्दुस्तान बड़ा देश है। एक प्रांतवाले दूसरे प्रांत में यात्रा करें तो भी अच्छा है। भ्रमण से हमारे सामान्य ज्ञान की उन्नति होती है। साधारणतया विद्यार्थी का ज्ञान पुस्तकीय होता है, लेकिन वह ज्ञान संपूर्ण नहीं। पुस्तकों का ज्ञान अधूरा रहता है। उसको पूरा करने के लिए व्यावहारिक या प्राकृतिक ज्ञान की आवश्यकता होती है। जिन कवियों व लेखकों ने पुस्तकें रचीं, उन्होंने प्रकृति का सूक्ष्म निरीक्षण करके ही अपने अनुभव पुस्तकों में भर दिये हैं। आप घर से या स्कूल से बाहर निकलिये। प्रकृति को देखिये। भिन्न-भिन्न दृश्यों को देखकर कितना आनन्द आता है! कावेरी, गोदावरी, गंगा आदि नदियों को प्रत्यक्ष देखने में जितना आनंद आता है, उतना उन नदियों के बारे में पुस्तकों में पढ़ने से कभी नहीं आता। विंध्य या हिमालय के रम्य प्रदेशों को देखने से जो हर्ष होता है, वह 'हिमालय माहात्म्य' पढ़ने से नहीं होता। इसलिए जो विद्यार्थी या मनुष्य सिर्फ़ किताबों के कीड़े हैं, उनका ज्ञान परिपक्व नहीं हो सकता।

पर्यटन से हमारी बुद्धि भी बढ़ती है। जगह-जगह पर तरह-तरह के लोगों से परिचय होता है। संसार में भिन्न-भिन्न प्रकार के लोग हैं। कुछ अच्छे हैं, तो कुछ बुरे। कहीं-कहीं साधु लोग रहते हैं, तो कहीं-कहीं धूर्त लोग। पर्यटन के समय हम इन सभी लोगों के संपर्क में आते हैं। हमें मालूम हो

जाता है कि किस तरह के लोगों से किस प्रकार का वर्ताव करना चाहिए।

भ्रमणशील विद्यार्थी साहसी भी हो जाते हैं। जो विद्यार्थी नित्य घर में ही रहते हैं, वे शरमीले और दब्बू हो जाते हैं। किसी नये मनुष्य के साथ बातें करने का उनको साहस नहीं होता। ऐसे दुर्बल विद्यार्थी संसार में अकसर धोखा खा जाते हैं। इसलिए 'अनध्ययन' में भिन्न-भिन्न प्रकार के मनुष्यों से मिलने का मौक़ा यात्रा के द्वारा मिले, तो विद्यार्थियों के साहस में बहुत वृद्धि होती हैं। वे निडर, साहसी और बहादुर बन जाते हैं। वे अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं।

हम मानते हैं कि यात्रा में पैसे का ख़र्च होता है और कुछ कष्ट या असुविधा भी होती है। हम अपने घर में रहकर जो सुविधा पा सकते हैं, वह बाहर नहीं मिल सकती। यात्रा में अच्छा प्रबन्ध करने पर भी खाने-पीने और सोने में कुछ असुविधा होती है। परन्तु यात्रा से होनेवाले लाभ के सामने थोड़ा-सा ख़र्च या असुविधा नहीं अखरती। अलावा इसके, सफ़र की तक़लीफ़ों को सहन करने से हमारी सहनशीलता भी बढ़ती है। ग़रीब लोग पैदल यात्रा कर सकते हैं। यात्रा सब श्रेणी के लोगों के लिए ज़रूरी है। जिस प्रकार टिका हुआ पानी सड़ जाता है उसी प्रकार हमेशा एक ही जगह रहनेवाले मनुष्य की बुद्धि भी संकुचित हो जाती है। बुद्धि के विकास के लिए पर्यटन आवश्यक है।

13. समाचार-पत्र

अंग्रेज़ी राज्य के साथ-साथ हमारे देश में कुछ नयी चीज़ें आयीं। उन चीज़ों में से एक है समाचार-पत्र। अंग्रेज़ों के आने के पहले हमारे देश में समाचार-पत्र नहीं थे। आजकल भारतवर्ष की सभी भाषाओं में समाचार पत्र प्रकाशित हो रहे हैं। समाचार पत्रों में संसार के भिन्न-भिन्न स्थानों के समाचार प्रकाशित होते हैं।

जनता के विचार को समाचार पत्र पलट सकते हैं। हमारे राष्ट्रीय जीवन के निर्माण का कार्य समाचार पत्र करते हैं। यूरोप की सरकारें इनकी महत्ता को खूब जानती हैं। समाचार पत्र जनता को किसी शासन-प्रणाली के अनुकूल या प्रतिकूल बना सकते हैं।

समाचार पत्रों से व्यापार में भी सुविधा होती है। छोटे से छोटे दूकानदार से लेकर बड़ी से बड़ी कंपनी को भी इस बात की आवश्यकता रहती है कि उसका माल अधिक से अधिक मात्रा में बिके। यह तभी हो सकता है, जब बहुत-से आदमी इस बात को जानें कि फलाने शख़्स की दूकान पर फलाना माल अच्छा और सस्ता मिलता है, अथवा अमुक कंपनी अमुक वस्तु का बहुलता से निर्माण करती है। अब दूकानदार या बड़ी कंपनी के लिए भी यह संभव नहीं कि वह एक-एक व्यक्ति को अलग-अलग इस बात की सूचना देते फिरे। ऐसे करने में उसे समय, ख़र्च और असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पर समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर यह काम आसानी से किया जा सकता है।

आपको नौकर की, अपने बच्चों के लिए अध्यापक की कन्या या पुत्र के लिए वर या वधू की या अन्य किसी प्रकार की आवश्यकता हो तो किसी प्रसिद्ध समाचार पत्र में विज्ञापन दीजिये ; आप प्रायः सफल होंगे ।

समाचार पत्रों द्वारा अनुकूल या प्रतिकूल प्रचार भी किया जा सकता है । विधान सभा (असेंब्ली), विधान परिषद् (कौंसिल), नगरपालिका (म्युनिसिपालिटी) या अन्य किसी संस्था के चुनाव के समय उम्मेदवार लोग अपनी सच्ची या झूठी महत्ता और उपयोगिता मतदाताओं को बतलाने तथा अपने प्रतिस्पर्धी को मतदाताओं की दृष्टि से गिराने के इरादे से अन्य प्रकार के प्रचार-साधनों के अतिरिक्त समाचार पत्रों का विशेष रूप से सहारा लिया करते हैं ; यह एक प्रकार के निश्चित ही है कि जिस उम्मेदवार का समर्थन समाचार-पत्र उत्तम रीति से करते हैं, वही कामयाबी हासिल करता है ।

यह लोकतंत्र का ज़माना है । इस समय प्रत्येक शासक को अपने प्रत्येक अच्छे या बुरे काम के लिए अपने शासितों को उत्तर देना पड़ता है । इसलिए प्रत्येक शासक चाहता है कि जनता उसके पक्ष में हो, उसकी कार्यप्रणाली का समर्थन करे, उसके बनाये नियमों का औचित्य स्वीकार करे । इसलिए शासक समाचार पत्रों द्वारा ही अपनी नीति का स्पष्टीकरण करते हैं । जनता के नेता भी अपनी नीति समझाने के लिए ऐसा करते हैं । दूसरी ओर, शासित अपने शासक या नेता की कार्यप्रणाली

को बदलना चाहते हैं। वे समाचार पत्रों में लेखों द्वारा उसके कार्यों की प्रतिकूल समालोचना करते हैं।

समाचार पत्रों से लाभ यह भी होता है कि वे एक संप्रदाय, देश या राष्ट्र के प्रत्येक विषय से परिचित कराते रहते हैं। समाज, संप्रदाय, देश या राष्ट्र की जनता अथवा दो देशों में दोस्ती या दुश्मनी पैदा करने में ये ख़ास हिस्सा लेते हैं।

संक्षेप में समाचार पत्रों का कार्यक्षेत्र असीम है। इससे लाभ भी अनगिनत होते हैं। विलायत में समाचार पत्रों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन हिन्दुस्तान इस बात में पिछड़ा हुआ है। इसका कारण स्पष्ट है—हमारे देश में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या बहुत कम है। देश की ग़रीबी मशहूर है। ऐसी हालत में हमारे देश के समाचार पत्रों की संख्या कैसे बढ़ सकती है ? यह यत्न हो कि भारतवर्ष में शिक्षा का प्रचार बढ़े और उसके साथ-साथ समाचार पत्र भी अधिक लोकप्रिय बन जाएँ।

14. शिक्षा का माध्यम : देशी भाषाएँ या अंग्रेज़ी

लगभग दो साल के पहले जब हमारे देश में अंग्रेज़ी राज्य कायम हुआ, तब यहाँ शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध न था। देश में कई भाषाएँ प्रचलित थीं। उनमें आधुनिक विषयों पर पुस्तकें न थीं। लार्ड मेकाले की सिफ़ारिश पर शिक्षा-संस्थाओं में शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी बनायी गयी। मेकाले का कहना था

कि इस पद्धति के द्वारा थोड़े दिनों में ही हिन्दुस्तान में अंग्रेजी के विद्वान हो जाएंगे और अच्छी अंग्रेज़ी पुस्तकों का अनुवाद देशी भाषाओं में कर सकेंगे। अलावा इसके अंग्रेज़ी के अध्ययन से भारतवर्ष भी पश्चिमी सभ्यता के संपर्क में आ जाएगा। मेकाले का उद्देश्य अंग्रेज़ी पढ़ाई के द्वारा सरकार और जनता के बीच दुभाषियों का काम करनेवाले गुमाश्ते तैयार करना भी था। मेकाले की नीति के परिणामस्वरूप स्कूलों में अंग्रेज़ी का प्रचार दिन दूना रात चौगुना होने लगा। देशी भाषाओं को पूछनेवाला कोई न था। हिन्दुस्तानी अपने साहित्य को भूलने लगे। वे अंग्रेज़ी साहित्य पर गर्व करने लगे। पर यह अच्छा न था। अंग्रेज़ी भाषा अच्छी है। उसका साहित्य काफ़ी संपन्न है। इसका मतलब यह न होना चाहिए कि हम अपने साहित्य को तिलांजलि दे दें। यह अस्वाभाविक है। दुनिया में कहीं ऐसा देखने में नहीं आता।

देश के शिक्षा शास्त्रियों और नेताओं को यह बात खटकी। अब थोड़े दिनों से देश में इस बात का आंदोलन हो रहा है कि शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी के बदले देशी भाषाएँ बनायी जाएँ। विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में विज्ञान, इतिहास, गणित, भूगोल आदि विषय सिखाये जाएँ, तो वे विषय उनके लिए बोझ मालूम न होंगे। वैज्ञानिक दृष्टि से विदेशी भाषा का माध्यम उचित नहीं ठहराया जा सकता। अंग्रेज़ी के ज़रिये शिक्षा देने से विद्यर्थियों की बुद्धि कुण्ठित हो जाती है। उनका दिमाग थक जाता है। नये विषयों में उनकी रुचि नहीं होती। जिस भाषा के

वातावरण में विद्यार्थी रहते हैं, उसी भाषा द्वारा वे सुगमता से कठिन विषय सीख भी सकते हैं।

पर कुछ लोग देशी भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने का विरोध करते हैं। उनका कहना है कि देशी भाषाओं में आजकल का विज्ञान, गणित आदि पढ़ाने के लिए अच्छी पुस्तकें नहीं हैं; लेकिन यह दलील लंगड़ी है। 'जहाँ चाह वहाँ राह'—माँग होने पर देशी भाषाओं में अच्छी-अच्छी पुस्तकें निकलेंगी। संसार में ऐसे कई देश हैं, जहाँ अंग्रेज़ी या फ्रेंच के ज़रिये शिक्षा नहीं दी जाती है और वहीं की भाषाओं में शिक्षा दी जाती है। उदाहरण के लिए रूस, चीन, जापान आदि देशों की शिक्षा किसी भी देश की शिक्षा से हीन नहीं हैं; फिर भी उसका माध्यम अंग्रेज़ी नहीं है। क्या वही बात भारत में भी नहीं हो सकतीं? स्कूल-कालेज में देशी भाषाओं के द्वारा शिक्षा का आरंभ होते ही अच्छे-अच्छे विद्वान साहित्य निर्माण में लग जाएँगे। अंग्रेज़ी के ज़रिये जो विषय दस साल में सीख पाते हैं; वे तो चार साल में ही देशी भाषाओं द्वारा सीखे जा सकते हैं। अंग्रेज़ी के माध्यम से समय, शक्ति और धन का कितना दुरुपयोग हो रहा है।

यह बड़े हर्ष की बात है कि मुल्क में स्वदेशी और राजभाषा की भवाना की जागृति हो गयी। कुछ विद्यालय और गुरुकुल प्रारंभिक वर्ग से लेकर एम. ए., तक की शिक्षा देशी भाषाओं में देने की कोशिश कर रहे हैं। तमिलनाडु राज्य में स्कूल-फ़ाइनल की परीक्षा प्रांतीय भाषाओं में ली जाने लगी है।

इसका मतलब यह नहीं है कि हम अंग्रेज़ी भाषा से नफ़रत करते हैं। अंग्रेज़ी अन्तर राष्ट्रीय भाषा है। उसका साहित्य बढ़ा-चढ़ा है। हम उसको बखुशी सीख सकते हैं। हम इतना ही चाहते हैं कि वह हमारी शिक्षा का माध्यम न रहे।

15. पुस्तकालय

पुस्तकों का संग्रह जिस स्थान पर हो, उसे पुस्तकालय कहते हैं। पुस्तकालय दो प्रकार के होते हैं। एक निजी (प्राइवेट) और दूसरा सार्वजनिक। जो ख़ास व्यक्ति या उससे संबंध रखनेवाले लोगों के लाभ के लिए होते हैं, वे निजी पुस्तकालय कहलाते हैं। जिनमें कुछ शर्तों के पालन करने पर सबको समान अधिकार होते हैं, वे सार्वजनिक पुस्तकालय कहलाते हैं।

कुछ लोग यह सोचते हैं कि हमारी शिक्षा स्कूलों और कालेजों में ही ख़तम हो जाती है। यह विचार ठीक नहीं। स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी विचारशील मनुष्य अध्ययन से निरंतर अपने ज्ञान की वृद्धि करता है। स्कूल-कालेजों में पढ़ते समय भी पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें पढ़ने से ही विद्यार्थियों के ज्ञान की पूर्ति हो सकती है। केवल पाठ्य पुस्तकें पढ़नेवाले विद्यार्थियों का ज्ञान सीमित रहता है। इसके विपरीत पुस्तकालयों के अच्छी-अच्छी पुस्तकें लेकर पढ़नेवालों का ज्ञान विशाल रहता है। पाठ्यक्रम की बहुत-सी ऐसी पुस्तकें होती हैं, जिनकी व्याख्या के लिए दूसरी

पुस्तकों से सहायता लेनी पड़ती है। उनमें से बहुत-सी पुस्तकें आसानी से प्राप्त नहीं हो सकतीं ! ऐसी हालत में पुस्तकालयों से उन पुस्तकों को लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

जो लोग पुस्तकें लिखते हैं उनके लिए पुस्तकालय ईश्वर की देन है। लेखक को पग-पग पर दूसरी पुस्तकों से सहायता लेनी पड़ती है। गरीब लेखक सब पुस्तकें नहीं ख़रीद सकते। बहुत-सी मनोरंजन की ऐसी पुस्तकें भी होती हैं, जिनकी उपयोगिता एक बार पढ़ने से समाप्त हो जाती है। उन पुस्तकों के लिए पैसा ख़र्च करना अपव्यय है। पुस्तकालयों में ऐसी पुस्तकों का भंडार रहता है। उन पुस्तकों के द्वारा लोग अपना मनोरंजन करते हैं। सारांश यह कि पुस्तकालय से सब लोग, चाहे वे विद्यार्थी हो, चाहे गृहस्थ, फ़ायदा उठा सकते हैं।

पुराने ज़माने में भी पुस्तकालय होते थे। लेकिन उस समय उनका प्रचार अधिक न था। आजकल पुस्तकालयों का प्रचार बहुत बढ़ गया है। हमारे देश में बंबई, कलकत्ता, मद्रास; नागपुर, इलाहाबाद आदि शहरों में अच्छे पुस्तकालय हैं। पुस्तकालयों में पूर्ण शांति और निस्तब्धता का राज्य रहता है। इस कारण वहाँ किसीके अध्ययन में विघ्न नहीं पड़ता। कुछ अमानत जमा कर देने पर सार्वजनिक पुस्तकालयों का सदस्य बन सकते हैं। सदस्यगण पुस्तकालय की पुस्तकें अपने घर पर भी ले जा सकते हैं और कुछ दिन के लिए अपने पास रख भी सकते हैं। पुस्तकालय वास्तव में बड़ी उपयोगी संस्था है।

इससे प्रत्येक शिक्षित मनुष्य को लाभ उठाना चाहिए। यह बड़े हर्ष की बात है कि भारत वर्ष में भी पुस्तकालय लोकप्रिय बनते जा रहे हैं। यह देश की उन्नति का शुभ लक्षण है।

16. शिक्षित समाज और जनसमुदाय

हमारे शिक्षित समाज व सर्वसाधारण जनसमुदाय के बीच में आज एक बड़ी खाई पड़ गयी। शायद इसके पहले कभी इस क़दर अन्तर इन दोनों के बीच में नहीं पड़ा था। बहुत मुमकिन है, निकट भविष्य में यह अन्तर दूर किया जा सकेगा।

शिक्षित समाज का यहाँ मतलब अंग्रेज़ी शिक्षा प्राप्त समाज से है। जनसमुदाय और शिक्षित समाज स्वयं अपने को एक दूसरे से अलग समझने लगे हैं। यह अलगपन कुछ खास बातों में ही दिखाई पड़ता हो, ऐसी बात नहीं है। आचार-विचार में, खान-पान में रहन-सहन में, विश्वास में यहाँ तक कि जीवन के सभी पहलुओं में यह अन्तर पाया जाता है। फलतः हमारा सामूहिक जीवन एकदम शिथिल हो गया है और हम बिलकुल कमज़ोर हो गये हैं।

इस दुर्दशा का मूल कारण खोजने के लिए हमें बहुत दूर नहीं जाना पड़ेगा। हमारी वर्तमान शिक्षा-प्रणाली ही इसके लिए जिम्मेदार है। कल तक हम इस धोखे में थे कि आज जो शिक्षा हमें मिल रही है वह बहुत ज़्यादा पुरोगामी है। मगर आज जब कि हम स्वतंत्र हो चुके हैं और अपने समाज की

दशा को सूक्ष्मतया देखने पर विवश हो गये हैं, हमें मालूम होने लगा है कि हमारी वर्तमान शिक्षा-प्रणाली न केवल अभिमान-विहीन ही है, बल्कि हमारी प्रगति को रोकनेवाली भी है। आज हम उस हिन्दुस्तान के लोग नहीं हैं, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल क्लर्कों की सृष्टि करना था। आज चाहते हैं—हमारे देश में ऐसी शिक्षा दी जाए, जिसमें शिक्षित-अशिक्षित के बीच की खाई को भर देने की क्षमता हो और शिक्षित समाज को जनसमुदाय के प्रति अपना कर्तव्य निभाने की प्रेरणा दे।

व्यक्ति समाज में पैदा होता है और समाज से ही वह सब कुछ प्राप्त करता है। समाज ही उसको जीवन प्रदान करता है, उसके फलने-फूलने में मदद देता है। समाज का व्यक्ति पर यह जो ऋण है, व्यक्ति को चाहिए कि वह उसको जान ले और यथासमय उसे चुकाने में दत्तचित्त रहे। व्यक्तियों का समूह ही समाज है। अगर सभी व्यक्ति अपना-अपना कर्तव्य समाज के प्रति निभाते जाएँ, तो समाज हर तरह से आपसी संबंध भी बनाया रखेगा।

शिक्षित का हमारा मतलब उस व्यक्ति से होना चाहिए, जिसने मानसिक उन्नति प्राप्त की हो और समाज के साथ संपर्क रखने और तज्जनित संतोष तथा आत्मबल का अनुभव करने की क्षमता रखता हो। समाज के हित-अहित को देख और समझकर अपने कार्यक्षेत्र में आवश्यक परिवर्तन करने को तैयार न रहनेवाला व्यक्ति कभी शिक्षित न समझा जाना चाहिए, भले ही

उसने वड़ी से बड़ी उपाधि हासिल की हो। शिक्षा का व्यक्ति की उन्नति के साथ जो संबन्ध चला आता है, वही व्यक्ति का समाज के साथ होना चाहिए। जिस तरह शिक्षा अभ्यास से आती है, उसी तरह सामाजिक जीवन का ज्ञान अनुभव से प्राप्त होता है। कितने ही शिक्षित अपने सामाजिक जीवन के कार्य-क्षेत्र में पराजित हो जाते हैं। इसका कारण उनका जनता के साथ संपर्क बढ़ाने की कला से अनभिज्ञ होना ही है।

समय एक साथ स्वयं चलता है और चलाता है। अर्थात् वह व्यक्ति को चलाता है और व्यक्ति से चलने की शक्ति खुद ग्रहण करता है। समाज में स्वस्थ वातावरण की सृष्टि तभी होगी, जब उसके सभी पहलुओं तक प्रकाश पहुँचाया जाएगा। सामाजिक जीवन में समत्व और स्वातंत्र्य समान मात्रा में सबको मयस्सर हो, तभी वह संभव है। समत्व और स्वातंत्र्य ही उसके ताने-बाने हैं। आज हम अपने समाज में दो श्रेणी के लोगों को देखते हैं। एक बिलकुल अंधकारावृत वातावरण में पड़े हैं, दूसरे एकदम प्रकाश के खुले मैदान में। आप कहेंगे, आर्थिक असमानता ही उसका कारण है। हम मानते हैं; मगर गरीब होने पर भी शिक्षित व्यक्ति की प्रकाश में रहना और अशिक्षित का धनी होने पर भी अन्धकार में रहना किस बात के प्रतीक हैं?

चूंकि मनुष्य सामाजिक जीव है, इसलिए उसे अपने सामाजिक कर्तव्यों से कभी विमुख नहीं होना चाहिए। सामाजिक न्नति में हो उसने अपनी वैयक्तिक उन्नति को भी देखा होगा।

हर शिक्षित व्यक्ति को समझना चाहिए कि वह समाज का अध्यापक है और समाज का उसपर पैदाइशी हक़ है। अगर वह यह महसूस करे कि उसका हर क़दम आनेवाली पीढ़ी के लिए एक सबक है, बननेवाले इतिहास का एक पृष्ठ है, तो समाज की उन्नति की हर एक सीढ़ी उसके द्वारा तैयार की हुई समझी जा सकेगी। तब हम उस स्वर्ण दिवस को अपने बिलकुल निकट देख पाएँगे, जिस दिन शिक्षित समाज और जन-समुदाय एक ही भावना, एक ही विचारधारा और एक ही कल्पना से स्पंदित होंगे। वह दिन निश्चित ही महान होगा। आइये, हम सब मिलकर उस दिन को शीघ्रातिशीघ्र समीप लाने का अनवरत प्रयत्न करें।

17. समय का सदुपयोग

प्राय: यह देखा गया है कि लोग बेशक़ीमती चीज़ों का इस्तेमाल बड़ी सावधानी से करते हैं। उसपर यदि यह मालूम हो जाए कि अमुक वस्तु का प्राप्त होना दुर्लभ है, तो उसे और भी जतन से रखेंगे। जब कोई आदमी बेहिसाब पैसा ख़र्च करता है, तब हम कह सकते हैं कि वह पैसे का मूल्य नहीं जानता। पैसे हो कि नहीं, प्रत्येक वस्तु की, यहाँ तक कि हमारी अपनी आयु के दिनों की भी यही हालत है।

संसार में अक़लमंद अपनी चातुरी से अपनी ज़रूरत की हर चीज पैदा कर सकता है और हर तरह आराम की ज़िंदगी बसर कर सकता है। यह कौन नहीं जानता कि ज़िंदगी जैसे आराम

के लिए है, वैसे ही यश, धन, धाम और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए भी है। लेकिन ज़्यादा लोगों को मरते समय इस बात के लिए पछताते हुए देखा जाता है कि हाय, मैंने ज़िंदगी यों ही खो दी ! ऐसा क्यों ?

जब हमारी आयु साठ या सत्तर वर्ष की है, तब हमें दस-बीस साल आराम क्यों नहीं करना चाहिए ?—कितने ही लोग इस प्रकार तर्क करते हैं। इस तर्क का हमारा इतना ही उत्तर है कि ख़र्च करते-करते ख़ज़ाना ख़ाली हो जाता है, क्षण-क्षण बिताते युग बीत जाता है।

हम देखते हैं कि अमुक की उम्र साठ साल की रही। साठ साल कुछ कम तो नहीं होते; परंतु मरने से थोड़ी पहले भी वह यही सोचता है कि दो मिनट और बचा रहता, तो कितना अच्छा होता ! साठ साल की उम्र बिता दी, फिर भी दो मिनट के लिए रो रहा है ! कैसे दयनीय अवस्था है !

समय कैसे चला जाता है ? यह कइयों का सवाल है। अकसर लोग कहते हैं, कि हम तो समय का इतना सदुपयोग करते हैं, न कभी सुस्ताते हैं और गपशप ही करते हैं। फिर भी समय चला ही जाता है। आराम से बैठनें से या अन्य किसी काम से समय का दुरुपयोग नहीं होता। असल में समय का दुरुपयोग उसका मूल्य न समझकर बेकार कार्यों में ख़र्च करते रहनें से होता है।

काम करते समय या उसे आरंभ करते समय हमें सोचना चाहिए कि हम काम किस मतलब से कर रहे हैं। कई काम ऐसे होते हैं, जो अभ्यासवश हमें करने पड़ते हैं और हमारी ज़िंदगी से उनका ताल्लुक नहीं रहता। ऐसे कामों के करनें से—सिवाय समय की बरबादी के, प्रयोजन लेशमात्र भी नहीं होता।

जीवन लम्बी आयु से बना है, फिर भी उसका प्रत्येक मिनट मूल्य रखता है। क्योंकि रोज़ एक घंटे की हिसाब से बिताते रहें, तो पूरी ज़िन्दगी में क़रीबन दस-बारह साल बेकार ही जाते हैं। ये दस-बारह साल एक साथ बिताने पड़ें, तो हम हैरान होंगे; बल्कि रोज़ एक घंटे के हिसाब से हम अनजाने ही इस लम्बे अर्से को बिता डालते हैं। आखिर मरते समय हम एक-दो मिनट के लिए रोनें और कलपने लगते हैं।

अतः हमेशा समय को, जो कभी पीछे नहीं लौटता, बचाकर आवश्यक तथा उपयोगी कार्यों में ही लगाने की आदत डालनी चाहिए। हमारे लिए आवश्यक काम हैं स्वास्थ्य रक्षा, जीविका, ज्ञान की वृद्धि, धार्मिक काम, परोपकार, मनोरंजन तथा श्रम के बराबर आवश्यक आराम आदि।

यह हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया में जो भी बड़े-बड़े विद्वान, वैज्ञानिक, धनी व कीर्तिशाली हुए हैं, वे समय के सदुपयोग से ही उस उच्चता को पहुंचे हैं। अतः इस बात में ज़रा भी संदेह नहीं कि कोई भी आदमी समय का सदुपयोग करके

अपनी हैसियत, मान-सम्मान, दुनियादारी, जानकारी आदि को बढ़ा सकता है और गण्य-मान्य बन सकता है ।

18. विद्यार्थी जीवन

विद्या का अर्थ है किसी वस्तु के गुणों को अच्छी तरह जानना। जो लड़का विद्या प्राप्त करता है वह विद्यार्थी कहलाता है। विद्यार्थी वही है जो किसी चरित्रवान व्यक्ति से अच्छी बातों को सीखता है, सेवा का भाव हृदय में रखता है और उत्तम स्वभाववाला होता है। जो अहंकार में फूला रहता है, वह किसी मनुष्य से कुछ नहीं सीख सकता। विद्यार्थी को गुण लेने चाहिए, अवगुणों को छोड़ देना चाहिए। जो जितना ही विनम्र, आज्ञाकारी, स्थिर स्वभाव का है, वह उतना ही अधिक सीख सकता है। विद्यार्थी को शांत चित्त से अपने आचार्य के सदुपदेशों को सुनना चाहिए और खूब मनन करना चाहिए। अपने मन को संयमित और नियंत्रित रखना चाहिए। दिल और दिमाग को नयी चीज़ों की विशेषताओं को जानने के लिए हमेशा खुला रखना चाहिए। उसे मेहनत-मशक्क़त से घबराना नहीं चाहिए और उसमें पढ़ने-लिखने के कार्य के प्रति निष्ठा और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए।

विद्यार्थी के लिए सरलता और सादगी पर अधिक ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। स्वच्छता और पवित्रता उसके जीवन में कूट-कूटकर भरी रहनी चाहिए। उसे स्वावलम्बी बनना भी

आवश्यक है। केवल मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक श्रम भी करना चाहिए।

खुद भोजन बनाकर खाना, कपड़े खुद साफ़ करना, व्यायाम करना और नित्यप्रति अपने सबक याद करना उसका फ़र्ज़ होना चाहिए। विद्यार्थी को सबेरे साढ़े चार बजे बिस्तर छोड़कर दाँतों को खूब साफ़ करना चाहिए व स्नान करना चाहिए। कपड़े-लत्ते फ़ैशन की दृष्टि से न पहनने चाहिए, बल्कि शरीर का हिफ़ाज़त और सफ़ाई की दृष्टि से पहनने चाहिए।

जिस विद्यार्थी के स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास है, उसकी तबीयत भी पढ़ने-लिखने में खूब लगती है। और वह दिन दूना रात चौगुना विकास करता जाता है। उसको देखकर 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' कहा जाता है।

जो विद्यार्थी अपने कर्तव्य को निभाने की कोशिश करता है, उससे उसके खुद का, उसके समाज तथा देश का बड़ा उपकार होता है। दुनिया में जितने भी महापुरुष पैदा हुए हैं, वे विद्यार्थी जीवन में बड़े नियमित और संयमित रूप से रहते थे और महापुरुषों की जीवनियाँ पढ़ा करते थे। इससे उन्हें नयी प्रेरणाएँ और चेतनाएँ मिली हैं और वे आगे बढ़ सके हैं। हम महात्मा गांधी, विश्वकवि रवीन्द्र, कार्ल मार्क्स, मिलटन, न्यूटन आदि के विद्यार्थी-जीवन का पता लगाएँ, तो हमें सहज ही में मालूम हो जाएगा कि उनको आगे बढ़ानेवाला उनका विद्यार्थी-जीवन ही था। सच्चे विद्यार्थी समय का मूल्य जानते हैं और उससे फ़ायदा उठाते हैं।

विद्यार्थी को केवल बुद्धिजीवी ही नहीं बनना चाहिए बल्कि साथ ही श्रमजीवी भी बनना चाहिए; तभी सोने में सुगंधि होगी। वरना विद्यार्थी का अध्ययन अपूर्ण और अपक्व ही रहेगा। उसे छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा काम करने में कोई आनाकानी नहीं करनी चाहिए ; कोई झिझक या हिचक नहीं होनी चाहिए। यदि विद्यार्थी सच्चे और ईमानदार न हों, तो देश की तरक्की संभव नहीं है।

प्राचीन काल में एकलव्य नाम का एक आज्ञाकारी और सुशील विद्यार्थी था, जिसने गुरुदक्षिणा में अपने हाथ के अंगूठे को काटकर दे दिया और दिखला दिया कि गुरुभक्ति के आगे हमें किसी वस्तु का मोह न होना चाहिए; और यह भक्ति, प्रेम, शील, करुणा आदि आख़िर कैसे उत्पन्न हो सकते हैं ? ये तो सत्संगति और मधुर स्वभाव तथा पवित्र आचरण के द्वारा ही आ सकते हैं। संस्कार का परिष्कार अभ्यास और उत्तम वातावरण से होता है। वातावरण स्वयं बनाया जाता है और अभ्यास भी धीरे-धीरे लगन के साथ काम करने पर बढ़ाया जा सकता है। इसलिए किसी भी विद्यार्थी को अपने जीवन की तक़लीफ़ों और झंझटों से ऊबना नहीं चाहिए, बल्कि उनके कारण ढूंढ़ने की कोशिश करनी चाहिए और उन्हें दूर करना चाहिए। विद्यार्थी के हृदय में नये-नये कार्यों को करने की उमंग होनी चाहिए। नयी स्फूर्ति पैदा होती रहे, ऐसी कल्पना करनी चाहिए। प्रकृति की सुन्दरता का निरीक्षण

करना और अपने जीवन तथा बाह्य जगत से परिचित होना विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है।

यदि कोई विद्यार्थी अपने जीवन की वास्तविक स्थितियों को नहीं पहचानता और दुनिया की बातों की जानकारी नहीं रखता और रात-दिन किताबी कीड़ा बनकर रहता हो, तो उससे न तो उसकी अपनी भलाई होगी, न राष्ट्र की ही। अस्तु, विद्यार्थी को हर स्थिति से परिचित होना है और उससे उचित फ़ायदा भी उठाना है।

विद्यार्थी का आदर्श आसमान की तरह ऊँचा होना चाहिए, सिद्धान्त हिमालय पहाड़ की तरह अटल रहना चाहिए ! हृदय के भाव समुद्र की तरह अनंत और गंभीर होने चाहिए। बड़ों के प्रति श्रद्धा, भक्ति तथा निष्ठा होनी चाहिए और उसे भेद-भाव को भूलकर अपने कर्तव्य में व्यस्त रहना चाहिए। उसे अपने पराये के पचड़े में न पड़कर सच्चा, आज्ञाकारी और सदाचारी बनना चाहिए।

19. पुस्तकों का आनंद

लोगों को यह कहते सुनते हैं कि भाई, मैंने अमुक पुस्तक पढ़ी, बड़ा आनन्द आया। कोई रामायण पर लट्टू है, तो कोई गीता पर। कोई गोर्की की 'माँ' पढ़कर अपनी खुशी जता रहा है, तो कोई प्रेमचन्द के 'गबन' पर एकदम फ़िदा हो गया है। हम देखते हैं कि कोई-कोई तो पुस्तकालय में प्रवेश करते हैं, तो दुनियाँ की सुध ही भूल जाते हैं।

इसका कारण जाननें के लिए हमें यह जान लेना आवश्यक होगा कि पुस्तकें कैसे लिखी जाती हैं। पुस्तकें कई प्रकार की होती हैं ; कोई विज्ञान के बारे में है, तो किसीमें उपदेश भरे है। किसी में यात्रा सम्बन्धी बातें लिखी हैं, तो कोई क़िस्से कहानियों से ही भरी रहती है।

पुस्तकें आख़िर क्या हैं ? लिखनेवाला अपने मनोभाव, तर्कशंकित, देखी-सुनी बातें आदि को मिलाकर पुस्तकें तैयार करता है। तब हमें यह समझना चाहिए कि पुस्तकों में दिली-दुनिया बसी रहती है।

सबका दिल एक-सा नहीं होता। सब एक-सी बात पसंद नहीं करते। कोई चाहता है कि हमारी स्त्रियाँ आज भी सीता-सावित्री के समान रहें, उस ज़माने की जैसी पोशाक पहना करें और वैसे ही अपना आचार-व्यवहार रखा करें। इसके ख़िलाफ़ कोई नौजवान सोचता है कि हमारी सारी पुरानी बातें फूहड़ हैं, उन्हें एक दम छोड़ देना चाहिए, सबसे पहले हमारे महिलाओं को अप-टु-डेट बन जाना चाहिए।

जब हमारे भावों में ऐसा अंतर है, तो हम उन्हीं पुस्तकों को पसंद करेंगे, जिनमें हमारी पसंद के भाव भरे हैं। ऐसी पुस्तकें कहीं मिल गयीं तो हम उछल पड़ते हैं। तिसपर यदि किसीमें हमारे विचारों से ठीक मिलने-जुलनेवाली बातें पा गये तो बस, फिर क्या ? खाना-पीना भूलकर पहले उसे ख़तम करेंगे, तब दम लेंगे।

गाँवों में नाटक खेले जाते हैं। काफ़ी प्रेक्षक जमा रहते हैं ! उस समय तुम देख सकते हो, कभी-कभी लोग नटों का वेष-भूषा व बातों से इतने प्रभावित हो जाते हैं कि कुछ तो उनके साथ ही साथ अपने को भी भूलकर उछलने लगते हैं। पिछले दिनों तुमने देखा होगा—बंबई टॉकीस के 'बंधन' फ़िल्म के गानों से कुछ दर्शक ऐसे खुश हो गये कि यह भूलकर कि हम फ़िल्म देख रहे हैं चिल्लाने लगे "फिर एक बार ! फिर एक बार ! (Once more ! Once more !)।" वह नाटक तो था नहीं और गायक भी सामने न था कि फिर गाकर दर्शकों का मनोरंजन करता !

जिस तरह दृश्य देखकर उसपर लट्टू होना स्वाभाविक है, उसी तरह पढ़ने में तल्लीन व्यक्ति भी पढ़ते-पढ़ते उसीमें अपने को खो देता है। किसी तरह की अभिन्नता महसूस न करने की हालत को हम आनन्द कहते हैं—याने, सुख हो तो ऐसा हो कि जब तक उसमें लिप्त रहें, तब तक कोई दूसरा अनुभव ही न हो। ऐसी स्थिति आनन्ददायक कही जाती है। इसी तरह पुस्तकों में खो जाना, उनके पात्रों व घटनाओं के साथ-साथ अपने को बहते पाना और उस समय दुनिया की किसी अन्य बात का अनुभव न होना पुस्तकों का आनन्द कहा जाता है।

आप पूछ सकते हैं कि इससे फ़ायदा क्या है। पुस्तकों में तल्लीन हो जाने से हम अपनी चिंताओं को भूल सकते हैं, दुख-दर्दों से दूर रह सकते हैं। मन की उलझन से ही हमें दुख-दर्द व चिंताएँ होती हैं। कोई-कोई डाक्टर रोगियों को कहानी

सुनाते-सुनाते आपरेशन करते हैं ! डाक्टर के चले जाने के बाद ही रोगी को पता लगता है कि उसका आपरेशन हुआ है। इसकी वजह मन का दूसरी ओर अटके रहना ही है। इसी तरह दुनिया की चिंताओं से दूर रहने के लिए पुस्तकें पढ़ना उत्तम साधन है। उसमें ज्ञान का भंडार भरा है।

20. कर्तव्य

कर्तव्य वह वस्तु है जिसका पालन न करने से लोगों की दृष्टि से हम गिर जाते हैं। घर से ही हमारी कर्तव्य-शिक्षा शुरू होती है। घर में माता का पिता के प्रति, माता-पिता का लड़कों के प्रति, बच्चों का माँ-बाप के प्रति कर्तव्य बना रहता है।

घर के बाहर हम मित्रों, पड़ोसियों और दूसरे लोगों के आपस के कर्तव्यों को देखते हैं। संसार में जिधर देखो कर्तव्य ही कर्तव्य भरा पड़ा है। इन सारे कर्तव्यों का पूरा-पूरा पालन करना ही हमारा धर्म है। वही हमारे जीवन की शोभा है।

हम सब के मन में ऐसी शक्ति है, जो हमें बुरे कामों को करने से रोकती है और अच्छे कामों की ओर प्रवृत्त करती है। कोई मनुष्य यदि कोई बुरा काम करता है, तो आप ही लजाता और दुखी होता है। तुमने देखा होगा कि लड़का यदि मिठाई चुरा ले, तो आप ही घबराता और पछताता है। इसके विपरीत कोई कभी ऐसा काम ही न करे, तो वह सदा प्रसन्न

रहता है और उसके मन में किसी बात का पछतावा भी नहीं होता। इसका क्या कारण है? कारण यही है कि जब हम चोरी करते हैं, तब हमारी आत्मा हमें कोसती है और हमें पछतावा होता है। इसलिए यह अच्छा है कि हम बुरा काम न करें और सदा प्रसन्न रहें। यही हमारा कर्तव्य है, हमारा धर्म है।

धर्म-पालन में शुरू-शुरू में कष्ट बहुत होगा। लेकिन साहस नहीं छोड़ना चाहिए। क्या हुआ जो तुम्हारा पड़ोसी ठगकर, झूट बोलकर पैसेवाला बन गया और तुम ग़रीब ही बने रहे? क्या हुआ जो दूसरे लोगों ने झूठी खुशामद से बड़ी नौकरियाँ पा लीं और तुम्हें कुछ न मिला? और क्या हुआ जो नीच कार्य करके सुखी बने हैं और हम सच्चाई का व्यवहार करके सदा कष्ट भोगते रहे? तुम्हें जो संतोष और आदर प्राप्त होगा, वह अन्य लोगों को न होगा। तुम्हारी आत्मा कभी किसी काम के लिए पछताएगी नहीं, बल्कि प्रसन्न ही होगा।

इसलिए यह बहुत ज़रूरी है की हम आत्मा की पुकार को समझें और कर्तव्य का पालन करें। संसार में कितने ही बड़े-बड़े लोग हो गये हैं, जिन्होंने संसार का उपकार किया है और बदले में आदर-सत्कार पाया है। इन सबनें अपने कर्तव्य को सर्वश्रेष्ठ माना है।

24. दहेज़-प्रथा

ब्याह के समय लड़की की ओर से लड़के को कुछ रक़म अदा करने की प्रथा दहेज़-प्रथा कहलाती है। भारत के सामाजिक जीवन की कुछ बातें नरक बना रही हैं, यह दहेज प्रथा उनमें से प्रमुख है।

इस प्रथा का कोई क्रमिक तिहास नहीं बताया जा सकता। अनुमान और अनुभव से ही काम लिया जा सकता है— धर्मशास्त्रों में विवाह के समय कन्या-पक्ष की ओर से वर को कन्या के साथ-साथ कुछ संपत्ति दी जाने का भी विधान है। ईसाई और मुसलमान समाज में भी ऐसी ही प्रथा है। एक तरह से यह अच्छी बात है। विवाह के बाद दो नये प्राणी एक साथ मिलकर संसार-यात्रा करने लगते हैं। इसलिए दोनों के शुभेच्छु अपने आशीर्वाद के साथ कुछ लौकिक साधन भी दे देते हैं, ताकि उन्हें तक़लीफ़ न हो। धर्मशास्त्र में कन्यादान के साथ-साथ संपत्ति देने का जो विधान है, वह इसी मनोभावना का परिचायक है। लेकिन वह मनोभावना बहुत दिनों तक इसी रूप में न रह पायी। जातियों, उपजातियों व प्रांतों के अनुसार इसमें कई परिवर्तन हो गये। किसी उपजाति में लड़कियों की संख्या अधिक हो गयी, किसीमें लड़कों की। किसी प्रान्त में लड़के अधिक हैं, किसीमें लड़कियाँ। परिणाम यह हुआ कि जिस जाति या प्रांत में लड़कियों की संख्या अधिक हुई, वहाँ अधिक धन लड़के को देने की प्रथा चल पड़ी। यह इसलिए कि लड़की छाती का पीपल न बनकर अपने घर चली

जाए। अपने सिर की बला टालने और लड़की को सुखी रखने के लिए लोगों ने वर-पक्ष को अधिक से अधिक लोभ दिखाकर अपने कब्ज़े में करने की चेष्ठा की। यह हाल जहाँ लड़कियों की संख्या कम थी, वहाँ लड़केवालों का हुआ।

यह बात आज बढ़ते-बढ़ते इस रूप में आ गयी है, जो हमारे सामने है। आज ये दोनों बातें पायी जाती हैं। लेकिन लड़कीवालों की ओर से धन देने का सवाल ही अधिक देख पड़ता है, लड़केवाले कहीं-कहीं धन देते हैं।

दहेज़-प्रथा के इस रूप ने विवाह को आत्मिक और शारीरिक संबंध न मानकर एक सौदा बना दिया है। जिनके घर में अच्छा लड़का है वे उसके लिए अच्छी लड़की नहीं, अच्छी रक़म खोजते हैं। जिनके घर लड़का नहीं है, लेकिन उनका कुल अच्छा है या घर पर उलूकवाहिनी लक्ष्मी की कृपा है, उनकी नज़र भी मोटे आसामी को ढूँढ़ती है। परिणाम स्वरूप अच्छे जोड़े नहीं मिलते। बहुत लड़कियाँ कुँआरी रह जाती है। कई तो बूढ़ों और अयोग्यों के गले मढ़ी जातीं हैं; उससे अधिक करुणात्मक बात यह होती है कि बहुत-सी लड़कियाँ आत्महत्या करके अपना दुखद जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। भारत के प्रायः सभी प्रांतों से इस तरह के समाचार मिलते हैं। बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दहेज़-प्रथा का नाशकारी, ताण्डव अधिक दीख पड़ता है। इस दहेज़-प्रथा के कारण जब अच्छे जोड़े नहीं मिलते, तब उनकी संतति भी अच्छी नहीं होती, विधवाओं की संख्या बढ़ती है. कई तरह के दुराचार फैलते हैं।

जो दहेज की बलिवेदी पर अपना बलिदान दे चुकी हैं, उनकी पूरी संख्या एकत्रित की जाए, तो मोटी पोथी तैयार हो सकती है, जिसे पढ़कर पत्थर के कलेजे भी पिघले बिना नहीं रह सकते ।

केवल स्त्रियाँ ही इस प्रथा के परिणामस्वरूप परेशान नहीं होतीं, पुरुषों को भी योग्य पत्नियाँ नहीं मिलतीं । वे भी इसी तरह परेशान होते हैं ।

आज यह सिद्ध हो चुका है कि दहेज़-प्रथा के कारण अनेक युवतियाँ जिनके खेलने-खेलने के दिन हैं, जो संसार की मिट्टी पर सोने के महल खड़े कर सकती हैं; वीर माताएँ बनकर राष्ट्र का गौरव बढ़ा सकती हैं, असमय में आत्महत्या करने के लिए विवश होती हैं । अनेक युवक योग्य पत्नी के अभाव में निकम्मे बन जाते हैं । फलत: योग्य संतति के अभाव में राष्ट्र का निर्माण नहीं हो पाता ।

हैरानी की बात यह है कि कुछ लोग इस प्रथा का समर्थन इसलिए करते हैं कि यह एक धार्मिक विधान है । वे यह भी सोचने की तक़लीफ़ नहीं उठाते कि मानव-समाज को धारण करनेवाली शक्ति का ही नाम धर्म है—वह सदा कल्याणकारी है । ऐसी कोई व्यवस्था धर्म की व्यवस्था नहीं हो सकती, जिससे समाज और राष्ट्र का—मानव जाति का कल्याण नहीं होता है । इस प्रथा का धार्मिक रूप इतना ही है, जितना कि हमने ऊपर बताया है; जिस बात से किसीको आपत्ति नहीं हो सकती ।

यदि दहेज़ प्रथा न होती, तो हमारा समाज उन्नत होता, दांपत्य जीवन की विषमता भी इतनी तेज़ न होती। बूढ़ों को चार-चार विवाह करने का मौक़ा न मिलता, युवक और युवतियाँ अविवाहित न रहतीं। इसलिए आवश्यक है कि इस प्रथा में फ़ौरन सुधार किया जाए। दहेज़ का सौदा न करके, जो प्रसन्नता के साथ जितना दे सके, उससे उतना ही ले लिया जाए। यदि सुधार न हो सके, तो इसे मिटा देने में भी किसी तरह की आनाकानी न होनी चाहिए। जब तक यह प्रथा इसी रूप में रहेगी, तब तक हमारा कल्याण नहीं हो सकता।

22. नाटक और समाज

नाटक और समाज का एक दूसरे से अटूट नाता है। जब तक नाटक समाज के सामने नहीं आता, यानें समाज के लोगों की आँखें उसको नहीं देखतीं, तब तक नाटक नहीं कहलाएगा। साहित्य का कोई दूसरा अंग समाज पर इस क़दर अवलंबित नहीं है। उपन्यास, कहानी, कविता वग़ैरह का समाज से इतना सीधा रिश्ता नहीं है, जितना कि नाटक का है। उपन्यास, कविता वग़ैरह श्रव्य काव्य हैं। मगर नाटक दृश्य काव्य है। उसका असर आँखों तथा कानों के द्वारा इनसान के दिल पर पड़ता है। नाटककार को अपने को कामयाब साबित करने के लिए सामयिक परिस्थितियों का सहारा लेना और अपने को उनमें भुला देना पड़ता है।

यह बात नाटक लिखनेवालों ने बहुत पहले से ही समझ ली थी। यही वज़ह है कि हमें नाटक के विकास का इतिहास समाज ही की बीती कहानी-सा लगता है। एक वह समय था, जब हमारा यह समाज सिर्फ़ मज़हबी उसूलों के आसरे पर ज़िन्दा था। समाज के भाग्य-विधातओं को उस वक़्त अपनी बातों तथा विचारों के प्रचार के लिए कई उपाय करनें पड़ते थे। जिस बात को समझना होता है, उसे लोगों के सामने सुन्दर ढंग से रखना, वाक़ई यह एक अनोखा और आश्चर्यजनक कार्य है। बस, फिर क्या था; कहानी आयी, रंगमंच बना, नट तैयार हुए और नाटक खेला गया। उसका प्रभाव इतना प्रबल हुआ कि नाटक साहित्य का सबसे प्रभावशाली अंग साबित हुआ।

प्राचीन भारत में सबसे पहले धार्मिक सभा-सम्मेलनों के अवसर पर नाटक हुआ करते थे। रामलीला, स्वांग आदि के रूप में आज भी वे हमारे बीच में मौजूद हैं। धीरे-धीरे नाटक ने सामाजिक जीवन के अन्यान्य पहलुओं पर भी असर डालना शुरू किया।

बीच में कुछ दिन नाटक केवल शास्त्रीय ढंग का ही रहा। भले ही रामलीला, स्वांग आदि के रूप में सर्वसाधाराण के बीच में नाटक चला करते थे, फिर भी समाज के विचारवान वर्ग के लोगों के लिए वह एक साहित्यिक वस्तु हो गया। इसका यह तात्पर्य नहीं कि नाटक रंगमंच पर खेला जाना एकदम बंद हो गया। नाटक खेले जाते थे, किन्तु ऊँची श्रेणी

ही के लोग दर्शकों के रूप में हाज़िर होते थे। नाटक निम्न श्रेणी के विचारों से बहुत ऊपर उठा और नाटककार साहित्य और कला की खूबियों का ख़याल रखने पर मजबूर हुआ। नतीजा यह हुआ कि साधारण जनता कुछ देर के लिए नाटक से विमुख हुई। मगर, मध्यम युग में एक बार फिर नाटक का जनता के साथ नाता क़ायम हुआ; और पश्चिमी देशों में शेक्सपियर जैसे कलाकार इसके अगुआ रहे। तब से नाटक साहित्य उच्च भावों की रक्षा करते हुए साधारण जनता की ओर बढ़ता आया। यहाँ तक कि आज नाटक जनता के बिलकुल निकट की चीज़ बन गया है। सिनेमा के रूप में समाज के लाखों आदमियों पर उसका असर पड़ रहा है और समाज का दिल-बहलाव ही नहीं, बल्कि उसको बनाना-बिगाड़ना भी आज उसके हाथ में है।

नाटक का इतिहास हमें बतलाता है कि उसका रिश्ता जनता के साथ तीन तरह का रहा है। सबसे पहले मनोरंजन के रूप में उसका लोगों के साथ रिश्ता रहा। जनता ने हमेशा मनोरंजन के लिए ही नाटक देखा। बाक़ी विषय उसके लिए गौण रहे। आज भी प्रेक्षक केवल मनोरंजन के लिए नाटक-भवन में जाते हैं। मगर, नाटककार ने महसूस किया कि मनोरंजन के साथ-साथ और बातों की भी चर्चा हो सकती है। और तब एक दूसरे प्रकार का नाता नाटक का समाज के साथ हुआ। वह है धर्म, नीति व आदर्श के प्रचार का। ज़्यादातर पुराने नाटकों की सामग्री धर्म या नीति के क्षेत्रों से ही ली गयी

थी ; और अब तीसरा नाता शुरू हो गया। इब्सन, बर्नार्ड शा जैसे नाटककारों नें समाज की आलोचना की भावना को नाटक का विषय बनाकर नाटक और समाज का एक नया रिश्ता कायम किया है। समाज को आलोचना द्वारा उसमें सुधार की कोशिश अब शुरू हो गयी है। यही सबब है कि आज के नाटक बुद्धिप्रधान और व्यंग्यात्मक हैं। उनका उद्देश्य ही समाज की वस्तुस्थिति को स्वीकार करके उसके मर्म पर चोट करना होता है। इतना ही नहीं, आज नाटक समाज से आगे बढ़ने लगा है। उसने राष्ट्रीय, अन्तर राष्ट्रीय और सार्वभौमिक समस्याओं को अपना विषय बनाया है। आज उसके हाथ में क्रांति के हथियार पहुँच गये हैं। आज नाटककार समाज का विरोधी, विद्रोही और क्राँति द्रष्टा है। वही समाज को प्रगति के पथ पर बढ़ा रहा है। इस तरह, जहाँ एक दिन नाटक धर्म नीति व आचार संबन्धी ख़्यालात के तंग दायरे में अपने को सीमित रखता आया था, वहाँ आज वह समाज में भावों और विचारों की क्रांति का बीज बोकर उसे विप्लव की ओर बढ़ने के लिए विवश कर रहा है। सारांश यह कि आज नाटक साहित्य के विभिन्न अंगों में सबसे अधिक प्रगतिशील और प्रभावशाली हो गया है।

समाज व्यक्तियों का समूह है। नाटक देखनेवाला हर व्यक्ति समाज का अंग होता है। इसलिए नाटक का प्रभाव व्यक्ति पर पड़ता है, वही समूचे समाज पर भी पड़ेगा। जो नाटक व्यक्ति के मूल भावों की अभिव्यंजना के द्वारा उसके

मनोविकारों को अप्रत्यक्ष रूप से बाहर निकलने का मौक़ा देता है और इस तरह व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में उसको सभ्य और सहनशील बनाकर आगे की तरफ़ बढ़ने की प्रेरणा देता है, वही समाज के साथ अपना अमिट व अटूट नाता रख सकेगा। उसीको समाज अपनी चीज़ मानेगा।

23. शहर का वर्णन—मदुरै

तमिलनाडु राज्य के बड़े शहरों में मदुरै का नंबर दूसरा है। राज्य का राजधानी मद्रास का पहला नंबर है और उसके बाद आता है मदुरै का। इसकी आबादी छः लाख से ज़्यादा है। यह शहर 'वैगै' नदी के किनारे बसा है।

मदुरै में कई मंदिर हैं जिनमें सबसे बड़ा मीनाक्षी का मंदिर है। यह मंदिर शहर के बीच में बना हुआ है और इसके चारों तरफ़ चार बड़े-बड़े परकोटे हैं। हर एक परकोटे के बीच में एक दरवाज़ा है और उसके ऊपर एक ऊँचा गोपुर। मंदिर के अंदर एक तालाब है, जिसका नाम है 'पोट्रामरै' याने 'सुनहला कमल'। इसका पानी काई के कारण हरा मालूम होता है। शाम और सबेरे इसमें कई ब्राह्मण पूजा-पाठ करते हैं। दर्शक इसमें नहाकर श्री मीनाक्षी और श्री सुन्दरेश्वर के दर्शन करते हैं। यह मंदिर बहुत पुराना है और इसकी कारीगरी दक्षिण भारत की शिल्पकला का बढ़िया नमूना है।

मंदिर में बारहों महीने कोई न कोई त्योहार होता रहता है, जिसके कारण इस शहर का नाम 'त्योहारों का शहर' पड़

गया है। यात्रियों का ताँता दिन-रात लगा रहता है और शहर में काफ़ी चहल-पहल रहती है। यहाँ के त्योहारों में 'चैत्रोत्सव' सबसे बड़ा त्योहार है। उस वक्त यहाँ बहुत बड़ा मेला लगता है। आसपास के शहरों से हज़ारों की संख्या में लोग यहाँ जमा होते हैं और इसमें भाग लेते हैं।

इतिहास की दृष्टि से भी मदुरै बहुत मशहूर है। दक्षिण के सुप्रसिद्ध पांड्य राजाओं की राजधानी यही थी। इनका राज ईसा के पहले से लेकर सत्रहवीं शताब्दी तक जारी था। पांड्य राजा जैसे पराक्रमी थे, वैसे ही विद्या प्रेमी भी थे। इनके दरबार में तमिल के बड़े-बड़े विद्वान रहते थे, जिन्होंने अच्छे अच्छे ग्रन्थ रचे हैं। इन्हीं राजाओं ने उस तमिल विद्यापीठ की स्थापना की, जो आज भी 'मदुरैत्तमिषच्चंगम्' के नाम से मशहूर है।

यहाँ का राजमहल 'तिरुमलै नायक महल' आलीशान और सुन्दर है। आजकल इस महल में सरकारी कचहरियाँ हैं। मदुरै के देखने लायक़ स्थानों में यह भी एक है। शहर से कुछ दूर पर एक बहुत बड़ा तालाब है, जिसके बीच में एक सुन्दर बगीचा और मंडप हैं। मदुरै जानेवाले इसे भी अवश्य देखते हैं।

मदुरै व्यापार का बड़ा केन्द्र है। पुराने ज़माने में यहाँ के व्यापारी अपना माल यूनान (ग्रीस) और इटली तक पहुँचाते थे। यहाँ कपड़े की कई मिलें हैं, जिनमें हज़ारों लोग काम करते हैं। रेशम का भी यहाँ अच्छा धन्धा होता है।

राष्ट्रीय जागृति में भी मदुरै बहुत आगे है। बड़े-बड़े देश भक्तों ने यहाँ जन्म लिया था। श्री वैद्यनाथ अय्यर जिन्होंने श्री राजाजी के आशीर्वाद के साथ सर्वप्रथम हरिजनों के लिए मंदिर खुलवा दिया था—यहीं के थे। राष्ट्र-भाषा हिन्दी को बड़े प्रेम से यहाँ के लोगों ने अपनाया है।

मदुरै का नगर निगम बड़े उत्साह के साथ काम करता है। उसके यत्नों से शहर बहुत साफ़ और सुन्दर बन गया है। पानी का अच्छा इन्तज़ाम है और जगह-जगह पर जनता की सुविधा के लिए स्नानागार बने हैं। यात्रियों के ठहरने के लिए अच्छी सरायें भी हैं।

24. वर्तमान शिक्षा का प्रभाव

इस समय देश में शिक्षा का प्रसार तेज़ी से बढ़ रहा है। लोग अपने लड़कों और लड़कियों को पढ़ाने में अधिक रुचि लेने लगे हैं। यद्यपि गाँवों में पाठशालाओं की संख्या संतोषजनक नहीं है, तो भी शहरों में स्कूलों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। वर्तमान शिक्षा के कारण देश में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या बढ़ रही है। यह देश की प्रगति का शुभ चिन्ह है। भारतवर्ष में निरक्षरता को दूर करने के लिए बड़ी कोशिश की जा रही है।

वर्तमान शिक्षा के कारण लोगों के दृष्टकोण में परिवर्तन आ रहा है। लेकिन शिक्षा का उद्देश्य पूरी तरह नहीं समझा गया है। बहुत लोग परीक्षा पास करना ही शिक्षा का ध्येय समझते हैं; पर यह ठीक नहीं है। हमारी राय में सच्ची

शिक्षा वही है, जिससे मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों का पूर्ण विकास हो। किन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि वर्तमान शिक्षा में इस दिशा में विशेष उन्नति नहीं हुई है।

हमारे स्कूलों और कालेजों में शारीरिक उन्नति के लिए नाना प्रकार के खेल खेलाये जाते हैं। इन खेलों से बालक-बालिकाओं के शरीर में स्फूर्ति आती है। खेल से उनका स्वास्थ्य भी सुधरता है। खेलों के कारण सामाजिकता भी बढ़ती जाती है। परन्तु साथ-साथ फ़ैशन की भी तरक़्की हो रही है और जीवन अधिक पेचीदा बनता जा रहा है। 'टेनिस' के लिए अलग कपड़े चाहिए, फुटबाल के लिए अलग। इससे रहन-सहन ख़र्चीला बन जाता है।

विदेशी खेलों से शरीर में स्फूर्ति अवश्य आती है, लेकिन उनसे हमारे विद्यार्थियों में मेहनत करने की शक्ति नहीं बढ़ती। हमारे विद्यार्थी गेंद का बड़ा अच्छा निशान लगा लेते हैं, उसको दूर भी फेंक देते हैं। किन्तु जहाँ पर हाथ से कुछ करने का प्रश्न आता है, वहाँ वे मुँह ताकते रह जाते हैं। खेल के मैदान से बाहर आजकल के विद्यार्थी बहुत आलसी होते हैं। उनमें स्वावलंबन का अभाव है। विद्यार्थियों के मन में प्रायः अमीरी के भाव भर जाते हैं। वे घर के मामूली काम करने में भी लज्जित होते हैं।

आजकल के विद्यार्थी पहले के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक पुस्तकें पढ़ते हैं। फिर भी उनका ज्ञान कच्चा ही

रहता है। परीक्षा पास करना वे अध्ययन की इतिश्री समझते हैं। वे साल-भर आराम से गुजारकर परीक्षा के दिनों में रात-दिन एक करके स्वास्थ्य ख़राब कर लेते हैं। जो कुछ पढ़ते हैं, उसको परीक्षा-भवन में वमन कर लेते हैं। उनकी पढ़ाई उनके मन को परिपक्व व पुष्ट नहीं बनाती। इसलिए हिन्दुस्तान में मौलिकता का अभाव बना रहता है। हमारे देश में श्री जगदीश-चन्द्र बोस, श्री प्रफुल्लचन्द्र राय, सर सी. वी. रामन, राधाकृष्णन सरीखे इने-गिने ही हैं। यूरोप से हम विद्या का जो ऋण ले रहे हैं, उसको चुका नहीं रहे हैं। इसका कारण यही है कि हमारी शिक्षा रुचिकर नहीं बनायी जाती और जो कुछ हमें पढ़ाया जाता है, उसका असली रूप में अभ्यास नहीं कराया जाता। हमारी उच्च शिक्षा विदेशी भाषा में होती है, इससे हम अपनी शिक्षा का लाभ देश के दूसरे लोगों को नहीं दे सकते। शिक्षित और अशिक्षित लोगों में अन्तर बढ़ता जाता है। इस कारण ज्ञान और क्रिया का भी विच्छेद हो जाता है। शिक्षित लोगों में ज्ञान है, तो जनता में क्रिया और शक्ति है। वे लोग हमारे ज्ञान का पूरा-पूरा लाभ नहीं उठा सकते, इसलिए मुल्क में काफ़ी तरक्की नहीं हो पाती।

वर्तमान शिक्षा में धर्म की ओर तो बहुत ही कम ध्यान दिया जाता है, जिसके कारण हमारे नवयुवक भारतीय संस्कृति से भी अपरिचित रहते हैं। बहुत-से लोगों को रामायण और महाभारत की कथा भी नहीं मालूम है। वे भारतीय साहित्य को केवल दन्तकथा समझकर उससे अपरिचित रहते हैं। इससे

विद्यार्थियों में धर्म और ईश्वर के प्रति आदर नहीं रहता, उनमें राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति आदर नहीं रहता। इन बातों से स्पष्ट है कि हमारे नवयुवकों पर वर्तमान शिक्षा का प्रभाव अच्छा नहीं पड़ा है। इसलिए वर्तमान शिक्षा-पद्धति में परिवर्तन को लाने की सख़्त ज़रूरत है।

25. स्त्री-शिक्षा

हर एक वस्तु के दो पहलू होते हैं—अच्छा और बुरा। यह बात स्त्री-शिक्षा में भी है। कुछ लोग स्त्री-शिक्षा के पक्ष में हैं, और कुछ लोग उसके विपक्ष में। स्त्री-शिक्षा में गुण अधिक हैं, दोष कम। स्त्रियों को शिक्षा देना हमारा परम धर्म है। क्योंकि अशिक्षित स्त्रियाँ माता का दायित्व ठीक तरह से नहीं सँभाल सकतीं। स्त्री-शिक्षा का सबसे पहला लाभ यह है कि उनका दृष्टिकोण विस्तृत हो जाता है, वे कूपमंडूक नहीं बनी रहतीं। उनके संसार संबन्धी ज्ञान में वृद्धि होती है। उनमें प्रत्येक बात की हानि और लाभ का विचार करने का सामर्थ्य आ जाता है। जातीय जीवन और रीति-रिवाज़ों का वास्तविक तत्व समझने की योग्यता उनमें आ जाती है। शिक्षित स्त्रियाँ अन्ध-विश्वासों का शिकार नहीं बनतीं। संसार की प्रगति को जानकर पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ देश की उन्नति में सहायता दे सकती हैं और अपने शिक्षित पति के साथ विचार-विनिमय करके उनके कार्य में सहयोग दे सकती हैं।

शिक्षा के द्‌वारा स्त्रियों को ठीक-ठीक बातचीत करने की योग्यता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त शिक्षित स्त्रियाँ हिसाब-किताब ठीक तरह से रख सकती हैं। गार्हस्थ्य शास्त्र की शिक्षा से घर को स्वच्छ और परिमार्जित रखना, सीना-पिरोना, बुनना-काढ़ना, कपड़ों की देखभाल करना, गाना-बजाना आदि सब बातें वे जान लेती हैं, जिनसे कि जीवन सरल और सुखमय बन सकता है। यदि वे अपने ज्ञान का सदुपयोग न करें, तो यह उनका दोष है न कि शिक्षा का।

स्त्री-शिक्षा का स्वास्थ्य से विशेष संबंध है। स्त्रियाँ घर की स्वामिनी होती हैं। बच्चों का तथा प्राय: सारे घर का स्वास्थ्य उनके हाथों में रहता है। हमारी बहुत-सी बीमारियाँ सफ़ाई के अभाव के कारण होती हैं। शिक्षित स्त्रियाँ रोगों से बचने के लिए आवश्यक साधनों का प्रयोग कर हमको बीमारियों से सुरक्षित रख सकती हैं। परिवार के लोगों के रोगग्रस्त हो जाने पर शिक्षित स्त्रियाँ साफ़ रहकर अपने बच्चों को भी साफ़ रख सकती हैं। वे स्वास्थ्य संबंधी सिद्‌धांतों के ज्ञान से अपने परिवारवालों को बहुत कुछ लाभ पहुँचा सकती हैं। बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा माता से ही मिलती है। शिक्षित माताएँ अपने बच्चों को अच्छे तरीक़े से शिक्षा दे सकती हैं। उन्हें शुरू से ही नियम-पालन का अभ्यास करवा सकती हैं तथा वे बुरी आदतों में न पड़ें, इसका भी ध्यान रख सकती हैं। इसके ख़िलाफ़ अपढ़ माताओं के बच्चे प्राय: छोटी उम्र से ही बुरी संगत में पड़ जाते हैं।

स्त्री-शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वे अपने पैरों पर खड़ी रह सकती हैं। आवश्यकता पड़ने पर शिक्षित स्त्रियाँ अपनी जीविका खुद चला सकती हैं। हमारे देश में कितनी ही स्त्रियाँ जवानी में ही विधवा हो जाती हैं। उस हालत में पति के बाद स्त्री की देख-भाल करनेवाले कोई नहीं होता। पति के बाद वे अपने नातेदारों को भार रूप मालूम होती हैं, और वे लोग उनसे बड़ा बुरा व्यवहार करते हैं। उस हालत में अगर स्त्री शिक्षित हो, तो वह किसी पर भार रूप नहीं होती; बल्कि अपना और अपने आश्रितों का गुज़ारा स्वयं कर सकती हैं।

स्त्री-शिक्षा के कुछ दोष भी दिखाये जाते हैं; किन्तु वे दोष स्त्री-शिक्षा के नहीं, बल्कि वर्तमान शिक्षा पद्धति के ही हैं। पुरुषों की शिक्षा में भी वे दोष पाये जाते हैं। वर्तमान शिक्षा पद्धति के कारण स्त्रियाँ 'फैशन का गुलाम' बन जाती हैं। इसके कारण घर का ख़र्च बहुत बढ़ जाता है। वे बारीक सुन्दर और क़ीमती साड़ियाँ पहनना पसंद करती हैं, सादगी से नफ़रत करती हैं। वे सौंदर्य के स्वास्थ्य संबंधो स्वाभाविक साधनों को छोड़कर 'क्रीम', 'पाउडर' आदि कृत्रिम साधनों का प्रयोग करने लगती हैं। अंग्रेज़ी शिक्षा के कारण वे विलायत की बातें अधिक जानती हैं, मगर अपने देश के बारे में बहुत कम जानती हैं।

शिक्षित स्त्रियाँ अपने हाथ से काम करना पसंद नहीं करतीं। नौकरों पर ही वे अधिकतर निर्भर रहने लगती हैं।

उनके व्यवहार में स्वाभाविकता नहीं रहतीं। सब बातें वे किताबों के आधार पर करती हैं। पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ अनपढ़ स्त्रियों से मेल-जोल रखना पसंद नहीं करतीं। वे एक नयी दुनिया में रहने लगती हैं। किताबों के संसार में रहते रहते वास्तविक संसार से वे बहुत दूर पहुँच जाती हैं और काल्पनिक जीवन व्यतीत करने लगती हैं।

लेकिन ये दोष सब शिक्षित स्त्रियों में नहीं पाये जाते। ऐसी भी कई पढ़ी-लिखी स्त्रियाँ हैं, जो पुराने ज़माने की सीता, सावित्री के समान सादा जीवन और उच्च विचार रखती हैं। स्त्री-शिक्षा में कुछ त्रुटियों के होते हुए भी भारतवर्ष की स्त्रियों को शिक्षा देना देश के शुभचिंतकों का परम कर्तव्य है। उचित शिक्षा पाने से ही स्त्रियाँ शील और सदाचार संबंधी उच्च आदर्श को पूरा करती हुईं, देश और जाति के लिए गौरव का विषय बन सकती हैं। इसलिए स्त्री-शिक्षा आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है।

26. भ्रमण

नये देशों और नये लोगों को देखने जाना भ्रमण कहलाता है। भ्रमण के बिना शिक्षा पूरी नहीं होती। संसार विशाल है। संसार में एक से एक बढ़कर वस्तुएँ हैं। वे वस्तुएँ एक ही जगह नहीं होतीं। वे दुनिया में बिखरी हुई हैं। कोई कहीं है, कोई और कहीं। सबसे ऊँचा हिमालय पर्वत हिन्दुस्तान में है, तो अफ्रिका में घने जंगल हैं। उत्तरी अमेरिका में संसार

प्रसिद्ध नयागरा नदी का जलप्रपात है। संसार की सबसे बड़ी नदी अमेज़ान दक्षिणी अमेरिका में हैं। कहीं कहीं बारहों महीने ओस पड़ती है, तो कहीं सहारा के मरुस्थल हैं, जहाँ हज़ारों मील जानें पर भी पानी की एक बूँद भी नहीं मिलती। संसार में विचित्र-विचित्र मनुष्य रहते हैं, कोई गोरा है, कोई काला है और कोई पीला। भारतवर्ष का ताजमहल, मिस्र के पिरामिड, चीन का परकोटा आदि दुनिया में मशहूर हैं। इन सबको देखने का आनन्द वही लूट सकता है, जिसे भ्रमण करने का शौक़ हो। प्रत्यक्ष देखने से जो आनंद मिलेगा, वह पुस्तकों में दिये हुए वर्णन पढ़ने से नहीं मिल सकता।

भ्रमण से संसार के प्राकृतिक सौंदर्य को देख सकते हैं। इसके अलावा, संसार मे रहनेवाली भिन्न-भिन्न जातियों के रहन-सहन, वेष-भूषा, आचार-विचार आदि का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। भ्रमण, के द्वारा भिन्न-भिन्न देशों तथा जातियों मनुष्यों से संपर्क होता है, उनसे विचार विनिमय होता है और उनके गुण-दोष परखने का अवसर मिलता है। इतिहास और समाज-शास्त्र (Sociology) के विद्यार्थियों के लिए ये बातें बड़े लाभ की है। भूगोल के विद्यार्थी भी भ्रमण से अपना पुस्तकीय ज्ञान पक्का कर सकते हैं। व्यापारियों को भ्रमण या यात्रा से बहुत लाभ होते हैं। वे अपनी आँखों से देख सकते हैं, और जान सकते हैं कि किस देश में कौन-सी चीज़ बनायी जाती है, वहाँ के बाजार की क्या दशा है, वहाँ के निवासियों की क्या-क्या आवश्यकताएँ हैं। मान लीजिये कि कोई मद्रासी यात्रा के लिए

निकलता है—'हम्पी' के आसपास के दृश्यों को देखकर विजय नगर के राजाओं की वीरता का उसे स्मरण हो आता है और अपने मन में निश्चय कर लेता है कि मुझे भी उन राजाओं का अनुकरण करना चाहिए, देश के दुश्मनों को मार भगाना चाहिए। जब वह गंगा नदी को देखता है, तब आनन्द के मारे नाचने लगता है। हरिद्वार के पास गंगामाई के दर्शन कर वह अपना जन्म सफल मानता है। जब अयोध्या जाता है, तब रामायण की सारी कहानी उसे फिर याद आती है और भगवान रामचन्द्र की स्तुति करने लगता है। जब दिल्ली के पास हस्तिनापुर देखता है, तब कृष्ण के गीता के उपदेश उसके कानों में गूंजने लगते हैं। मथुरा-वृन्दावन को देखकर कृष्ण कन्हैया की लीलाएँ बरबस उसकी आँखों के सामने आ जाती है।

भ्रमण से हमारा ज्ञान विकसित होता है। दूसरे देशवालों को देखकर हम उनके अच्छे-अच्छे गुणों को ग्रहण कर सकते हैं। भ्रमण-प्रवृत्ति के कारण ही कोलम्बस अमेरिका का पता लगा सका। भ्रमणशील लोगों के कारण ही नये-नये देशों का पता हमको मिलता है। भ्रमण न करनेवाले संकुचित वृत्ति के होते हैं। वे कूपमण्डूक के समान व्यवहार करते हैं। पुराने ज़माने में भी लोग यात्रा करते थे। सातवीं शताब्दी में चीन के ह्वेनसाँग नामक बौद्ध यात्री ने भारतवर्ष की यात्रा की थी। उत्तर भारत के लोग रामेश्वर (सेतु) के दर्शन के लिए दक्षिण की यात्रा करते थे और दक्षिण के लोग काशी, गया, प्रयाग आदि तीर्थस्थान जाया करते थे। उस समय लोग पैदल यात्रा करते थे,

पर आजकल रेल, मोटर, हवाई जहाज़ आदि के कारण यात्रा सुलभ हो गयी है ।

यूरोप के लोग यात्रा की महिमा खूब जानते हैं । अध्ययन के बाद यात्रा किये बिना स्नातकों का ज्ञान कच्चा समझा जाता है । खुशी की बात है कि हमारे देश में भी भ्रमण लोकप्रिय बनता जा रहा है । लोग दल बाँधकर यात्रा के लिए निकलते हैं । भ्रमण की यह रुचि पाश्चात्य सभ्यता के संसर्ग का बल है । आशा है कि भविष्य में लोग भ्रमण की ओर अधिकाधिक ध्यान देंगे तथा इससे वास्तविक लाभ उठाकर अपना भी कल्याण करेंगे और साथ ही अपने देश का भी ।

27. हिन्दू समाज

भारतवर्ष में अधिकांश जनसंख्या हिन्दू लोगों की है । हिन्दू लोग देश में सब जगह फैले हुए हैं । हिन्दुस्तान से हिन्दुओं का सम्बन्ध बहुत प्राचीन है । प्राचीनता और व्यापकता के कारण हिन्दू लोगों में नाना प्रकार की विचारधाराएँ और नाना प्रकार की प्रथाएँ वर्तमान हैं । इन विचारधाराओं और प्रथाओं में कुछ बातें ऐसी भी हैं, जो बहुत प्राचीन होते हुए भी बहुत उपयोगी हैं । और कुछ बातें ऐसी भी हैं, जो परिस्थितियों के बदल जाने से अब अनुपयोगी हो गयी हैं । बहुत-सी प्रथाएँ ऐसी भी हैं, जिनका असली रूप बदल गया और इस बदले हुए रूप में उनका सारा तत्व जाता रहा है । ऐसे प्राचीन समाज में कुछ त्रुटियों का होना अस्वाभाविक नहीं है । आधुनिक शिक्षा के

कारण इन त्रुटियों में कमी होती जा रही है। लेकिन पूरे तौर से इन त्रुटियों का निराकरण नहीं हुआ है। इन त्रुटियों में से कुछ का ज़िक्र यहाँ करते हैं।

हिन्दू समाज में अनेक जातियाँ और उपजातियाँ हैं। इससे हिन्दू लोगों में एकता के भाव का पूर्ण विकास नहीं होने पाता। कुछ जातियाँ अपने को दूसरी जातियों से उच्च समझती हैं। धर्म के नाम पर लोग दूसरों पर अत्याचार करते हैं। ऊँचे वर्ग का दुराचारी भी आदर पाता है। निम्नवर्ग का सदाचारी भी अपने वर्ण के कारण अपमानित होता है। खुशी की बात है कि शिक्षा प्रसार के साथ ये जात-पाँत के बन्धन अब ढीले होते जा रहे हैं। पर शादी आदि के मामलों में अब भी जात-पाँत का बहुत ख़्याल रखा जाता है। अपनी जाति के बाहर विवाह करने को लोग राज़ी नहीं होते फल इसका यह होता है कि बहुत बार इच्छा के विरुद्ध अयोग्य वरों को भी कन्याएँ देनी पड़ती हैं। विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है। विवाह की इस मुख्य प्रथा में बहुत त्रुटियाँ हैं। बाल विवाह और वृद्ध विवाह भी चल रहे हैं। यह समाज के लिए कलंक स्वरूप है। इनके सिवाय दहेज़ की प्रथा ऐसी है, जो कन्या के माता-पिता को सदा चिन्ता में डाले रखती है। लड़कियों के विवाहों पर जितना पैसा ख़र्च किया जाता है, उतना उनकी शिक्षा पर नहीं किया जाता। कहीं-कहीं तो विवाह बरबादी का कारण बन जाता है। लोग कर्ज़ा लेकर अपनी सारी जायदाद से हाथ धो बैठते हैं।

स्त्रियों के प्रति जो अत्याचार होते हैं, उनमें 'पर्दा' मुख्य है। पर्दे की प्रथा उत्तर भारत में अधिक प्रचलित है। दक्षिण की बहनें इस बात में उत्तर की बहनों से खुशनसीब हैं। पर्दे से स्त्रियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। वे खुली हवा का लाभ उठा नहीं पातीं। घर में ही बंद रहने से कूपमंडूक की भाँति उनका ज्ञान भी संकुचित रह जाता है। इस बुरी हानिकारक प्रथा को बिलकुल उठा देना चाहिए।

हमारे देश में कई लाख साधु और फ़कीर हैं। वे आर्थिक दृष्टि से देश के लिए भार रूप हैं। हिन्दू लोग अन्ध-भक्ति के कारण निकम्मे साधुओं की पूजा करते हैं। साधु-लोग कुछ काम-धंधा तो करते नहीं। समाज को उन्हें खिलाना पड़ता है। आप किसी मेले में जाइये, वहाँ कितने साधुओं का जमघट देखने में आता है! उन्हें देखकर आप हैरान हो जाएँगे कि किस प्रकार हिन्दू समाज इतने साधुओं को पाल रहा है। इन साधुओं को किसी न किसी उपयोगी काम में लगा देना चाहिए।

इस प्रकार हिन्दू समाज में छोटी-मोटी कुछ और बुराइयाँ भी हैं किन्तु बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में समाज सुधारकों के प्रयत्न से और कुछ पश्चिमी सभ्यता के संपर्क से धीरे-धीरे ये बुराइयाँ दूर हो रही हैं। ईश्वर वह दिन जल्दी लाए, जब इन त्रुटियों का बिलकुल अन्त हो जाए। तभी हिन्दू समाज दुनिया में टिक सकता है। अगर हिन्दू समाज इस बीसवीं सदी में भी 'लकीर का फ़कीर' बना रहे, तो उसकी अंतिम घड़ी के आने में बहुत दिन नहीं लगेंगे।

28. प्राचीन और नवीन सभ्यता

प्राचीन और नवीन सभ्यता से साधारणतया पूर्वी और पश्चिमी सभ्यता का मतलब लिया जाता है। पश्चिमी सभ्यता का प्रतिनिधि आधुनिक यूरोप और अमेरिका कहा जा सकता है और पूर्वी सभ्यता का प्रतिनिधि भारत। इन दोनों सभ्यताओं में से कौन-सी श्रेष्ठ है, इसका विचार करने से पहले इन दोनों सभ्यताओं में क्या अन्तर है, इसपर दृष्टिपात करना बेहतर होगा।

प्राचीन सभ्यता में श्रद्धा, आदर और धार्मिक भावों की अधिकता पायी जाती है, तो आधुनिक सभ्यता में समानता; स्वतंत्रता, भ्रातुभाव तथा राष्ट्रीयता के भाव अधिक देखने में आते हैं। प्राचीन सभ्यता के उपासक अपने बच्चों को पढ़ाते हैं माता-पिता को देवता समझो, बड़ों और बूढ़ों के पैर छुआ करो; राजा ईश्वर का अवतार है, अतः उसके सामने सिर झुकाओ, स्त्री के लिए पति परमेश्वर है; अतः उसकी उपासना करो। इसके विपरीत आधुनिक सभ्यता के उपासक कहते हैं कि मनुष्य मात्र में कोई भेदभाव नहीं, सब समान हैं, उनमें न कोई उच्च, न नीच; कोई पूज्य और कोई अपूज्य नहीं; राष्ट्र की उन्नति करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

प्राचीन सभ्यता का लक्ष्य जीवन में सादगी और आवश्यकताओं को कम कर लेना है। मगर आधुनिक सभ्यता का लक्ष्य आवश्यकताओं को बढ़ाना है। पुरातन सभ्यता के उपासक कहते हैं कि संसार मिथ्या है, दुनिया के कार्यों में फँसे रहना

मूर्खता है ; जन्म-मरण से मुक्ति पाने का यत्न करना मनुष्य मात्र का ध्येय होना चाहिए। परंतु आधुनिक सभ्यता के उपासक कहते हैं कि इस संसार को भूलो मत, यहाँ की आवश्यकताओं को बढ़ाओ, तभी तुम्हारा देश और समाज समृद्ध और सभ्य होगा। यदि पुरातन सभ्यता में आध्यात्मिकता का आधिक्य है, सांसारिक भावनाओं का अभाव है—तो आधुनिक सभ्यता प्रकृति की उपासिका है। वह विज्ञान द्वारा नित्य प्रकृति को वश करने के मार्ग ढूँढ़ती रहती है। जल, स्थल सबको उसने वश में कर लिया। अब वह आकाश पर भी अधिकार जमा रही है। उसने भाप और बिजली आदि असीम शक्तियों को वश में करके संसार की काया पलट दी है। पर अभी इस आधुनिक सभ्यता की दौड़ समाप्त नहीं हुई। इस प्रकार वह जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अग्रसर होती जा रही है। सांसारिक समृद्धि ही इस सभ्यता की कसौटी है।

सारांश यह कि पुरातन सभ्यता का ध्येय त्याग है और आधुनिक सभ्यता का लक्ष्य प्राप्ति है। प्राचीन सभ्यता में त्यागी का आदर था। पर आजकल उसीका आदर होता है, जिसके पास काफ़ी धन हो। प्राचीन सभ्यता में त्यागी और संन्यासी के सामने राजा भी सिर झुकाता था। आज अमीर दूसरों को तुच्छ समझता है। पुरातन सभ्यता नम्रता और सादगी का पाठ पढ़ाती है, तो आधुनिक सभ्यता आत्मसम्मान, समानता और आडंबर का उपदेश देती है।

इन दोनों सभ्यताओं में कौन-सी सभ्यता अच्छी है, यह प्रश्न बड़ा जटिल है, क्योंकि सभ्यता किसी कसौटी पर परखी नहीं जा सकती। उसमें देश, काल जातीय विचारों के अनुसार परिवर्तन होता जा रहा है। अगर भारत और एशिया के लोग प्राचीन सभ्यता के उपासक हैं, तो यूरोप और अमेरिका के लोग आधुनिक सभ्यता के उपासक हैं।

हम इतना तो अवश्य कह सकते हैं कि जीवन में सच्ची शाँति अपनी सांसारिक आवश्यकताओं को बढ़ानें से नहीं मिल सकेगी। यूरोप के विद्वान भी अब कहने लगे हैं कि आधुनिक सभ्यता मनुष्यता को महानाश की ओर ले जा रही है। वे इस सभ्यता को एक रोग कहते हैं। महात्मा गांधीजी भी संसार को दिखा चुके हैं कि पाश्चात्य सभ्यता आसुरी है। वह एक न एक दिन दुनिया को निगल जाएगी। उस सभ्यता में सादा जीवन और उच्च विचार के लिए कोई गुँजाइश नहीं है; वह नारकीय है; उसमें दुनिया में गंदी होड़ पैदा होती है। इन कारणों से हमारी राय में प्राचीन सभ्यता ही वास्तव में अच्छी है। उसीको उच्च स्थान देना चाहिए।

29. स्वतंत्र भारत की समस्याएँ

हमारा देश परतंत्र था। पहले मुगल हुकूमत करते थे। बाद में अंग्रेज़ इसपर हुकूमत करने लगे। अंग्रेज़ों की नीति शुरू से आख़िर तक शोषण प्रधान रही। वे कभी भी इस देश के बाशिन्दे बनकर न रहे। हम हिन्दुस्तानियों को अपनी

यह गुलामी और उनकी यह नीति खलने लगी। हममें राष्ट्रीयता की भावना जागी। हम आज़ाद होना चाहते थे। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमने अहिंसात्मक लड़ाई लड़ी थी। सारी दुनिया के इतिहास में यह अनोखी लड़ाई थी। दुनिया में अभी तक इस तरह के शांतिपूर्ण उपाय से किसी देश को आज़ादी नहीं मिली थी, संसार हिन्दुस्तान को देखकर दंग रह गया। क़रीब तीस साल की लड़ाई के बाद, भारतवर्ष 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र हुआ। अंग्रेज़ इस देश से हट गये। 26 ज़नवरी, 1950 को भारतवर्ष में प्रजातंत्रात्मक शासन कायम हुआ।

आज़ाद होने के बाद इस देश के सामने कई बड़ी-बड़ी समस्याएँ उपस्थित हुईं। उनमें सबसे बड़ी और पहली समस्या शरणार्थियों की थी। भारतवर्ष स्वतंत्र हुआ, पर उसे अपनी भौगोलिक एकता खोनी पड़ी। भारतवर्ष के दो टुकड़े हो गये—भारत तथा पाकिस्तान। पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब तथा सिन्ध पाकिस्तान में मिले। इस प्रकार भारतवर्ष का एक बहुत बड़ा हिस्सा इससे अलग होकर पाकिस्तान के नाम से नया राष्ट्र बन गया। पाकिस्तान पर मुसलमानों का आधिपत्य हुआ। पाकिस्तान के इलाक़ों में ज़मीन के मालिक ज़्यादातर हिन्दू थे। पर पाकिस्तान के अगुआ मुसलमान हिन्दुओं को अपनी ज़मीन छोड़कर भारत चले जाने के लिए लाचार कर रहे थे। देश के बंटवारे के साथ आबादी की बदलौवल का सवाल सामने आया और उसके लिए यह हल सुझाया गया कि

पाकिस्तान के सभी हिन्दू भारत में भेजे जाएँ और भारत के सभी मुसलमान पाकिस्तान में। आबादी की यह बदलौवल आसान नहीं थी। फिर भी यदि शांति से काम लिया जाता, तो आसान हो जाता। लेकिन बात उलटी हो गयी। पाकिस्तान के मुसलमान हिन्दुओं को वहाँ से ज़बर्दस्ती हटाने लगे। भारत में भी मुसलमानों को पाकिस्तान में ढकेलने की कोशिश की जाने लगी। लेकिन गांधीजी के प्रभाव के कारण यह कार्य नहीं हो पाया। अधिकतर पीड़ित हिन्दू लोग ही पाकिस्तान से भारत में आये। सरकार के सामने यह समस्या उठ खड़ी हुई कि इन निर्वासित हिन्दुओं को कैसे बसाया जाए। भारत सरकार ने शरणार्थियों को बसाने तथा उन्हें आराम पहुँचाने का भरसक प्रयत्न किया। शरणार्थियों के लिए कई सुविधाएँ दी गयीं काफ़ी रुपये ख़र्च किये गये। फिर भी शरणार्थियों की यह समस्या पूर्ण रूप से हल न हो पायी।

अंग्रेज़ों के ज़माने में भारतवर्ष में देशी राज्य स्वतन्त्र थे। ब्रिटिश राज्य ने भारत को कई टुकड़ों में बाँटा था। स्वर्गीय सरदार पटेल ने अपनी साहसपूर्ण नीति से अधिकांश देशी राज्यों को भारत में मिला लिया। हैदराबाद तथा काश्मीर की समस्या आसानी से सुलझ न सकी। हैदराबाद की रिआया ज़्यादातर हिन्दू हैं, पर निज़ाम मुसलमान। निज़ाम हिन्दुओं पर अत्याचार करते थे। भारत सरकार ने निज़ाम को समझाया कि वे हिन्दुओं के साथ भाईचारे का बर्ताव करें। लेकिन निज़ाम पाकिस्तान से मिलना चाहते थे, इसलिए उन्होंने भारत सरकार की

सलाह पर ध्यान न दिया। आख़िर, भारत सरकार को बाध्य होकर सेना की सहायता से हैदराबाद को अपने अधीन करना पड़ा। हैदराबाद पाकिस्तान के साथ मिल जाता, तो भारत कमज़ोर हो जाता। हैदराबाद की फतह से भारत को राजनैतिक और आर्थिक बल मिला।

काश्मीर की समस्या हैदराबाद से भिन्न है। काश्मीर का राजा हिन्दू है, पर वहाँ की आबादी में 90 प्रतिशत मुसलमान हैं। काश्मीर की आम जनता, काश्मीर की सरकार तथा वहाँ के नेता भारत से मिलकर रहने के पक्ष में हैं। पर पाकिस्तान की आँखें आरंभ से ही काश्मीर पर लगी हैं। पाकिस्तानियों ने काश्मीर पर हमला किया। काश्मीर का एक छोटा-सा टुकड़ा अब भी पाकिस्तानियों के हाथ में है; इसे पाकिस्तानी 'अज़ाद-काश्मीर' कहते हैं।

काश्मीर और जम्मु की समस्या पहले अन्तर राष्ट्रीय समस्या बनी। तब, संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया, क्योंकि काश्मीर की राजनैतिक स्थिति अपनी अहमियत रखती है। अगर काश्मीर पाकिस्तान के हाथ में चला जाए, तो भारत को सदा विदेशी आक्रमण की आशंका बनी रहेगी।

आज़ादी के बाद भारत को आर्थिक संकट का भी मुक़ाबला करना पड़ा। भारतवर्ष के दो टुकड़े हो जाने के बाद भारत की आबादी बढ़ी, पर उपज कम हुई। देश में समय पर पानी न बरसा। पैदावार कम हो गयी। सिंचाई की समुचित

व्यवस्था न हो सकी। अन्न की समस्या अलग थी। सारे भारतवर्ष में खाद्य सामग्री के अभाव से हाहाकार मच गया। भारत सरकार ने विदेशों से अन्न मँगाया। अमेरिका तथा केनड़ा से गेहूँ मँगाया गया। फिर भी अन्न की यह कमी पूरी न हो सकी।

भारत सरकार ने अन्न की कमी को दूर करने तथा सिंचाई के द्वारा उसकी पैदावार को बढ़ाने की योग्य व्यवस्था करने के लिए 'सिन्द्री खाद फ़ैक्टरी' शुरू की। खाद और पानी की कमी को दूर करने तथा बंजर ज़मीन को उपजाऊ बनानें के लिए सरकार की पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा बड़ी कोशिश की जा रही है।

आज़ादी पाने के बाद भारत के सामनें एक बड़ा सवाल यह रहा कि उसकी वैदेशिक नीति क्या हो। आज का संसार मुख्यत: दो दलों में बँटा हुआ है—एक का अगुआ अमेरिका है, जिसे पूँजीवादी कह सकते हैं और दूसरे का नेता रूस है, जिसे साम्यवादी कह सकते हैं। भारत इन दोनों ही देशों का पिछलगुआ नहीं रहना चाहता। भारत की वैदेशिक नीति सदा स्वतंत्र रही है। भारत सदा सत्य के रास्ते पर चलनें-वाला है। वह रूस और अमेरिका दोनों का मित्र बनें रहना चाहता है। उसे किसीसे नफ़रत नहीं। भारत दोनों को प्रेम से जीतना चाहता है।

भारत के सामने निरक्षरता की भी समस्या है। यहाँ अधिकाँश लोग अपढ़ है। वे अविद्या के अन्धकार में हैं।

उनको साक्षर कैसे बनाए जाए, यह बड़ा प्रश्न है। आशा है, भारत की सभी समस्याएं एक-एक करके हल होती जाएंगी और निकट भविष्य में भारत दुनिया का सिरताज बनेगा।

30. अगर मैं भारतवर्ष का प्रधान मंत्री होता

कल्पना करना आसान है। कल्पना के अनुसार काम करना मुश्किल है। असली चीज़ के स्वाद का अनुभव मेहनती आदमी ही करते हैं। बिना परिश्रम के कोई कार्य साध्य नहीं होता।

थोड़ी देर के लिए मैं कल्पना कर लूंगा कि मैं भारत का प्रधान मन्त्री हूँ। तब मेरे सामनें समस्याएँ क्या-क्या होंगी, यह तो नहीं कह सकता। फ़िलहाल प्रचलित देशव्यापी समस्याओं में से कुछ समस्याओं को हल करने के लिए मैं क्या क्या करता, इसका थोड़ा-सा विवरण नीचे दिया है। पहले यह बताया है कि प्रधान मंत्री कौन बन सकता है और यह राज्य सूत्र किस-किसकी सहायाता से चलाता है। उसके बाद यदि मैं ही प्रधान मंत्री होता, तो क्या-क्या करता, उसे अपने ढंग से सोचा और लिखा है।

आजकल के प्रधान मंत्री देश के शासक नहीं हैं। यह युग लोकतंत्र का है। अतः प्रधान मंत्री देश का सर्वप्रिय नेता ही होता है। उसकी शक्ति सीमित होती है। पुराने ज़माने के सम्राटों की तरह उसकी शक्ति असीम नहीं होती। वह वैज्ञानिक

नोट :—यह सन् 1945 में लिखा हुआ लेख है।

बन्धनों से बद्ध है। यह निश्चित दायरे से बाहर नहीं जा सकता। वह अपने प्रत्येक कार्य के लिए पार्लिमेंट (लोकसभा) के सामने ज़िम्मेदार रहता है। मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों का ख्याल भी उसे रखना पड़ता है। इतना होते हुए भी प्रधान मंत्री की शक्ति ज़बरदस्त है। ख़ासकर मंत्रिमंडल की नीति का वही निर्धारण करता है। प्रधान मंत्री लोकसभा के बहुमत का मुख्य अगुआ होता है। अतः आम तौर पर प्रधान मंत्री की नीति ही अमल में लायी जाती है। इस कारण से देश की उन्नति तथा विकास प्रधान मंत्री के व्यक्तित्व पर बहुत कुछ निर्भर रहते हैं।

अगर मैं प्रधान मंत्री होता, तो मेरी वैदेशिक नीति तटस्थता की होती। मैं दुनिया के किसी दल में शामिल न होता। आज दुनिया क़रीब-क़रीब दो भागों में बँटी हुई है। एक भाग का नेता अमेरिका है, जो पूँजीवादियों का सिरताज है तो दूसरे भाग का अगुआ रूस है। दोनों भागों की नीति अलग-अलग है और इन दोनों में काफ़ी अन्तर है। दोनों स्वार्थी हैं। निस्वार्थ भाव से ये लोग संसार का नेतृत्व नहीं कर सकते। रूस ने अपनी नीति को साम्यवाद के आवरण में छिपा रखा है। लेकिन भारत न पूँजीवादी बनना चाहता है, न साम्यवादी। भारत गांधीवादी है। गांधीजी के बताये हुए मार्ग पर हिन्दुस्तान को ले जाना मैं अपना कर्तव्य मानता हूँ। मैं चाहता हूँ कि भारत सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलें, संसार की गुटबंदियों से अलग रहे और रूसी ढंग के साम्यवाद का

मुक़ाबला करे तथा अमेरिका की 'शोषण-नीति' का निर्भीकता के साथ विरोध करे। मैं जानता हूँ, यह मार्ग बड़ा कठिन है और कंटकाकीर्ण भी।

इस युग में कोई देश दलबंदियों से अलग नहीं रह सकता। विश्व के देश कई बातों के लिए एक दूसरे पर अवलंबित हैं। कुछ देशों में, कच्चा माल ज़्यादा पैदा होता है। कुछ देशों में कल-कारख़ानों की अधिकता है। दूसरे देशों से कच्चा माल माँगकर ही कल-कारखाने चलाये जा सकते हैं। कोई देश दूसरे देश से कटकर अलग नहीं रह सकता। भारत देश इस सामान्य नियम का अपवाद नहीं है। भारत कई बातों में स्वावलंबी नहीं है। भारत को अपने निर्माण के लिए, अपनी योजनाओं की पूर्ति के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना है। विदेशों से नाता तोड़कर भारत अपना नव निर्माण नहीं कर सकता। इसलिए सवाल उठ सकता है कि समय आने पर भारत संसार के किस गुट में सम्मिलित होगा, वह रूस से मिलेगा या अमेरिका से। मैं रूसी साम्यवाद से सहमत नहीं हूँ। क्योंकि साम्यवाद भुखमरी को मिटाता है, पर वह होता है मानव को कुचलकर। रूसी लोग साम्यवादी राज्य रूपी मशीन के कल पुर्जे हैं। इसलिए भारतीय वातावरण रूसी ढंग के साम्यवाद के लिए उपयुक्त नहीं है। अमेरिका भी रूस से कम ख़तरनाक नहीं है। वह दुनिया-भर में अपना जाल फैलाकर सब देशों को फँसाना चाहता है। वह दूसरे देशों को ऐसा लूटता है कि लूटे जानेवाले को पता तक न लगे कि हम लुट रहे हैं। अमेरिका अपनी इस नीति से दूसरे

देशों को निर्वीर्य बना देना चाहता है। मसलन, काश्मीर के मामले को अमेरिका नें ही उलझन में डाल रखा था। इस कारण से भारत तथा पाकिस्तान के बीच में मनमुटाव बढ़ता ही जा रहा है।

मैं चाहता हूँ कि काश्मीर को संयुक्त राष्ट्रसंघ के अखाड़े से जल्द से जल्द बाहर निकाल दिया जाए। आज भारत की स्थिति ऐसी नहीं कि वह तलवार के बल पर काश्मीर के प्रश्न का निपटारा कर सके। काश्मीर की समस्या अन्तरराष्ट्रीय समस्या हो गयी है और उसका निपटारा हिंसा के मार्ग से होना भारत के गौरव के लिए योग्य नहीं है। इसलिए हमें चाहिए कि अपनी वैदेशिक नीति को सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर ही बनाएँ। तभी हम भारत के प्राचीन गौरव के योग्य अपनें को समझने के हक़दार हो सकेंगे।

मैं प्रधान मंत्री होता, तो देश में अन्न तथा वस्त्र की समस्या को दूर करने का प्रयत्न पहले करता। देश में सिंचाई की उचित व्यवस्था करता। नदियों के पानी को बेकार समुद्र में नहीं जानें देता। मुख्य-मुख्य जगहों में बाँध (dam) बनवाकर पानी को रोक लेता और परती ज़मीन को उपजाऊ बनाता या बनाने में लोगों की मदद करता। खाद की उचित व्यवस्था करता। विदेशों से खाद न मँगाता और न रासायनिक तथा कृत्रिम खाद का ही इस्तेमाल करता। कृत्रिम खाद से ज़मीन की शक्ति क्षीण होती है। गोबर की खाद से ज़मीन जितनी उपजाऊ होती है, उतनी कृत्रिम खाद से नहीं होती।

भारत में पशुपालन तो होता ही है। अनेक तरह के पेड़-पौधों के पत्ते और गोबर आदि को ग्रामीणों के ज़रिये इकट्ठा करवाता और जितनी देश-भर में खेतीबारी के लिए आवश्यक है, उतनी खाद अपने ही देश के गाँवों में तैयार करवाता। इस तरह खेती करनेवालों को सुविधा कर देता कि वे अधिक अन्न पैदा भी करें और साथ ही ज़मीन ख़राब भी न हो। इस तरह एक दो वर्षों में ही देश से अन्न की कमी को दूर कर देता। कपास की उपज बढ़ाता। घर-घर चरखों तथा करघों का प्रवेश कराता और वस्त्रों की कमी को दूर कर देता। ज़मीन को बांटकर किसानों को ही ज़मीन का मालिक बना देता। मैं मुफ़्तख़ोरों को काहिल न रहने देता। मेरे देश में कोई सुस्त न रहता—दिमाग़ी या जिस्मानी मशक़्क़त करना सबके लिए लाज़िमी हो जाता। मैं भारतवासियों को चुस्त तथा कार्यदक्ष बनाता। वे झुककर नहीं, तनकर, गरदन उठाकर, छाती फुलाकर चलें—ऐसी स्थिति देश की कर दिखाता।

मैं प्रधान मंत्री होता, तो देश की कारोबारी भाषा उसीको बनाता, जिसे देश की आबादी का अधिकांश समझता हो।

31. हमारे यातायात के साधन

मनुष्य सामाजिक जीव है। वह अकेला नहीं रह सकता। लोगों से मिलकर वह अपना काम चलाता है। उसे अपनी आवश्यकताओं के लिए लोगों से मिलना जुलना पड़ता है। इसलिए सवारी की आवश्यकता हुई। हम पहले पैदल यात्रा

करते थे। पुराने ज़माने में सड़कें नहीं थीं। ज़्यादातर पगडंडियों द्वारा ही यात्रा करनी पड़ती थी। वह यात्रा ख़तरे से ख़ाली न थी। रास्ते में चोर-डाकुओं का हमेशा डर रहता था। कहीं जंगली जानवरों का भी सामना हो जाता था। इससे लोग दल बाँधकर ही यात्रा करते थे। पुराने समय में हमारी आवश्यकताएँ बहुत कम थीं, आसपास के गाँवों की चीज़ों से हमारी आवश्यकता की पूर्ति हो जाती थी। इसलिए उस समय बहुत कम लोग गाँव से बाहर निकलते थे। यात्राएँ साधारणतया धार्मिक दृष्टि या व्यापार के ख्याल से ही की जाती थीं। काशी का निवासी धार्मिक भावना से रामेश्वर की यात्रा करता। तंजाऊर का निवासी पुण्य कमाने के इरादे से काशी, प्रयाग या हरद्वार की यात्रा करता। पूंपुहार (कावेरी-पूंपट्टिनम) का सौदागर व्यापार के ख्याल से उज्जैन जाता और घोड़े के व्यापार के लिए सिन्ध का आदमी अरब जाता। लोग काफ़िले या झुंड में बाहर निकलते और रात के समय किसी गाँव के पास अपना पड़ाव डालते।

धीरे-धीरे यातायात के साधनों में वृद्धि होने लगी। यातायात के साधनों का विकास मनुष्य जाति की उन्नति का प्रतीक माना जानें लगा। जब कि प्राचीन काल में हम जंगलों में रहते थे और असभ्य अवस्था में थे, तब पैदल यात्रा करने से भी डरते थे। आज हम सभ्य हो गये हैं। गाँवों, क़सबों और शहरों में रहते हैं। हवा में उड़ते हैं। पहले हमारा मस्तिष्क कुचित था, हमारे विचार संकुचित थे, हम अज्ञानी थे। अब

हमारा दायरा बहुत विस्तृत हो गया है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि अब हम अपने विकास के लिए बाहर के लोगों के संपर्क में आएँ, उनके विचारों से परिचित हों। दूसरों के संपर्क में आने से हमें अपने गुणों तथा अवगुणों का दूसरों के गुणों तथा अवगुणों से मिलान करके देखने का मौका मिलता है। बन्धे हुए विचारों में विकास नहीं होता। बहता पानी स्वच्छ रहता है—बहते विचार सदैव उत्तरोत्तर स्वच्छ तथा विकसित होते रहते हैं। केवल अपने तक ही सीमित रहने से प्रगति रुक जाती है। इसके लिए अपने गाँव, अपने शहर, अपने राज्य तथा अपने देश के बाहर के लोगों के संपर्क में आना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यह यातायात की सुविधा से ही संभव है। यातायात की सुविधा से सांस्कृतिक उन्नति होती है और आर्थिक कठिनाइयाँ भी दूर होती हैं। यातायात के कारण ही कानपूर की अरहर की दाल मद्रास पहुँचती है, तंजाऊर का चावल दिल्ली पहुँचता है और कृष्णा ज़िले से रायलसीमा को आसानी से अन्न पहुँचाया जाता है। यातायात की सुविधा के कारण सांस्कृतिक समन्वय के लिए उपयुक्त योजनाएँ बनायी जा सकती हैं।

प्रारंभिक युग में यात्रा पैदल होती थी। कुछ समय के बाद आदमी घोड़े पर सवारी करने लगा। उस समय आम तौर पर अमीर लोग ही घोड़े पर यात्रा करते थे। कालक्रम में बैलगाड़ी का आविष्कार हुआ। बाद में धीरे-धीरे घोड़ागाड़ी बनी। घोड़ागाड़ी भी अमीरों का वाहन थी। रामायण से मालूम होता है कि रामायणकाल में लोग विमान द्वारा भी

यात्रा करते थे। पर यह विमान अमीरों के लिए, राजा महाराजाओं के लिए ही था। ग़रीबों को तो हमेशा पैदल ही चलना पड़ता था। धीरे-धीरे सभ्यता का विकास हुआ। सभ्यता के साथ यातायात के साधनों का विकास हुआ। कुछ समय के बाद नाव का, फिर जहाज़ का भी आविष्कार हुआ। यात्रा तथा सिंचाई के लिए नदियों से नहरें निकाली जाने लगीं। फिर गाड़ी के लिए पक्की सड़कें बनवायी गयीं।

भारत में यातायात का विकास तेज़ी से हो रहा है। अब हम स्थलमार्ग, जलमार्ग और आकाशमार्ग से भी यात्रा कर सकते हैं। आजकल स्थल यात्रा का सबसे प्रमुख साधन रेल है। भारत में क़रीब साठ हज़ार किलो मीटर से भी अधिक लंबी रेलवे लाइनें हैं। वे देशा के एक भाग को दूसरे भागों से मिलाती हैं। उनके कारण देश के बड़े-बड़े शहर—कलकत्ता, बंबई, मद्रास, दिल्ली, हैदराबाद, लखनऊ एवं दूसरे से संबंधित हैं। जंगल, पहाड़, नदी, नाले सबको पार करती हुई रेल हमें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती है।

रेल का कार्यक्रम कभी रुकता नहीं। पहले मनुष्य यात्रा से घबराता था, अब वह उसका प्रेमी हो गया है। पहले ऊबड़-खाबड़ सड़कें तथा पगडंडियाँ ही यात्रा के साधन थीं। अब पटरी पर रेलगाड़ी चलती है। यात्री रात-भर आराम से, गाड़ी में सोता हुआ, मज़े से आगे बढ़ता जाता है। वह रात को मद्रास में सोकर सबेरे विजयवाड़ा में जागता है। कैसा आश्चर्य है ! पुराने ज़माने में हफ़्तों यात्रा करने के बाद मनुष्य

कहीं मद्रास से विजयवाड़ा पहुँच सकता था। रेल के कारण अब हम कम से कम समय में, दूर से दूरतर स्थानों का भ्रमण कर आते हैं। रेल की यात्रा में समय कम लगता है, पैसा कम ख़र्च होता है, आराम अधिक मिलता है। इस यात्रा में न जंगली जानवरों का डर रहता है, न चोर डाकुओं का। हाँ, बड़े स्टेशनों पर कभी-कभी गिरहकटों से भेंट हो जाती है। आजकल रेलवे अधिकारी गिरहकटों तथा चोरों को स्टेशन के प्लैटफारम पर आने नहीं देते। हाँ, कभी-कभी रेलवे दुर्घटना हो जाती है, लोग मर भी जाते हैं।

कुछ जगहों में बिजली से चलनेंवाली रेलें भी हैं। इन गाड़ियों में ज़्यादा आराम रहता है। मद्रास में 'बीच' स्टेशन से विषुप्पुरम तक आप बिजली से चलनेवाली रेलगाड़ी में यात्रा कर सकते हैं। आपको आश्चर्य होगा कि विज्ञान ने यह क्या कर दिया है, किस तेज़ी से रेलें इधर से उधर चलती हैं! कभी-कभी भाप तथा बिजली से चलनेवाली रेलों में होड़ लग जाती है। आख़िर में जीत बिजलीवाली गाड़ी की होती है। रेल के आविष्कारक जार्ज स्टीवेन्सन को कोटिशः धन्यवाद हैं, जिसने रेल द्वारा मनुष्य के लिए यात्रा करना इतना सुगम बना दिया।

रेल के बाद मोटरगाड़ी की बारी आती है। वह भी थल पर चलनेवाली सवारी है। मोटरगाड़ी से हम दूर से दूरतर यात्रा कर सकते हैं। लेकिन मोटरगाड़ी की यात्रा महँगी होती है। यह ग़रीबों का वाहन नहीं है। धनी ही इसे ख़रीद सकते हैं।

हाँ, 'बस' में गरीब भी यात्रा कर सकते हैं। मोटरगाड़ी के अलावा साइकिल रिक्शा, आटो रिक्शा और टेंपो आदि भी स्थानीय यातायात के साधन हैं। साइकिल जनता का वाहन है। साइकिल से हम समय का बचाव कर सकते हैं। आजकल मद्रास, बेंगलूर जैसे बड़े शहरों में आटो रिक्शा और टैक्सी लोकप्रिय वाहन हो गये हैं। इन सभी वाहनों के लिए पक्की सड़कों की आवश्यकता होती है।

हमारे देश में गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी बड़ी बड़ी नदियों में नावें चलती हैं। यह जलमार्ग है। कावेरी तथा कृष्णा नदी की धारा तेज़ होने के कारण उनमें नावों के द्वारा यातायात कम होता है। नहरों तथा बड़ी बड़ी नदियों में छोटे छोटे स्टीमर भी चलते हैं। नावों के द्वारा व्यापार भी होता है। नेल्लूर ज़िले से मद्रास तक चावल तथा लकड़ी नाव के द्वारा ही ले आते हैं। आजकल नदियों का व्यापारिक महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। भारत सरकार अब समुद्री यात्रा के लिए उपयुक्त जहाज़ों को तैयार करने में प्रयत्नशील है और 'जल उषा', 'जल जवाहर' आदि जहाज़ बन भी चुके हैं।

अब हमारे देश में हवाई जहाज़ भी तैयार किये जा रहे हैं। अभी स्वतन्त्र भारत में हमारा पहला वायुयान तैयार हुआ। अब हमारे देश में भी बड़े बड़े वायुयान बनाये जा रहे हैं। कल-कारख़ानों की दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति हो रही है। अमेरिका से नयी नयी मशीनें मँगायी जा रही हैं। हम अमेरिका तथा यूरोप से इस कार्य में होड़ लगाना चाहते हैं।

Funding: Tattva Heritage Foundation,Kolkata. Digitization: eGangotri.

हम भी अच्छी चीज़ें बनाएँगे। हमारा देश भी उन्नत होगा। आधुनिक विज्ञान की दौड़ में हम पीछे न रहेंगे। हम सबसे अव्वल रहने का प्रयत्न करेंगे। हिम्मत न हारेंगे।

वायुयान आजकल सबसे द्रुतगामी वाहन है। उसके जरिये हमने समय तथा दूरी पर विजय प्राप्त कर ली है। मद्रास, हैदराबाद, नागपुर आदि कई प्रमुख शहरों में हवाई अड्डे क़ायम हो गये हैं तथा एक शहर से दूसरे शहर तक वायुयान सर्विस स्थापित हो गयी है। हवाई जहाज़ का किराया ज़्यादा है। यह जनता का वाहन नहीं है। जब हमारे देश में काफ़ी तादाद में वायुयान तैयार होने लगेंगे तब किराये में कुछ कमी होने की संभावना है।

हमने देखा कि रेल, मोटरगाड़ी और वायुयान के आविष्कार ने हमारे यातायात के साधनों में क्रांति पैदा कर दी है। आजकल के जलयान भी पहले की अपेक्षा तीव्र गति से चलते हैं। विज्ञान के चमत्कार के कारण विदेश की यात्रा सुलभ तथा सुगम हो गयी है।

यातायात के कारण अब दुनिया एक तथा अखण्ड हो गयी है। विशाल संसार वायुयान, जहाज़ तथा रेल के कारण छोटा हो गया है। विश्व का कोई भी प्रदेश आज एक दूसरे से दूर नहीं रह सकता। एक देश दूसरे पर आसानी से अपना प्रभाव डाल सकता है। आज हमारे देश में खाद्य सामग्री की कमी हो, तो अमेरिका से वायुयान या जहाज़ के द्वारा अन्न मँगाया जा सकता है। हमारे देश में बीमारी फैल रही हो,

तो इग्लैंड से दवा मँगाकर रोग दूर किया जा सकता है। अमेरिका या यूरोप में किसी घटना या क्रांति की लहर फैलते ही इसकी प्रतिक्रिया हमारे देश के सुदूर देहातों में भी होने लगती है।

यों क्रमशः यातायात के साधनों का विकास हुआ है— घोड़ागाड़ी, नाव, रेल, मोटर तथा अन्त में वायुयान। वाहनों के साधनों में विकास होने के साथ-साथ मनुष्य का भी विकास हुआ है। इस प्रकार मनुष्य के विकास में यातायात के साधनों का भी महत्वपूर्ण हाथ है।

22. हमारा शासन विधान

हमारा देश बहुत प्राचीन है। मुसलमानों के आक्रमण के पहले इस देश पर भारतवासी ही शासन करते थे। किन्तु दसवीं शताब्दी के लगभग कुछ आक्रमणकारी मुसलमान यहाँ आये। उनके पहले ही सातवीं सदी में कुछ मुसलमान फ़कीर सिन्धु तथा दक्षिण भारत के समुद्र तट पर आकर बस गये थे और वे प्रेम तथा भक्ति के द्वारा इसलाम की खूबियाँ यहाँ के लोगों को समझाते रहे। राज्य पर क़ब्ज़ा करने के इरादे से मुसलमानों का आगमन 10-वीं सदी के बाद ही हुआ। उनमें कुछ नेक थे, तो कुछ खूनी भी थे।

मुगल सलतनत के बाद अंग्रेज़ों का राज भारतवर्ष में क़ायम हुआ। अंग्रेज़ों ने यहाँ के निवासियों को निहत्था करके उन्हें गलाम बना दिया। उनकी स्वतंत्रता की भावना कुचल

डाली। लेकिन सब दिन बराबर नहीं जाते। रात के बाद दिन और अन्धकार के बाद प्रकाश का आना स्वाभाविक है। भारतवर्ष गुलामी के ज़ंजीरों से जकड़ा हुआ था। उसे यह गुलामी असह्य मालूम होनें लगी। भारतवर्ष को दासता की शृंखलाओं से मुक्त क़रने के लिए ईश्वर ने अहिंसा के दूत गांधीजी को यहाँ भेजा। गांधीजी ने बिना तलवार के, बिना खून गिराये अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अहिंसात्मक लड़ाई लड़ी। यह विचित्र युद्ध था, दुनिया के लिए नया प्रयोग था। दुनिया आश्चर्य के साथ इस अनोखी लड़ाई को देखती रही। अन्त में गांधीजी की जीत हुई।

15 अगस्त सन् 1947 ई. को हमें पूर्ण स्वराज्य प्राप्त हुआ। अन्तर राष्ट्रीय परिस्थिति भी इस परिवर्तन के अनुकूल थी। अंग्रेज़ों ने देखा कि भारतीय जाग गये हैं और अब हमारा पैर इस देश में अधिक दिन नहीं टिक सकेगा। उनकी खूबी यह है कि वे समय के अनुकूल अपनें को परिवर्तित करने में आगा-पीछा नहीं करते। कहाँ वे भारतवर्ष के मालिक—शासक थे, कहाँ परिस्थिति को देखते ही यकायक भारतवर्ष का भला चाहनेवाले सलाहकार भी बन गये! उन्होंने नये भारत का विधान बनाने के लिए एक विधान सभा का संगठन किया। इस विधान सभा (Constituent Assembly) द्वारा एक संविधान तैयार हुआ, जो 26 जनवरी सन् 1950 ई. से हमारे देश में लागू है।

इस संविधान में कई विशेषताएं हैं। इसकी भूमिका में भारत को संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न गणराज्य ऐलान किया गया है तथा

समस्त नागरिकों के बीच न्याय, स्वतंत्रता, समता और बन्धुता की वृद्धि करने का दृढ़ संकल्प किया गया। भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता प्राप्त है। इस नये संविधान ने बेशक उन्नति की ओर एक बहुत बड़ा क़दम उठाया है। इस संविधान के द्वारा सभी नागरिकों को विकास का समान मौका दिया गया है। इसने जात-पांत, उच्च-नीच, सवर्ण और छूत-अछूत का भेद मिटा दिया है। क़ानून की नज़र में सब बराबर हैं। यह हमारे संविधान की विशेषता है।

हम सब मनुष्य हैं। मानव होने के नाते हमें कुछ ईश्वर प्रदत्त अधिकार प्राप्त हैं। यह अधिकार मूल अधिकार (Fundamental Rights) कहलाते हैं। प्रत्येक प्रजातंत्र (लोकशाही) या गणतंत्र देश में इन अधिकारों की रक्षा करना संविधान का पहला उद्देश्य रहता है। अमेरिका तथा फ्रांस जैसे उन्नत देशों में इन अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या की गयी और उनकी रक्षा का संतोषजनक इन्तज़ाम भी किया गया है। भारत के संविधान में भी सात मूल अधिकार दिये गये हैं :—

1. समता का अधिकार, 2. स्वातंत्र्य का अधिकार, 3. शोषण के विरुद्ध अधिकार, 4. धर्म स्वातंत्र्य का अधिकार, 5. संस्कृति और शिक्षा का अधिकार, 6. संपत्ति का अधिकार, 7. संविधानिक उपचारों का अधिकार।

मूल अधिकारों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय (High Court) और उच्चतम न्यायालय (Supreme Court) क़ायम हैं।

भारतवर्ष की आम जनता को अधिक सुखी बनाने के उद्देश्य से विधान में राज्य की नीति के संबंध में कुछ निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख है। इन उसूलों की बुनियाद नैतिकता है। इन निर्देशक सिद्धांतों के द्वारा राज्य के कर्मचारियों को आदेश दिया गया है कि वे दिन रात, उठते बैठते, सोते-जागते, हमेशा जनता की भलाई का ही ध्यान रखें।

संविधान ने भारत को बालिग मताधिकार प्रदान किया है। इसके अनुसार 21 वर्ष के व्यक्ति को, चाहे वह मर्द हो या औरत, चुनाव में 'मत' देने का अधिकार प्राप्त है। परंपरा से विरासत में राज्य पानेवाले देशी राजाओं का ज़माना अब ख़तम हो गया है। अब कोई जन्म से राजा या शासक नहीं हो सकता। जनता के हितैषी तथा लोकप्रिय दक्ष व्यक्ति ही राज की बागडोर अपने हाथ में ले सकते हैं।

अंग्रेज़ों ने रियासतों और प्रांतों के बीच एक बनावटी दीवार खड़ी कर दी थी। अंग्रेज़ों के आने के पहले से इस देश में अनेक छोटे तथा बड़े देशी राज्य थे, पर नये संविधान ने भारत में अब एकता क़ायम कर दी है। इसके अनुसार देशी राज्यों और प्रांतों को समान आर्थिक और राजनैतिक अधिकार प्राप्त हैं। ऐसी राष्ट्रीय एकता हिन्दुस्तान की तावरीख में पहले कभी नसीब नहीं हुई थी।

अब हमारे देश में केन्द्र तथा प्रांतों के अधिकारों का विस्तृत विभाजन किया गया है। कुछ समवर्ती अधिकार भी हैं,

जिनके आधार पर केन्द्र में संघ शासन और राज्यों में राजकीय शासन स्थापित हो चुके है। संघ शासन की सत्ता राष्ट्रपति के हाथ में रहती है। राष्ट्रपति का चुनाव संसद (Parliament) के दोनों सदनों (Both the Houses) तथा रज्यों की विधान सभा के चुने हुए सदस्यों के द्वारा होता है। संसद चाहे तो राष्ट्रपति को पदच्युत भी कर सकती है। संविधान में एक उप-राष्ट्रपति की भी गुंजाइश है। इनका चुनाव संसद के दोनों सदनों द्वारा पाँच वर्ष के लिए किया जाता है। राष्ट्रपति की सहायता के लिए एक मंत्रि-परिषद है। राष्ट्रपति प्रधान मंत्री को चुनते हैं। लोक सभा में कई दलों के सदस्य होते हैं—कुछ कांग्रेसी, कुछ साम्यवादी, कुछ समाजवादी और कुछ स्वतंत्र दल के। इन दलों में जिसका बहुमत होता है, उसी दल के नेता को राष्ट्रपति प्रधान मंत्री बनाते हैं। हमारे सर्व प्रथम प्रधान मंत्री पं० जवाहरलाल नेहरू थे। प्रधान मंत्री की नियुक्ति के बाद अन्य मंत्रियों की नियुक्ति प्रधान मंत्री की सिफ़ारिश से राष्ट्रपति करते हैं। मंत्रिमंडल अपने हर काम के लिए संसद के निम्न सदन (Lower House) के प्रति जिम्मेवार रहता है।

संसद के दो सदन होते हैं—लोकसभा (Lower House—House of Commons) और राज्य सभा (Council of States)। लोकसभा के सदस्यों की संख्या 540 है। ये सभी सदस्य भारत के विभिन्न राज्यों के मतदाताओं के द्वारा निर्वाचित होते हैं। इनका चुनाव हर पाँचवें वर्ष में होता है।

पांच वर्ष के बाद फिर आम चुनाव होता है। राज्य सभा में 250 सदस्य होते हैं। इनमें 236 सदस्य राज्यों के प्रतिनिधि होते हैं और 12 राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। राज्यों के प्रतिनिधि केन्द्रीय तथा राजकीय व्यवस्थापिका सभा द्वारा चुने जाते हैं। राज्य-सभा एक 'स्थाई सदन' है जिसके एक तिहाई सदस्य हर दूसरे साल अलग हो जाते हैं।

राज्य (State) के प्रधान राज्यपाल (Governor) होते हैं। राज्यपाल पाँच वर्ष के लिए राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। राष्ट्रपति उन्हें पाँच साल के अन्दर भी हटा सकते हैं। राज्यपाल की सहायता के लिए एक मंत्रिमंडल होता है। मंत्रिमंडल का प्रधान विधान सभा (Legislative Assembly) के बहुमतवाले दल का नेता होता है।

हमारे देश के अधिकांश राज्यों में व्यवस्थापिका के दो सदन हैं—विधान सभा (Legislative Assembly) और विधान परिषद (Legislative Council)। विधान सभा का निर्वाचन राज्य के इक्कीस वर्ष से अधिक आयु के स्त्री और पुरुष मतदाताओं के द्वारा होता है। चुनाव का इलाक़ा—निर्वाचन क्षेत्र—आबादी के आधार पर निश्चित किया जाता है। विधान परिषद का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रूप से होता है। इसका कार्यकाल निश्चित होता है, पर एक तिहाई सदस्य हर दूसरे साल परिषद से अलग होते रहते हैं। इस परिषद में राज्यपाल भी कुछ सदस्यों को मनोनीत करते हैं।

प्रत्येक ज़िले में ज़िला न्यायालय होता है और प्रत्येक प्रांत में एक उच्च न्यायालय। केन्द्र में (दिल्ली में) एक उच्चतम न्यायालय है, जो सभी विवादास्पद मामलों का अंतिम फैसला करता है।

हमारा संविधान बड़े परिश्रम से बनाया गया है। यह महत्वपूर्ण संविधान है। यह संविधान तभी सफल होगा, जब जनता का सक्रिय सहयोग शासन विधान को प्राप्त होगा।

कुछ लेखों की सूची

1. अपने जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना। 2. आधुनिक नारी समाज पर पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव। 3. आधुनिक शिक्षा-प्रणाली भारतीय स्त्रियों के लिए उपयुक्त नहीं है। 4. आभूषणों से हानि और लाभ। 5. आमोद-प्रमोद का सर्वोत्तम साधन। 6. आवश्यकता आविष्कार की जननी है। 7. औद्योगिक शिक्षा का महत्व। 8. किसानों की वर्तमान समस्याएँ। 9. किसी जाति का साहित्य उसकी संस्कृति का प्रतिबिंब होता है। 10. किसी जाति की उन्नति के साधन। 11. किसी देश की रक्षा के लिए सेना का महत्व। 12. किसी प्राकृतिक दृश्य का वर्णन। 13. कृषि कर्म का महत्व। 14. गर्मी की छुट्टियों का कार्यक्रम। 15. ग्राम-सुधार। 16. ग्रामीण जीवन का आदर्श। 17. देश की उन्नति के लिए प्रारंभिक शिक्षा की आवश्यकता। 18. भारत में यात्रा के विविध साधन। 19. युद्ध की उपयोगिता। 20. वर्तमान शिक्षा-प्रणाली के गुण-दोष। 21. समाज-सेवा का आदर्श। 22. सौ वर्ष पहले का संसार। 23. सौ वर्ष के बाद का संसार। 24. हिन्दुओं के ह्रास के कारण। 25. यूरोपीय महायुद्ध। 26. दहेज के पक्ष व विपक्ष में बहस। 27. अस्त्र-शस्त्र हमारा हित करते हैं या अहित? 28. अंग्रेजी सभ्यता से भारतवर्ष को लाभ है या हानि? 29. धनवान-रोगी से स्वस्थ निर्धन अच्छा है। 30. अंग्रेजी व भारतीयों के समाजों का भेद। 31. हस्तकौशल या कारीगरी का महत्व। 32. खुले मैदान में पढ़ाई। 33. विज्ञान और मज़हब। 34. कृषि का पूँजीवालों के

हाथ में जाना भारत के लिए मंगलकारी नहीं है। 35. समाज की देश-काल के अनुरूप व्यवस्था। 36. वर्तमान संसार के आर्थिक और सामाजिक आन्दोलन। 37. आदर्श विश्वविद्यालय की कल्पना और उसके उद्देश्य। 38. पूँजीपतियों के नाश से ही संसार में शांति स्थापित हो सकती है। 39. देश की राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता के लिए राष्ट्रभाषा का होना आवश्यक है। 40. विनोबा और भूदान-यज्ञ। 41. आधुनिक नारी। 42. सुनाम ही अमरता है। 43. सादा जीवन, उच्च आदर्श। 44. जनता का राज्य। 45. ग्राम-पंचायत। 46. विज्ञान की विजय। 47. सर्वोदय समाज। 48. मनुष्य और मशीन। 49. सहशिक्षा। 50. हमारे त्योहार।

तीसरा हिस्सा

TRANSLATION PASSAGES

एक भाषा में कही हुई बात को दूसरी भाषा में कहना 'अनुवाद' कहलाता है। अनुवाद दो प्रकार का होता है— (1) 'भावानुवाद' (free translation), जिसमें मूल भाषा से लेकर उसे दूसरी भाषा में लिखते हैं। इसके लेखक को स्वतंत्रता रहती है। (2) शब्दानुवाद (literal translation), जिसमें प्रत्येक शब्द का अनुवाद करना पड़ता है। अनुवादक को दोनों भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। मूल भाषा की बात उसी रूप में प्रकट नहीं हो सकती। फिर भी अनुवाद की भाषा, जहाँ तक हो सके, मुहावरेदार (idiomatic) होनी चाहिए। नमूनें के लिए हम यहाँ अंग्रेज़ी गद्य का एक अंश हिन्दी में अनुवाद करके दे रहे हैं।

A merchant who had several clerks, found that one of them was in the habit of coming late to the office. He warned him that his conduct would lead him into trouble, and told him that he had better mend his ways. The clerk replied that the fault was not his, but that of his watch, which did not keep good time. A few days afterwards, he was late again and the merchant said to him, "To-morrow either you or I will have something new." "What is that

Sir? " asked that man. Either you will have a new watch, or I shall have a new clerk ", replied his master.

हिन्दी अनुवाद :—एक सौदागर को, जिसके यहाँ कई लिपिक थे, ज्ञात हुआ कि उनमें से एक की आदत कार्यालय में देर से आने की थी। उसने उसे यह सूचना दी कि तुम अपनी करनी से दुख में पड़ोगे, और यह भी कहा कि अच्छा हो यदि तुम अपनी आदत सुधार लो। लिपिक ने उत्तर दिया कि दोष मेरा नहीं, किंतु मेरी घड़ी का है, जो कि ठीक समय नहीं बताती। कुछ दिनों के बाद जब वह फिर देर करके आया, तब सौदागर ने उससे कहा, "कल या तो तुमको कोई नयी चीज़ मिलेगी या मुझको।" उस आदमी ने पूछा, "महाशय, कौन-सी चीज़ है ?" मालिक ने उत्तर दिया, "या तो तुम एक नयी घड़ी लोगे या मैं एक नया लिपिक रखूंगा।"

Passages for Translation

1. The Railways

The advantages, which railways have brought to India, or for the matter of that, to every country, are manifold. In the first place, travelling, which was costly, dangerous and difficult has been made quite cheap, easy, and comfortable. Then again the time required for going from one place to another has been considerably shortened. Moreover, railways have increased trade and commerce, and thus the material prosperity of the country. Railways have made possible the export and import of goods. But for railways, those things which were not produced in a place, but which were nevertheless essential, would not be avilable, or even if they were available, the cost would be high. Railways are of the utmost importance during famines. Corn and other foodstuffs are promptly carried by the railway, to famine-stricken areas, from places where there has been a suffcient crop, and relief is given to thousands of sufferers. Where there are no railways, people would have to die by thousands for want of timely aid. When there is an outbreak of war or rebellion or any serious disturbance in any part of the country, railways enable the swift transport of troops from different parts of the country to the affected area.

[manifold - अनेक रूप का ; dangerous - जोखिम से भरा; comfortable - आराम से पूर्ण, आनंददायक ; material prosperity - भौतिक संपत्ति ; export - निर्यात ; import - आयात ; promptly - शीघ्रता से ; famine - stricken - अकाल पीड़ित ; relief - राहत ; sufferer - पीड़ित ; rebelion - गदर, बलवा ; troops - फ़ौज, रिसाला]

2. The Cinema

The cinema has a high educative value. It is not possible for the people of one country to know the customs and manners and the general life of the people of another country, unless they go there or read about them in books. Moreover, it is only the educated section of the people, who can have this advantage. But, by means of films produced in one country, the cinema makes it possible to spread this knowedge amongst the masses of another country, whether educated or otherwise. As a means of spreading ideas, the cinema is highly valuable. Films dealing with economic or social problems can be produced and shown through the length and breadth of a country to enlighten the ignorant masses and thus bring about the uplift of the country. With all the good that the cinema might do, there is one evil for which it is responsible. Some films are not of a high moral tone. Such films, if shown, are likely to have a harmful effect upon the public mind,

particularly upon the minds of young boys and illiterate men. Government have, however, taken measures to counteract this evil by setting up a Board of Film Censor. The duty of this Board is to see which films are fit to be shown and which are not.

[value - महत्व ; customs - प्रथाएँ ; manners - रहन-सहन ; general life - सामान्य जीवन ; masses - जनता ; ideas- विचार, ख़यालात ; economic - आर्थिक ; social - सामाजिक ; problems - समस्याएँ ; uplift - उद्धार ; responsible - ज़िम्मेदार ; moral tone - नैतिक स्तर ; harmful - हानिकारक ; effect-प्रभाव, असर; Government-सरकार; counteract-रोक]

3. The Radio

The invention of the wireless is really something wonderful. It is nothing short of magic to be setting in one of the remotest villages of Tamilnadu State with a wireless receiving set and listening to broadcasts from different parts of the world. The wireless has proved to be a boon to humanity in various ways. In the first place, message from distant countries, which used to take a long time to reach their destination, now do so within the brief space of a few minutes. In voyages, the wireless is of immense value. Big ships now-a-days are equipped with broadcasting and receiving apparatus. In case of danger, distress-signals are sent out, and any ship

catching the signals hurries to the scene and helps the distressed. The popularity of the wireless at the present day, however is largely due to the facilities of recreation and entertainment of an evening. The wireless or the radio has slowly taken the place of the gramophone. First of all, because it is cheaper than the latter, and secondly, because new entertainment is provided every day, which is not possible in the case of the gramophone. We hear news, songs, concerts, comic pieces and lectures in the evening through the radio. The radio is a gift of science.

[Invention - आविष्कार ; wonderful - आश्चर्यजनक - magic - जादू ; remotest - सुदूर ; boon - वरदान ; destination - ठिकाना ; voyage - जलयात्रा, समुद्रयात्रा ; equipped - सुसज्जित ; apparatus-औज़ार, सामग्री ; signal-संकेत, इशारा ; popularity-लोकप्रियता ; facilities - सुविधाएँ ; recreation - दिल बहलाव, मनोरंजन ; enjoyment - आनंद ; concert - राग-रंग ; comic - हँसाऊ ; gift - देन ; science - विज्ञान]

4. Newspapers

Newspapers are one of the signs of civilization. The more a country is educated, the greater is the demand for newspapers; for, an educated man is always eager to know what is going on in the world and this information he can have only through the medium of newspapers. The primary function of

a paper is to supply us with all sorts of news, local and foreign. It gives us information of what is going on in our own country and other parts of the world. It is only on account of newspapers, that we can closely follow the important and interesting events of the world and keep abreast of the times. As a matter of fact, a newspaper is a sort of contemporary history. The benefits of newspapers do not end here. By supplying information about the different parts of the world, they bring them into close touch with one another and tend to promote friendly feelings. A newspaper is also the best means of communication between the government of a country and its people. The rulers and the ruled make known their respective view-points through the medium of newspapers. The people can lay down their grievances in newspapers to the consideration of the government, and the government in its turn can communicate its own views to the people. Another advantage of a newrpaper is that it appeals to all classes of people, whether lawyers, politicians, doctors or students.

[sign - चिन्ह ; eager - उत्सुक ; information - जानकारी ; medium - माध्यम, जरिया ; local - स्थानीय ; contemporary - समकालीन ; close touch - घनिष्ठ संपर्क ; communication - पत्रव्यवहार ; ruler - शासक ; ruled - शासित ; view-point - दृष्टि

कोण, विचारधारा ; grievance - शिकायत ; for consideration - विचार के लिए ; politician - राजनीतिज्ञ]

5. Physical Exercise

Exercise of the body is as much a necessity as food. It is the one thing that enables us to preserve our health, which we all know, is one of the greatest blessings of life. Just as education develops all powers of the mind, physical exercise develops all the parts of the body. There being an intimate connection between the mind and the body, both require to be equally developed. Want of exercise brings disease and weakness. Sound health is necessary to keep the mind sound, and sound health can only be obtained by physical exercise.

Physical exercise then, is an absolute necessity. It enables one to ward off diseases. A constitution which has been made strong by exercise can successfully combat a disease. Such a man, if he falls ill, recovers sooner than one who does not do any exercise. He can bear more hardships and fatigue, has more enduring power and along with it, a strong mind. In short, a man who takes regular exercise is fitted in all ways to fight successfully against almost all the evils that human beings are subject to. But exercise should never be overdone. Just as it is not

prudent to neglect the body, so it is equally unwise to pay too much attention to the body, neglecting the development of the mind altogether. The development of both should proceed side by side.

[physical exercise-शारीरिक व्यायाम; necessity-जरूरत, आवश्यकता ; health - स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती ; blessing - वरदान, देन; powers of the mind-मानसिक शक्तियाँ ; develops-बढ़ाता है ; intimate connection - घनिष्ठ संबंध; equally - समान रूप से ; want - अभाव, कमी ; sound - चंगा ; necessary - जरूरी ; absolute necessity - सख़्त जरूरत ; to ward off - बचे रहना ; constitution - शरीर की रचना; successfully - सफलतापूर्वक ; to combat - सामना करना ; hardship - श्रम, कष्ट ; fatigue - थकावट ; prudence - बुद्धिमानी ; side by side - साथ-साथ, एक साथ]

6. Power of Steam

The great strides that the world has taken towards the development of industry and machinery are all due to the power of steam. It is the power of steam which has brought the distant parts of the world into close contact, which made it possible for one to go from place to place within the shortest possible time which has helped in the spread of knowledge through printing presses, and contributed immensely to the advancement of civilization and to the benefit and welfare of humanity. One cannot

but be struck with wonder to note what steam is capable of. In fact, everything in which power is necessary, can be effected by steam. Steam draws; raises, lowers, drains, drives, digs, cuts, spins, prints and does many other things. Steam, indeed, is of immense benefit to mankind. But for the discovery of the power of steam, it would not have been possible for man to enjoy the innumerable facilities and advantages that he does. Without steam, there would have been neither railways nor steamships, neither mills nor factories; in short, nothing which we see every day testifying the progress of civilization. With the development of science, steam is being gradually ousted by gas and electricity, but it should be remembered that at the bottom of all these, there is steam.

[stride - चाल, डग ; industry - उद्योग ; power - शक्ति ; printing press - छापाख़ाना, मुद्रणालय ; welfare - कल्याण ; to drain - नाली से बहाकर पानी निकालना ; innumerable - अनगिनत, असंख्य; facilities - सुविधाएँ ; advantages - फ़ायदे; लाभ ; progress - उन्नति, तरक्की ; to testify - प्रमाण देना; gradually - धीरे-धीरे ; to oust - निकाल देना, अधिकार छीन लेना ; gas - गैस ; electricity - बिजली ; bottom - नीचे आधार पर]

7. Debating Societies

A debating society is useful in many ways. It is the place, where students can apply their knowledge to practical things and develop their thinking and reasoning faculties. It is here that they learn to speak and argue. The powers of independent thinking and effectual speaking and arguing do not increase and develop, unless they are brought into play. A debating society offers facilities for the exercise of these powers and helps students to become good speakers and successful debaters. These powers are very useful in public life, and debating societies make it possible for students to acquire them. Next, a debating society widens the range of knowledge and the power of close examination. A keen desire to win in a debate leads one to refer to various things outside one's ordinary sphere, and to find out by thorough study points in support of what he wants to state. In this way, one learns many new things with which one was upto that time quite unfamiliar. Further, a debating society helps a person to get rid of many wrong ideas, due to too high a notion of his own intellect. By obtaining an opportunity to discuss the subject on which he holds wrong views and by hearing the argument of others, he is convinced of his mistakes and corrects himself.

Debates between two parties should always be conducted in the right spirit, that is to say, in a spirit of argument alone, without any feeling of bitterness.

[debating society-वाग्वर्धिनी सभा; practical-व्यावहारिक; to reason - तर्क करना; to argue-बहस करना, दलीलें पेश करना; faculties - शक्तियाँ, independent thinking - स्वतंत्र विचार; debater - बहस करनेवाला; public life-सार्वजनिक जीवन; keen desire - उत्कट इच्छा; sphere - कार्यक्षेत्र; support - समर्थन; unfamiliar - अपरिचित; wrong idea - गलत विचार; is convinced-विश्वास हो जाता है; corrects - दुरुस्त करता है]

8. Compulsory Military Training

Compulsory military training has many advantages. In the first place, under voluntary enlistment mostly, people from the lower ranks, who take up the military profession as a means of livelihood, are drawn into the army. But under conscription, that is under compulsory military training, men from high ranks become soldiers and the general standard of the army is raised. Secondly, conscription makes it possible for able bobied men of a country to be trained in the art of fighting, so that if a war breaks out, a large number of people can at once join in offering resistance to the enemy. To train up men only when it becomes necessary to add to the standing army, means waste of time and an increase

of the chances of defeat at the hands of the invader. Compulsory military training, therefore, makes a country comparatively safe from foreign invasion; for, rival nations do not so easily dare to make such attacks. The benefits of compulsory military training are evident in European countries.

Lastly, compulsory military training uplifts the national character by teaching discipline and other like qualities to the majority of the people.

Notwithstanding the advantages of compulsory military training, it has also its disadvantages. Compelling the people to undergo military training seriously interferes with the individual liberty of the people.

[compulsory military training - अनिवार्य सैनिक-शिक्षा; voluntary - स्वेच्छा से ; enlistment - भर्ती होना ; livelihood- जीविका ; higher ranks - ऊँचे दर्जे ; resistance-प्रतिरोध, विरोध; standing army-स्थायी सेना ; defeat- हार; invader - चढ़ाई करनेवाला, आक्रमणकारी; comparatively - अपेक्षाकृत; safe - सुरक्षित; invasion - चढ़ाई, आक्रमण, हमला ; rival - प्रतियोगी ; to dare - हिम्मत या साहस करना ; to meet - सामना करना ; evident-जाहिर, स्पष्ट, प्रकट; discipline-अनुशासन; interfere- दखल देना; individual - व्यक्तिगत]

9. Travelling

Going abroad to visit new lands and new people is travelling. It is a thing the advantages of which cannot be exaggerated. It is an essential part of education and without it no education can be considered to be complete. What we read in books in schools and colleges is at best theoretical knowledge. It is only travelling which gives us practical knowledge, so to say, of different people, their manners and customs, their mode of living, their language and dress, and many other things about them. Travelling widens the range of our knowledge and broadens our outlook. By bringing us into contact with other nations of the world and giving us first-hand knowledge about them, it helps us to remove the prejudices that one nation generally cherishes with regard to another. By observing the different and peculiar characteristics of foreign nations and by applying what is good in them to our own nationality, we can improve ourselves immensely. Travelling also contributes much to the sum total of human knowledge and helps in the advancement of civilization. It is not possible for every man to go to all parts of the world and know whatever is to be known about the different countries of the world and the different races which inhabit them. It is from the

accounts given to us by famous travellers that we derive knowledge of other countries, which would otherwise have remained unknown to us. Travellers who go to explore unknown regions and discover new regions contribute much to the advancement of civilization.

[theoretical-शास्त्रीय; practical-व्यावहारिक; manner-रहन-सहन; custom - रिवाज; mode - ढंग; dress - पोशाक; range - हद; outlook - दृष्टिकोण; prejudice - पक्षपात, वहम; advance - प्रगति ; race - जाति ; traveller - यात्री ; to explore - खोजना ; region - प्रदेश]

10. Female Education

It is an undisputed fact that mothers are makers of nations. The larger the number of good mother the stronger the nation. The reason for this is not far to seek. The first and earliest training that a man receives is when he is a child. Now, as a child, when his mind can be moulded in any manner one likes, he dwells for the most part in the company of his mother. Whatever the mother teaches him at that stage and whatever training she gives him then becomes deeply impressed upon his mind and find full development when he grows up into a man. To impart proper training to a child, the mother must know the value of character, the way in which it

can be developed and many other things necessary for the upbringing of a child. And how can all these things be expected of a mother who is not educated? It is education alone, which can teach her these things. Further, it is the woman who is the solace and comfort of a family. It is she who is her husband's best and most unselfish friend, who cheers him up in the midst of his troubles and difficulties, and who assists him in overcoming them. But can she be expected to discharge her functions to the satisfaction of her husband or have full sympathy with his aspirations, if she is illiterate? It is education which endows her with the power of fully appreciating these things and of being a true partner of her husband.

[female education-स्त्री शिक्षा ; undisputed-निर्विवाद; impress - जम जाना ; value of character - चरित्र का महत्व; solace-सांत्वना, मन बहलाव ; comfort - सुख, सुविधा; unselfish निस्स्वार्थ ; aspiration - अभिलाषा]

11. The Wheel of Mercy

When Ashok became a Buddhist, he turned over a new leaf as a man and as a ruler. His attitude towards men and animals was full of compassion. He treated all his subjects as his own children. No one was too low to approach him in person to claim and get common justice.

Once a poor ill-clad man ran towards the throne of justice. He complained that a rich man had cheated him by giving two pieces of silver instead of twenty for his mule. The rich man was summoned to the royal presence. He came riding on the mule. He told the emperor that he had only acted according to a written agreement between him and the owner of the mule. He produced the document wherein it was mentioned that the price of the animal was two silver pieces. The thumb-impression of the owner was in it. Moreover, the richman stated that the animal did not deserve even that amount, because it had a sore on its back. The emperor was puzzled. He decided, however, that the mule legally belonged to the rich man, because he had paid for it.

The poor man was sad with disappointment. The emperor, however, stopped the rich man, who was getting ready to depart. He questioned him how he could ride a mule. which had a sore on its back. His laws clearly laid down that cruelty to animals was a crime. The officers examined the back of the animal and found that there was indeed a bad sore. So the man was fined eighteen pieces of silver for his cruel treatment of the mule. The poor man was awarded the sum, which belonged to

him as the balance of the cost of the animal. The mule was led to the State Hospital for animals. It was well taken care of there. Thus the Wheel of Mercy went round in the days of yore.

[Wheel of Mercy - करुणा-चक्र ; attitude - भाव, रुख ; mule - खच्चर ; written agreement - लिखित इकरारनामा ; thumb impression - अंगूठे का निशान; moreover - अलावा इसके ; sore - घाव ; legally - क़ानून के अनुसार ; cruelty - निर्दयता; fine - जुर्माना; days of yore - पुराना जमाना]

12. Royal Road to Success

Hasan, a Muslim, was a slave under Gangu, a Brahmin in Delhi, who was known far and wide as an astrologer. The slave was all sincerity. He knew no grumbling or discontent. The master was immensely pleased with his devoted service. As a token of his appreciation, he gave him a gift of a piece of land. Hasan was full of gratitude.

One day, as Hasan was ploughing the field, the point of his plough struck against something hard. Full of curiosity, he dug into the earth. To his astonishment, he found a big copper vesseal containning gold. He gazed at it and thought for a while. The angel in him triumphed over the devil and he made up his mind to hand it over to the master from whom he had received the gift of the land. He

hastened to Gangu and placing the treasure trove at his feet, said: It is yours. I found it in your field.'

The Brahmin was struck with the honesty of his slave. He gave him some gold and made him a free man. He also prophesied that his honesty would one day raise him to the throne. Soon, the Sultan, coming to know of Hasan's worth and integrity, elevated him to a high position.

Hasan became the leader of the *amirs* in the Deccan in the days of Mohammad Tughlak. In course of time, he became the ruler of that province. As a mark of gratitude to his former master, he called himself Hasan Gangu, and his kingdom Bahmani kingdom. Thus, it was honesty, coupled with ability, that raised a slave to the throne.

[Royal road - राजमार्ग ; success - सफलता ; astro-loger - ज्योतिषी; sincerity - सच्चाई, ईमानदारी; grumbling-बड़बड़ाहट ; discontent - असन्तोष ; devoted service - सच्ची सेवा; gratitude - कृतज्ञता; point - नोक; curiosity - जिज्ञासा ; angel - फ़रिश्ता; treasure-trove - गड़ा हुआ धन; prophesied-भविष्यवाणी सुनायी; integrity-ईमानदारी; kingdom - सलतनत; ability - काबिलयत]

13. At the Altar of Religion

Guru Govind, the tenth Guru of the Sikhs, made up his mind to oppose the mighty Moghul Emperor, Aurangazeb, who had put an end to Teg Bahadur,

his father. He told his followers that he was going to worship the Goddess of freedom before beginning his campaign against the Moghuls. When all the Sikhs had gathered, the Guru came forward and declared that a human sacrifice had to be offered to the Goddess. He then demanded if any sikh was ready to die for his religion. The assembly was struck with awe. There was tense silence. Each member looked at the face of his neighbour. Suddenly a cry 'Victory to the Guru' was heard. It was shouted by Dayaram of Lahore who sprang forward.

The Guru blessed him and took him into the shrine. In a few minutes he emerged with his sword dripping with blood. He announced that the Mother desired to have another faithful follower as an offering. This time Dharmadas of Delhi came forward to give his life. There more Sikhs were taken in, one after another, to propitiate the Goddess. At last the Guru came out leading the five brave Sikhs, who had gladly offered their lives for their faith. He explained to the astonished assembly how he had simply tested their sincerity by demanding their lives. The five brave Sikhs became the chosen disciples and were called *Singhs* or lions. They inspired the others with their zeal and passion for

sacrifice. In course of time, all the Sikhs began to call themselves *Singhs*, expressing their readiness to fight for their religion. They became the *Khalsa* or the chosen people. All of them have certain distinguishing features. Thus each Sikh had *Kesa* or long hair, *Kangha* or comb, *Kachcha* or short drawers, *Kada* or iron bangle, and *Khadga* or daggar. They felt they were all holy warriors and vowed not to recognise any caste differences. Thus were the peaceful followers of Guru Nanak converted by Guru Govind Singh into a martial race determined to do any brave deed for the sake of their religion.

[altar - वेदी ; mighty - ज़बरदस्त ; campaign - जंग; लड़ाई; came forward - आगे बढ़ा ; sacrifice - बलिदान ; struck with awe - आश्चर्यचकित हो गया ; tense silence- विलकुल ख़ामोशी; victory - विजय ; shrine - मंदिर ; emerged निकला ; dripping - टपकते ; to propitiate - प्रसन्न करना ; sincerity - सच्चाई ; passion - लगन ; distinguishing features - ख़ास विशेषताएँ ; warriors - लड़ाकू ; caste difference - जाति-भेद; martial race - लड़ाकू जाति]

14. The History of Kohinoor

Long long ago, there lived near the bed of the sacred Krishna river a poor peasant, who owned a small farm. Once, when he was ploughing the land,

he caught sight of a big and attractive diamond. He cleaned it by removing the mud on it. Then it shone brightly, an object of dazzling beauty. In accordance with the prevailing law, the peasant passed it on to his ruler. In course of time it found its way into the hands of Babar, the Moghul Monarch. He was mightily pleased with the rare gem and was quite proud to own it.

Years rolled on. In the reign of Aurangazeb, the last of the great Moghuls, a great French traveller, Trevernier, came to the royal palace. He saw the diamond preserved with great care. It was placed on a velvet cushion in a beautiful ivory box inlaid with gold. The foreigner was simply amazed at its sight. It was he who publicised far and wide the fact of its existence. He talked of its grandeur wherever he went during his extensive travels.

Aurangazeb passed away in 1707. In the reign of one of his successors, Nadir Shah of Persia swooped down on India. He plundered the city of Delhi and eagerly searched the palace for the coveted diamond. He could not get it. The courtiers refused to reveal to him the place where it was. At last he heavily bribed one of the servants and learnt from him that it was in the turban of the Moghul King.

Nadir Shah hit on a clever plan to obtain it. He sought the friendship of the vanquished ruler. The custom among the Mohammadans in those days was for two people to exchange their turbans, whenever they swore friendship. Following it, the Moghul King had to reluctantly part with his turban along with the diamond. Nadir Shah impatiently seized the turban and pulled out the precious stone. Spell-bound by its marvellous beauty he exclaimed *Kohinoor*; which means 'a mountain of brilliance'. From that moment the diamond has come to be know by that significant name. Nadir Shah carried it with him as he travelled over mountain, valley and plain. When at last he reached Persia, he celebrated the acquisition of the precious gem by holding several pleasant functions.

His power passed into the hands of Afghans. After some time, Ranjit Singh, the mighty Sikh Chieftain, brought back Kohinoor to India. After his death, the English annexed the Punjab and gave away the costly diamond to Queen Victoria in 1850. She spent a large sum of money in cutting and polished it. Today it is the largest diamond belonging to the British crown. It is also one of the most famous of its kind in the world, weighing 103 carats. Its original weight was 900 carats.

Legend has it that if first belo nged to Karna, the hero of epic fame. It is a matter of legitimate pride to us, that it is a product of our Motherland.

[farm - खेत ; attractive - आकर्षक ; dazzling - चकाचौंध करनेवाला ; prevailing law - प्रचलित नियम ; royal palace - शाही महल ; velvet cushion - मख़मल की गद्दी ; inlaid - खचित ; grandeur - वैभव, शान ; successor - उत्तराधिकारी ; reign - शासन-काल ; swoo ped down-झपट्टा मारा ; coveted - अभिलाषित ; courtiers - मुसाहब ; bribed- रिश्वत दी, मुट्ठी गरम की ; turban - पगड़ी ; to vanquish - हराना ; custom - प्रथा ; to make friendship - दोस्ती लगाना ; reluctantly - अनिच्छापूर्वक ; impatiently - आतुरता से ; marvellous - आश्चर्यपूर्ण ; brilliance - उज्ज्वलता; significant - उल्लेखनीय ; valley - घाटी ; chieftain - सरदार ; annexed - मिला दिया ; to polish - चिकना करना ; weight - वजन ; legitmate - जायज़ ; pride - अभिमान, घमंड; product - उपज]

15. Life in a School Hostel

Every school that lays claim to be a model one, must have a hostel attached to it. For, life in a hostel has certain definite advantages. The boarder in a hostel, feels himself to be more fully a part of his school, than a day-scholar is likely to do. The day-scholar is like a visitor who spends a few hours in the school. But the boarder is a member of the school-family, who spends almost the whole of his time in the school atmosphere.

The whole of the education imparted in a school is not confined to the class room. A very precious part of it consists in the training in social life given at school. In the majority of schools, such training can be given only in the hostels attached to them.

The members of a hostel develop a sort of community feeling. They forget the differences in their social status in life. They eat, play and study together. Thus there are greater opportunities in a hostel than in a day-school for students to cultivate the friendship of one another.

As all the members in a hostel are students, the juniors can seek the guidance and help of the seniors. They have plenty of opportunities for meeting together and having discussions on the subject that they study. All those that take part in such discussions really stand to gain by them.

Several members of the hostel may be studying in the same class. The presence of some intelligent and diligent students often create a very healthy spirit of rivalry among them. They vie with one another in trying to distinguish themselves in their studies, in their debating societies or in sports.

All these advantages can be found in the life of a hostel, only if supervised by a wise and competent warden, who can understand the spirit of the students and direct their energies into proper channels. The warden should exercise discipline without unduly curbing the freedom of the students.

There is no rose without thorns. Life in a hostel is not without its disadvantages. Very often students divide themselves into warring sections on trivial matters like the *menu* for a feast, and mar its joyous atmosphere. Grown up students sometimes lead innocent laps into bad ways.

Wise, tactful and symyathetic supervision can certainly remove all such defects. School-hostels if carefully conducted, will surely prove to be the training ground for future citizens.

[hostel - छात्रावास ; model - आदर्श ; sociale life- सामाजिक जीवन ; majority - अधिकाँश ; community feeling- एकता की भावना ; guidance - मार्गदर्शन ; rivalry - स्पर्धा ; competent - योग्य ; sympathetic - सहानुभूतिपूर्ण]

चौथा हिस्सा

नमूने का प्रश्न-पत्र

1. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये :—
   - (अ) देश की रक्षा की समस्या।
   - (आ) विद्यार्थी जीवन का महत्व।
   - (इ) संगीत और चित्रकला।
   - (ई) किसी त्योहार का वर्णन।

2. किसी एक पर निबन्ध लिखिये :—
   - (अ) समय पर काम करना।
   - (आ) स्वच्छता।
   - (इ) डाक और तार-घर।
   - (ई) समुद्र तट पर परिभ्रमण।

3. (अ) हर एक शब्द का दो भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयोग कीजिये—

   कर ; मगर ; और।

   (आ) लिंग बदलिये :—

   भैंस, मोर, दूल्हा, बेगम।

   (इ) शुद्ध कीजिये :—

   (1) घर का मालिक से रुपया पूछो।

(2) लड़के रोटी खाया है।

(3) उसको तीन रानियां हैं।

(4) उन्होंने अपनी किताबें लायीं।

(5) मैं यहाँ आकर तीन साल हुए।

(6) वह लड़के ने पत्र लिखना चाहिए।

(ई) सूचना के अनुसार लिखिए:—

(1) राम को हिन्दी सीखना ज़रूरी है ('ज़रूरी' के बदले 'ज़रूरी' का इस्तेमाल कीजिये।)

(2) राजाजी के आने की बात सुनकर लड़के खुश हुए। ('खुश' के बदले 'खुशी' का इस्तेमाल कीजिए।)

4. (अ) किसी एक विषय पर तीस पंक्तियों का एक लेख लिखिये:—

(1) पुस्तकालय (2) स्त्री-शिक्षा (3) कल-कारख़ाने (4) समय का सदुपयोग (5) ग्रामवास और नगरवास (6) नदियों से लाभ (7) दीपावली (8) अपने देखे हुए किसी एक नाटक का वर्णन।

(आ) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये:—
भारत में स्त्री-शिक्षा; सत्संग; अपने अनुभव की एक रोचक घटना; पश्चिमी और पूर्वी सभ्यता।

(इ) किसी एक विषय पर तीन पृष्ठों का एक लेख लिखिये :—

(1) वाग्वर्द्धिनी सभा ।

(2) समाज सेवा ।

(3) यात्रा से होनेवाले लाभ ।

(ई) हर एक शब्द का दो भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयोग कीजिये :—दो, पर, डाल ।

(उ) सूचना के अनुसार बदलिये :—

(1) तुम रोज़ कसरत करो । तुम तन्दुरुस्त बनोगे । (जोड़कर एक वाक्य बनाइये ।)

(2) मनुष्य हर्ष में सुख का और कष्ट में दुख का अनुभव करता हैं । ('सुख' के बदले 'सुखी' और 'दुख' के बदले 'दुखी' का प्रयोग कीजिये ।)

(3) तिलक देश-भक्त थे । वे बड़े विद्‌वान भी थे । (बल्कि का प्रयोग करके दोनों वाक्यों को मिलाइये ।)

(4) किसान को खेती छोड़कर मज़दूरी बन जाना मंजूर नहीं था ।
('खेती' की जगह 'खेत' और 'मज़दूर' की चगह 'मज़दूरी' का प्रयोग कीजिये ।)

(ऊ) किसी एक विषय पर दो पृष्ठों का एक लेख लिखिये :—

(1) गांव का बाज़ार ।

(2) बरसात का एक दिन ।

(3) स्वावलंबन ।

(4) हिन्दू समाज में स्त्रियों का स्थान ।

(5) ग्रामोद्योगों की प्रदर्शनी ।

(6) बिजली के उपयोग ।

5. (अ) रूपरेखा देते हुए किसी एक पर मुहावरेदार हिन्दी में निबन्ध लिखिये :—

(1) समाज और नाटक (2) भारत को अंग्रेज़ी शासन की देन (3) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (4) समाज सेवा (5) अनुशासन (6) पश्चिम और पूर्व की सभ्यताएँ ।

(आ) किसी एक विषय पर तीन पृष्ठों का एक लेख लिखिये :—

(1) अपनी पसंद का सिनेमा ।

(2) खेल-कूद का जलसा ।

(3) स्त्री-शिक्षा ।

(इ) वाच्य बदलिये :—

आदमी, वस्तु, नदी, तारा ।

(ई) वाच्य बदलिये :—

(1) धूप में मुझसे चला नहीं जाता ।

(2) लड़कों ने ज़मीन खोद डाली ।

Dakshina Bharat Hindi Prachar Sabha, Madras-17

SARAL HINDI VYAKARAN—Part III

Price: Rs. 3-30